# वॉयस ऑफ लखनऊ

सच, सिर्फ सच **

बुधवार, 18 फरवरी, 2026 लखनऊ, महानगर, वर्ष 21, अंक 48, पेज 16, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com


## सेंसेक्स में 174 अंकों की उछाल

स्थानीय शेयर बाजार में दूसरे दिन तेजी रही और तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 173.81 अंक चढ़कर 83,450.96 अंक पर बंद हुआ। } 14


## एआई एक्सपो में असुविधा के लिए वैष्णव ने मांगी माफी

सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट में उपस्थित लोगों को हुई असुविधा के लिए माफी मांगी और कहा कि सम्मेलन का संचालन सुचारू रूप से करने के लिए आयोजक लगातार काम कर रहे हैं। } 16



### संक्षेप

## सलमान के पिता सलीम खान अस्पताल में भर्ती



मुंबई। वरिष्ठ पटकथा लेखक सलीम खान को मंगलवार को मुंबई के बांद्रा स्थित लीलावती अस्पताल की गहन चिकित्सा इकाई (आईसीयू) में भर्ती कराया गया। सलीम खान ने जावेद अख्तर के साथ मिलकर शोले, दीवार और डॉन जैसी सुपरहिट फिल्में लिखी हैं।

## ऑस्ट्रेलिया टी-20 वर्ल्ड कप से बाहर

पाल्लेकल। जिम्बाब्वे ने आयरलैंड के खिलाफ टी20 विश्व कप ग्रुप बी का मैच बारिश में धुलने के बाद सुपर आठ में प्रवेश कर लिया जबकि पूर्व चैम्पियन आस्ट्रेलिया और आयरलैंड टूर्नामेंट से बाहर हो गए हैं। दोनों टीमों को एक एक अंक मिला जिससे जिम्बाब्वे के पांच अंक हो गए। अब 26 फरवरी को पहले सुपर आठ मुकाबले में चेन्नई में जिम्बाब्वे का सामना भारत से होगा। जिम्बाब्वे के कप्तान सिकंदर रजा ने कहा, हमने अभी लक्ष्य हासिल नहीं किया है, बस उसकी ओर कदम बढाया है। थोड़ा बहुत जश्न होगा लेकिन फोकस अगले मैच पर है। पिछली बार टूर्नामेंट में क्वालीफाई करने से चूकी जिम्बाब्वे सुपर आठ में पहुंचने वाली सातवीं टीम बन गई। ग्रुप वन में भारत, दक्षिण अफ्रीका और वेस्टइंडीज भी सुपर आठ में पहुंच गए हैं। जिम्बाब्वे को आखिरी ग्रुप मैच 19 फरवरी को श्रीलंका से खेलना है। श्रीलंका छह अंक लेकर पहले ही सुपर आठ में पहुंच चुका है। आस्ट्रेलिया के दो अंक है जिसे जिम्बाब्वे और श्रीलंका ने हराया।

## बदमाशों ने की बच्ची की हत्या

मुजफ्फरनगर। जिले के शाहपुर क्षेत्र में अज्ञात बदमाशों ने चार साल की एक बच्ची को पानी की टंकी में फेंककर उसकी हत्या कर दी और उसकी मां को चाकू से प्रहार करके गंभीर रूप से घायल कर दिया। पुलिस सूत्रों ने मंगलवार को बताया कि शाहपुर थाना क्षेत्र के बसीकला गांव में सोमवार देर रात घर में घुसे अज्ञात बदमाशों ने फिरदौस (40) को चाकू से प्रहार करके घायल कर दिया। हमले में उसके तीन बच्चों - साद (10), आयशा (8) और नवीदा (3) को भी चोटें आयीं। फिरदौस की चार साल की बच्ची इशरा लापता हो गयी। पहले शक हुआ कि हमलावर उसे अगवा करके ले गये हैं मगर बाद में उसका शव पानी की टंकी में पाया गया। बदमाशों ने बच्ची को टंकी में फेंक दिया था।

# यूपी बोर्ड परीक्षाएं आज से 53 लाख छात्र होंगे शामिल

○ तकनीक आधारित और पारदर्शी होगी परीक्षा

विशेष संवाददाता

लखनऊ। माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश (यूपी बोर्ड) की हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट की परीक्षाएं 18 फरवरी को शुरू होंगी। इसमें 53 लाख से ज्यादा परीक्षार्थी शामिल होंगे। राज्य सरकार द्वारा मंगलवार को यहां जारी एक बयान के मुताबिक, यूपी बोर्ड की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षाएं 18 फरवरी को शुरू होंगी, जो 12 मार्च को सम्पन्न होंगी। इसमें हाईस्कूल के 27 लाख 61 हजार 696 और इंटरमीडिएट के 25 लाख 76 हजार 82 यानी कुल 53 लाख 37 हजार 778 परीक्षार्थी शामिल होंगे। बयान के मुताबिक, परीक्षाओं के लिए प्रदेश में कुल 8033 केन्द्र बनाए गए हैं। इनमें 596 राजकीय, 3453 अशासकीय सहायता प्राप्त और 3984 स्ववित्त पोषित विद्यालय शामिल हैं। प्रदेश की माध्यमिक शिक्षा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गुलाब देवी ने परीक्षा से एक दिन पहले मंगलवार को शिक्षा निदेशक (माध्यमिक), लखनऊ शिविर कार्यालय में स्थापित राज्य स्तरीय नियंत्रण कक्ष का उद्घाटन किया। मंत्री ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप इस वर्ष परीक्षा व्यवस्था को पूरी तरह तकनीक आधारित और पारदर्शी बनाया गया है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में 222 परीक्षा केंद्रों को अति संवेदनशील ...शेष पृष्ठ 14 पर

# रक्षा, व्यापार व प्रौद्योगिकी में सहयोग बढ़ायेंगे भारत-फ्रांस

## प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने एयरबस एच125 हेलीकॉप्टरों उत्पादन इकाई का किया उद्घाटन

एजेंसी



नयी दिल्ली/मुंबई। भारत और फ्रांस ने द्विपक्षीय संबंधों को मंगलवार को विशेष वैश्विक रणनीतिक साझेदारी के मुकाम तक पहुंचाया और दोनों देशों के शीर्ष नेतृत्व ने बढ़ते भू-राजनीतिक उथल-पुथल के मद्देनजर रक्षा, व्यापार और प्रौद्योगिकी के क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग बढ़ाने का संकल्प लिया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने कर्नाटक के वेमागल में एयरबस एच125 हेलीकॉप्टरों के उत्पादन के लिए कलपुर्जों को जोड़ने संबंधी इकाई का डिजिटल तरीके से उद्घाटन किया।

तीन दिवसीय भारत दौरे पर आए फ्रांसीसी राष्ट्रपति के मुंबई पहुंचने के कुछ ही घंटों बाद, मोदी ने वहां मैक्रों के साथ व्यापक वार्ता की। प्रधानमंत्री ने अपने मीडिया वक्तव्य में कहा, भारत और फ्रांस के बीच एक विशेष संबंध है। फ्रांस, भारत के सबसे पुराने रणनीतिक साझेदारों में से एक है। राष्ट्रपति मैक्रों के साथ मिलकर हमने इस रणनीतिक साझेदारी को अभूतपूर्व गहराई और ऊर्जा प्रदान की है। उन्होंने कहा इसी विश्वास और साझा दृष्टिकोण के आधार पर, आज हम अपने (द्विपक्षीय) संबंधों को विशेष वैश्विक रणनीतिक साझेदारी के रूप में स्थापित कर रहे हैं। मोदी ने एच-125 हेलीकॉप्टर असेंबली लाइन का भी जिक्र किया।

उन्होंने कहा हमें इस बात पर गर्व है कि दोनों देश मिलकर भारत में दुनिया का एकमात्र ऐसा हेलीकॉप्टर बनाएंगे, जो माउंट एवरेस्ट (विश्व की सबसे ऊंची पर्वत चोटी) की ऊंचाई तक उड़ान भर सकेगा और इसे पूरी दुनिया में निर्यात किया जाएगा। उन्होंने कहा 2026 भारत और यूरोप के बीच संबंधों में एक महत्वपूर्ण मोड़ है। कुछ ही दिन पहले, हमने यूरोपीय संघ के साथ भारत के इतिहास का सबसे बड़ा और सबसे महत्वाकांक्षी मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) किया है। प्रधानमंत्री ने भारत-फ्रांस संबंधों को वैश्विक स्थिरता का एक महत्वपूर्ण कारक बताया। उन्होंने कहा वर्तमान में, विश्व अनिश्चितता के दौर से गुजर रहा है। ऐसे माहौल में भारत-फ्रांस साझेदारी वैश्विक स्थिरता का एक महत्वपूर्ण कारक है। वहीं, मैक्रों ने कहा कि भारत, फ्रांस के सबसे भरोसेमंद ...शेष पृष्ठ 14 पर

# बुलडोजर व ब्रह्मोस एक-दूसरे के पूरक : योगी

○ श्रीकृष्ण जन्मभूमि के लिए आगे आएं अखिलेश : सीएम ○ 2027 में यूपी में फिर बनेगी भाजपा की सरकार

विशेष संवाददाता



लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव को श्रीकृष्ण जन्मभूमि के लिए आगे आने की सलाह दी है। इटावा में निमार्णाधीन केदारेश्वर मंदिर के संभावित निमंत्रण पर उन्होंने कहा कि यदि अखिलेश यादव शुद्ध नीयत से यह मंदिर बनवाते तो मैं अवश्य जाता, लेकिन नीयत साफ नहीं है। फिर भी मैं उनको बधाई दूंगा कि देर आए-दुरुस्त आए, आखिर मंदिर बनवा रहे हैं। अब वह श्रीकृष्ण जन्मभूमि के लिए भी आगे आएं, लोग प्रशंसा करेंगे। मुख्यमंत्री मंगलवार को एक निजी चैनल के कॉन्क्लेव में बोल रहे थे। इस मौके पर सीएम योगी ने साफ शब्दों में ऐलान किया कि 2022 से अधिक सीटें पाकर 2027 में डबल इंजन की भाजपा सरकार फिर सत्ता में आएगी।

सीएम योगी ने कहा कि 2027 को लेकर कोई शक नहीं है। 2022 से अधिक सीट मिलेंगी और 2027 में फिर भाजपा नेतृत्व की डबल इंजन सरकार बनेगी। डबल इंजन सरकार ने यूपी को ट्रिपल-टी (टेक्नोलॉजी, ट्रस्ट व ट्रांसफॉर्मेशन) से जोड़ा है और वह 2027 में धूम-धड़ाके के साथ फिर से आएगी। कांग्रेस व राजद की जो दुर्गति बिहार में हुई है, 2027 में वही दुर्गति कांग्रेस व सपा की उत्तर प्रदेश में तय है। सीएम ने मीडियाकर्मियों से कहा कि आप सभी 75 जनपदों, 403 विधानसभा क्षेत्रों में जाइए, आम जनता वर्तमान सरकार की वकालत करती नजर आएगी। एक प्रश्न के उत्तर में मुख्यमंत्री ने कहा कि यूपी को उसकी पहचान वापस दिलाना सबसे बड़ा अचीवमेंट है। यूपी का नौजवान अब पहचान का मोहताज नहीं। किसान खुशहाल है और श्रमिक स्वावलंबन के साथ अपने जनपद-क्षेत्र में रोजगार प्राप्त कर रहा है। महिलाएं सुरक्षित हैं और यूपी आर्थिक उन्नति के नित नए सोपान प्राप्त कर रहा है। यही रामराज्य है। बिना भेदभाव हर तबके को उसका हक प्राप्त हो रहा है। भगवान राम की जन्मभूमि पर राममंदिर का निर्माण रामराज्य की अवधारणा पर ही आधारित है। हम केवल मंदिर बना देते और यह बदलाव करके नहीं दिखाते तो यह भगवान राम की अवज्ञा होती। हम लोगों ने रामराज्य की वास्तविक अवधारणा को धरातल पर उतारने का कार्य किया। यह डबल इंजन सरकार की ताकत है, जो कहा है, वह करके दिखाया है। आगे भी जो कहेंगे, करके दिखाएंगे। सीएम योगी ने कहा कि सोमनाथ मंदिर को अपवित्र करने वाले और अयोध्या में श्रीराम मंदिर पर पहला आतंकी हमला करने वाले गाजी को उसके पापों की सजा महाराज सुहेलदेव ने दी थी। लेकिन सपा के लोग महाराज सुहेलदेव का गुणगान करने के बजाय गाजी का नाम लेते हैं, उसका मेला लगाते हैं। ये लोग महाराज सुहेलदेव के स्मारक का विरोध करते हैं। हमें गर्व है कि भाजपा सरकार ने बहराइच में महाराज सुहेलदेव का भव्य स्मारक और आजमगढ़ में महाराज सुहेलदेव विश्वविद्यालय का निर्माण किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सपा के पीडीए को अवसरवाद का दूसरा नमूना बताया। बोले कि पीडीए मतलब परिवार डेवलपमेंट अथॉरिटी। यह एक परिवार के विकास के लिए गठित अवसरवादी अथॉरिटी है जिसके चेयरमैन अखिलेश, शिवपाल सीईओ और रामगोपाल यादव वाइस चेयरमैन होंगे। उनके पास महाभारत के सारे रिश्ते हैं, बाकी अन्य भाई-भतीजों को भी इसमें स्थान मिलेगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पर जोरदार हमला बोला। उन्होंने कहा कि जिसकी जैसी दृष्टि, वैसी सृष्टि। इन लोगों को कोई नहीं समझा सकता, इनकी दृष्टि देश व प्रदेश के लिए हमेशा नकारात्मक रही है। राहुल गांधी को देश और अखिलेश यादव को यूपी गंभीरता से नहीं लेता। कांग्रेस किसी को भी नेता प्रतिपक्ष बना सकती थी। सोनिया जी का स्वास्थ्य ठीक नहीं है, इसलिए परिवारवादी पार्टी ने राहुल जी को नेता प्रतिपक्ष की जिम्मेदारी सौंप दी। जब जहाज डूबता है तो कैप्टन भी वही व्यक्ति बनता है, जो उसे आसानी से डुबो सके, इसलिए राहुल जी को कैप्टन बनाया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि अखिलेश यादव को संघ की शाखाओं में जाकर सामान्य आचार व नियमों की जानकारी लेनी चाहिए। अखिलेश यादव 12 बजे सोकर उठते हैं, वे संघ की शाखा में जाएंगे तो जल्दी जगने की आदत हो जाएगी। समय पर जागेंगे तो यह उनके हित में होगा और जिस पारिवारिक पार्टी को लेकर चल रहे हैं, उसका भी नाम बना रहेगा। सीएम योगी ने वंदे मातरम ...शेष पृष्ठ 14 पर

## तारिक रहमान बने बांग्लादेश के पीएम



ढाका। तारिक रहमान ने मंगलवार को बांग्लादेश के प्रधानमंत्री पद की शपथ ली और इसके साथ ही अगस्त 2024 में शेख हसीना सरकार के सत्ता से बेदखल होने के बाद देश की बागडोर संभालने वाली अंतरिम सरकार के 18 महीने के शासन का अंत हो गया।

राष्ट्रपति मोहम्मद शहाबुद्दीन ने रहमान (60) को परंपरा से हटते हुए, बंगभवन के बजाय जातीय संसद के साउथ प्लाजा में पद की शपथ दिलाई। पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया और दिवंगत राष्ट्रपति जियाउर रहमान के पुत्र रहमान 17 वर्षों तक स्वनिर्वासन में लंदन में रहने के बाद दो महीने पहले स्वदेश लौटे थे। प्रधानमंत्री के पद पर उनका कार्यकाल पांच वर्षों का होगा। दिन में, बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) के ...शेष पृष्ठ 14 पर

# संगठित हो हिंदू समाज : मोहन भागवत

## घुसपैठियों पर जतायी चिंता, घर वापसी के कामों में लानी होगी तेजी

विशेष संवाददाता



लखनऊ। हिंदू समाज को संगठित और सशक्त होने की आवश्यकता है। हमको किसी से खतरा नहीं है, लेकिन सावधान रहना है। यह बात राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने लखनऊ के निराला नगर स्थित सरस्वती शिशु मंदिर में सामाजिक सद्भाव बैठक में बोलते हुए कही। हिंदुओं की घटती जनसंख्या पर चिंता जताते हुए उन्होंने लालच और जबरदस्ती हो रहे मतांतरण पर रोक लगाने की बात कही। उन्होंने कहा कि घर वापसी का काम तेज होना चाहिए। जो लोग हिंदू धर्म में लौटें, उनका ध्यान भी हमें रखना होगा। बढ़ती घुसपैठ पर चिंता जताते हुए उन्होंने कहा कि घुसपैठियों को डिटेक्ट, डिलीट और डिपोर्ट करना होगा। उन्हें रोजगार नहीं देना है। उन्होंने कहा कि हिंदुओं के कम से कम तीन बच्चे होने चाहिए। वैज्ञानिकों के हवाले से उन्होंने कहा कि जिस समाज में औसतन तीन से कम बच्चे होते ...शेष पृष्ठ 14 पर

## मार्च में जारी होगा चार राज्यों व एक केंद्रशासित प्रदेश का चुनाव कार्यक्रम

नयी दिल्ली। पश्चिम बंगाल, असम, तमिलनाडु, केरल और पुडुचेरी में अप्रैल में अलग-अलग तारीखों पर विधानसभा चुनाव हो सकते हैं, जिससे संबंधित कार्यक्रम मार्च के मध्य में घोषित किए जाने की संभावना है। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

अधिकारियों ने कहा कि निर्वाचन आयोग विधानसभा चुनावों की तारीखों की घोषणा मार्च के मध्य में किसी समय एक साथ करेगा और चुनाव अप्रैल में अलग-अलग तारीखों पर हो सकते हैं। पांचों विधानसभाओं का कार्यकाल मई और जून में अलग-अलग तारीखों पर खत्म हो रहा है। जहां पुडुचेरी विधानसभा का पांच साल का कार्यकाल 15 जून को खत्म होगा, वहीं असम, केरल, ...शेष पृष्ठ 14 पर

# व्यक्ति की असली विरासत है संस्कार : धामी

## गीता धामी ने दिया प्रेरक उद्बोधन, सात महिलाओं को मातृशक्ति सम्मान

प्रमुख संवाददाता




देहरादून। राजधानी के दून मेडिकल कॉलेज में मातृ संस्कार समागम में विश्वमांगल्य सभा के बैनर तले आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने दो-टूक कहा कि किसी भी व्यक्ति की असली विरासत उसका बैंक बैलेंस या पद नहीं, बल्कि उसके द्वारा आत्मसात किए गए संस्कार हैं।

मुख्यमंत्री ने सत्ता और सामर्थ्य के पारंपरिक पैमानों से इतर चरित्र निर्माण पर जोर दिया। उन्होंने अपनी व्यक्तिगत सफलता का श्रेय किसी विशेषाधिकार को देने के बजाय अपनी माता से मिले संघर्ष के पाठ को दिया। उन्होंने भावुक होते हुए कहा कि परिस्थितियां और पद मौसम की तरह बदल सकते हैं, लेकिन मां द्वारा बोए गए नैतिकता के बीज जीवन भर बरगद की तरह छाया देते हैं। मेरा आज का दायित्व मेरी मां के अनुशासन और संघर्षों का ही प्रतिफल है। बढ़ते एकल परिवारों और कम होते संवाद पर चिंता जताते हुए सीएम धामी ने 'कुटुंब प्रबोधन' (पारिवारिक जागरण) को वर्तमान युग की सबसे बड़ी जरूरत बताया। मुख्यमंत्री ने कहा कि परिवार केवल रहने की जगह नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण की पहली प्रयोगशाला ...शेष पृष्ठ 14 पर



### आज का मौसम

| | | |
|---|---|---|
| अधिकतम | : | 27.06 डिसे. |
| न्यूनतम | : | 14.00 डिसे. |

### भीतर पढ़ें


○ जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र न बनने पर सपा का हंगामा (पृष्ठ-02)

○ डिजिटल सर्विलांस से संचारी रोगों में आई कमी (पृष्ठ-02)

○ रुपया पांच पैसे मजबूत होकर 90.69 पर बंद (पृष्ठ-14)

○ असम में 62,294.78 करोड़ का बजट पेश (पृष्ठ-14)

○ कच्चे तेल का वायदा भाव में गिरावट (पृष्ठ-14)


**विशेष खबर** पर्यटन आधारित गतिविधियों से कर राजस्व 25,000 करोड़ रुपये तक पहुंचने का अनुमान

# अयोध्या की अर्थव्यवस्था में ऐतिहासिक उछाल

विशेष संवाददाता



लखनऊ। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के टेंपल इकॉनमी मॉडल पर भारतीय प्रबंधन संस्थान लखनऊ (आईआईएम लखनऊ) ने अपनी मुहर लगाई है। आईआईएम लखनऊ की ताजा अध्ययन रिपोर्ट इकॉनमिक रेनेसांस ऑफ अयोध्या (अयोध्या का आर्थिक पुनर्जागरण) बताती है कि राम मंदिर निर्माण के बाद अयोध्या में व्यापक आर्थिक सक्रियता, निवेश प्रवाह और रोजगार सृजन देखने को मिला है।

अध्ययन में मंदिर निर्माण से पहले और बाद की आर्थिक परिस्थितियों का तुलनात्मक विश्लेषण करते हुए यह दशार्या गया है कि धार्मिक अवसंरचना, यदि सुविचारित नीति और प्रशासनिक प्रतिबद्धता से जुड़ जाए, तो वह क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था को गति देने वाला उत्प्रेरक बन सकती है। गौरतलब है कि 2017 में प्रदेश की कमान संभालने के बाद सीएम योगी ने टेंपल इकॉनमी को तेज गति दी और अयोध्या में मंदिर निर्माण के साथ-साथ आधुनिक इन्फ्रास्ट्रक्चर देकर आर्थिक समृद्धता के रास्ते खोल दिए। अध्ययन के अनुसार, मंदिर निर्माण से पूर्व अयोध्या की पहचान मुख्यतः एक पवित्र तीर्थस्थान तक ही सीमित थी, जहां आगंतुकों की वार्षिक संख्या लगभग 1.7 लाख के आसपास ठहर जाती थी। स्थानीय बाजार छोटे पैमाने पर संचालित होते थे और अधिकांश दुकानदारों की औसत दैनिक आय 400-500 रुपये के बीच सीमित थी, जिससे आर्थिक गतिविधि का दायरा संकुचित बना रहता था। राष्ट्रीय स्तर की होटल श्रृंखलाओं की उपस्थिति लगभग नगण्य थी, रेलवे स्टेशन बुनियादी सुविधाओं तक सीमित था और हवाई अड्डे का अभाव क्षेत्र की कनेक्टिविटी को प्रभावित करता था। रोजगार के अवसर सीमित होने के कारण युवाओं का बड़े शहरों की ओर पलायन, एक सामान्य प्रवृत्ति बन चुका था। पर्यटन से होने वाला राजस्व राज्य की व्यापक अर्थव्यवस्था में उल्लेखनीय योगदान नहीं दे पा रहा था और अचल संपत्ति बाजार में भी ठहराव की स्थिति दिखाई देती थी। कुल मिलाकर, अयोध्या की आर्थिक संरचना पारंपरिक तीर्थ-आधारित गतिविधियों ...शेष पृष्ठ 14 पर

# वैश्विक साझेदारों के साथ अधिक गहनता से जुड़ रहा भारत : जयशंकर

एजेंसी

मुंबई। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने मंगलवार को कहा कि भारत अंतरराष्ट्रीय साझेदारों के साथ मजबूत स्थिति में अधिक गहनता से जुड़ रहा है। उन्होंने देश के बढ़ते आर्थिक प्रभाव के प्रमाण के रूप में हाल ही में हुए कई व्यापार समझौतों का हवाला दिया।

उन्होंने वैश्विक आर्थिक सहयोग सम्मेलन में अपने संबोधन में अमेरिका के साथ महत्वपूर्ण व्यापार समझौते सहित कई बड़े सौदों की सफल चर्चा पर प्रकाश डाला। वैश्विक आर्थिक सहयोग कार्यक्रम का आयोजन भविष्य आर्थिक सहयोग परिषद द्वारा विदेश मंत्रालय और महाराष्ट्र सरकार के सहयोग से किया जाता है। वर्तमान अंतरराष्ट्रीय परिदृश्य को शायद हाल के समय में सबसे अस्थिर बताते हुए, मंत्री ने कहा कि दुनिया उत्पादन और वित्त के हथियारीकरण के साथ-साथ निर्यात नियंत्रणों को कड़ा करने और अस्थिर बाजार परिवर्तनों की गवाह बन रही है। उन्होंने कहा स्थापित वैश्विक व्यवस्था स्पष्ट रूप से बदल रही है, इसके विकल्प तैयार करना मुश्किल है और ऐसा प्रतीत होता है कि हम एक अनिश्चितता के लंबे दौर की ओर बढ़ रहे हैं। यह दौर अव्यवस्थित, जोखिम भरा अप्रत्याशित और शायद खतरनाक भी होगा। मंत्री ने कहा कि लंबे समय से बरकरार धारणाएं और अपेक्षाएं अब सवालों के घेरे ...शेष पृष्ठ 14 पर

# जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र न बनने के मुद्दे पर सपा का हंगामा

## संसदीय मंत्री ने कहा आरोप गलत, जहां दिक्कत है उसे दिखवा लेंगे

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** विधान सभा में मंगलवार को सपा ने जन्म-मृत्यु एवं मूल निवास प्रमाण पत्र न बनने का मुद्दा उठाया। मुख्य विपक्षी दल ने आरोप लगाया कि मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआइआर) में विपक्ष का समर्थन करने वाले मतदाता न बन जाएं इसलिए इन्हें प्रमाण पत्र जारी नहीं किए जा रहे हैं। विपक्ष ने आरोप लगाया कि एसआईआर में इन प्रमाण पत्रों को लगाने की अनिवार्यता होने की वजह से लोग इसे बनाने के लिए परेशान हैं, लेकिन एसडीएम इसकी अनुमति नहीं दे रहे हैं। दोनों पक्षों के बीच तकरार होने के चलते समाजवादी पार्टी के सदस्यों ने सदन का बहिष्कार किया।

संसदीय कार्यमंत्री सुरेश खन्ना ने कहा कि विधायक रहने वाले हैं पश्चिमी यूपी के और मामला उठा रहे हैं पूर्वांचल का। जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र बनना चाहिए। इसका संज्ञान ले लिया गया है। कार्यस्थगन के प्रस्ताव पर नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय ने कहा कि एसडीएम पुराने जन्म प्रमाण पत्र बनाने की अनुमति नहीं दे रहे हैं। कहा तो यहां तक जा रहा है कि ऊपर से बनाने की मनाती है, तो इस पूरे मामले की जांच करा ली जाए।

सपा नेता मनोज कुमार पारस व कमाल अख्तर ने यह सवाल किया। पारस ने कहा कि इस समय जन्म-मृत्यु एवं मूल निवास प्रमाण पत्र जारी नहीं किए जा रहे हैं। आवेदन एसडीएम कार्यालय में लंबित पड़े हैं। एसआइआर में मूल निवास प्रमाण पत्र की जरूरत है लेकिन इसे जारी नहीं किया जा रहा है। कमाल अख्तर ने कहा कि नगर विकास मंत्री को नगरीय निकायों में प्रमाण पत्र बनवाने की पुरानी प्रक्रिया बहाल कर देना चाहिए।

संसदीय कार्य मंत्री ने कहा कि इस समय जो भी अधिकारी एसआइआर में लगे हैं वह सरकार की नहीं चुनाव आयोग की परिधि में आकर काम कर रहे हैं। जहां तक प्रमाण पत्र न बनने की बात है यह सही नहीं है। सभी जगह प्रमाण पत्र बन रहे हैं, इसके बावजूद विपक्ष ने जो बातें कहीं हैं उसका संज्ञान ले लिया है। हम इसको दिखवा लेंगे। इस दौरान सत्ता पक्ष और विपक्ष में नोकझोंक भी देखने को मिली।

### कुष्ठाश्रम शब्द हटाने का विधेयक पास

**लखनऊ।** विधानसभा में मंगलवार को उत्तर प्रदेश नगर निगम संशोधन विधेयक 2026 और उत्तर प्रदेश नगर पालिका संशोधन विधेयक सदन में पास हुआ। इन दोनों विधयकों में सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर कुष्ठाश्रम शब्द हटाने का प्रावधान किया गया है। नगर विकास मंत्री एके शर्मा ने सदन में कहा कि कुष्ठ रोग एक गैर-संक्रामक रोग है और अन्य अनेक रोगों की भांति पूर्णतः इलाज योग्य है। उत्तर प्रदेश नगर निगम अधिनियम 1959 और उत्तर प्रदेश नगर पालिका अधिनियम 1916 में धारा 8 में कुष्ठाश्रम शब्द का लिखा हुआ था। यह शब्दावली कुष्ठ रोग से प्रभावित या स्वस्थ हो चुके व्यक्तियों के प्रति भेदभावपूर्ण अभिव्यक्ति मानी जाती रही है। सुप्रीम कोर्ट ने सभी राज्यों को ऐसे भेदभावपूर्ण शब्दों को कानूनों से हटाने के निर्देश दिया था।

# युवाओं और कौशल विकास को नयी दिशा देता बजट

**लखनऊ।** प्रदेश के व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने विधान परिषद में उत्तर प्रदेश के बजट 2026-27 पर चर्चा के दौरान कहा कि यह बजट युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने, कौशल आधारित अर्थव्यवस्था को मजबूत करने और उत्तर प्रदेश को तकनीकी व औद्योगिक रूप से अग्रणी बनाने का संकल्प पत्र है। उन्होंने कहा कि यह बजट शिक्षा, रोजगार, उद्यमिता, कृषि और सामाजिक समावेशन को साथ लेकर चलने वाला समग्र विकास का दस्तावेज है।

मंत्री अग्रवाल ने कहा कि योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश में विकास की नई परंपरा स्थापित हुई है, जिसमें शिक्षा से लेकर स्वास्थ्य, रोजगार से लेकर उद्योग तक हर क्षेत्र में व्यापक बदलाव दिखाई दे रहा है। उच्च शिक्षण संस्थानों के आधुनिकीकरण, स्मार्ट क्लास, डिजिटल लर्निंग, रिसर्च व इनोवेशन को प्रोत्साहन देने से युवाओं को वैश्विक प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार किया जा रहा है। विश्वविद्यालयों में इंडस्ट्री लिंकिंग, स्टार्टअप संस्कृति और नवाचार आधारित शिक्षा से युवाओं को डिग्री के साथ दक्षता भी मिल रही है। उन्होंने बताया कि कौशल विकास विभाग द्वारा आईटीआई, पॉलिटेक्निक और प्रशिक्षण केंद्रों को आधुनिक तकनीकों से लैस किया गया है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, डाटा साइंस, साइबर सिक्योरिटी, इलेक्ट्रिक व्हीकल, ड्रोन, एविएशन और 3डी प्रिंटिंग जैसे क्षेत्रों में प्रशिक्षण देकर युवाओं को भविष्य की जरूरतों के अनुरूप तैयार किया जा रहा है। प्रशिक्षण से रोजगार तक सीधा संबंध स्थापित करने के लिए इंटर्नशिप, अप्रेंटिसशिप और प्लेसमेंट लिंकिंग की प्रभावी व्यवस्था की गई है, जिससे युवा नौकरी चाहने वाले नहीं बल्कि नौकरी देने वाले बन सकें।



मंत्री अग्रवाल ने कहा कि डेटा सेंटर पार्क, औद्योगिक निवेश, स्टार्टअप इकोसिस्टम और एमएसएमई को प्रोत्साहन देने वाले प्रावधान आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश की दिशा में मील का पत्थर हैं। किसानों के लिए ऊर्जा व सिंचाई योजनाएं, महिलाओं के लिए रोजगार व भागीदारी के अवसर और बुनियादी ढांचे का विस्तार समावेशी विकास को मजबूत कर रहे हैं।

पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया से लाखों युवाओं को बिना भ्रष्टाचार के रोजगार मिलना सुशासन का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि आज प्रदेश की आईटीआई और कौशल संस्थान नई तकनीकों से सुसज्जित होकर नवाचार के केंद्र बन रहे हैं। उन्होंने सदन के सदस्यों से अपने-अपने जनपदों में जाकर कौशल संस्थानों का अवलोकन करने का आह्वान करते हुए कहा कि युवा आत्मनिर्भर होंगे तो उत्तर प्रदेश आत्मनिर्भर बनेगा और यही आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को साकार करेगा।

# महाविद्यालय और विश्वविद्यालय शिक्षकों की सेवा शर्तें अलग, तुलना उचित नहीं : उच्च शिक्षा मंत्री



प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने विधानसभा में पूछे गए प्रश्नों का उत्तर देते हुए स्पष्ट किया कि राज्य की प्रत्येक शैक्षणिक संस्था निर्धारित संवैधानिक और वैधानिक नियमों के आधार पर संचालित होती है। उन्होंने कहा कि महाविद्यालय और विश्वविद्यालय दोनों की सेवा संरचना अलग-अलग नियमों से नियंत्रित होती है, इसलिए उनके कर्मचारियों और शिक्षकों की सुविधाओं की सीधी तुलना उचित नहीं है। मंत्री उपाध्याय ने बताया कि राजकीय महाविद्यालयों के शिक्षक राज्य सरकारी सेवकों की श्रेणी में आते हैं, जिनकी नियुक्ति एवं सेवा शर्तें संविधान के अनुच्छेद 309 के अंतर्गत अधिसूचित नियमावलियों से विनियमित होती हैं। वहीं, राज्य विश्वविद्यालय तथा उनसे संबद्ध महाविद्यालयों के कर्मचारी उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालय अधिनियम 1973 तथा उससे संबंधित परिनियमों के अंतर्गत आते हैं, जिससे दोनों की सेवा शर्तों में स्वाभाविक अंतर रहता है। उन्होंने उदाहरण देते हुए बताया कि विश्वविद्यालय के शिक्षक 62 वर्ष की आयु में सेवानिवृत्त होते हैं, जबकि महाविद्यालयों में यह आयु 60 वर्ष है। इसी प्रकार विश्वविद्यालय शिक्षकों को अर्जित अवकाश, विशेष आकस्मिक अवकाश तथा यूजीसी मानकों के अनुरूप अवकाश सुविधाएं प्राप्त होती हैं, जबकि राजकीय महाविद्यालय शिक्षकों के लिए अलग प्रकार की अवकाश व्यवस्था लागू है, जिसमें चिकित्सकीय अवकाश सहित अन्य प्रावधान शामिल हैं।

# डिजिटल सर्विलांस से संचारी रोगों में आई कमी, लैब नेटवर्क हुआ मजबूत

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** योगी सरकार ने पिछले नौ वर्षों में प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ बनाने की दिशा में व्यापक सुधार किए हैं। प्रदेश के ग्रामीण और दूरस्थ क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाओं की पहुंच सुनिश्चित करने के उद्देश्य से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि की गई है। साथ ही इन केंद्रों को आधुनिक उपकरणों, पर्याप्त दवाओं और विशेषज्ञ चिकित्सकों से सुसज्जित किया गया है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वर्ष 2017 में कमान संभालने के बाद प्रदेश में सैकड़ों नए स्वास्थ्य उपकेंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र स्थापित करने के साथ उच्चीकृत भी किए हैं। जहां पहले कई पीएचसी में नाममात्र की सुविधाएं थीं, वहीं अब उनमें 24 घंटे प्रसव सुविधा, पैथोलॉजी जांच, एक्स-रे, अल्ट्रासाउंड और आवश्यक जीवन रक्षक दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित की गई है।

ग्रामीण क्षेत्रों में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं को विशेष प्राथमिकता देते हुए संस्थागत प्रसव दर में भी उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार, पिछले वर्षों में कई जिलों में मृत्यु दर में उल्लेखनीय कमी आई है। आयुष्मान भारत योजना और मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना के माध्यम से लाखों पात्र परिवारों को पांच लाख रुपये तक की निःशुल्क चिकित्सा सुविधा प्रदान की जा रही है। इन योजनाओं का लाभ ग्रामीण क्षेत्रों तक पहुंचाने में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। स्वास्थ्य कार्ड वितरण और लाभार्थियों की पहचान की प्रक्रिया को भी डिजिटल माध्यम से पारदर्शी बनाया गया है।

नए मेडिकल कॉलेजों की स्थापना और जिला अस्पतालों के सुदृढ़ीकरण से विशेषज्ञ सेवाओं का दायरा बढ़ा है। इससे प्राथमिक स्तर पर मरीजों की स्क्रीनिंग के बाद उन्हें उच्च संस्थानों में रेफर करने की व्यवस्था अधिक व्यवस्थित हुई है। ग्रामीण क्षेत्रों में एंबुलेंस सेवाओं 102 और 108 को सशक्त किया गया है, जिससे आपात स्थिति में मरीजों को शीघ्र उपचार मिल सके। स्वास्थ्य केंद्रों में टेलीमेडिसिन सेवाओं की शुरूआत से दूरस्थ क्षेत्रों के मरीजों को विशेषज्ञ परामर्श उपलब्ध हो रहा है। ई-संजीवनी पोर्टल के माध्यम से हजारों मरीज घर बैठे चिकित्सकीय सलाह प्राप्त कर रहे हैं।

# मंत्री कपिल देव का अंतिम व्यक्ति तक रोजगार पर जोर

## केंद्र सरकार से 4.5 लाख युवाओं के स्किल ट्रेनिंग लक्ष्य की मांग



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश को देश का अग्रणी स्किल हब बनाने के उद्देश्य से डीडीयू-जीकेवाई 2.0 और आरसेटीआई 2.0 के अंतर्गत आयोजित दो दिवसीय क्षेत्रीय कार्यशाला एवं प्री-ईसी बैठक का मंगलवार को लखनऊ स्थित होटल सेंट्रम में समापन हुआ। समापन सत्र में प्रदेश के व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने कहा कि सरकार का लक्ष्य केवल प्रशिक्षण तक सीमित नहीं है, बल्कि अंतिम व्यक्ति तक रोजगार का अवसर पहुंचाना है। उन्होंने अंत्योदय के संकल्प को दोहराते हुए कहा कि ग्रामीण और वंचित युवाओं को आधुनिक कौशल से लैस कर आत्मनिर्भर बनाना ही सरकार की प्राथमिकता है।

मंत्री ने बताया कि डीडीयू-जीकेवाई 1.0 के तहत प्रदेश में 2.62 लाख युवाओं को प्रशिक्षण दिया गया, जिनमें से लगभग 2 लाख युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराया गया। इस सफलता के आधार पर उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन ने आगामी वर्षों में केंद्र सरकार से 4.5 लाख युवाओं को कौशल प्रशिक्षण देने का लक्ष्य की मांग की गई है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2026-27 के बजट में कौशल विकास के लिए विशेष प्रावधान किए गए हैं, जिनका फोकस ग्रामीण युवाओं, अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग और वंचित समुदायों पर रहेगा, ताकि समावेशी विकास सुनिश्चित हो सके। प्रमुख सचिव डॉ. हरिओम ने कहा कि कौशल विकास के क्षेत्र में राज्यों के बीच सहयोगात्मक संवाद देश के समग्र विकास के लिए आवश्यक है। समापन सत्र में लद्दाख, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, पंजाब, बिहार और झारखंड के प्रतिनिधियों को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया।

कार्यशाला के दौरान मिशन निदेशक पुलकित खरे ने उत्तर प्रदेश के कौशल विकास मॉडल का विस्तृत प्रस्तुतीकरण दिया, जिसमें उद्योगों की मांग आधारित प्रशिक्षण, डिजिटल मॉनिटरिंग और रोजगार लिंकिंग को प्रमुख आधार बताया गया। उन्होंने कौशल दृष्टि ऐप और कौशल दिशा पोर्टल जैसे डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से प्रशिक्षण केंद्रों की रीयल-टाइम निगरानी और पारदर्शिता सुनिश्चित करने की जानकारी दी। साथ ही ब्लॉक स्तर पर आयोजित रोजगार मेलों की सफलता का उल्लेख करते हुए बताया कि प्रदेश में लाखों युवाओं को सीधे नियुक्ति पत्र प्रदान कर उन्हें रोजगार की मुख्यधारा से जोड़ा गया है।

कार्यक्रम में ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार के निदेशक (स्किल्स) राज प्रिय सिंह, लद्दाख के मिशन निदेशक सैयद सज्जाद कादरी तथा विभिन्न राज्यों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

# भाजपा सरकार में भ्रष्टाचार चरम पर है : अखिलेश यादव

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने मंगलवार को बयान जारी कर कहा कि भाजपा सरकार में भ्रष्टाचार चरम पर है। भाजपा सरकार में जल जीवन मिशन में बन रही पानी की टंकियां भ्रष्टाचार का भार नहीं शह पा रही है। टंकियां ढह जा रही हैं। मुख्यमंत्री जब लखीमपुर में थे तब भी वहां पानी की टंकी ढह गयी थी। आगरा में ढह गयी। टंकियां जिले-जिले में गिर रही हैं। इनको पता है कि टंकियां ठीक नहीं बनी है। आधा पानी भरा जाता है। तब भी गिर जा रही है। इस सरकार में भ्रष्टाचार की पाइप लाइन महोबा से सीधी लखनऊ आ रही है। जिसकी वजह से टंकी गिर गयी।

महोबा में तो पानी में दूध मिलाया गया है। पानी को सफेद कर बच्चों को पिलाया जा रहा है। इस सरकार के भ्रष्टाचार को प्रदेश की जनता समझ गयी है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री को पता ही नहीं कि प्रदेश में क्या हो रहा है। इनके अनरजिस्टर्ड संगी-साथियों ने कभी वंदेमातरम नहीं गाया। न आजादी के पहले गाया और न आजादी के बाद गाया। इन्हें अपने अनरजिस्टर्ड संगी-साथियों से पूछना चाहिए कि आपने आजादी से पहले वंदे मातरम क्यों नहीं गया। सुजलाम, सुफलाम क्यों नहीं गाया? वीबी रामजी योजना के विरोध को लेकर अखिलेश यादव ने कहा कि लोकतंत्र में जनता को सरकार की नीतियों का विरोध करने का अधिकार है लेकिन यह सरकार विरोध नहीं सह पाती है। विरोध को न देख सकती है और न सुन सकती है। सिर्फ अपना राग गाती रहती है। इतनी झूठी सरकार आज तक नहीं देखी है। उन्होंने कहा कि वीबी रामजी योजना में यूपी का बजट कम हो गया। इस योजना का विरोध करना अच्छी बात है। इससे सरकार को पता चलेगा कि जनता किस बात से नाराज है। योजना में क्या खामियां है? उसमें क्या संशोधन होना चाहिए।

# उद्यम सारथी और ऑनलाइन प्लेटफॉर्म से आसान हो रहा कारोबार

## एमएसएमई चैम्पियनशिप और तकनीकी उन्नयन से बढ़ी प्रतिस्पर्धा

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) क्षेत्र को प्रौद्योगिकी से जोड़ने की दिशा में प्रदेश सरकार ने बहुस्तरीय पहल की गति तेज कर दी हैं। डिजिटल प्लेटफॉर्म, प्रशिक्षण कार्यक्रमों, तकनीकी उन्नयन और नीतिगत सुधारों के माध्यम से प्रदेश के 96 लाख से अधिक एमएसएमई इकाइयों को प्रतिस्पर्धी और बाजारोन्मुख बनाने का प्रयास किया गया है। योगी सरकार के इन कदमों से उत्पादन क्षमता बढ़ी है और रोजगार सृजन को नई गति प्राप्त हुई है।

डिजिटल अवसंरचना, नीतिगत सरलता और वित्तीय सहयोग के संयोजन ने प्रदेश को अग्रणी औद्योगिक केंद्र बनाने की आधारभूमि को तैयार करने का काम किया है।

एमएसएमई सेक्टर की योजनाओं के लिए प्रदेश सरकार के बजट 2026-27 में 3,822 करोड़ रुपये प्रस्तावित हैं, जो वर्ष 2025-2026 की तुलना में 19 प्रतिशत अधिक है। वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट योजना के अंतर्गत मार्केटिंग डेवलपमेंट, टूलकिट वितरण और प्रशिक्षण के लिए ऑनलाइन प्लेटफॉर्म विकसित किया गया है। इसके माध्यम से एससी-एसटी और ओबीसी वर्ग के कारीगरों को तकनीक आधारित कौशल प्रशिक्षण दिया जा रहा है। पारंपरिक उत्पादों को ई-कॉमर्स और डिजिटल मार्केटिंग से जोड़ने से स्थानीय वस्तुओं की पहुंच राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय बाजार तक बढ़ी है। एमएसएमई चैम्पियनशिप इनीशिएटिव (चैंपियंस पोर्टल) के अंतर्गत चयनित इकाइयों को आधुनिक मशीनरी को अपनाने, गुणवत्ता सुधार और डिजिटल टूल्स के उपयोग के लिए तकनीकी सहायता दी जा रही है। इस पहल का उद्देश्य उत्पादन लागत को घटाकर प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता को और विकसित करना है। लाखों इकाइयों को डिजिटल उन्नयन और विपणन सहयोग का लाभ मिल रहा है। 24 जनवरी, 2021 को लॉन्च की गई उद्यम सारथी ऐप के जरिए डिजिटल रजिस्ट्रेशन, योजनाओं की जानकारी और संचालन मार्गदर्शन एक ही मंच पर उपलब्ध कराया गया है। इससे उद्यमियों की सरकारी योजनाओं और प्रोत्साहनों तक त्वरित पहुंच प्राप्त हो जाती है। वर्ष 2022 से लागू एमएसएमई नीति के माध्यम से प्रक्रियाओं को सरल बनाया गया है। प्लग एंड प्ले मॉडल से 72 घंटे में संचालन शुरू करने की सुविधा दी गई है। क्रेडिट प्रवाह में वृद्धि और पांच लाख रुपये तक बीमा कवरेज जैसी व्यवस्थाओं ने उद्यमियों को जोखिम प्रबंधन में सहूलियत प्रदान करने का काम किया है। इन उपायों से निवेश वातावरण मजबूत हुआ है। प्रौद्योगिकी आधारित सुधारों का असर रोजगार सृजन पर भी पड़ा है। एमएसएमई क्षेत्र पहले से ही करोड़ों लोगों की आजीविका का आधार रहा है और डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन से इसमें नए अवसर जुड़े हैं।

- नई एमएसएमई नीति और प्लग एंड प्ले मॉडल से निवेश को गति



# हर पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में दर्ज हो

## उत्तर प्रदेश प्रशासन एवं प्रबंधन अकादमी में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने कहा कि जून एवं सितम्बर 2025 में प्रशिक्षण से वंचित रह गए जिला निर्वाचन अधिकारियों तथा निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों (ईआरओ) के लिए मंगलवार को उत्तर प्रदेश प्रशासन एवं प्रबंधन अकादमी (उपाम), लखनऊ में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में 6 जिलों यथा चित्रकूट, बलरामपुर, बस्ती, हाथरस, श्रावस्ती एवं कौशांबी के जिला निर्वाचन अधिकारियों तथा विभिन्न जिलों के 55 निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों सहित कुल 61 अधिकारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने उपस्थित अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि हर पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में दर्ज हो, यह हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। मतदाता सूची को त्रुटिरहित और पारदर्शी बनाये जाने के साथ ही समावेशी पंजीकरण सुनिश्चित करना अत्यंत आवश्यक है।

प्रशिक्षण में निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम-1950, निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण नियम-1960, मैनुअल ऑन इलेक्टोरल रोल-2023 में उल्लिखित विधिक दायित्वों, बीएलओ और सुपरवाइजरों के साथ समन्वय, निर्वाचक नामावली में दावे-आपत्तियों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण, ईआरओ नेट, बीएलओ ऐप और बुक ए कॉल विद बीएलओ के तकनीकी पक्षों तथा फील्ड अनुश्रवण की प्रक्रिया और एनजीएसपी पर शिकायतों के निस्तारण की गुणवत्ता को बेहतर बनाने के संबंध में जानकारी दी गयी तथा विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण प्रक्रिया में मीडिया एवं सोशल मीडिया की भूमिका से अवगत कराया गया। साथ ही विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण-2026 कार्यक्रम के अंतर्गत नोटिस चरण, सुनवाई प्रक्रिया और नियमावली के अनुपालन पर भी विस्तार से चर्चा की गई।

प्रशिक्षण में अधिकारियों को बताया गया कि किस प्रकार मतदाता सूची में नाम जोड़ने, हटाने, संशोधन करने तथा शिकायतों के निस्तारण की प्रक्रिया को प्रभावी ढंग से संचालित किया जाए। हेल्पलाइन नम्बर 1950 के माध्यम से प्राप्त जन शिकायतों का निरन्तर अनुश्रवण एवं समयबद्ध समाधान, पोलिंग स्टेशन के युक्तिकरण से संबंधित पहलुओं और विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण प्रक्रिया में बीएलओ की भूमिका पर भी विशेष सत्र आयोजित किए गए।

उन्होंने कहा कि पूर्व में प्रदेश के सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया था, किन्तु नये अधिकारियों द्वारा कार्यभार ग्रहण करने के कारण कुछ अधिकारी प्रशिक्षण से वंचित रह गए। इन नवनियुक्त अधिकारियों को विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण प्रक्रिया के संबंध में प्रशिक्षित किये जाने के उद्देश्य से यह विशेष प्रशिक्षण आयोजित किया गया, जिससे सभी संबंधित अधिकारी पुनरीक्षण कार्य में दक्षता के साथ अपेक्षित दायित्वों का निर्वहन कर सकें। कार्यक्रम के अंत में अधिकारियों का मूल्यांकन भी किया गया, ताकि प्रशिक्षण की प्रभावशीलता सुनिश्चित की जा सके।

# 81 मेडिकल कॉलेजों के साथ वन डिस्ट्रिक्ट, वन मेडिकल कॉलेज विजन को दी गति

## एमबीबीएस और पीजी सीटें बढ़ीं, विशेषज्ञ डॉक्टरों की उपलब्धता में हुआ सुधार, हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर का किया विस्तार

विशेष संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** प्रदेश की स्वास्थ्य व्यवस्था में पिछले नौ वर्षों के दौरान व्यापक और संरचनात्मक परिवर्तन आया है। योगी सरकार ने स्वास्थ्य इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत बनाने, मेडिकल शिक्षा का विस्तार करने और ग्रामीण क्षेत्रों तक गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने को प्राथमिकता दी है। नये अस्पतालों के निर्माण, पुराने अस्पतालों के कायाकल्प और मेडिकल कॉलेजों की संख्या में वृद्धि ने तस्वीर को बदल दिया है। वर्ष 2017 तक प्रदेश में कुल 36 सरकारी मेडिकल कॉलेज संचालित थे। वर्तमान में सरकारी मेडिकल कॉलेजों की संख्या बढ़कर 81 हो चुकी है। योगी सरकार वन डिस्ट्रिक्ट वन मेडिकल कॉलेज के विजन के अनुरूप मेडिकल कॉलेज की स्थापना कर रही है। वहीं एमबीबीएस सीटों में भी उल्लेखनीय वृद्धि हुई है।

वर्ष 2017 में जहां लगभग 4,690 एमबीबीएस सीटें थीं, वहीं अब यह संख्या बढ़कर 12,700 हो चुकी है। पीजी सीटों में भी दोगुने से अधिक वृद्धि दर्ज की गई है जिससे विशेषज्ञ डॉक्टरों की उपलब्धता में सुधार हुआ है। प्रदेश के 75 जिलों में जिला अस्पतालों का आधुनिकीकरण किया गया है। कई अस्पतालों में आईसीयू, एनआईसीयू, डायलिसिस यूनिट, ट्रॉमा सेंटर और आधुनिक पैथोलॉजी लैब की स्थापना की गई है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) को हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर के रूप में विकसित किया जा रहा है। योगी सरकार 1,500 से अधिक हेल्थ एंड वेलनेस सेंटरों को क्रियाशील चुकी है। इनमें मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, टीकाकरण, जांच और गैरसंचारी रोगों की स्क्रीनिंग जैसी सेवाएं उपलब्ध हैं। डिजिटल हेल्थ रिकॉर्ड और टेलीमेडिसिन सेवाओं के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों को विशेषज्ञ परामर्श से जोड़ा गया है। प्रदेश में आरोग्य मंदिर की अवधारणा के तहत स्वास्थ्य सेवाओं को समग्र रूप में विकसित किया जा रहा है। इसके तहत आयुष पद्धति, योग, प्राकृतिक चिकित्सा और एलोपैथिक सेवाओं का समन्वय किया जा रहा है। कई जिलों में आयुष अस्पतालों और वेलनेस सेंटर का निर्माण कराया गया है। योगी सरकार ने आयुष विश्वविद्यालय की स्थापना की दिशा में भी कदम बढ़ाए हैं, जिससे पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों को संस्थागत मजबूती मिल रही है। वर्ष 2017 में जहां सीमित जिलों में ही अत्याधुनिक लैब की सुविधा उपलब्ध थी, वहीं अब सभी जिलों में आरटी-पीसीआर लैब, ब्लड बैंक और डिजिटल एक्स-रे जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं।

कोविड-19 काल में विकसित की गई लैब क्षमता को स्थायी रूप से सुदृढ़ किया गया है। पिछले नौ वर्षों में 200 से अधिक नई पैथोलॉजी और डायग्नोस्टिक यूनिट स्थापित की गई है। इससे जांच की संख्या और गुणवत्ता दोनों में सुधार हुआ है, और मरीजों को निजी लैब पर निर्भरता कम करनी पड़ी है। सरकार ने 108 और 102 एम्बुलेंस सेवाओं के बेड़े में उल्लेखनीय वृद्धि की है। वर्तमान में प्रदेश में 4,000 से अधिक एम्बुलेंस संचालित हैं, जिनमें एडवांस लाइफ सपोर्ट एम्बुलेंस भी शामिल हैं। गर्भवती महिलाओं और नवजात शिशुओं के लिए विशेष एम्बुलेंस सेवाएं भी उपलब्ध कराई गई हैं। स्वास्थ्य क्षेत्र में बजट आवंटन में भी निरंतर वृद्धि दर्ज की गई है। वित्तीय वर्ष 2026-27 में चिकित्सा शिक्षा, आयुष एवं स्वास्थ्य विभाग के लिए 55 ,000 करोड़ रुपये से अधिक का प्रावधान किया गया है। इसमें स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण के लिए 37,956 करोड़ रुपये, चिकित्सा शिक्षा के लिए 14997 करोड़ रुपये और आयुष विभाग को 2867 करोड़ रुपये का प्रावधान किया है। इसका बड़ा हिस्सा ढांचागत विकास, चिकित्सा उपकरणों की खरीद, मानव संसाधन की भर्ती और मेडिकल कॉलेजों के निर्माण पर व्यय किया जाएगा।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्वास्थ्य क्षेत्र को सेवा और सुशासन का प्रमुख आधार बताया है। उन्होंने नियमित रूप से निमार्णाधीन मेडिकल कॉलेजों की समीक्षा की है और समयबद्ध कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिए हैं।

# कृषि विकास और प्रशिक्षण के लिए 70.61करोड़ की वित्तीय स्वीकृति जारी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 के अंतर्गत कृषि क्षेत्र की क्षमता, कौशल विकास और उत्पादन वृद्धि की विभिन्न योजनाओं के सफल संचालन के लिए महत्वपूर्ण वित्तीय स्वीकृतियां प्रदान की गई हैं। यह कदम राज्य के किसानों को आधुनिक तकनीक से जोड़ने, प्रशिक्षण सुविधाओं का विस्तार करने और कृषि बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के उद्देश्य से उठाया गया है।

सरकार द्वारा जारी स्वीकृतियों में सर्वाधिक 34.44 करोड़ रुपये की धनराशि 'नेशनल मिशन ऑन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन एण्ड टेक्नोलॉजी' के अंतर्गत सब मिशन ऑन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन (एसएमएई) योजना के लिए आवंटित की गई है। इसी क्रम में, कृषि क्षेत्र की क्षमता एवं कौशल विकास तथा उत्पादन वृद्धि योजना के अंतर्गत मानक मदों में बचत के माध्यम से 29.49 करोड़ रुपये की एक और बड़ी धनराशि विकास कार्यों के लिए प्रदान की गई है। कृषि एवं संबद्ध क्षेत्रों के अंतर्गत नवीन संरचनाओं, मशीनों, उपकरणों की खरीद और परिसंपत्तियों के विकास के लिए सरकार ने 4.17 करोड़ रुपये की वित्तीय स्वीकृति दी है। साथ ही, आचार्य नरेन्द्रदेव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, अयोध्या के अंतर्गत कृषि विज्ञान केन्द्र, देवरिया पर ट्रेनिंग सेंटर के अवशेष निर्माण कार्य को पूर्ण करने हेतु 1.81 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए हैं। योजनाओं के प्रभावी संचालन और अनुश्रवण संबंधी प्रशासनिक कार्यों के लिए 0.60 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। राज्य कृषि प्रबंध संस्थान, रहमानखेड़ा के लिए सहायता अनुदान (गैर वेतन) के रूप में 0.10 करोड़ रुपये की धनराशि का प्रावधान किया गया है। इन निवेशों से प्रदेश की कृषि व्यवस्था में व्यापक सुधार और किसानों की आर्थिक प्रगति सुनिश्चित होगी।

- कृषि योजनाओं के सुदृढ़ीकरण और बुनियादी ढांचे के विकास के लिए प्रदेश सरकार ने आवंटित की धनराशि

# अश्लील वीडियो से तंग नाबालिग ने दी जान

## आरोपी गिरफ्तार, परिजनों ने पुलिस पर लगाया लापरवाही का आरोप

सिद्धार्थनगर। प्रेमजाल अश्लील वीडियो से तंग एक नाबालिग ने शादी टूटने के बाद आत्महत्या कर लिया। प्राप्त खबर के अनुसार इंटर के छात्रा का कॉलेज के प्रबंधक के भतीजे से अफेयर हो गया था। जिसके बाद डेढ़ साल तक प्रेम प्रसंग चलता रहा। इस दौरान प्रेमी ने आपत्तिजनक वीडियो तथा बातचीत के ऑडियो व कॉल रिकॉर्डिंग भी बना लिया। व छात्रा को ब्लैकमेल करके परेशान करने लगा। जिसके बाद छात्रा ने स्कूल जाना छोड़ दिया। घर में पता चला तो शादी तय कर दी गई। जिसके बाद प्रेमी ने ससुरालवालों को आपत्तिजनक वीडियो और ऑडियो भेज दिया, बाद उसके शादी टूट गई। परिजन ने प्रेमी के खिलाफ केस दर्ज करा दिया। उक्त आरोपी को गत 12 तारिख को पुलिस ने गिरफ्तार करके जेल भेज दिया। नाबालिग ने उक्त सूचना मिलने पर सुसाइड कर लिया। मामला शिवनगर डिडई थाना परिक्षेत्र का है। विदित हो कि सिद्धार्थनगर जिले के बांसी सीओ सर्किल के शिवनगर डिडई थाना क्षेत्र के करमहिया गांव में सोमवार की रात एक नाबालिग छात्रा ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। सुबह जब वह अपने कमरे से बाहर नहीं निकली, तो




घर के परिजनों को अनहोनी की आशंका हुई। परिजनों ने खिड़की से झांककर देखा तो बेटी पंखे से दुपट्टे के सहारे लटकी हुई दिखाई दी । सूचना मिलने पर स्थानीय थाना पुलिस मौके पर पहुंची और दरवाजा तोड़कर शव को नीचे उतारा गया। मृतका के पिता ने आरोप लगाया है कि उनकी बेटी क्षेत्र के एक इंटर कॉलेज में पढ़ती थी। कॉलेज के प्रबंधक के भतीजे शिखर शुक्ला ने उसे प्रेमजाल में फंसा लिया था। पिता के अनुसार, आरोपी ने लगभग डेढ़ वर्ष तक उनकी नाबालिग बेटी के साथ दुष्कर्म किया और इस दौरान उसके आपत्तिजनक वीडियो तथा बातचीत के ऑडियो व कॉल रिकॉर्डिंग भी बना लिए। इन घटनाओं से मानसिक रूप से परेशान होकर छात्रा ने स्कूल जाना बंद कर दिया और परिजनों को पूरी बात बताई । बेटी की हालत देखकर पिता ने उसकी शादी तय करने का फैसला किया। परिवारजनों ने रिश्तेदारी में शादी पक्की कर दी थी। हालांकि, आरोपी शिखर को जब इसकी जानकारी मिली, तो उसने छात्रा के आपत्तिजनक वीडियो और ऑडियो उसके होने वाले ससुराल वालों को भेज दिए। इस कारण शादी टूट गई, जिससे छात्रा और अधिक टूट गई। पिता ने पुलिस पर लापरवाही का भी आरोप लगाया है। उनका कहना है कि जब वे पहली बार थाने में शिकायत लेकर पहुंचे, तो उनकी सुनवाई नहीं हुई। उन्होंने आरोप लगाया कि पुलिस ने उनका प्रार्थना पत्र फाड़ दिया और अपनी मर्जी से नया प्रार्थना पत्र लिखवाकर हल्की धाराओं में मामला दर्ज कर आरोपी को छोड़ दिया था। इसके बाद उन्होंने उच्च अधिकारियों से शिकायत किया और रजिस्ट्री के माध्यम से न्याय की गुहार लगाई गई।

## एसएसपी ने सुनी जन फरियाद



सिद्धार्थनगर। एसएसपी डा0 अभिषेक महाजन ने जनता दर्शन में आए फरियादियों की समस्याओ शिकायती प्रार्थना पत्रों की सुनवाई किया गया, गत मंगलवार जिले के पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आए फरियादियों की समस्याओ शिकायतों की सुनवाई करते हुए एसएसपी ने फरियादियों की समस्याओं का समाधान करा कर उन्हें त्वरित न्याय सुलभ कराए जाने का भरोसा दिया गया , तथा सम्बंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए जाने सहित जनता दर्शन में प्राप्त शिकायती प्रार्थना पत्रों का निस्तारण कर फरियादियों को त्वरित न्याय सुलभ कराए जाने हेतु आदेश दिया गया। जनता दर्शन में कुल 15 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जिसमें 05 भूमि विवाद एवं 10 अन्य मामलों से संबंधित रहे, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ 0 अभिषेक महाजन ने अधिकारियों को सुचिता पूर्ण एवं निष्पक्ष निस्तारण किए जाने हेतु आदेशित किया गया।

# 25 हजार का इनामी गैंगस्टर गिरफ्तार

## सिद्धार्थनगर में भवानीगंज पुलिस ने नहर पुल के पास दबोचा

सिद्धार्थनगर- भवानीगंज पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट में वांछित 25 हजार रुपये के इनामी अभियुक्त रफीउल्लाह कुरैशी उर्फ अतीकुल्लाह कुरैशी को गिरफ्तार किया है। पुलिस को यह सफलता लंबे समय से फरार चल रहे आरोपी की तलाश के बाद मिली।



थानाध्यक्ष भवानीगंज बृजेश सिंह अपनी टीम के साथ 16 और 17 फरवरी की दरमियानी रात क्षेत्र में गश्त कर रहे थे। इसी दौरान पुलिस टीम को सूचना मिली कि गैंगस्टर एक्ट में वांछित इनामी अभियुक्त सरयू नहर पुल बिथरिया के पास मौजूद है और कहीं जाने की तैयारी में है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घेराबंदी कर आरोपी को पकड़ लिया। पुलिस को देखते ही आरोपी ने भागने का प्रयास किया, लेकिन पुलिसकर्मियों की सतर्कता के चलते उसे मौके पर ही दबोच लिया गया। पूछताछ में आरोपी की पहचान रफीउल्लाह कुरैशी उर्फ अतीकुल्लाह कुरैशी पुत्र कल्लू कुरैशी निवासी ग्राम जबजौआ, थाना डुमरियागंज, जनपद सिद्धार्थनगर के रूप में हुई। पुलिस के अनुसार, उसके खिलाफ भवानीगंज थाने में गैंगस्टर एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज था और उसकी गिरफ्तारी पर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित था। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आवश्यक कानूनी कार्रवाई पूरी कर उसे न्यायालय में पेश किया। इस कार्रवाई में थानाध्यक्ष बृजेश सिंह के साथ उपनिरीक्षक राजेंद्र प्रसाद, हेड कांस्टेबल विजय गुप्ता, कांस्टेबल सिद्धार्थ सिंह और कांस्टेबल अनीत वर्मा शामिल थे। पुलिस ने बताया कि फरार और वांछित अपराधियों के खिलाफ आगे भी कार्रवाई जारी रहेगी।

## राघव ने गुनगुनाया देशगान, बजी तालियां



प्रतापगढ़। एकता महोत्सव में विधायक आराधना मिश्रा मोना के पुत्र राघव मिश्र का भी गायन लोगों को भाया। राघव ने तेरी मिटटी में मिल जावां की भावपूर्ण प्रस्तुति दी तब मंच व दीघाएं तालियों से गूंज उठी। वहीं भोजपुरी स्टार रितेश व अभिनेत्री आस्था ने भी राघव को संगत देकर हौसला बढ़ाया। राघव की सुमधुर आवाज को लेकर मंच पर मौजूद कलाकारों को भी मुग्ध देखा गया।

## अमेरिकी व्यापार समझौता देशहित के खिलाफ : प्रमोद तिवारी

प्रतापगढ़। राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने अमेरिकी भारत टेज्ड समझौते को देशहित के खिलाफ करार दिया है। सोमवार की शाम बाबा घुइसरनाथ धाम के अतिथि गृह में मीडिया से रूबरू सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि यह व्यापार समझौता देश के किसानों तथा लघु एवं मध्यम उद्योग एवं बेरोजगारों के हित पर कुठाराघात है। उन्होने कहा कि भारतीय बान्नवे रुपए अमेरिकी एक डॉलर के बराबर है। सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि यह कैसा व्यापार समझौता है कि अमेरिका को भारत में शून्य देना है और भारत को अमेरिका में टेज्ड के लिए अठारह प्रतिशत टैरिफ देना होगा। उन्होने कहा कि इस समझौते का एक बड़ा सवाल है कि दोनों देशों के बीच व्यापार के क्षेत्र में कैसे स्वतंत्र मुकाबला होगा। उन्होने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी को इस समझौते की मजबूरी पर चुप्पी तोडनी चाहिए। उन्होने कहा कि यह समझौता पूरी तरह से देशहित के खिलाफ है। एप्सटिन फाइल को लेकर एक सवाल के जबाब में उन्होने कहा कि एक केन्द्रीय मंत्री की स्वीकरोक्ति चौंकाने वाली है। उन्होने कहा कि ऐसे मंत्री को फौरन अपने पद से नैतिकता के तहत त्याग पत्र दे देना चाहिए। संगम में शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद से जुडे सवाल को लेकर सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि भाजपा सरकार ने समस्या के समाधान का कोई भी प्रयास नही किया। उन्होने कहा कि घूसखोर पंडत जैसे इस प्रकार के कारनामे भाजपा के पराभव का संकेत है। वार्ता के दौरान मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल भी मौजूद रहे।

## विधिक सेवा प्राधिकरण का जागरूकता शिविर सम्पन्न



**श्रावस्ती।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, श्रावस्ती के तत्वावधान में तथा उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशन में मंगलवार को पतिझिया बाजार, तहसील भिनगा में विधिक जागरूकता लघु शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर माननीय जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री राकेश घर दुबे के आदेशानुसार तथा सचिव प्रद्युम्न कुमार मिश्र की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। शिविर के दौरान आगामी 22 फरवरी 2026 को प्रस्तावित मेगा/वृहद विधिक सेवा शिविर की विस्तृत जानकारी आमजन को प्रदान की गई। उपस्थित अधिकारियों ने सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से बताते हुए पात्र लाभार्थियों को योजनाओं से जोड़ने की पहल की। कार्यक्रम में नोडल अधिकारी वृहद/मेगा कैम्प/लोक अदालत एवं एडीएम (न्यायिक) अशोक कुमार ने कहा कि विधिक सेवा प्राधिकरण का उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक न्याय एवं सहायता पहुँचाना है। शिविर में जरूरतमंदों को छड़ी, नी-गार्ड, एलएस बेल्ट, वॉकर तथा फोम जेल सीट वितरित की गई। साथ ही उपस्थित जनसामान्य की निःशुल्क चिकित्सीय जांच भी कराई गई। इस अवसर पर रेडक्रॉस एवं आपदा प्रबंधन के सचिव अरुण कुमार मिश्र, असिस्टेंट एलएडीसी संजय सिंह, सीएचसी भिनगा के चिकित्साधिकारी डा० मोहम्मद कमर, श्रम विभाग से राजेश कुमार एवं गोकुल प्रसाद, सीएचसी भंगहा के डा० सतीश चौधरी, फार्मासिस्ट आबिद हुजैफा, समाज कल्याण विभाग से संजय कुमार सहित विभिन्न विभागों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त ग्रामीण बौद्ध सेवा संस्थान के ओंकारनाथ चौधरी, अनूप कुमार, चितरंजन कुमार मौर्य, किरण चौरसिया, गायत्री पाण्डेय, माला शर्मा, ज्योति गुप्ता सहित पीएलवीगण एवं बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक मौजूद रहे। शिविर के माध्यम से ग्रामीणों में विधिक जागरूकता बढ़ाने और सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने की दिशा में सार्थक प्रयास किया गया।

# पुलिस-एसएसबी ने खुनुवा सीमा पर की संयुक्त गश्त

## होली-रमजान से पहले सुरक्षा कड़ी, अधिकारियों ने संभाली कमान



**सिद्धार्थनगर-** जिले में होली और रमजान पर्व को देखते हुए भारत-नेपाल अंतरराष्ट्रीय सीमा पर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। मंगलवार को शोहरतगढ़ थाना क्षेत्र के खुनुवा बॉर्डर पर पुलिस और सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) की संयुक्त टीम ने पैदल गश्त कर सुरक्षा का जायजा लिया। यह गश्त क्षेत्राधिकारी मयंक द्विवेदी के नेतृत्व में की गई, जिसमें प्रभारी निरीक्षक शोहरतगढ़ नवीन कुमार सिंह और खुनुवा चौकी इंचार्ज वीरेंद्र पासवान अपनी टीम के साथ मौजूद रहे। अधिकारियों ने सीमा क्षेत्र के प्रमुख मार्गों, बाजारों और संवेदनशील स्थानों पर पैदल भ्रमण कर स्थिति का निरीक्षण किया। इस दौरान आने-जाने वाले लोगों और वाहनों पर कड़ी नजर रखी गई, साथ ही संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ भी की गई। संयुक्त टीम ने सीमा के आसपास स्थित दुकानों और स्थानीय लोगों से बातचीत कर उन्हें सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। लोगों से अपील की गई कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि या अपरिचित व्यक्ति की सूचना तुरंत पुलिस को दें, ताकि समय रहते आवश्यक कार्रवाई की जा सके। अधिकारियों ने बताया कि त्योहारों के दौरान सीमा क्षेत्र में आवाजाही बढ़ जाती है, जिसके कारण अतिरिक्त सतर्कता बरती जा रही है। भारत और नेपाल के बीच खुली सीमा होने के कारण इस क्षेत्र में नियमित निगरानी आवश्यक है। सुरक्षा बलों द्वारा लगातार गश्त और जांच कर क्षेत्र में शांति और कानून व्यवस्था बनाए रखने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। स्थानीय लोगों ने संयुक्त गश्त की सराहना करते हुए कहा कि नियमित निगरानी से सुरक्षा का माहौल मजबूत होता है। अधिकारियों ने आश्वस्त किया कि त्योहारों को सुरक्षित और शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के लिए सीमा क्षेत्र में आगे भी लगातार गश्त जारी रहेगी।

# श्रमजीवी पत्रकार यूनियन जिला इकाई का विस्तार



जिला संवाददाता

**श्रावस्ती।** श्रमजीवी पत्रकार यूनियन की जिला इकाई की गरिमामयी एवं सुव्यवस्थित बैठक मंगलवार को भिनगा में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता संगठन के संरक्षक सोहनलाल मिश्र ने की। सौहार्दपूर्ण वातावरण में आयोजित इस बैठक का प्रमुख उद्देश्य संगठनात्मक संरचना को सुदृढ़ करना तथा जिला कार्यकारिणी का विधिवत विस्तार करना रहा। बैठक में सर्वसम्मति एवं लोकतांत्रिक परंपरा का निर्वहन करते हुए नई जिला कार्यकारिणी का गठन किया गया। नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष आशुतोष पाठक ने अपने उद्बोधन में कहा कि पत्रकारिता लोकतंत्र का सशक्त स्तंभ है, जिसकी निष्पक्षता, निर्भीकता और नैतिक मयार्दा की रक्षा करना हम सभी का दायित्व है। उन्होंने संगठन की एकजुटता, पारदर्शिता और सक्रियता को समय की अनिवार्यता बताते हुए सभी पदाधिकारियों से समर्पित भाव से दायित्व निर्वहन का आह्वान किया। गठित कार्यकारिणी में संगठन महामंत्री पद पर राजेश कुमार पाण्डेय को मनोनीत किया गया। वरिष्ठ उपाध्यक्ष के रूप में संजय रस्तोगी एवं भूपेंद्र पांडेय को दायित्व सौंपा गया, जबकि उपाध्यक्ष पद पर अमरनाथ सिंह एवं शांति स्वरूप पांडेय को चयनित किया गया। महामंत्री के रूप में संतोष कुमार एवं जितेंद्र दीक्षित, जिला सचिव के रूप में श्री प्रकाश सिंह (एस.पी. सिंह परिहार) कोषाध्यक्ष पद पर सूर्य प्रकाश द्विवेदी को नियुक्त किया गया। इसके अतिरिक्त मंत्री पद हेतु पवन सेठ, अजय यादव, पुष्पेंद्र श्रीवास्तव, रामतेज ओझा, राजकुमार यादव तथा धर्मचंद्र यादव को मनोनीत किया गया।

जिला मीडिया प्रभारी के रूप में गुलफाम सिद्दीकी तथा आडिटर के रूप में राहुल सिंह को दायित्व प्रदान किया गया। बैठक में ब्लॉक एवं तहसील इकाइयों के अध्यक्षों की घोषणा भी की गई। अंत में संगठन की सुदृढ़ता और पत्रकार हितों की अभिवृद्धि हेतु सामूहिक संकल्प के साथ बैठक का समापन हुआ।

# तरानों ने एकता महोत्सव में चढ़ाया रंग

## भोजपुरी स्टार रितेश, अभिनेत्री आस्था तथा रवि त्रिपाठी की प्रस्तुतियों को देख मंत्रमुग्ध हुए दर्शक





**प्रतापगढ़।** बाबा घुइसरनाथ धाम में तीन दिवसीय इक्तीसवें राष्ट्रीय एकता महोत्सव में सोमवार की शाम से शुरू हुआ भक्ति, लोकगीत, नृत्य नाटिकाएं व राष्ट्र प्रेम के बीच भोजपुरिया तरानों के संगम में पूरी की पूरी रात गुलजार दिखी। सुपरस्टार रितेश पाण्डेय व अभिनेत्री आस्था सिंह एवं पार्श्व गायक रवि त्रिपाठी के भजनों व भोजपुरिया फिल्मी तरानों में दर्शकों का उत्साह चरम पर दिखा। वहीं राजस्थान, हरियाणा व यूपी की संस्कृति की झलक लिए विविध लोकनृत्य देख कर भी दर्शक आनंदित हुए। लखनऊ के कलाकारों का भी वतनपरस्ती का जज्बा महोत्सव के ध्येय को चार चांद लगा गया। खचाखच भरे आडीटोरियम के साथ अति विशिष्ट दीर्घा में छज्जे तक का नजारा दर्शकों के जोश को एक से बढ़कर एक कार्यक्रमों में बढ़ाता गया। वहीं महिला दीर्घा में भी कार्यक्रमों को देखने का उत्साह और उल्लास महोत्सव की रंगत को गाढ़ा किये हुए दिखा। जाने माने भोजपुरी स्टार रितेश पाण्डेय ने बाबा धाम में ओम नमः शिवाय का भजन प्रस्तुत किया तो दर्शकों ने भी सुर में सुर मिलाया। वहीं रितेश ने विश्वास करा तू मईया के देवी आराधना की भी मनमोहक प्रस्तुति दी। रितेश ने अपना चर्चित भोजपुरिया गीत जा ए चंदा ले आवा खबरिया का चर्चित भोजपुरिया प्रस्तुत किया तब श्रोताओं का मन बेकाबू हो उठा। वहीं रितेश ने पाण्डेय जी का बेटा हूं लटके झटके के साथ सुनाना शुरू किया तो दर्शक दीर्घा में बडी संख्या में मौजूद युवक भी थिरकने लगे। भोजपुरी स्टार आस्था सिंह रितेश के गीतों पर ठुमके लगाकर बेहतरीन संगत में दिखी। आस्था ने बालम संग खटिया .. अइसे ना सतावा हमके मर जाईब गुजरिया हो व प्यार केतनो से न करिहा की प्रस्तुतियों में मनमोहक ठुमके लगाये। पार्श्वगायक रवि त्रिपाठी ने बोल बम बोल के साथ कलात्मक संस्कृति को मंच पर जीवन्त बनाया। लाफ्टर राजेन्द्र विश्वकर्मा हरिहर ने भी अपने गजब के अंदाज में महोत्सव में हंसी के फव्वारे छोड़े। रिदम संस्था दिल्ली से आये कलाकारों ने भारत हमको जान से प्यारा, ए वतन, वतन मेरे आबाद रहे तू, तेरी मिटटी संदेश आते हैं जैसे राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत प्रस्तुतियां देकर देश की महिमा का बखान किया। लखनऊ से आये कलाकारों ने शास्त्रीय नृत्य के साथ कृष्णा.. मोहे रंग दो लाल, केसरिया बालम जैसे भावनृत्य की शानदार प्रस्तुतियां दी। पौराणिक नृत्य नाटिका भस्मासुर वध व कालिया मर्दन का मंचन देख भी दर्शक भावविभोर हो उठे दिखे। राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी तथा महोत्सव की संयोजिका एवं क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना ने प्रस्तुति देने वाले चोटी के कलाकारों रितेश पाण्डेय, आस्था सिंह, रवि त्रिपाठी, नीतू सिंह को मोमेण्टो तथा शॉल व माल्यार्पण कर सम्मानित किया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों का संयोजन पार्श्वगायक रवि त्रिपाठी व संचालन राजेन्द्र विश्वकर्मा हरिहर ने किया।

## राष्ट्रीयता की मजबूती में एकता महोत्सव का है अप्रतिम योगदानः प्रमोद तिवारी





प्रतापगढ़। इक्तीसवें राष्ट्रीय एकता महोत्सव में सोमवार को विभिन्न क्षेत्रों में योगदान के लिए विशिष्टजनों को परम्परागत एकता सम्मान मिला। राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने कहा कि बाबा धाम का यह महोत्सव राष्ट्रीयता के भाव को मजबूती दिया करता है। उन्होने कहा कि विकास तथा सदभावना की मजबूती में यह महोत्सव भव्य भारत के निर्माण की पवित्र संकल्पना है। अध्यक्षता करते हुए विधायक एवं कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना ने एकता महोत्सव के उददेश्य पर विस्तृत प्रकाश डाला। वहीं महोत्सव में आयोजन समिति द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में योगदान के लिए विशिष्टजनों व कलाकारों को सम्मानित भी किया गया। सांसद प्रमोद तिवारी एवं विधायक आराधना मिश्रा मोना ने आयोजन समिति की ओर से कर्नल राघवराम मिश्र को मरणोपरान्त तथा रिटायर्ड अपर जिला जज श्याम लाल, पूर्व प्रधान मो0 सगीर, उद्यमी बाल मुकुन्द तिवारी, रामेश्वरनाथ यादव, वरिष्ठ पत्रकार निशान्त त्रिपाठी को मान पत्र व शाल तथा मोमेण्टो प्रदान कर एकता सम्मान सौंपा। वहीं सांसद प्रमोद तिवारी एवं विधायक मोना ने वज्र एकेडमी के स्वयंसेवकों व बाबा घुइसरनाथ श्रृंगार समिति के सदस्यों का भी माल्यार्पण तथा शॉल भेंटकर सम्मान प्रदान किया। स्वागत विधायक मोना के पुत्र राघव मिश्र व संचालन मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने किया। समारोह में एआईएमटी लखनऊ के निदेशक अम्बिका मिश्र, नन्दजा मिश्रा विशिष्ट अतिथि रहीं। संयोजन सांगीपुर प्रमुख अशोक सिंह बबलू, लालगंज प्रमुख इं. अमित सिंह पंकज, चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी व डॉ. अमिताभ शुक्ल ने किया। प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारी ने आभार प्रदर्शन किया। इस मौके पर नायब तहसीलदार वीरेन्द्र मिश्र, पूर्व प्रमुख दगपाल यादव, पूर्व प्रमुख रामकृपाल पासी, भुवनेश्वर शुक्ला, आशुतोष मिश्र, विकास मिश्र, लल्लन सिंह, रिंकू सिंह परिहार, अशोकधर द्विवेदी, लाल अभिषेक प्रताप सिंह, छोटेलाल सरोज, धर्मेन्द्र शुक्ल, इं. सुनील पाण्डेय, रामलोचन त्रिपाठी, रामचंद्र त्रिपाठी, त्रिभु तिवारी, अम्बुज मिश्र, संतोष पाण्डेय, अतुल शुक्ला, अभिनव शुक्ल, मुरलीधर तिवारी, संजय बघेल, राजू मिश्र, प्रियम मिश्र आदि रहे।

# अवैध अतिक्रमण पर पुलिस का सख्त अभियान

श्रावस्ती। जनपद में यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ एवं सुचारु बनाए रखने के उद्देश्य से पुलिस प्रशासन द्वारा अवैध अतिक्रमण के विरुद्ध व्यापक अभियान चलाया गया। पुलिस अधीक्षक राहुल भाटी के कुशल निर्देशन में जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों में सड़क किनारे किए गए अतिक्रमण को हटाने की प्रभावी कार्रवाई की गई। इसी क्रम में थाना कोतवाली भिनगा पुलिस टीम ने कस्बा भिनगा क्षेत्र में सघन पैदल गश्त कर सड़क किनारे अनधिकृत रूप से लगाए गए ठेला, रेहड़ी, अस्थायी दुकानों एवं अवैध रूप से खड़े वाहनों को हटवाया। अभियान के दौरान संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की गहन चेकिंग भी की गई, जिससे सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाया जा सके। पुलिस अधिकारियों ने अतिक्रमण करने वाले दुकानदारों को कड़ी चेतावनी देते हुए भविष्य में सार्वजनिक मार्गों पर अतिक्रमण न करने की हिदायत दी। साथ ही व्यापारियों एवं आमजन से अपील की गई कि वे यातायात व्यवस्था को सुव्यवस्थित रखने में प्रशासन का सहयोग करें तथा सड़क एवं सार्वजनिक स्थलों को अतिक्रमण मुक्त बनाए रखने में अपनी जिम्मेदारी निभाएं। यह अभियान पूर्णतः जनहित को दृष्टिगत रखते हुए संचालित किया गया, जिससे आम नागरिकों को आवागमन में होने वाली असुविधाओं से निजात मिल सके और नगर क्षेत्र में यातायात व्यवस्था निर्बाध रूप से संचालित हो सके। पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया कि भविष्य में भी इस प्रकार के अभियान नियमित रूप से चलाए जाते रहेंगे।

# अनुसुलझे प्रकरणों को सुलझाने में अग्रणी भूमिका निभा रहे कोतवाल बांसी



- प्रनि. मृत्युंजय के अगुवाई में बेहतर पुलिसिंग के लिए सार्थक प्रयास जारी,व रात्रि पुलिस गश्त की रफ्तार किया तेज आसामाजिक तत्त्वों में खौफ

**बांसी सिद्धार्थनगर** । वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ 0 अभिषेक महाजन के दिए गए निर्देश के अनुपालन में दायित्वों के प्रति क्रियाशील बांसी थानाप्रभारी निरीक्षण मृत्युंजय पाठक के नेतृत्व में पुलिस ने कई अनुसुलझे प्रकरणों को सुलझाने में कथक प्रयास करते हुए सार्थक प्रयास जारी हैं, अपने सूझबूझ एवं कार्य क्षमता के चलते थाना कोतवाली परिक्षेत्र में कई बड़ी घटित होने वाली घटनाओं पर विराम लगाने में सफलता प्राप्त कर, अनुसुलझे प्रकरणों को सुलझाने में अग्रणी भूमिका निभाई गई, को0 मृत्युंजय पाठक द्वारा मय फोर्स सायं काल बांसी थाना कस्बा परिक्षेत्र में पैदल गश्त करते हुए संघन चेकिंग किया जा रहा, तो वही चोरी चिनैनी सहित विभिन्न अपराधो पर अंकुश लगाए जाने हेतु रात्रि पुलिस गश्त की रफ्तार तेज किया गया है, पुलिस सूत्रों के अनुसार मिले शिकायतो के मद्देनजर प्र0नि0 बांसी मृत्युंजय पाठक ने संदिग्ध /आसामाजिक तत्त्वों की तलाश में संदिग्ध स्थानों पर औचक निरीक्षण छापेमारी किए जाने से आसामाजिक तत्त्वों की नींद हराम हो गई है, कोतवाल बांसी द्वारा सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था चुस्त दुरुस्त बनाएं रखने हेतु क्रियाशील रह कर भरसक प्रयास किया जा रहा है।

# बिजली चोरों पर विभाग का वज्रपात, सात पर एफआईआर दर्ज

जिला संवाददाता

**श्रावस्ती।** जनपद में विद्युत चोरी की कुप्रथा पर अंकुश लगाने और राजस्व की सुदृढ़ता सुनिश्चित करने हेतु विद्युत वितरण खंड ने ह्रासघन जांच एवं दमन अभियान छेड़ दिया है। अधिशासी अभियंता राज नारायण के कुशल निर्देशन में संचालित इस अभियान ने बिजली चोरों के बीच हड़कंप मचा दिया है। विभागीय कार्रवाई के अंतर्गत अब तक 07 गंभीर प्रकरणों में एफआईआर दर्ज कर विधिक प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है।

शासन की मंशा के अनुरूप, विद्युत व्यवस्था को पारदर्शी एवं दोषमुक्त बनाने के उद्देश्य से विभागीय टीमों ने शहरी व ग्रामीण अंचलों में आकस्मिक छापेमारी की। जांच के दौरान अवैध संयोजन (कटियामारी): बिना किसी वैध प्रपत्र के सीधे लाइन से बिजली लेना। मीटर बाईपासः मीटर




की रीडिंग को बाधित कर ऊर्जा की चोरी। केबल टेंपरिंगः मुख्य केबल को क्षतिग्रस्त कर अवैध दोहन करना। इन सभी विसंगतियों पर संज्ञान लेते हुए विभाग ने मौके पर ही साक्ष्य एकत्रित किए और दोषियों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई। राजस्व संरक्षण एवं उपभोक्ता उत्तरदायित्व अधिशासी अभियंता ने स्पष्ट किया कि विद्युत चोरी केवल एक विधिक अपराध नहीं, बल्कि सामाजिक अन्याय भी है। इससे न केवल विभाग को अपार आर्थिक क्षति होती है, बल्कि इसका सीधा नकारात्मक प्रभाव उन सत्यनिष्ठ उपभोक्ताओं पर पड़ता है जो समयबद्ध तरीके से अपने देयकों का भुगतान करते हैं। विद्युत एक सीमित संसाधन है। इसका अनधिकृत दोहन विकास की गति को बाधित करता है। उपभोक्ता वैध कनेक्शन लेकर ही ऊर्जा का उपयोग करें और जागरूक नागरिक का परिचय दें। राज नारायण, अधिशासी अभियंता ने बकाया वसूली और विभागीय रियायत दंडात्मक कार्रवाई के साथ-साथ विभाग ने सहानुभूतिपूर्ण दृष्टिकोण भी अपनाया है। बकाया राशियों के संदर्भ में जानकारी देते हुए बताया गया कि विभिन्न छूट योजनाओं के माध्यम से उपभोक्ताओं को राहत प्रदान की गई है, जिससे एक बड़ी धनराशि की वसूली संभव हो सकी है। विभाग का लक्ष्य दण्ड देना नहीं, बल्कि व्यवस्था में सुधार लाना है। भविष्य की चेतावनी इस संयुक्त अभियान में उपखंड अधिकारी, अवर अभियंता एवं तकनीकी सहायकों की विशेष भूमिका रही। विभाग ने स्पष्ट संकेत दिया है कि यह शुद्धिकरण अभियान निरंतर जारी रहेगा। किसी भी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा।

संक्षेप

## पर्यावरण संरक्षण को वेस्ट से वेल्थ की जरूरत पर हुआ विशद मंथन



गोरखपुर। उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (यूपीपीसीबी) और महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर (एमजीयूजी) के संयुक्त तत्वावधान में मंगलवार को आयोजित ह्यविकास के साथ पर्यावरणीय चुनौतियां : साझा प्रयास से सतत विकासह्न विषयक संगोष्ठी में दो विषय केंद्रित पैनल सत्रों का भी आयोजन किया गया। दोनों सत्रों में अधिकारियों और विशेषज्ञों ने पर्यावरण संरक्षण के लिए वेस्ट को वेल्थ में परिवर्तित करने पर जारी सरकारी प्रयासों और इसमें और कुछ किए जाने की गुंजाइश पर विशद मंथन किया। सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट विषय पर पहले पैनल सत्र में स्टेट ट्रांसफॉर्मेशन कमीशन के चेयरमैन मनोज कुमार सिंह, अपर मुख्य सचिव वन एवं पर्यावरण अनिल कुमार, भारत सरकार के वन एवं पर्यावरण मंत्रालय में एक्सपर्ट एप्रेजल कमेटी के चेयरमैन राजीव कुमार, गोरखपुर के नगर आयुक्त गौरव सिंह सोगरवाल और गैलेंट इंडस्ट्रीज के सीईओ मयंक अग्रवाल ने चर्चा में हिस्सा लिया। इस सत्र का संचालन संजय भटनागर ने किया। सस्टेनेबल डेवलपमेंट एंड सर्कुलर इकोनॉमी विषयक दूसरे पैनल सत्र में आईआईटी कानपुर के प्रो. सच्चिदानंद त्रिपाठी, बीएचयू के प्रो. ए.एस. रघुबंशी, आईआईटी बीएचयू के प्रो. पीके मिश्रा, यूपीपीसीबी के चेयरमैन डॉ. रविंद्र प्रताप सिंह, बलरामपुर चीनी मिल्स लिमिटेड के निदेशक प्रवीण गुप्ता शामिल हुए। सत्र का संचालन एसके तिवारी ने किया। दोनों सत्रों में पैनलिस्ट्स ने विद्यार्थियों की जिज्ञासाओं का समाधान किया।

## जिला कारागार मेरठ का आकस्मिक निरीक्षण

मेरठ । मनु कालिया, सदस्या सचिव, उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ द्वारा जिला कारागार मेरठ का आकस्मिक निरीक्षण किया गया, निरीक्षण के दौरान श्रीमती नम्रता सिंह प्रथम, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मेरठ भी उपस्थित रही। अधिकारियों द्वारा आकस्मिक निरीक्षण के दौरान जिला कारागार में निरूद्ध बन्दियों से अलग-अलग बैरक में जाकर व्यक्तिगत रूप से मुलाकात की गयी एवं ऐसे बन्दियों से भी मुलाकात की गयी, जिनके जमानत प्रार्थना-पत्र माननीय न्यायालयों द्वारा स्वीकार किये जा चुके है, किन्तु वे अभी भी जिला कारागार में निरूद्ध है। डॉ० मनु कालिया द्वारा जेल अधीक्षक, मेरठ को ऐसे बन्दियों को रिहा किये जाने के सम्बन्ध में अविलम्ब आवश्यक कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया। साथ ही जेल अधीक्षक मेरठ को यह भी निर्देशित किया गया है कि जिला कारागार में निरूद्ध ऐसे बन्दी जिनके पास अधिवक्ता नहीं है, ऐसे बन्दियों के लिए सरकारी अधिवक्ता नियुक्त किये जाने हेतु आवश्यक कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया है।

# भारत दोबारा बनेगा विश्वगुरु : जलपुरुष

## विकास के साथ पर्यावरणीय चुनौतियां पर संगोष्ठी का आयोजन



**गोरखपुर।** भारत के जलपुरुष कहे जाने वाले रैमन मैग्सेसे पुरस्कार से सम्मानित डॉ. राजेंद्र सिंह ने कहा कि सनातन विकास या विकास का सनातन मॉडल ही भारत को दोबारा विश्वगुरु बना सकता है। विकास के साथ प्रकृति का भी चिंतन भारत का सनातन विचार है। इस परिप्रेक्ष्य में उत्तर प्रदेश के लिए सुखद स्थिति है कि यहां के मुख्यमंत्री विकास के सनातन मॉडल को, प्राकृतिक और सांस्कृतिक विविधता के एकीकरण को आगे बढ़ा रहे हैं, जहां विकास का विचार है तो साथ ही प्रकृति और पर्यावरण को बचाने का प्रतिबद्ध चिंतन भी। डॉ. सिंह मंगलवार को उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (यूपीपीसीबी) और महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर (एमजीयूजी) के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित ह्यविकास के साथ पर्यावरणीय चुनौतियां : साझा प्रयास से सतत विकासह्न विषयक संगोष्ठी को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। उन्होंने विकास के साथ पर्यावरण की चुनौतियों को समझते हुए इस महत्वपूर्ण संगोष्ठी का आयोजन के लिए प्रदेश सरकार, खासकर उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को बधाई दी और पॉवर पॉइंट प्रेजेंटेशन से विस्तार से अपनी बात रखी। उन्होंने विकास और पर्यावरण संरक्षण को साथ लेकर चलने वाले विकास के सनातन मॉडल की चर्चा करते हुए कहा कि सनातन का मतलब सदैव, नित्य नूतन निर्माण। जिसका न आदि हो न अंत हो, वही सनातन है। इस परिप्रेक्ष्य में प्राचीन भारत का विकास सनातन विकास था। जलपुरुष डॉ. राजेंद्र सिंह ने कहा कि संविधान के अस्तित्व में आने से हजारों वर्ष पहले वेदों, उपनिषदों में प्रकृति और पृथ्वी के प्रति मानव के कर्तव्य को समझाया गया है। पंचभूत की परिकल्पना के साथ ही प्रकृति के प्रति संस्कार और व्यवहार को भारत में सदियों पहले ही बता दिया गया था। इसी ज्ञान के कारण दुनिया भारत को विश्वगुरु मानती थी। आज दोबारा विश्वगुरु बनने के लिए भारत को अपनी प्राचीन ज्ञान परंपरा का अनुसरण करना होगा।

जल संकट का विस्तार से उल्लेख करते हुए डॉ. राजेंद्र सिंह ने कहा कि जल संकट वैश्विक समस्या है लेकिन इसका स्थानीय हल निकाला जा सकता है। इसके लिए जल साक्षरता बढ़ाने की आवश्यकता है। जल संकट से बचने के लिए वाटर डिस्चार्ज और वाटर रिचार्ज में संतुलन बनाना बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि विकास पर एकतरफा ध्यान देने से हमने नदियों से उनकी निर्मलता और अविरलता को छीन लिया। पश्चिम की डैम डिजाइन को भारत की नदियों पर थोप देने से ही आज पारिस्थितिकी बदलने की समस्याएं दिख रही हैं। आज देश के 365 जिले पानी के संकट से जूझ रहे हैं। जल संकट से बचने, पर्यावरण संरक्षण के साथ सतत विकास की अवधारणा पर काम करने के लिए छोटे छोटे कार्य करने चाहिए। छोटे काम से बड़े काम की कल्पना में जोखिम नहीं है और सफलता शत प्रतिशत हो जाती है। छोटे छोटे प्रयासों से उन्होंने 50 साल में 23 नदियों को पुनर्जीवित किया है। डॉ. सिंह ने कहा कि सरिताएं बहती हैं तो सभ्यताएं भी जीवंत रहती हैं।

डॉ. राजेंद्र सिंह ने कहा कि प्रकृति व पर्यावरण के दृष्टिकोण से यूपी भगवान का लाडला बेटा है। यहां प्रचुर पानी और मिट्टी बेहतरीन है। यहां भविष्य में कोई जल संकट न हो, इसके लिए फसल पद्धति को वर्षा पद्धति से जोड़ने की जरूरत है।

संगोष्ठी में विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित प्रदेश के पूर्व मुख्य सचिव एवं स्टेट ट्रांसफॉर्मेशन कमीशन के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) मनोज कुमार सिंह ने कहा कि पर्यवारण किसी एक व्यक्ति या संस्था से नहीं संभल सकता। पर्यावरण के संरक्षण में हर व्यक्ति और हर संस्था को अपनी जिम्मेदारी निभानी होगी। व्यक्तिगत जिम्मेदारी से ही सामूहिक प्रयास और व्यापक परिणाम की तरफ बढ़ा जा सकता है। उन्होंने कहा कि भारत के संविधान की शुरूआत में पर्यावरण शब्द का उल्लेख नहीं था। पर्यावरण शब्द का पहली बार उल्लेख 1976 में आया, तब संशोधन कर इसे जोड़ा गया। श्री सिंह ने कहा कि सबसे ज्यादा विकसित देश सबसे ज्यादा साफ सुथरे हैं। उनका पानी स्वच्छ है और एयर क्वालिटी इंडेक्स भी। इससे स्पष्ट है कि पर्यावरण सुरक्षित रखकर भी तीव्र विकास संभव है। समृद्धि से पर्यावरण और बेहतर बनाया जा सकता है।

स्टेट ट्रांसफॉर्मेशन कमीशन के सीईओ ने कहा कि जापान, दक्षिण कोरिया में आठ साल तक के बच्चों को किताबी पढ़ाई की बजाय स्वच्छता के व्यावहारिक ज्ञान पर अधिक जोर दिया जाता है। इससे शुरूआती दौर से ही पर्यावरण के प्रति चेतना जागृत होने लगती है। उन्होंने कहा कि हर विकास की गतिविधि का पर्यावरण पर कुछ न कुछ नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। इसे देखते हुए सरकार ने एन्वॉयरमेंट प्रोटेक्शन एक्ट बनाया। इसके तहत संभावित नुकसान का आकलन कर पर्यावरण संरक्षण के लिए जरूरी कदम उठाए जाते हैं। श्री सिंह ने कहा कि हम सभी लोगों को पर्यावरण के प्रति जागरूक होना चाहिए। पर्यावरण संरक्षण पूरी तरह संभव है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश ने इसे करके दिखाया है। यूपी देश का एकमात्र ऐसा बड़ा राज्य है जहां वन क्षेत्रफल बढ़ा है।

## 11 केंद्रों पर सीसीटीवी निगरानी में शुरू हुई सीबीएसई बोर्ड परीक्षा



इटावा। मंगलवार से जनपद के 11 परीक्षा केंद्रों संत विवेकानंद सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल, सेंट मैरी इंटर कॉलेज, एमनीव विजन, केंद्रीय विद्यालय, दिल्ली पब्लिक स्कूल, सुदिति ग्लोबल एकेडमी, सेंट पीटर्स जसवंत नगर, थियोसोफिकल इंटर कॉलेज, नारायण इंटर कॉलेज, होली प्वाइंट एकेडमी भरथना, शकुंतलम इंटरनेशनल स्कूल में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था में बोर्ड परीक्षाएं सुबह 10.30 से 1.30 तक शुरू हुई ! परीक्षा देने के लिए परीक्षार्थी अपने अपने केंद्रों पर सुबह 9 बजे से ही पहुंचना शुरू हो गये थे। सीबीएसई डिस्ट्रिक कॉर्डिनेटर डॉक्टर आनंद ने बताया कि पहले दिन दसवीं के विद्यार्थियों की गणित की परीक्षा एवं 12वीं कक्षा के लिए बायोटेक्नोलॉजी इंटर प्रेन्योरशिप, शॉर्ट हैंड हिंदी, शॉर्ट हैंड अंग्रेजी का पेपर सुबह 10.30 से 1.30 तक सफलता पूर्वक नकलविहीन सम्पन्न हुआ ! इस दौरान सभी 11 परीक्षा केंद्रों पर पर्यवेक्षकों की टीम उपस्थित रही ! डॉ आनंद ने यह भी बताया कि बोर्ड परीक्षा को नकल विहीन संपन्न करने के लिए सभी 11 परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरों की व्यवस्था के साथ ही सुरक्षा कर्मियों की तैनाती भी की गई है ! उन्होंने यह भी बताया कि इस वर्ष से सीबीएसई बोर्ड परीक्षा दो चरणों में संपन्न होगी दूसरे चरण की परीक्षा देने के लिए परीक्षार्थियों को प्रथम चरण की परीक्षा देना अनिवार्य रहेगा ! बोर्ड परीक्षा के पहले दिन सभी 11 परीक्षा केंद्रों पर 95 प्रतिशत परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी।

## खून की जांच रिपोर्ट अब उनके मोबाइल नंबर पर मिलेगी: सीएमएस

बकेवर, इटावा। 50 शैया अस्पताल में उपचार के लिए आने वाले मरीजों को उनके खून की जांच रिपोर्ट अब उनके मोबाइल नंबर पर मिलेगी। इसकी व्यवस्था अस्पताल प्रशासन ने कर दी है। जिससे मरीजों को खून की जांच रिपोर्ट लेने अस्पताल के चक्कर नहीं लगाना पड़ेगा। मौसम में बदलाव के बाद अस्पताल में मरीजों की संख्या में वृद्धि होने लगी है। सोमवार को 225 के करीब नए मरीज तथा 110 के करीब पुराने पर्चे वाले मरीज उपचार के लिए आए। ज्यादातर मरीजों में खांसी जुखाम बुखार व नेत्र रोगी मरीज उपचार के लिए आ रहे हैं। 50 शैया अस्पताल में अब दूरदराज ग्रामीण क्षेत्र से आने वाले मरीजों के सहित अस्पताल में आने वाले सभी मरीजों जिनकी रोगों की जांच के खून की जांच कराई जाती है उनकी सहूलियत के लिए अब उनके खून की जांच रिपोर्ट उनके मोबाइल फोन के नंबर पर भेजने की व्यवस्था कराई है। इस संबंध में अस्पताल के सीएमएस डॉक्टर संदीप गुलाटी ने बताया कि बकेवर का 50 शैया अस्पताल ग्रामीण क्षेत्र का अस्पताल है और यहां आने वाले ज्यादातर मरीज की संख्या ग्रामीण क्षेत्र के दूर दराज गांवों से आने वाली होती है मरीज को जांच रिपोर्ट के लिए घंटे बैठकर इंतजार करना पड़ता है अथवा देर से आने पर दूसरे दिन मरीज जांच की रिपोर्ट लेने आते थे उनकी परेशानी को दूर करने के लिए अस्पताल प्रशासन ने यह कदम उठाया है और अस्पताल की पैथोलॉजी में वाई-फाई की सुविधा की सोमवार को व्यवस्था करा दी गयी। है एक-दो दिन में ही जल्द ही अस्पताल में मरीजों की रोगों के लिए जाने वाले खून के सैम्पल की जांच रिपोर्ट मरीजों को उनके फोन नंबर पर व्हाट्सएप पर भेजने की व्यवस्था कराई गई है जिससे मरीजों को काफी राहत मिलेगी उनके आने-जाने का समय बचेगा। सीएमएस डॉक्टर संदीप गुलाटी के मांग पत्र पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव के आदेश पर थानाध्यक्ष बकेवर विपिन मलिक ने 50 शैय्या अस्पताल में रात्रि सुरक्षा की दृष्टि से गार्ड तैनात कर दिये है।

## नगर क्षेत्र में गश्त कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया

बकेवर, इटावा। अपराध पर नियंत्रण और सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के उद्देश्य से सोमवार देर शाम पुलिस प्रशासन एक्शन मोड में नजर आया। एसएसपी ब्रजेश कुमार श्रीवास्तव के दिशा-निर्देश पर सी ओ भरथना रामदवन मौर्य के नेतृत्व में थानाध्यक्ष विपिन मलिक के साथ नगर क्षेत्र में पैदल गश्त कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। पुलिस टीम ने मुख्य मार्गों, बाजार क्षेत्र, भीड़भाड़ वाले स्थलों तथा संवेदनशील स्थानों पर पहुंचकर निगरानी की। गश्त के दौरान पुलिस ने संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ की तथा बिना नंबर प्लेट और कागजात के संदिग्ध रूप से खड़े वाहनों की चेकिंग की। कई वाहन चालकों को आवश्यक दस्तावेज न होने पर कड़ी चेतावनी दी गई। पुलिस अधिकारियों ने दुकानदारों, राहगीरों और स्थानीय नागरिकों से बातचीत कर उनकी समस्याएं भी सुनीं और सुरक्षा को लेकर जागरूक रहने की अपील की। इस दौरान कस्बा इंचार्ज विनीत पाण्डेय, बराउख चैकी इंचार्ज दयाशंकर वर्मा, सहित पुलिस बल मौजूद रहा। पैदल गश्त से पुलिस की सक्रियता देखकर आम नागरिकों में सुरक्षा की भावना मजबूत हुई और बाजारों में सामान्य गतिविधियां देर रात तक जारी रहीं।

## जब-जब धरती पर बढ़ता है अत्याचार तब परमात्मा लेते है अवतार : आचार्य आनंद



गगहा, गोरखपुर। क्षेत्र के मिश्रौली गांव में सप्त दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के चौथे दिन भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। कृष्ण जन्म के प्रसंग शुरू होते ही पांडाल में मौजूद श्रद्धालु नंद के घर आनंद भया जय कन्हैया लाल की भजनों के साथ झूम उठे। वहीं श्रद्धालुओं ने मक्खन मिश्री के प्रसाद का भोग लगाकर वितरित किया। कथा शुभारंभ से पूर्व आयोजक पंडित रामजी तिवारी व पत्नी संतोषा देवी ने व्यास पीठ की आरती उतारी। कथा व्यास आचार्य आनंद जी ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने गोपियों के घरों से माखन चोरी की। इस घटना के पीछे भी आध्यात्मिक रहस्य है। दूध का सार तत्व माखन है। उन्होंने गोपियों के घर से केवल माखन चुराया अर्थात सार तत्व को ग्रहण किया और असार को छोड़ दिया। प्रभु हमें समझाना चाहते हैं कि सृष्टि का सार तत्व परमात्मा है। जीवन में जब भी भगवत नाम सुनने का अवसर प्राप्त हो, उससे विमुख नहीं होना चाहिए। भागवत महापुराण के विभिन्न प्रसंगों का वर्णन करते हुए बताया कि जब- जब धरती पर अधर्म बढ़ता है, तब- तब परमात्मा अवतार धारण करके धरती पर धर्म की स्थापना करते हैं। इस दौरान बिपिन बिहारी द्विवेदी, दिनेश द्विवेदी, शिवनाथ मिश्रा, भोला मौर्य, देवेंद्र नाथ द्विवेदी, बलराम तिवारी, डॉ. जयराम तिवारी, किशन तिवारी आदि श्रोता मौजूद रहे।

## जिलाधिकारी सभागार में चकबंदी कार्यों की समीक्षा

गोरखपुर। जिलाधिकारी सभागार में उप संचालक चकबंदी दशरथ कुमार की अध्यक्षता में जनपद में संचालित चकबंदी कार्यों की विस्तृत समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न गांवों में चल रहे चकबंदी कार्यों की प्रगति, लंबित प्रकरणों और आगामी कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा की गई। उप संचालक चकबंदी दशरथ कुमार ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि शासन की प्राथमिकता के अनुरूप चकबंदी कार्यों को पारदर्शिता और समयबद्धता के साथ पूर्ण किया जाए। उन्होंने बताया कि वर्तमान में जनपद के 58 गांवों में चकबंदी प्रक्रिया संचालित है, जिनमें से चार गांवों में चकबंदी का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। इसके अतिरिक्त नौ गांवों में चक कटान की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। उन्होंने लक्ष्य निर्धारित करते हुए कहा कि मार्च माह तक 15 गांवों में चक कटान की प्रक्रिया पूर्ण कर ली जाएगी। बैठक में यह भी निर्देश दिया गया कि किसानों की आपत्तियों का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर किया जाए, ताकि किसी भी प्रकार की अनावश्यक देरी न हो। उप संचालक ने कहा कि चकबंदी का उद्देश्य किसानों को उनकी भूमि का समुचित और सुविधाजनक पुनर्विन्यास प्रदान करना है, जिससे कृषि कार्यों में सहूलियत बढ़े और उत्पादन में वृद्धि हो सके। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि गांवों में नियमित भ्रमण कर वास्तविक स्थिति का आकलन करें और यदि कहीं कोई समस्या आ रही हो तो उसका त्वरित समाधान सुनिश्चित करें।

बंदोबस्त चकबंदी अधिकारी (प्रशासन) धर्मेंद्र मिश्रा ने समीक्षा के दौरान विभिन्न गांवों की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की और बताया कि विभागीय टीम निरंतर क्षेत्र में सक्रिय है। वहीं बंदोबस्त चकबंदी अधिकारी (न्यायिक) हरिवंश मिश्रा ने न्यायिक प्रकरणों के निस्तारण की स्थिति से अवगत कराते हुए कहा कि लंबित मामलों को तेजी से निपटाने की दिशा में प्रयास किए जा रहे हैं। बैठक में उपस्थित चकबंदी अधिकारियों एवं सहायक चकबंदी अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि वे समन्वय बनाकर कार्य करें और किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरतें। उप संचालक चकबंदी ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप किसानों को पारदर्शी एवं निष्पक्ष प्रक्रिया का लाभ मिलना चाहिए।

### रक्तदान शिविर आयोजित

चौरीचौरा, गोरखपुर। इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी के तत्वाधान में मंगलवार को चौरीचौरा क्षेत्र के ग्राम महुँअवां में स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें गांव-क्षेत्र के नौजवानों ने बढचढकर सहभागिता करते हुए 20 लोगों ने स्वैच्छिक रक्तदान किया। शिविर का आयोजन वरिष्ठ समाजसेवी रंगनारायण पांडे एवं डॉक्टर दिनेश मणि त्रिपाठी ने किया था। प्रधानाचार्य डॉ दिनेश मणि त्रिपाठी ने स्वयं रक्तदान कर अन्य लोगों के लिए उदाहरण प्रस्तुत किया। उक्त अवसर पर रेडक्रॉस के सभापति शिवेंद्र विक्रम सिंह ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं द्वारा रक्तदान करने से आमजन में रक्तदान के महत्व के प्रति जागरूकता बढ़ेगी।

### पूर्व सैनिकों ने किया विदाई समारोह

इटावा। भारतीय पूर्व सैनिक लीग के तत्वाधान में जिलाध्यक्ष सूबेदार मेजर रघुराज सिंह की अध्यक्षता में कमांडर हयातउल्ला सैनिक कल्याण अधिकारी इटावा का सैनिक कल्याण बोर्ड स्टेशन बजारिया में भव्यता के विदाई सम्मान समारोह किया।

## व्यापार बंधु की बैठक में व्यापारिक समस्याओं पर मंथन

जिला संवाददाता

गोरखपुर। जिलाधिकारी सभागार में व्यापार बंधु की बैठक एडीएम सिटी अंजनी कुमार सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में व्यापारियों की विभिन्न समस्याओं पर विस्तार से चर्चा करते हुए उनके निराकरण के लिए कई महत्वपूर्ण निर्देश जारी किए गए। बैठक में व्यापारी नेता रमेश चंद्र गुप्ता, संजय सिंघानिया और प्रकाश नारायण पांडेय ने विरासत गलियारा निर्माण कार्य की धीमी प्रगति पर चिंता जताई। उन्होंने बताया कि नाली निर्माण में लापरवाही, सड़क पर जलभराव और गड्ढों के कारण व्यापार एवं आवागमन प्रभावित हो रहा है। मामले को गंभीरता से लेते हुए कार्यदायी संस्था पीडब्ल्यूडी के मुख्य अभियंता को नाली निर्माण पूर्ण करने, सड़क पर फैले पानी की निकासी सुनिश्चित करने तथा गड्ढों को तत्काल भरवाने के निर्देश दिए गए। साथ ही होली त्योहार से पूर्व यातायात सुचारू करने के लिए लिखित आदेश जारी किए गए। बैठक में वाणिज्य कर विभाग के अधिकारियों द्वारा व्यापारियों के उत्पीड़न का मुद्दा भी प्रमुखता से उठाया गया। इस संबंध में कार्रवाई की मांग करते हुए पत्र प्रस्तुत किया गया। इसके अतिरिक्त



विद्युत विभाग, ट्रैफिक व्यवस्था और पुलिस विभाग से जुड़ी समस्याओं की ओर भी व्यापारी प्रतिनिधियों ने ध्यान आकर्षित किया। संबंधित विभागों को इन समस्याओं के शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए गए। इसी क्रम में चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष संजय सिंघानिया ने शहर में एक स्वर्ण व्यवसायी के साथ हुई टप्पेबाजी की आपराधिक घटना का मुद्दा उठाते हुए लिखित प्रत्यावेदन सौंपा। घटना का अब तक अनावरण न होने पर नाराजगी व्यक्त की गई। इस पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक गोरखपुर को घटना के शीघ्र अनावरण तथा बाजार क्षेत्र में गश्त बढ़ाने के लिए अतिरिक्त पुलिस टीम गठित करने के निर्देश दिए गए। बैठक में व्यापारिक हितों की सुरक्षा और समस्याओं के त्वरित समाधान के प्रति प्रशासन की प्रतिबद्धता दोहराई गई।

व्यापारियों के प्रतिनिधिमंडल ने सौंपा ज्ञापन

बैठक के दौरान पूर्वी उत्तर प्रदेश युवा उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष प्रकाश नारायण पांडेय तथा चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष संजय सिंघानिया ने संयुक्त रूप से मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन प्रस्तुत किया। ज्ञापन में जनपद में नवीन मंडियों के नवनिर्माण एवं एक नए औद्योगिक आस्थान की स्थापना का प्रस्ताव रखा गया। इस प्रस्ताव को मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश शासन को प्रेषित किए जाने के निर्देश दिए गए। बैठक में संजय सिंघानिया, प्रकाश नारायण पांडेय, रमेश चंद्र गुप्ता, दिनेश कुमार पाठक, राजीव पांडेय, जितेंद्र शुक्ला सहित अनेक व्यापारी प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## विधानसभा चुनावों को लेकर सियासी हलचल तेज



इटावा। उत्तर प्रदेश में 2027 के विधानसभा चुनावों को लेकर सियासी हलचल तेज हो गई है। समाजवादी पार्टी सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने अपनी पार्टी की रणनीति को जमीनी स्तर पर मजबूती देने के लिए कमान संभाल ली है। इसी कड़ी में उन्होंने इटावा अल्पसंख्यक जिलाध्यक्ष फरहान शकील को आगामी चुनावी मुकाबले को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। यह मुलाकात ऐसे समय में हुई है जब सपा प्रमुख ने पूरे प्रदेश में जिला-स्तरीय नेताओं के साथ बैठकों का दौर तेज कर दिया है अखिलेश यादव ने फरहान शकील को निर्देश देते हुए कहा कि 2027 का चुनाव सिर्फ सत्ता परिवर्तन का नहीं, बल्कि लोकतंत्र, संविधान और सामाजिक न्याय की रक्षा का रण होगा सूत्रों के मुताबिक, इस बैठक में मुख्य रूप से पीडीए पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक फॉमूले को इटावा की जनता के बीच प्रभावी ढंग से पहुंचाने पर चर्चा हुई। फरहान शकील को निर्देशित किया गया कि वे जिले में अल्पसंख्यक समुदाय के साथ-साथ पिछड़े और दलित वर्गों तक पार्टी की पहुंच को और मजबूत करें अखिलेश यादव का यह दृष्टिकोण पार्टी की केंद्रीय रणनीति के अनुरूप है, जिसमें भारतीय जनता पार्टी भाजपा के खिलाफ समाज के सभी वंचित तबकों को एकजुट करने का लक्ष्य है। हाल ही में लखनऊ में आयोजित एक बैठक में उन्होंने साफ कर दिया था कि 2024 के लोकसभा चुनाव में मिली सफलता के बाद, 2027 का प्रदर्शन उससे भी अधिक शानदार होगा और प्रदेश में पीडीए सरकार बनेगी।

## नगर पालिका ने अतिक्रमण अभियान चलाया



भरथना, इटावा। नगर की यातायात व्यवस्था सुदृढ करने के उद्देश्य से शासन की मंशानुसार निर्धारित तिथि पर सोमवार को प्रशासन ने भारी दल-बल के साथ अतिक्रमण अभियान की शुरूआत कर दी। जिसमें महाबली की सूंड ने जवाहर रोड, बालूगंज आदि में स्थायी-अस्थायी अतिक्रमण का सूपडा साफ कर दिया। उधर प्रशासन की अतिक्रमणकारियों के विरूद्ध कठोर कार्यवाही को देख अतिक्रमणकारियों में बुरी तरह हडकम्प मच गया और दुकान के बाहर व फुटपाथ पर रखा सामान समेटकर अतिक्रमणकारियों में अफरा-तफरी मच गयी। शासन के निदेर्शानुसार उपजिलाधिकारी काव्या सी, अधिशाषी अधिकारी सन्तोष कुमार मिश्रा, थाना प्रभारी निरीक्षक विक्रम सिंह आदि अधिकारियों की मौजूदगी में नगर की यातायात व्यवस्था व अतिक्रमणमुक्त करने के उद्देश्य से सोमवार को कस्बा के जवाहर रोड से अतिक्रमण हटाओ अभियान का महाबली बुलडोजर के सहयोग से शुरूआत की गई। जिसमें दुकानों के बाहर फुटपाथ पर रखे सामान को जब्त कर लिया गया। साथ ही नाली के ऊपर धूप-बरसात आदि से बचने के लिए छत पर लगे टिनशैड, लकडी के टर्टर को महाबली के सहयोग से सूपडा साफ कर दिया गया। वहीं जवाहर रोड स्थित बडी जामा मस्जिद की बनी दुकानों के बाहर फुटपाथ पर मोटर साइकिल मरम्मत व सामान विक्रेताओं का सामान बलपूर्वक हटवा दिया गया। जिसके बाद प्रशासनिक अधिकारियों का रूख सबसे व्यस्ततम मार्ग बालूगंज पानी की टंकी की ओर हो गया। जहाँ नगर पालिका कर्मचारियों और महाबली बुलडोजर के सहयोग से सडक व फुटपाथ पर रखे सामान को जब्त करते हुए टिनशैड, टर्टर आदि को महाबली ने हटा दिया।

## कार्यालय नगर पालिका परिषद, बहराइच

पत्र सं. : 9033/अलाव व्यवस्था/सूखी जलौनी लकड़ी-आपूर्ति/2025-26 दिनाँक : 13 फरवरी, 2026

**अति अल्पकालिक ई-निविदा सूचना (तृतीय चरण)**

इस कार्यालय के पत्र सं.-2054/अलाव व्यवस्था/सूखी जलौनी लकड़ी-आपूर्ति /2025-26 दिनाँक : 13 फरवरी, 2026 द्वारा नगर पालिका परिषद, बहराइच में वर्ष 2025-26 में ठण्डक एंव शीत लहरी के दौरान नगर के विभिन्न चौराहो/प्रमुख स्थानों/वार्डों में अलाव जलवाये जाने हेतु सूखी जलौनी लकड़ी की आपूर्ति तृतीय चरण में किये जाने हेतु समस्त टिम्बर मर्चेन्टों, लकड़ी की ठेकी वाले व्यक्तियों से जिनका पंजीकरण वन विभाग/वन निगम में हो अथवा लकड़ी आपूर्ति करने का अनुभव प्रमाण पत्र हो से ई-टेण्डर पोर्टल http://etender.up.nic.in पर आनलाइन निविदायें दिनाँक : 17 फरवरी, 2026 को अपरान्ह 2.30 बजे से दिनाँक 05 मार्च, 2026 को अपरान्ह 3.30 बजे तक निर्धारित नियम व शर्तों के अधीन आमन्त्रित की जाती है। जिनकी तकनीकी बिड दिनांकः 05 मार्च, 2026 को अपरान्ह 04.00 बजे आनलाइन खोली जायेंगी। तकनीकी बिड में अर्ह पाये जाने वाले निविदादाताओं की ही वित्तीय निविदायें आनलाइन ई-टेण्डर पोर्टल पर खोलने हेतु अपलोड जायेंगी। सूखी जलौनी लकड़ी की आपूर्ति हेतु आनलाइन प्राप्त न्यूनतम निविदादाता की दरों के अनुसार आवश्यकतानुसार कायार्देश निर्गत करके न्यूनतम निविदादाता से प्राप्त की जायेगी। प्राप्त निविदाओं में से किसी एक निविदा अथवा समस्त निविदाओं को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार मा. अध्यक्ष महोदय, नगर पालिका परिषद, बहराइच में निहिन होगा। आपूर्ति की जाने वाली सूखी जलौनी लकड़ी की मात्रा में विचलन सम्भावित है। 02 प्रतिशत जमानत धनराशि एवं निविदा मूल्य की धनराशि नगर पालिका परिषद, बहराइच के इण्डियन बैंक बहराइच स्थिति खाता सं.-50383894033 IFS code IDIB000C601 में RTGS/NEFT के माध्यम से जमा करके जमा रसीद /यू.टी.आर. नम्बर ई-निविदा पोर्टल पर निविदा के साथ अपलोड करना होगा अथवा जमानत धनराशि के सापेक्ष एफ.डी.आर./टी.डी.आर. /सी.डी.आर./एन.एस.सी. निविदा के साथ संलग्न करना होगा। निविदा मूल्य आनलाइन ही जमा करना होगा। सम्बन्धित विस्तृत निविदा सूचना नगर पालिका परिषद, बहराइच की वेब साइट www.bahraichnpp.in पर उपलब्ध है।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद**
**बहराइच**

**अध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद**
**बहराइच**

संक्षेप

## बोर्ड परीक्षाओं में सुरक्षा व्यवस्था ने खड़े किए सवाल

मोहम्मदी खीरी। बोर्ड परीक्षाओं को लेकर सुरक्षा व्यवस्था के नाम पर तमाम वादे हवा हवाई साबित हुए हैं सीबीएसई बोर्ड की पहले दिन की परीक्षा में सूचना के बाद भी सुरक्षा व्यवस्था नदारत रही है। कस्बा के दून पब्लिक स्कूल को परीक्षा केंद्र बनाया गया है जिसमें चार विद्यालयों के बच्चे परीक्षा देंगे पहले दिन की परीक्षा में 472 बच्चे सम्मिलित हुए हैं। प्रबंधक डॉ गुरमेजर सिंह और परीक्षाओं का कार्य देख रहे विमल अवस्थी ने मोहम्मदी कोतवाली से सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पत्र दिया था। परीक्षाएं प्रारंभ हो जाने के बाद सुरक्षा व्यवस्था के जिम्मेदार अधिकारियों की उदासीनता के चलते केंद्र पर सुरक्षा व्यवस्था के नाम पर कोई कर्मचारी मौजूद नहीं रहा जिसके चलते अफरातफरी मची रही है।

## लखनऊ कूच करते कांग्रेसी कार्यकर्ता गिरफ्तार

मोहम्मदी खीरी। क्षेत्र के कांग्रेस कार्यकर्ताओं को लखनऊ विधानसभा घेराव के लिए जाते समय पुलिस ने घरों पर नजर बंद कर पुलिस बल तैनात कर दिया जिसकी जानकारी होते ही तमाम कार्यकर्ता चोरी छुपे निकलने में सफल रहे। मंगलवार को केंद्र सरकार और राज्य सरकार तानाशाही दिखाते हुए विपक्ष को सदन में बोलने का हक छीना जा रहा है वही देश की सुरक्षा से जुड़े सवालों के जवाब मांगने पर कार्रवाई स्थगित करना जिसको लेकर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आवाहन पर प्रदेश भर के कार्यकर्ताओं ने लखनऊ कूच कर विधानसभा का घेराव करने के लिए निकले थे जिसको लेकर प्रशासन ने तमाम कार्यकर्ताओं को अलग-अलग जगह से लखनऊ के लिए निकलते समय घरों पर नजर बंद कर पुलिस बल लगा दिया है। जिसको लेकर कार्यकर्ताओं ने प्रशासन के इस कृत्य की निंदा की है। कांग्रेस पदाधिकारी विनोद तिवारी, प्रदुम मिश्रा पिंकू, बलराम बरुण, डॉक्टर नासिर, बाबू भाई, डॉ सदीक, मास्टर आरिफ सिद्दीकी, जिया रहमान, शिवाली, आकू, नजाकत, सलमानी, अनस, रोशन खान, नजीर खान शाहजहांपुर मार्ग मंडी गेट के सामने समस्त कार्यकताओं को नजर बंद किया गया।

## अमर बलिदानी स्मृति दिवस के रूप में याद किए जायेंगे शहीद भगत सिंह

धौरहरा खीरी। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में आगामी 23 मार्च को ईसानगर के मेला मैदान में अमर बलिदानी स्मृति दिवस मनाया जाएगा। कार्यक्रम में शहीदे आजम भगत सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी। आयोजकों के अनुसार कार्यक्रम में भगत सिंह के जूते भी दर्शनार्थ रखे जाएंगे, जो आकर्षण का केंद्र रहेंगे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिन्दा शहीद एम एस बिट्टा पूर्व कैबिनेट मंत्री रहेंगे। साथ ही सेवा निवृत्त सूबेदार मेजर रवि प्रताप सिंह विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे। मुख्य वक्ता के रूप में मनोज कान्त सह क्षेत्र प्रचार प्रमुख पूर्वी उत्तर प्रदेश, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ उपस्थित रहेंगे। आयोजकों का दावा है कि ईसानगर में इस प्रकार का यह उत्तर प्रदेश का पहला कार्यक्रम होगा। इसे लेकर क्षेत्र में उत्साह का माहौल है। कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर आयोजित बैठक में विधायक प्रतिनिधि गोपाल शंकर अवस्थी, पूर्व चेयरमैन राजीव जायसवाल, कन्हैया बाजपेयी, सुरेन्द्र दीक्षित, सुभम मिश्रा सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# सीबीएसई बोर्ड परीक्षा शुरू, पहले दिन शांतिपूर्ण रही परीक्षा



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की हाईस्कूल व इंटरमीडिएट परीक्षाएं शुक्रवार से शुरू हो गईं। पहले दिन नगर के निर्धारित परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। परीक्षार्थियों में सुबह से ही उत्साह और हल्की घबराहट देखी गई।

नगर में सेंट जॉस स्कूल और श्री राजेंद्र गिरि मेमोरियल एकेडमी को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। दोनों केंद्रों पर निर्धारित समय से पहले ही छात्र-छात्राएं पहुंचने लगे। प्रवेश से पूर्व उनकी सघन तलाशी ली गई और प्रवेश पत्र की जांच के बाद ही कक्ष में बैठने की अनुमति दी गई। परीक्षा केंद्रों के बाहर अभिभावकों की भीड़ लगी रही, हालांकि सुरक्षा व्यवस्था के तहत उन्हें निर्धारित दूरी पर ही रोका गया। केंद्रों के भीतर सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में परीक्षा कराई गई। केंद्र व्यवस्थापकों के अनुसार पहले दिन परीक्षा शांतिपूर्ण और नकलविहीन वातावरण में संपन्न हुई। सभी कक्षों में पर्याप्त संख्या में कक्ष निरीक्षक तैनात रहे। किसी भी प्रकार की अव्यवस्था की सूचना नहीं मिली। परीक्षा समाप्त होने के बाद बाहर निकले विद्यार्थियों ने प्रश्नपत्र को संतुलित बताया। कुछ छात्रों ने कहा कि तैयारी के अनुरूप प्रश्न आए, जिससे उन्हें राहत मिली। बोर्ड परीक्षा को लेकर प्रशासन भी सतर्क रहा और केंद्रों के आसपास अनावश्यक भीड़ न लगने देने के निर्देश दिए गए।

## बोर्ड परीक्षार्थियों के लिए रैन बसेरा व भोजन की निःशुल्क व्यवस्था

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। यूपी बोर्ड की 10वीं व 12वीं बोर्ड परीक्षाओं के मद्देनजर गोला तहसील क्षेत्र से हजारों की संख्या में छात्र-छात्राएं नगर के विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा देने पहुंच रहे हैं। परीक्षार्थियों की सुविधा को देखते हुए नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने नीलकंठ मैदान स्थित रैन बसेरे में ठहरने तथा माँ अन्नपूर्णा रसोई के माध्यम से भोजन और जलपान की निरूशुल्क व्यवस्था कराई है।




नगर पालिका की ओर से स्पष्ट किया गया है कि परीक्षार्थियों को रैन बसेरे में प्रवेश पत्र दिखाने के बाद ही ठहरने की अनुमति दी जाएगी। किसी भी प्रकार की समस्या होने पर छात्र नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू के मोबाइल नंबर 9415460769 तथा माँ अन्नपूर्णा रसोई संचालक गौरव ज्ञान त्रिपाठी के मोबाइल नंबर 9453980758 पर संपर्क कर सकते हैं। नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने कहा कि दूरदराज से आने वाले छात्रों को कई प्रकार की कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। इसी को ध्यान में रखते हुए रहने, भोजन और जलपान की व्यवस्था की गई है, ताकि वे बिना किसी परेशानी के परीक्षा दे सकें।

उन्होंने कहा कि यही छात्र देश का भविष्य हैं और उनकी सुविधा प्राथमिकता है।

इस अवसर पर सफाई एवं खाद्य निरीक्षक संदीप वर्मा, मंडल अध्यक्ष कुम्भी रविन्द्र कटियार, सफाई नायक नरेश कुमार, रसोई संचालक गौरव ज्ञान त्रिपाठी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## बार एसोसिएशन चुनाव में रामकुमार निर्विरोध, मंत्री पद पर संदीप की जीत

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। सेंट्रल बार एसोसिएशन का वार्षिक चुनाव शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हो गया। मतदान के बाद हुई मतगणना में विभिन्न पदों के परिणाम घोषित किए गए। अध्यक्ष पद पर रामकुमार गौतम निर्विरोध निर्वाचित हुए। उपाध्यक्ष पद के लिए हुए मुकाबले में राजीव मिश्रा को 150 मत प्राप्त हुए, जबकि खन्ना को 90 मत मिले। दो मत अवैध पाए गए। इस प्रकार राजीव मिश्रा 100 मतों के अंतर से विजयी घोषित किए गए। महामंत्री (मंत्री) पद पर संदीप अवस्थी को 149 मत प्राप्त हुए, जबकि जितेन्द्र को 93 मत मिले और एक मत अवैध रहा। संदीप अवस्थी 56 मतों के अंतर से विजयी रहे। संयुक्त मंत्री पद पर जगवीर सिंह भदौरिया को 171 मत प्राप्त हुए, जबकि नवीन श्रीवास्तव को 71 मत मिले। जगवीर सिंह ने 100 मतों के अंतर से जीत दर्ज की। कोषाध्यक्ष पद पर त्रिकोणीय मुकाबला रहा। सुरेंद्र को 39, गौरव झा को 76 और वीरेंद्र कुमार को 127 मत प्राप्त हुए, जबकि एक मत अवैध रहा। वीरेंद्र कुमार ने 51 मतों के अंतर से जीत हासिल की। मतगणना के बाद विजयी प्रत्याशियों का समर्थकों ने स्वागत किया। चुनाव प्रक्रिया मुख्य चुनाव अधिकारी लालबिहारी वर्मा की देखरेख में सम्पन्न हुई। उन्होंने बताया कि चुनाव शांतिपूर्ण और पारदर्शी ढंग से कराया गया। परिणाम घोषित होते ही अधिवक्ताओं ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई दी।

## गरीब बेटी की शादी में पटेल संस्थान ने दिया 70 हजार का सहयोग

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। मितौली क्षेत्र के बभिया रामपुर गांव में एक जरूरतमंद परिवार की बेटी की शादी में सामाजिक सहयोग की मिसाल सामने आई है। कस्ता-मितौली पटेल सेवा संस्थान की टीम ने गांव पहुंचकर आर्थिक एवं सामग्री सहयोग प्रदान किया, जिससे परिवार को बड़ी राहत मिली। संस्थान की ओर से करुणेश वर्मा ने 50 हजार रुपये, रामनिवास वर्मा ओबीसी मोर्चा ने 15 हजार रुपये तथा प्रमोद वर्मा एडवोकेट ने 5 हजार रुपये का नगद सहयोग दिया। इस प्रकार मौके पर कुल 70 हजार रुपये की धनराशि बेटी के परिजनों को सौंपी गई। इसके अतिरिक्त संस्थान की पहल पर अन्य सहयोगियों के माध्यम से एक अलमारी, एक बक्सा तथा पचहड़ के बर्तन भी उपलब्ध कराए जा रहे हैं, जो 18 तारीख तक परिवार को सौंप दिए जाएंगे। रामनिवास वर्मा ने कहा कि समाज की जिम्मेदारी है कि वह जरूरतमंद परिवारों के साथ खड़ा रहे। उन्होंने कहा कि बेटी की शादी हर पिता के लिए महत्वपूर्ण अवसर होता है और ऐसे समय में सामूहिक सहयोग से बड़ी राहत मिलती है। उन्होंने समाज के सक्षम लोगों से भी आगे आकर सहयोग करने की अपील की। विवाह 19 तारीख को संपन्न होना प्रस्तावित है। संस्थान की इस पहल की क्षेत्र में सराहना की जा रही है। स्थानीय लोगों ने इसे सेवा, सहयोग और सामाजिक एकजुटता की प्रेरक मिसाल बताया। संस्थान की ओर से अपील की गई है कि इच्छुक लोग 19 तारीख को बभिया रामपुर पहुंचकर नवदंपति को आशीर्वाद प्रदान कर सकते हैं।



## गुरुकुल एकेडमी पलिया के छात्र विनायक बंसल ने जेईई मेंस की परीक्षा की उत्तीर्ण

पलियाकलां खीरी। छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए सदैव प्रयासरत रहने हेतु विख्यात गुरुकुल एकेडमी, पलिया कलां के लिए हर्षपूर्ण समय आया। विद्यालय के एक मेधावी छात्र विनायक बंसल ने जे ई ई मेन्स की परीक्षा उत्तीर्ण की।



भौतिक,रसायन व गणित जैसे विषयों में 99.79 परसैंटाइल प्राप्त कर विनायक ने अपने माता-पिता, गुरुजनों व विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। विनायक ने कहा कि वह इस सफलता के लिए अपने माता-पिता व गुरुजनों के आशीर्वाद, गुरुजनों तथा स्वयं के द्वारा किए गए परिश्रम को श्रेय देते हैं। विद्यालय में विज्ञान विषयों के विशेष शिक्षण को धन्यवाद तथा जानकारी देते हुए विनायक ने बताया कि कक्षा 12 की परीक्षाओं के बाद वे जे ई ई एडवांस के लिए तैयारी करेंगे। विद्यालय प्रबंधक मुकेश अग्रवाल व अध्यक्ष वीरेन्द्र शुक्ला ने विनायक व उसके माता-पिता को बधाई दी तथा कहा कि विद्यालय बच्चों को उनकी रुचियों व क्षमताओं के अनुसार उनका मार्गदर्शन करने व सफलता सुनिश्चित करने के लिए सदैव प्रयासरत है। छात्रों द्वारा परिश्रम तथा अभिभावकों के सहयोग का विद्यालय सदैव आकांक्षी है।

## डीएम ने की राजस्व न्यायालयों में लंबित वादों की समीक्षा, अफसरों को दिए निर्देश

लखीमपुर खीरी। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट स्थित अपने दफ्तर में जनपद के सभी राजस्व न्यायालयों में लंबित वादों की समीक्षा की।



इस दौरान उन्होंने स्पष्ट तौर पर कहा कि राजस्व मामलों का निस्तारण पूरी पारदर्शिता, गुणवत्ता और तय समयसीमा के भीतर होना चाहिए। उन्होंने लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की चेतावनी भी दी। समीक्षा के दौरान उन्होंने धारा 24 (उत्तराधिकार), धारा 34 (नामांतरण), धारा 67 व धारा 116 (सीमांकन) से संबंधित वादों पर विशेष जोर देते हुए कहा कि हर मामले का निस्तारण समयबद्ध, निष्पक्ष और पारदर्शी ढंग से किया जाए। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि लंबित मामलों में अनावश्यक देरी किसी भी सूरत में स्वीकार्य नहीं होगी। उन्होंने सभी एसडीएम, एसडीएम न्यायिक, तहसीलदार व नायब तहसीलदारों को निर्देश दिए कि तिथि निर्धारण व सुनवाई की प्रक्रिया नियमित रूप से संचालित की जाए। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने अंत में यह भी कहा कि राजस्व न्यायालयों की कार्यप्रणाली जनता के विश्वास से जुड़ी है, और इसमें पारदर्शिता बनाए रखना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया कि वादों की सुनवाई पूरी गंभीरता व संवेदनशीलता के साथ की जाए ताकि न्यायिक प्रक्रिया में लोगों का भरोसा और मजबूत हो सके। इस समीक्षा बैठक में एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह, एडीएम (न्यायिक) अनिल कुमार रस्तोगी, सभी उपजिलाधिकारी, एसडीएम न्यायिक, तहसीलदार और नायब तहसीलदार शामिल रहे।

## कॉरिडोर की वर्षगांठ पर धार्मिक-सांस्कृतिक उत्सव, नगर को जोड़ने की तैयार

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। छोटी काशी कॉरिडोर की प्रथम वर्षगांठ के अवसर पर 22 फरवरी को नगर में धार्मिक-सांस्कृतिक उत्सव का आयोजन किया जाएगा। आयोजकों के अनुसार यह कार्यक्रम केवल उत्सव तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि नगर को सामाजिक और सांस्कृतिक रूप से एक सूत्र में जोड़ने का प्रयास होगा। विधायक अमन गिरि ने कहा कि कॉरिडोर का एक वर्ष पूर्ण होना क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि है। उन्होंने इसे आस्था और विकास के संगम की दिशा में एक कदम बताते हुए नगरवासियों से अधिक से अधिक संख्या में सहभागिता की अपील की। कार्यक्रम के तहत पूर्वाह्न 11 बजे नीलकंठ मैदान से पालकी यात्रा निकाली जाएगी, जो शिव मंदिर तक पहुंचेगी। आयोजन समिति ने पुरुष श्रद्धालुओं से धोती-अंगवस्त्र तथा महिलाओं से पारंपरिक साड़ी में शामिल होने का आग्रह किया है। सायं 7 बजे तीर्थ परिसर में भजन संध्या का आयोजन होगा, जिसमें इंडियन आइडल के सहभागी गायक हेमंत बृजवासी प्रस्तुति देंगे। उत्सव को लेकर मंदिर परिसर और आसपास के क्षेत्रों में साफ-सफाई, सजावट, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था और सुरक्षा के इंतजाम किए जा रहे हैं। भीड़ को देखते हुए प्रशासनिक सतर्कता भी बढ़ाई गई है। उल्लेखनीय है कि कॉरिडोर परियोजना के लिए 22 फरवरी 2024 को प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भूमि पूजन किया था। वर्षगांठ को धार्मिक-सांस्कृतिक स्वरूप देकर इसे नगर की सामूहिक भागीदारी और पहचान से जोड़ने की तैयारी की जा रही है।

## वार्षिकोत्सव में बच्चों की प्रतिभा का प्रदर्शन, इन्द्रधनुष पत्रिका का विमोचन



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। उच्च प्राथमिक विद्यालय जमुनहा में वार्षिकोत्सव कार्यक्रम धूमधाम से आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी राकेश कुमार द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इसके बाद छात्र-छात्राओं ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत कर वातावरण को भक्तिमय बना दिया।

अतिथियों का बैज लगाकर स्वागत किया गया। विद्यालय द्वारा प्रकाशित मासिक पत्रिका ह्यइन्द्रधनुषह्न का विमोचन किया गया। साथ ही विद्यालय परिसर में आयोजित विज्ञान प्रदर्शनी का फीता काटकर उद्घाटन किया गया। प्रदर्शनी में विद्यार्थियों ने विज्ञान मॉडल और शैक्षिक गतिविधियों का प्रदर्शन किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में बच्चों ने रानी लक्ष्मीबाई, भगत सिंह, चंद्रशेखर आजाद, सुभाष चंद्र बोस, मदर टेरेसा और सरदार पटेल सहित कई महापुरुषों की झांकियां और रोल प्ले प्रस्तुत किए। इसके अलावा देशभक्ति गीत, एकांकी, पीटी प्रदर्शन, मीनार निर्माण, हॉर्स राइडिंग जैसी गतिविधियों ने दर्शकों का मन मोह लिया। मुख्य अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी ने कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक हैं। इससे उनकी छिपी प्रतिभाओं को मंच मिलता है। उन्होंने अभिभावकों से बच्चों को नियमित विद्यालय भेजने का आह्वान किया।

एसआरजी पंकज वर्मा ने विद्यार्थियों को परिश्रमपूर्वक अध्ययन करने की प्रेरणा दी और रोचक गतिविधियों का प्रदर्शन किया। प्राथमिक शिक्षक संघ अध्यक्ष आशुतोष गिरी ने कहा कि सरकारी विद्यालय गुणवत्तापरक शिक्षा उपलब्ध करा रहे हैं। शिक्षक मुकेश कुमार वर्मा ने सामाजिक गीत प्रस्तुत कर कार्यक्रम में ऊर्जा का संचार किया। एआरपी अभिनव वाजपेई ने विद्यार्थियों को लक्ष्य निर्धारित कर मेहनत करने की सलाह दी। शिक्षक अरविंद मिश्र और शिक्षिका सुनीता वर्मा ने भी विचार व्यक्त करते हुए बच्चों के प्रयासों की सराहना की। विद्यालय के इंचार्ज प्रधानाध्यापक अरविंद कुमार पटेल ने सभी अतिथियों, अभिभावकों और सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर शिक्षक प्रमोद वर्मा, नवीन कुमार, अशोक कुमार, प्रदीप कुमार, राजेश कुमार, सुभाष सक्सेना, अतुल कुमार, श्रीकृष्ण, अजय कुमार, लीला देवी, जशोदा देवी, लालता प्रसाद, शेर सिंह, रामदेवी, सूरज कुमार, राम प्रसाद, रामाधीन, राम भजन, लाला राम, फूलवती, रूपराम, प्रहलाद, सुनील सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## नाबालिग बालिका से छेड़छाड़ का आरोपी गिरफ्तार



पलियाकलां खीरी। 16 वर्षीय नाबालिग बालिका से छेड़छाड़ के आरोपी सद्दाम हुसैन पुत्र शमी उल्ला निवासी मोहल्ला इकराम नगर, पलिया कलां खीरी को आज गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। यह जानकारी देते हुए थाना अध्यक्ष पंकज त्रिपाठी ने बताया कि सद्दाम हुसैन नगर पालिका कार्यालय के सामने नाई की दुकान चलाता है। उसकी 6 वर्षीया बालिका से छेड़छाड़ की शिकायत आने पर उसके खिलाफ 65/2 बीएनएस 5 एम/6 में मुकदमा 16 फरवरी को दर्ज कर लिया गया था। आज उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है गिरफ्तार करने मे उनि रामजीत यादव चौकी इंचार्ज प्रेम नरायन सहित अन्य पुलिस बल भी था। उधर पालिका प्रशासन ने उसकी दुकान पर बुलडोजर चलाकर दुकान को नष्ट करदिया । जनता ने अभियुक्त के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

## विवाहिता को घर से निकला ,केस दर्ज

मोहम्मदी खीरी। शादी के बाद अतिरिक्त दहेज की मांग पूरी न करने पर विवाहिता को मारपीट कर घर से निकाल दिया पीड़िता के पिता की शिकायत पर पुलिस ने पति समेत 6 लोगों के खिलाफ दहेज प्रताड़ना का केस दर्ज किया है। गांव कोटाबारी थाना सिधौली जिला शाहजहांपुर निवासी दुर्गा ने बताया उसने अपनी पुत्री अल्पी की शादी कुछ समय पूर्व मोहम्मदी कोतवाली क्षेत्र के गांव दुबहा निवासी विशाल के साथ की थी। शादी में दिए गए उपहार से संतुष्ट नहीं हुए जिसके चलते हैं दूसरी बार ससुराल जाने पर ससुराल वालों ने अतिरिक्त दहेज की मांग कर दी जिस पर असमर्थता जताने पर पति विशाल ससुर कप्तान सास फूलमती, सीमा, रेखा, और सियाराम ने एक राय होकर शारीरिक और मानसिक प्रताड़ना देते हुए सुहाग के गहने और कपड़े लेकर मारपीट कर घर से निकाल दिया जिसकी सूचना पीड़िता ने अपने पिता को दी जिस पर उन्होंने सुलह समझौता का प्रयास किया न मानने पर शिकायती पत्र देने पर पुलिस ने सभी नमिता आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

# डीएम ने चार परिषदीय विद्यालयों का किया औचक निरीक्षण

लखीमपुर खीरी। जिले के परिषदीय स्कूलों में मंगलवार को उस वक्त हलचल मच गई, जब डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल अचानक विकास क्षेत्र फूलबेहड़ के विद्यालयों में पहुंच गईं।



प्राथमिक विद्यालय कुंवरापुर से लेकर संविलियन विद्यालय सांडा, प्राथमिक विद्यालय सकरन, सैदापुर और आंगनबाड़ी केंद्र अंजनापुर व हजरतपुर तक डीएम ने पठन-पाठन, साफ-सफाई, उपस्थिति और व्यवस्थाओं की बारीकी से पड़ताल की। कुंवरापुर में डीएम ने उपस्थिति पंजिका खुद चेक कर बच्चों की गिनती करवाई। हैंडवॉश यूनिट, शौचालय की स्थिति और दूध-फल वितरण की हकीकत जानी। बच्चों से सवाल पूछकर उनका अधिगम स्तर परखा और स्पष्ट कहा कि रीडिंग स्किल मजबूत होगी तो नींव मजबूत होगी। संविलियन विद्यालय सांडा में स्मार्ट क्लास की हकीकत देखी, मिड-डे मील की गुणवत्ता जांची और कक्षा चार की छात्रा सौम्या से गणित के सवाल हल करवाए। बेहतर शिक्षण व्यवस्था पर प्रधानाध्यापिका सुषमा देवी को प्रशंसा पत्र देने के निर्देश दिए। आंगनबाड़ी केंद्र अंजनापुर में पोषण ट्रैकर एप की प्रविष्टियां क्रॉस चेक कीं।

प्राथमिक विद्यालय सकरन में 154 के सापेक्ष महज 64 बच्चे उपस्थित मिलने पर डीएम ने नाराजगी जताई। ग्राम प्रधान को निर्देश दिए कि सर्वाधिक उपस्थिति वाले 10 बच्चों के अभिभावकों को सम्मानित करें और कम उपस्थिति वाले बच्चों के घर-घर जाकर संपर्क करें। बीएसए को पूरे जनपद में पेरेंट्स-टीचर मीटिंग आयोजित करने के निर्देश दिए। डीएम ने प्राथमिक विद्यालय सैदापुर में कक्षा दो और तीन के बच्चों के अधिगम स्तर का जायजा लिया। बच्चों का प्रदर्शन अपेक्षित स्तर पर न होने पर डीएम ने तत्काल कदम उठाते हुए हेडमास्टर आयशा और शिक्षिका मंजू से स्पष्टीकरण तलब किया। डीएम ने स्पष्ट किया कि बच्चों की पढ़ाई और अधिगम स्तर में कोई भी कमी प्रशासन के लिए गंभीर है। उन्होंने हेडमास्टर और शिक्षिका को निर्देश दिए कि बच्चों के अधिगम स्तर में सुधार के लिए त्वरित और ठोस उपाय किए जाएँ। साथ ही, नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने और शिक्षण विधियों में सुधार के लिए जरूरी कदम उठाने का भी आदेश दिया।

### उत्कृष्ट अभिभावक होंगे सम्मानित

डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल के निर्देश पर 18 फरवरी को जिले के सभी परिषदीय विद्यालयों में विशेष अभिभावक बैठक आयोजित की जाएगी। इस पहल का उद्देश्य विद्यालयों में शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करना और शिक्षा की गुणवत्ता को नई गति देना है।

बैठक में सर्वाधिक उपस्थिति दर्ज कराने वाले 10 छात्र-छात्राओं के अभिभावकों को सार्वजनिक रूप से सम्मानित किया जाएगा, जबकि कम उपस्थिति वाले बच्चों के अभिभावकों को प्रेरित कर नियमित विद्यालय भेजने का संकल्प दिलाया जाएगा। ग्राम प्रधानों की मौजूदगी में उत्कृष्ट अभिभावकों का सम्मान कर शिक्षा को जनआंदोलन का रूप देने की तैयारी है। स्कूल-परिवार समन्वय से ही बेहतर परिणाम संभव हैं और प्रत्येक बच्चे की नियमित उपस्थिति सर्वोच्च प्राथमिकता होगी।


## कार्यालय जिलाधिकारी/लाइंस प्राधिकारी, बहराइच

संख्या : 1380/जि.आ.अ./अन्तरिम व्यवस्थापन/2025-26/बहराइच/ दिनांक : 17/2/2026

**विज्ञप्ति**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि जनपद स्थित निलम्बित कम्पोजिट शॉप-जरवल कस्बा (शॉप आई.डी. 43266) वर्ष 2025-26 के दैनिक आधार पर 14 दिवस की अवधि या नियमित व्यवस्थापन के दिनांक तक, इनमें से जो भी पहले हो, के लिए आगणित देयताओं पर अन्तरिम व्यवस्थापन हेतु ऑफलाईन ऑफर आमंत्रित किया जाता हैं। इच्छुक अर्ह आवेदक दिनांक 18.02.2026 को अपरान्ह 11.30 बजे तक अपना टेण्डर/ऑफर कार्यालय जिला आबकारी अधिकारी, बहराइच में प्रस्तुत कर सकते हैं। प्राप्त ऑफरों को अपरान्ह 12.00 बजे नियमानुसार खोला जायेगा, जिसमें सर्वोच्च ऑफर को स्वीकृत किया जायेगा। दो या दो से अधिक समान ऑफर प्राप्त होने पर सार्वजनिक मैनुअल लॉटरी के माध्यम से सर्वोच्च ऑफर का चयन करते हुए दुकान का दैनिक आधार पर अन्तरिम व्यवस्थापन किया जायेगा । दिनांक 03.02.2026 को अपरान्ह 11.30 बजे तक किसी टेण्डर/ऑफर प्राप्त न होने की दशा में पुनः आगामी तिथि पर टेण्डर/ऑफर दिया जा सकता है। निलम्बित कम्पोजिट शॉप जरवल कस्बा का विदेशी मदिरा एवं बीयर का दैनिक लाइसेंस फीस एवं एम. जी. आर. का विवरण निम्नवत हैः-

| क्र. सं. | कम्पोजिट शॉप | शॉप आई.डी. | विदेशी मदिरा दुकान का दैनिक एम.जी.आर. (रू. में) | बीयर का दैनिक एम.जी.आर. (रू. में) | अन्तरिम व्यवस्थापन हेतु दुकान की दैनिक लाइसेंस फीस (रू.में) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | जरवल कस्बा | 43266 | 28767.12 | 30136.99 | 3877.00 |

उपरोक्त दैनिक एम.जी.आर. का ऑफर विदेशी एवं बीयर के लिए अलग-अलग दिया जायेगा। लाइसेंस फीस एवं प्रतिभूति धनराशि का आगणन निर्धारित 14 दिवस के लिए प्रदान किये गये ऑफर पर किया जायेगा। चयनित उच्चतम ऑफरदाता को तत्काल लाइसेंस फीस एवं प्रतिभूति धनराशि जमा करना अनिवार्य होगा तथा प्रस्तुत ऑफर में दिये गये एम. जी. आर. को अन्तरिम व्यवस्थापन अवधि के दौरान उठान अनिवार्य होगा। अन्य विस्तृत जानकारी हेतु संबंधित आबकारी निरीक्षक एवं कार्यालय जिला आबकारी अधिकारी, बहराइच से प्राप्त की जा सकती है। यह अन्तरिम व्यवस्थापन दिनांक 18.02.2026 से अग्रिम 14 दिवस के लिए प्रभावी होगा ।

जिला आबकारी अधिकारी
बहराइच

लाइसेंस प्राधिकारी/जिलाधिकारी
बहराइच

संक्षेप

## नवनिर्मित स्वागत कक्ष का उद्घाटन

जौनपुर। जिलाधिकारी डा0 दिनेश चन्द्र के द्वारा न्यायालय तहसीलदार परिसर में नवनिर्मित स्वागत कक्ष का उद्घाटन किया गया। स्वागत कक्ष बन जाने से वादकारियों सहित अन्य को सहूलियत मिलेगी। परिसर में शासन द्वारा संचालित राजस्व विभाग के कार्यों, अंश निर्धारण संबंधी जानकारी, कृषक दुर्घटना, दैवीय आपदा, मिशन शक्ति सहित विभिन्न योजनाओं की पात्रता एवं लाभ संबंधी सूचनाएं प्रदर्शित की गई हैं जिसे देखकर जिलाधिकारी ने प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की जानकारी प्रदर्शित होने से आने वाले वादकारियों एवं किसानों को आवश्यक जानकारी आसानी से उपलब्ध हो सकेगी मौके पर उपस्थित अधिवक्ताओं और आमजन के द्वारा भी इस पहल की सराहना की गई। उप जिलाधिकारी सदर संतवीर सिंह, तहसीलदार सदर सौरभ कुमार, नायब तहसीलदार सदर, जिला सूचना अधिकारी मनोकामना राय सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## किसान दिवस आज

आजमगढ़। जिलाधिकारी ने बताया है कि मुख्य सचिव उ0प्र0 द्वारा दिये गये निर्देश के क्रम में जनपद के किसानों की कृषि से सम्बन्धित समस्याओं के निराकरण के लिये माह फरवरी 2026 का किसान दिवस 18 फरवरी 2026 को प्रातः 11 बजे से 2 बजे तक कृषि विज्ञान केन्द्र कोटवा आजमगढ़ के सभागार में आयोजित किया जायेगा। किसान दिवस में कृषि एवं सम्वर्गीय विभाग के किसानों/उद्यमियो की समस्या का मौके पर निस्तारण किया जायेगा।

## 22 को होगा मेगा शिविर, प्रचार-प्रसार वाहन रवाना

आजमगढ़। सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रीमती नितिका राजन द्वारा बताया गया कि जनपद न्यायधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण आजमगढ़ जय प्रकाश पाण्डेय के दिशा निर्देशों के अनुपालन में उ०प्र० राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ से प्राप्त बहुउपयोगी प्रचार वाहन को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से प्रातः 10 बजे प्रचार-प्रसार हेतु रवाना किया गया। सचिव द्वारा बताया गया कि उप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण से प्राप्त वाहन का उद्देश्य जनपद में दूर-दराज के क्षेत्रों में आमजनमानस को उनके कानूनी अधिकारों के बारे में जागरूक किया जाना है। उन्होंने बताया कि प्रचार वाहन के माध्यम से समाज के अन्तिम छोर पर बैठे लोगों को जागरूकता शिविर का आयोजन कर उन्हें उनके विधिक अधिकारों की जानकारी प्रदान की जायेगी। आमजनमानस को लोक अदालत, मध्यस्थता अभियान, निःशुल्क विधिक सेवा, नालसा हेल्पलाइन नंम्बर इत्यादि के बारे में जागरूकता फैलाने हेतु यह बहुउपयोगी वाहन प्रचार-प्रसार करेगा। सचिव द्वारा बताया गया कि वाहन 22 फरवरी को जनपद न्यायालय परिसर में आयोजित होने वाले वृहद/मेगा शिविर के बारे में प्रचार-प्रसार हेतु रवाना किया जा रहा है। इस मेगा शिविर में पात्र व्यक्तियों को जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित किया जायेगा। सचिव ने आम जनमानस से अपील किया कि वे जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त करने हेतु सम्बन्धित विभाग में प्रार्थना पत्र देकर दिनांक 22 फरवरी को आयोजित होने वाले मेगा शिविर में उपस्थित होकर लाभ उठायें।

## सेवायोजन कार्यालय से निःशुल्क प्रशिक्षण

जौनपुर। जिला सेवायोजन अधिकारी ने अवगत कराया है कि अनुसूचित जातिध्अनु०जनजाति एवं अन्य पिछड़ें वर्ग हेतु निःशुल्क प्रशिक्षण जिला सेवायोजन कार्यालय द्वारा अनुसूचित जातिअनुसूचित जनजाति व अन्य पिछड़े वर्ग के अभ्यर्थियों को लिपिकीय स्तरीय प्रतियोगिता सम्बन्धि प्रशिक्षण हेतु शैक्षिक योग्यता न्यूनतम इण्टरमीडिएट है, अर्ह अभ्यर्थियों की आयुसीमा 01 अप्रैल 2026 को 18 से 35 वर्ष के मध्य होनी चाहिए। प्रशिक्षण हेतु सम्मिलित विषयः- सामान्य ज्ञान, सामान्य अंग्रेजी, सामान्य हिन्दी, सामान्य गणित, सचिवीय पद्धति, बुक कीपिंग एण्ड ऐकाउन्टेन्सी, हिन्दी टंकण एवं हिन्दी आशुलिपि (स्टेनो) तथा कम्प्यूटर शिक्षा प्रमुख हैं। उक्त वर्ग के अर्ह अभ्यर्थियों का आवेदन पत्र 23 मार्च तक जमा किया जा सकता है। साक्षात्कार 23 व 24 मार्च को प्रातः 10 बजे से जिला सेवायोजन कार्यालय, में होगा। प्रशिक्षण सम्बन्धी समस्त जानकारी हेतु अभ्यर्थी किसी भी कार्य दिवस में जिला सेवायोजन कार्यालय, से सम्पर्क कर सकते हैं।

# आईजीआरएस पटल सहायक को प्रतिकूल प्रविष्टि देने का निर्देश

## तहसीलदार को भी देना होगा स्पष्टीकरण



आजमगढ़। शासन के पूर्व निर्देश के क्रम में मण्डलायुक्त विवेक एवं अपर आयुक्त (प्रशासन) शमशाद हुसैन द्वारा मंगलवार को तहसील सदर, आजमगढ़ का निर्धारित बिन्दुओं पर निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान आयुक्त को तहसील परिसर में साफ-सफाई खराब मिली। उन्होंने शुद्ध पेयजल की व्यवस्था, आगन्तुकों के बैठने आदि की तत्काल समुचित व्यवस्था कराने के सम्बन्ध में निर्देश दिया। लम्बित वादों के निस्तारण के निरीक्षण के दौरान मण्डलायुक्त ने संबंधित पीठासीन अधिकारियों को निर्देशित किया कि विभिन्न धाराओं के अन्तर्गत 03 वर्ष से अधिक एवं 05 वर्ष से अधिक अवधि से लम्बित राजस्वों वादों के निस्तारण को प्राथमिकता देते हुए मानक के अनुरूप वादों का निस्तारण सुनिश्चित करें। उन्होने आईजीआरएस पटल के निरीक्षण में पाया कि 4-5 माह से नियमित रूप से रजिस्टर में अंकन नही किया गया है, जो अंकन किया भी गया है, वह प्रविष्टियां गलत अंकित की गयी हैं तथा संदर्भों का निस्तारण भी गुणवत्ता के अनुरूप नही है। मण्डलायुक्त ने इस स्थिति पर सख्त नाराजगी व्यक्त किया। मौके पर उपस्थित उप जिलाधिकारी नरेन्द्र गंगवार द्वारा बताया गया कि आईजीआरएस पटल सहायक संजय कुमार के विरूद्ध कार्यों में लापरवाही, शिथिलता आदि मिलने पर पूर्व से ही विभागीय कार्यवाही प्रचलित है। मण्डलायुक्त ने आईजीआरएस पटल के दयनीय स्थिति पर सख्त नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित पटल सहायक संजय कुमार को प्रतिकूल प्रविष्टि देने हेतु निर्देशित किया। इसके साथ ही पर्यवेक्षणीय दायित्वों के निर्वहन में प्रथम दृष्ट्या शिथिलता पाये जाने पर तहसीलदार सदर योगानन्द पाण्डेय से भी स्पष्टीकरण तलब किया। मण्डलायुक्त विवेक एवं अपर आयुक्त शमशाद हुसैन द्वारा अपने सघन निरीक्षण के दौरान संग्रह अनुभाग एवं रिकार्ड रूम का भी बारिकी से मुआयना किया गया। संग्रह अनुभाग में विद्युत देयों की वसूली में लक्ष्य से कम प्रगति पायी गयी। इसी प्रकार रिकार्ड रूम के निरीक्षण में उन्होने अभिलेखों के अव्यवस्थित रख-रखाव को तत्काल दुरूस्त कराने एवं आवश्यकतानुसार पुरानी पत्रावलियों की बीडिंग भी सुनिश्चित कराने हेतु निर्देशित किया।

## राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष ने किया महिला अस्पताल का निरीक्षण

आजमगढ़। उपाध्यक्ष (उपमंत्री स्तर प्राप्त), उप्र राज्य महिला आयोग, श्रीमती चारू चौधरी ने जिला महिला अस्पताल का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान उपाध्यक्ष द्वारा ओपीडी कक्ष, गायनोकोलॉजी कक्ष, दवा वितरण कक्ष, जनरल वार्ड, सर्जिकल वार्ड, पैथोलॉजी लैब आदि का निरीक्षण किया गया। उपाध्यक्ष ने जनरल वार्ड एवं सर्जिकल वार्ड में भर्ती महिलाओं से उनका हाल चाल एवं खाने-पीने, दवाओं की उपलब्धता आदि के सम्बन्ध में जानकारी लिया। उन्होने निर्देश दिया कि मरीजों को सभी दवाएं अस्पताल परिसर से ही दी जाय। उन्होने यह भी निर्देश दिया कि सभी प्रकार की ब्लड जांच, अल्ट्रासाउण्ड आदि अस्पताल में ही सुनिश्चित करायी जाए। उन्होने सीएमएस को निर्देश दिया कि समस्त चिकित्सकों के साथ बैठक कर निर्देशित किया जाए कि अस्पताल में आने वाले मरीजों को बाहर की दवाएं कदापि न लिखें। उन्होने कहा कि सरकार की मंशा है कि गरीब व्यक्तियों को सरकारी अस्पतालों से निःशुल्क दवाएं एवं ईलाज प्राप्त हो। उन्होने कहा कि अस्पताल में सभी प्रकार की आवश्यक दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। उन्होने कहा कि अस्पताल परिसर में कई जगह बोर्ड लगवाया जाए, जिसमें लिखा जाए कि सभी प्रकार की दवाएं एवं जांच अस्पताल में निःशुल्क उपलब्ध है। इसके साथ ही उपाध्यक्ष ने चिकित्सक उपस्थिति पंजिका, फीडबैक रजिस्टर, ओपीडी रजिस्टर आदि का अवलोकन किया। अध्यक्ष ने कहा कि सरकार द्वारा महिलाओं के लिए चलायी जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जागरूक किया जाए तथा उसका लाभ भी दिलाया जाए। उन्होने कहा कि जिस भी बच्चे का जन्म अस्पताल में होता है, उनको योजनाओं से जोड़ा जाए। उन्होने कहा कि संस्थागत प्रसव को बढ़ावा दिया जाए। जिला महिला अस्पताल के निरीक्षण के दौरान अध्यक्ष को अस्पताल परिसर की साफ-सफाई व्यवस्था संतोषजन मिली। उन्होने निर्देश दिया कि निरीक्षण के दौरान जो भी थोड़ी बहुत कमियां पायी गयी हैं, उसको जल्द से जल्द दूर किया जाए। निरीक्षण के दौरान सीएमएस जिला महिला अस्पताल आजमगढ़ श्री विनय कुमार सिंह, जिला प्रोबेशन अधिकारी श्री सुबोध सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं जिला महिला अस्पताल के चिकित्सक आदि उपस्थित रहे।

## दीवानी न्यायालय उड़ाने की धमकी से दहशत



जौनपुर। दीवानी न्यायालय को मंगलवार दोपहर बम से उड़ाने की धमकी मिलने से हड़कंप मच गया। जिला जज की आधिकारिक ईमेल आईडी पर प्राप्त संदेश में 17 फरवरी को दोपहर 1 बजे से 2 बजे के बीच गेट नंबर 1 के पास सिविल कोर्ट और पुलिस लाइन को बम से उड़ाने की धमकी दी गई। जिसमें लिखा था- पांच से छह मोबाइल नंबरों पर एक-एक लाख रुपये भेजा जाए। नहीं तो कोर्ट को बम से उड़ा दिया जाए। जिसमें सूचना पर जज ने न्यायालय परिसर खाली कराने के निर्देश दिए। जिसके बाद बार एसोसिएशन अध्यक्ष की मदद से परिसर को एहतियातन खाली करा लिया गया।

मामला शहर कोतवाली क्षेत्र का है। पूर्वान्ह 10:30 बजे जिला जज सुशील कुमार शशि को एक ई-मेल प्राप्त हुआ, जिसमें पांच से छह मोबाइल नंबरों पर एक-एक लाख रुपये भेजने की मांग की गई थी। ई-मेल में चेतावनी दी गई थी कि निर्धारित समय के भीतर रकम नहीं भेजी गई तो न्यायालय परिसर को बम से उड़ा दिया जाएगा। धमकी की सूचना मिलते ही जिला जज ने तत्काल प्रशासनिक आदेश जारी कर न्यायालय परिसर खाली कराने के निर्देश दिए। बार एसोसिएशन के अध्यक्ष सुभाष चन्द्र यादव को बुलाकर स्थिति से अवगत कराया गया। इसके बाद अधिवक्ताओं और वादकारियों से परिसर खाली करने की अपील की गई। सहयोग के साथ पूरे न्यायालय परिसर को एहतियातन खाली करा लिया गया। जिला न्यायाधीश ने सभी न्यायिक अधिकारियों को निर्देश दिया कि अधिवक्ताओं एवं वादकारियों की अनुपस्थिति में कोई प्रतिकूल आदेश पारित न किया जाए। पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह ने बताया कि पुलिस की आधिकारिक ई-मेल पर भी इसी प्रकार की धमकी प्राप्त हुई है। सूचना मिलते ही पुलिस प्रशासन पूरी तरह अलर्ट हो गया। न्यायालय परिसर और आसपास के क्षेत्रों में सघन तलाशी अभियान चलाया गया। बम निरोधक और डॉग स्क्वाड की टीमों को मौके पर तैनात किया गया है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि एहतियातन पूरे परिसर को खाली कराया गया है और पर्याप्त पुलिस बल तैनात कर सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं। मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। प्रारंभिक जांच में यह भी सामने आया है कि अन्य जिलों में भी इस प्रकार की धमकी भरे ई-मेल मिलने की सूचनाएं हैं। इसको लेकर न्यायालय परिसर में अफरा-तफरी और दहशत का माहौल रहा। हालांकि प्रशासन का कहना है कि स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है और सुरक्षा के सभी आवश्यक कदम उठाए जा चुके हैं। जांच एजेंसियां ई-मेल की सत्यता और स्रोत का पता लगाने में जुटी हुई हैं।

## मेडिकल कालेज निर्माण में लापरवाही बर्दाश्त नहींःडीएम

जौनपुर। जिलाधिकारी डॉ० दिनेश चंद्र ने उमानाथ सिंह स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय सिद्धिकपुर में बैठक कर निर्माण कार्यों की प्रगति एवं लंबित समस्याओं की समीक्षा की तथा संबंधित अधिकारियों को कड़ी चेतावनी दी। उन्होंने स्पष्ट किया कि परियोजना को गुणवत्ता एवं समयबद्धता के साथ पूर्ण कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। प्रधानाचार्य ने अवगत कराया कि कार्यदायी संस्था द्वारा भवन का कार्य अभी पूर्ण नहीं कराया गया है, जिससे अस्पताल का संचालन प्रारंभ नहीं हो पा रहा है।

परियोजना प्रबंधक (सिविल एवं विद्युत) द्वारा धनाभाव का हवाला दिए जाने पर मुख्य विकास अधिकारी ने स्पष्ट किया कि लगभग धनराशि शासनादेशों के माध्यम से उत्तर प्रदेश राजकीय निर्माण निगम लिमिटेड को भुगतान की जा चुकी है। जिलाधिकारी ने लगभग पूर्ण भुगतान के उपरांत भी निर्माण कार्यों में शिथिलता बरतने पर उत्तर प्रदेश राजकीय निर्माण निगम लिमिटेड (सिविल एवं विद्युत इकाई) के जिम्मेदार अधिकारियों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश मुख्य विकास अधिकारी एवं प्रधानाचार्य को दिए। सेंट्रल एसी एवं सबस्टेशन के हैंडओवर के संबंध में प्रधानाचार्य ने स्पष्ट किया कि कार्य पूर्ण न होने की स्थिति में हस्तांतरण संभव नहीं है। जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता, उ०प्र० पावर कॉरपोरेशन एवं प्रांतीय खंड, लोक निर्माण विभाग, को संयुक्त भौतिक निरीक्षण कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि निर्माण कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। परियोजना को गुणवत्ता मानकों के अनुरूप शीघ्र पूर्ण कर जनपदवासियों को समुचित स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाएगा। प्राचार्य डॉ. आर.बी. कमल, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, अधिशासी अभियंता वी.के. सिंह, अवर अभियंता लोक निर्माण विभाग ए.के. सिंह, परियोजना प्रबंधक एस.के. यादव, अनुराग कुमार सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## पत्रकार संघ ने किया भंडारा



जौनपुर। स्थानी रोडवेज परिसर स्थित हनुमान मंदिर पर जौनपुर पत्रकार संघ द्वारा विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। भंडारे के पूर्व अखंड रामचरितमानस का संगीत में पाठ किया गया। उक्त अवसर पर जौनपुर पत्रकार संघ के अध्यक्ष शशि मोहन सिंह क्षेम, प्रदीप सिंह पूर्व प्रधान इंद्र बहादुर सिंह शशि शेखर सिंह राजीव पाठक राजेश उपाध्याय जयप्रकाश सिंह साथी जितेंद्र सिंह स्वतंत्र यादव ओम प्रकाश सिंह अरुण मिश्रा राकेश मिश्रा जेपी मौर्य राजेश मौर्य सुधीर सिंह अर्जुन शर्मा पंकज सिंह आदि उपस्थित रहे।

## ब्लॉक अध्यक्ष बने अविनाश श्रीवास्तव

मीरजापुर। जमालपुर विकास खंड के प्राथमिक विद्यालय भुईली में सोमवार को शिक्षक उन्नयन संगोष्ठी का आयोजन किया गया गोष्ठी के पश्चात उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ सुशील पांडेय गुट का ब्लाक अध्यक्ष प्राथमिक विद्यालय डूही खुर्द के स.अ. अविनाश कुमार श्रीवास्तव को, मंत्री, प्राथमिक विद्यालय धुरियां के प्रअ हेमंत सिंह, कोषाध्यक्ष, कम्पोजिट विद्यालय बभनी के संजीत कुमार गुप्ता को मनोनीत किया गया। भुइली, ज्योति प्रकाश पांडेय को ब्लाक संरक्षक व ब्लॉक अध्यक्ष की ओर से कम्पोजिट विद्यालय हाजीपुर के सच्चिदानंद सौरभ को जमालपुर ब्लॉक का वरिष्ठ उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया।



प्राथमिक विद्यालय बिंदपुरवा खुर्द के शिवेश नन्दन श्रीवास्तव को संगठन के जिला कार्यकारिणी में जिला प्रसार मंत्री, मीडिया प्रभारी के रूप में मनोनीत किया गया। इस अवसर पर उपस्थित शिक्षकों को संबोधित करते हुए प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष आकाश उपाध्याय ने कहा की अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ से संबद्ध हमारा संगठन जिसके राष्ट्रीय अध्यक्ष सुशील कुमार पांडेय जी है सदैव शिक्षक हित के लिए संघर्ष करते रहते हैं। इस अवसर पर सर्वेश श्रीवास्तव, विजय कुमार श्रीवास्तव, गणेश प्रसाद दुबे, निखिल कुमार सिंह, कुलदीप शुक्ला, प्रभाकर सिंह, अखिलेश सिंह, अवधेश सिंह, सुरेश सिंह, शमद, अभिषेक सिंह, धर्मजीत, पूनम मौर्या, आरती, अभिनिता सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन संगठन के जिला उपाध्यक्ष अरविन्द कुमार त्रिपाठी व अध्यक्षता वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष जय प्रताप सिंह ने किया।

## रासलीला के दूसरे दिन पूतना वध का मंचन



जिला संवाददाता

सोनभद्र। जिला मुख्यालय रॉबर्ट्सगंज नगर स्थित श्री रामलीला मैदान में आयोजित ग्यारह दिवसीय श्री कृष्ण रासलीला के दूसरे दिन कंस द्वारा श्री कृष्ण को ढूंढने और उन्हें मारने के लिए भेजे गए राक्षसों के वध का मंचन किया गया। इस दौरान पूतना के वध के मंचन के दौरान श्री कृष्ण द्वारा किए गए वध पर पंडाल में जय श्री कृष्णा के जय घोष गूंजे। इस दौरान बड़ी संख्या में नगर वासी वृंदावन से पहुंचे कलाकारों की रासलीला देखने के लिए पहुंचे।

इस अवसर पर संयोजक राम प्रसाद यादव ने बताया कि दूसरे दिन की शुरूआत श्री राधे कृष्ण के आरती पूजन के साथ की गई, जिसके बाद नंद के घर भगवान की बचपन की अठखेलियों का दृश्य दिखाया गया। मंचन में आगे की प्रस्तुति में दिखाया गया कि कंस को नहीं पता चल पा रहा था कि उसके काल के रूप में पैदा हुए श्री कृष्ण कहा हैं, जिस पर उसने पूतना को नवजन्मे बच्चों को मारने के लिए भेजा।

इस दौरान जब ढूंढते ढूंढते पूतना श्री कृष्ण के घर पहुंची तो उसने चुपके से श्री कृष्ण को उठाया और अपना विषैला दूध पिलाकर उनको मारने का प्रयास करने लगी, लेकिन भगवान श्री कृष्ण ने दूध के साथ-साथ पूतना के प्राण भी खींच लिए। मंचन की मनमोहक प्रस्तुति ने दर्शकों को शुरू से अंत तक पंडाल में रोके रखा। कार्यक्रम में पधारे स्थानीय प्रतिष्ठित स्व.जंगी लाल परीवार सदस्य संजीव गुप्ता आरटीओ प्रयागराज ने विधि विधान से ठाकुर जी का आरती पूजन किया।

इस अवसर पर मुख्य रूप से समिति के संरक्षक जितेंद्र सिंह, रामप्रसाद यादव, कृष्ण मुरारी गुप्ता अध्यक्ष सचिन गुप्ता, महामंत्री धीरज जलान, कोषाध्यक्ष बचाऊ पांडे, संजीव गुप्ता, सौरभ यादव, उमेश यादव, अमरेश पटेल, राघवेंद्र नारायण, विमल चौबे, राकेश गुप्ता, धर्मेश विजय कानोड़िया, अशोक श्रीवास्तव, संदीप चौरसिया, हर्ष केशरी, धर्मेश सिंह खरवार, दिलकरन सिंह, सुनील श्रीवास्तव, मिठाई लाल सोनी, राजेश सोनी, शिवकुमार सोनकर, सरजू प्रसाद सहित अन्य लोगों उपस्थित रहे।

## पॉक्सो एक्ट के दोषी विजय को 20 वर्ष की कैद

जिला संवाददाता(vol)

सोनभद्र। करीब 3 वर्ष 11 माह पूर्व 10 वर्ष के नाबालिग लड़के के साथ हुए अप्राकृतिक दुष्कर्म के मामले में अपर सत्र न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट अमित वीर सिंह की अदालत ने मंगलवार को सुनवाई करते हुए पॉक्सो एक्ट में दोषसिद्ध पाकर दोषी विजय उर्फ टीपू साहनी को 20 वर्ष का कठोर कारावास की सजा सुनाई। उसके ऊपर 35 हजार रुपए अर्थदंड भी लगाया है। अर्थदंड अदा न करने पर 2 माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी।

जेल में बिताई अवधि सजा में समाहित होगी। जबकि अर्थदंड की धनराशि में से 20 हजार रुपए पीड़ित को मिलेगी। अभियोजन पक्ष के मुताबिक चोपन थाना क्षेत्र निवासी पीड़ित के पिता ने 21 मार्च 2022 को चोपन थाने में दी तहरीर में अवगत कराया था कि उसके 10 वर्ष के नाबालिग बेटे को 20 मार्च 2022 को शाम 7 बजे विजय उर्फ टीपू साहनी पुत्र बाले साहनी निवासी कुरहुल, थाना चोपन, जिला सोनभद्र ने चना के खेत में बुलाकर अप्राकृतिक दुष्कर्म किया। बेटे ने घर आकर इसकी जानकारी अपनी मां को दिया, उसके बाद उसे भी बताया, तब सूचना दे रहा हूं। इस तहरीर पर चोपन पुलिस ने अप्राकृतिक दुष्कर्म, पॉक्सो एक्ट व एससीध् एसटी एक्ट में एफआईआर दर्ज कर मामले की विवेचना शुरू कर दिया। विवेचना के दौरान पर्याप्त सबूत मिलने पर विवेचक ने कोर्ट में चार्जशीट दाखिल किया था। मामले की सुनवाई करते हुए अदालत ने दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं के तर्कों को सुनने, 8 गवाहों के बयान एवं पत्रावली का अवलोकन करने पर दोषसिद्ध पाकर पॉक्सो एक्ट में दोषी विजय उर्फ टीपू साहनी (27) वर्ष को 20 वर्ष की कठोर कैद व 35 हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड न देने पर 2 माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। जेल में बिताई अवधि सजा में समाहित होगी। जबकि अर्थदंड की धनराशि में से 20 हजार रुपए पीड़ित को मिलेगी। अभियोजन पक्ष की ओर से सरकारी वकील दिनेश प्रसाद अग्रहरि, सत्यप्रकाश त्रिपाठी व नीरज कुमार सिंह ने बहस की।

## बहनोई को अगवा कर हत्या करने का प्रयास

जौनपुर। खुटहन थाना क्षेत्र के मरहट गांव नहर के पास बहनोई को अगवा कर मारने पीटने और मोबाइल रुपया छीनने के बाद सालो ने गमछा से गला दबाकर हत्या करने का किया गया प्रयास। उसका उपचार जिला अस्पताल में चल रहा है। पड़ोसी जनपद आजमगढ़ दीदारगंज थाना क्षेत्र के मदार बख्श मोलनापुर गांव निवासी 30 वर्षीय किशन यादव पुत्र राजेंद्र यादव ने आरोप लगाते हुए बताया कि मैं ट्रेलर चलाता हूं। इसलिए कई दिन बाहर रहना पड़ता है। अभी 4 दिन पहले पत्नी शशि कला ने दीदारगंज थाने में जहेज उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए प्रार्थना पत्र दिया था। इसी संबंध में थाना के एक दारोगा ने थाने पर बुलाया था। रविवार को ट्रेलर लेकर मिजार्पुर आया और सोमवार को दीदारगंज थाने पर पहुंचने के लिए जा रहा था। आरोप है कि मेरे साले शशिकांत और ऋषिकांत को थाने पहुंचने की मेरे जानकारी किसी माध्यम से मिल गई और मुझे खेतासराय से अगवा कर खुटहन जाने वाले मार्ग की तरफ से ले जाकर खुटहन थाना क्षेत्र के मरहट नहर के पास ले जाकर दोनों ने मेरा बैग छीन कर मोबाइल और ?3000 निकालने के बाद बैग को फेंक दिया और मुझे मारने पीटने के बाद गमछे से गला दबाकर हत्या करने का प्रयास कर रहे थे। इसी दौरान स्थानीय एक व्यक्ति के देख लेने से दोनों मोटरसाइकिल से फरार हो गये। जानकारी होने पर मेरे मौसा मौसी के साथ स्थानीय लोगों द्वारा सीएचसी खुटहन पहुंचा कर भर्ती कराया गया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार करने के पश्चात हालत गंभीर देखकर जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। खबर पाकर परिजन भी जिला अस्पताल जौनपुर पहुंच गए। किशन के पिता राजेंद्र यादव ने आरोप लगाते हुए बताया कि मेरे पुत्र का विवाह शाहगंज कोतवाली क्षेत्र के मोहम्मदपुर गांव निवासी राजकुमार की बेटी शशि कला से लगभग 8 वर्ष पूर्व हुई थी मेरे पुत्र के दो बच्चों में एक लड़का और एक लड़की है। मेरी बहू किशन को अलग लेकर रहना चाहती है। इसीलिए वह दीदारगंज थाने में प्रार्थना पत्र लेकर जहेज उत्पीड़न का आरोप लगा रही है। इस मामले को लेकर दीदारगंज थाना में तैनात मामले को देख रहे उपनिरीक्षक राम बहादुर यादव से दूरभाष पर संपर्क कर पूछा गया तो उन्होंने बताया कि। किशन यादव की पत्नी शशि कला ने प्रार्थना पत्र दिया है उससे मुकदमा दर्ज करने के लिए कहा गया। लेकिन उसका कहना था कि मेरा मायका शाहगंज कोतवाली क्षेत्र के मोहम्मदपुर गांव में है इसलिए मैं चाहती हूं मेरा मुकदमा शाहगंज में लिखा जाए। किशन यादव के थाने पर बुलाए जाने के संबंध में बताएं कि मैं छुट्टी पर था हो सकता है थानाध्यक्ष ने उसे बुलाया हो और किसी घटना की मुझे जानकारी नहीं है। हालांकि पीड़ित किशन यादव के यह बताने पर कि मुझे खेतासराय से अगवा कर खुटहन थाना क्षेत्र के मरहट गांव नहर के पास ले जाकर साले ऋषिकांत और शशिकांत के द्वारा घटना को अंजाम दिया गया के संबंध में खुटहन थाना प्रभारी राम आसरे और खेतासराय थाना प्रभारी प्रदीप सिंह से घटना के संबंध में मोबाइल फोन से पूछा गया तो दोनों लोगों ने ऐसी किसी घटना की जानकारी होने से इनकार किया है।

## डैम में गिरे पत्नी और बच्चे की मौत

रेनुकूट/सोनभद्र। पिपरी थाना क्षेत्र के चकेलवा कुंडा भाटी के बेलवादह डैम को ट्यूब से पार करते समय पति, पत्नी और एक चार साल की मासूम डैम में गिरे। पति तो तैरकर किनारे पहुंच गया पर चार साल की मासूम बच्ची और महिला डूब गई। वही किनारे निकले पति के द्वारा मामले की सूचना किसी तरह डायल 112 को दिया गया। मौके पर पहुंची डायल 112 और स्थानीय पुलिस ने कल स्थानीय मछुआरों के सहारे दोनो की तलाश की पर कोई पता नहीं चला जिसके बाद एसडीआरएफ टिम को सूचना दिया गया। वही आज सुबह मौके पर पहुंचीएसडीआरएफ टिम द्वारा दोनों की तलाश शुरू कर दिया गया 20 घंटे बीत जाने के बाद दोनों शव नदी से बरामद कर लिया गया है दोनो शवों को पुलिस कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। वही मामले में डैम से तैरकर बाहर निकले मृतिका के पति राहुल ने बताया कि रोज की भांति कल शाम को हम अपने पत्नी ऊषा उम्र 24 वर्ष और भतीजी उम्र 04 वर्ष को लेकर ट्यूब के सहारे वापस घर लौट रहे थे, तभी बीच नदी में अचानक दोनों ट्यूब से फिसल गए जिससे वो दोनों नदी में गिर गए, मै तो तैरकर किसी तरह बाहर आ गया पर मेरी पत्नी और भतीजी डूब गए। हमने डायल 112 को सूचना दिया अभी तक उनका कोई पता नहीं चल सका है। वही मामले में सीओ सिटी रणधीर मिश्रा ने बताया कि कल ट्यूब पर बैठकर नदी पार कर रहे पति-, पत्नी और एक 04 वर्षीय बच्ची की नदी में गिर जाने से पत्नी और मासूम की डूब कर मौत हो गई आज सुबह से एसडीआरएफ की टीम गोताखोरों की मदद से उनकी तलाश की जा रही थी दोनों शवबरामद कर लिए गए हैं दोनों शवों का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है।

## बोर्ड परीक्षा ड्यूटी में मनमानी बीईओ बने कठपुतली

मीरजापुर। विकासखंड नारायणपुर में १८ फरबरी से शुरू होने वाली बोर्ड परीक्षा में बेसिक अध्यापकों की लगाने वाली ड्यूटी में मनमानी देखने को मिल रही है। कई अध्यापकों द्वारा खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय यानि बीआरसी पर अपने कुछ चहेते शिक्षकों का उनकी सुविधानुसार उनके पसंद के परीक्षा केंद्र पर कक्ष निरीक्षक के रूप में ड्यूटी लगायी गई है, वहीं दूसरी ओर कुछ अध्यापकों की ड्यूटी उनके विद्यालय, घर से १५-२० किमी की दूरी पर लगायी गई है। आपको बता दे कि ऐसा मामला हर बार सिर्फ इसलिए देखने को मिलता है कि बीआरसी पर कुछ अध्यापक अपना विद्यालय छोड़ के अपनी सेवा दे रहे है। उन अध्यापकों में निलंबित चल रहे चर्चित अध्यापक धीरज सिंह भी शामिल है। जिनके इशारे पर सभी ड्यूटी मनमाने ढंग से लगायी जाटी रही है। अपने साथ वाले शिक्षकों की यातो ड्यूटी नहीं लगायी गई है या फिर उनसे पूछ कर उनके सुविधानुसार ड्यूटी लगायी गई है। इस मामले में बीईओ की मौन सहमति है। जो वो लोग चाहते है वही बीईओ द्वारा किया जाता है। कुछ महिला शिक्षको की भी ड्यूटी उनके घर या विद्यालय से दूर लगा दिया गया है जिससे वो अपने छोटे बच्चे को अकेला छोड़कर सुबह ६ बजे बोर्ड की ड्यूटी किस प्रकार से करेंगी। कुछ ऐसे भी परीक्षा केंद्र है जहां पब्लिक ट्रांसपोर्ट की सुविधा उपलब्ध नहीं है उनकी इसी मजबूरी का फायदा उठाकर उनका शोषण किया जाएगा और उनके स्थान पर किसी और की ड्यूटी लगा दी जाएगी। इसी तरह का मामला पूर्व में तहसील पर सुपरवाइजर, बीएलओ की नियुक्ति में भी की गई।

## बच्चों को लगाये गये खसरा रूबेला एमआर के टीके

लालगंज, मीरजापुर। विकास खंड लालगंज क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय सेमरा प्रताप सिंह में मंगलवार को बच्चों में होने वाले खसरा और रुबेला के संक्रमण से बचाव के लिए स्वास्थ्य विभाग की ओर से विशेष टीकाकरण अभियान चलाया गया। जिसमें एएनएम आरती कुशवाहा के द्वारा कुल 49 बच्चों को खसरा एमआर का टीका लगाया गया। यह अभियान स्कूलों और सामुदायिक केंद्रों के माध्यम से संचालित किया जा रहा है। इसका अंतिम उद्देश्य वर्ष 2026 तक देश से इन बीमारियों का पूरी तरह से उन्मूलन करना है। इस दौरान स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी नासिर खान ने बताया कि इस खसरा रूबेला टीकाकरण अभियान का मुख्य उद्देश्य बच्चों को खसरा और रूबेला जैसी गंभीर बीमारियों से सुरक्षित रखना है। इसका लक्ष्य 15 वर्ष तक के सभी बच्चों को सुरक्षित एवं मुफ्त टीके उपलब्ध कराना है। इस अवसर पर स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी नासिर खान, प्रभारी प्रधानाध्यापिका संगीता देवी, एएनएम आरती कुशवाहा, आशा हीरावती, अनिल कुमार यादव, कांति देवी आदि उपस्थित रहे।

## प्रहलाद चरित्र व वामन अवतार का किया वर्णन

मीरजापुर। हलिया बाजार के गणेश मंदिर के पास चल रही संगीत मयी श्रीमद् भागवत कथा के तीसरे दिन मंगलवार को प्रहलाद चरित्र तथा वामन औतार की कथा का वर्णन किया। कथा वाचक पंडित ओम प्रकाश उपाध्याय ने कहा प्रहलाद चरित्र एवं वामन अवतार में पिता पुत्र के चरित्र का वर्णन किया गया है। कथा वाचक ने कहा कि अपने बच्चों को संस्कार अवश्य दें जिससे वह बुढ़ापे में अपनी माता-पिता की सेवा कर सके। मनुष्य को दिखावा नहीं कर भगवान को सच्चे हृदय से याद करना चाहिए। अहंकार ईर्षा से मुक्त होने पर ही मनुष्य को ईश्वर की प्राप्ति होती है। श्रीमद् भागवत कथा में प्रहलाद चरित्र पुत्र एवं पिता के संबंध को प्रदर्शित करता है यदि भक्त सच्चा है तो विपरीत परिस्थितियों में भी उसे भगवान की भक्ति से विमुख नहीं कर सकता। भयानक राक्षस प्रवृत्ति के हिरण्यकश्यप जैसे पिता को प्राप्त करने के बाद भी प्रह्लाद ने ईश्वरी भक्ति नहीं छोड़ी और सच्चे अर्थों में कहा जाए तो प्रहलाद द्वारा अपने पुत्र होने का दायित्व भी निभाया। उन्होंने कहा कि पुत्र का यह सर्वोपरि दायित्व है कि यदि उसका पिता कुमार्ग गामी और दुष्ट प्रवृत्ति का हो तो उसे भी सुमार्ग पर लाने के लिए सदैव प्रयास करने चाहिए। भगवान नरसिंह द्वारा उनका संघार हुआ उसके बाद भी प्रहलाद ने अपने पुत्र धर्म का निर्वहन किया और अपने पिता की सद्गति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की जिससे पिता का उद्धार हुआ। इस दौरान कथा आचार्य पंडित रमाकांत महाराज, मुख्य यजमान लक्ष्मण दास सेठ उर्फ लल्लू, शिव बाबू सेठ, शिव सोनी, धनंजय, हर्षित, राजकुमार, माधव, महेश, अश्विनी कुमार सेठ आदि।

संक्षेप

## 15 से अधिक कंपनियां देंगी रोजगार

देवरिया। उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन एवं आईटीआई के संयुक्त तत्वावधान में 24 फरवरी को जनपद में एक भव्य रोजगार महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम का उद्देश्य क्षेत्र के बेरोजगार युवाओं को प्रतिष्ठित कंपनियों में सीधे रोजगार के अवसर उपलब्ध कराना है।

जिला समन्वयक, जिला कार्यक्रम प्रबंधन इकाई, उ0प्र0 कौशल विकास मिशन, देवरिया ने बताया कि महोत्सव में देश-प्रदेश की 15 से अधिक प्रतिष्ठित कंपनियां प्रतिभाग करेंगी।

विभिन्न क्षेत्रों जैसे आईटी, मैन्युफैक्चरिंग एवं सेवा क्षेत्र में हजारों रिक्त पदों पर युवाओं का चयन किया जाएगा। कार्यक्रम प्रातः 10 बजे से प्रारंभ होगा।

उन्होंने बताया कि हाईस्कूल, इंटरमीडिएट, स्नातक, आईटीआई तथा कौशल विकास मिशन से प्रशिक्षित अभ्यर्थी अपनी प्रोफाइल एवं समस्त शैक्षिक प्रमाण-पत्रों के साथ इसमें प्रतिभाग कर सकते हैं।

# आगामी त्योहारों के दृष्टिगत जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक

जिला संवाददाता




**कुशीनगर**। जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर की अध्यक्षता तथा पुलिस अधीक्षक केशव कुमार की उपस्थिति में आगामी त्योहारों के दृष्टिगत जनपद स्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित की गई।

बैठक में जिलाधिकारी ने रमजान, होलिका दहन, होली, नवरात्र एवं रामनवमी आदि पर्वों की सभागार में उपस्थित पीस कमेटी के सदस्यों के माध्यम से जनपदवासियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सभी त्योहार आपसी भाईचारे एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में परम्परागत तरीके से मनाया जाय। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि पूरी संवेदनशीलता के साथ पिछले विवादों विशेष कर दो समुदायों के रिकार्ड को अवश्य चेक कर लें, तथा जो लगातार विवादों में शामिल रहे हों उन्हें उचित धाराओं में पाबन्द कर दिए जाएं। उन्होंने पुलिस एवं प्रशासन के अधिकारियों को निर्देशित किया कि अपने विवेक का इस्तेमाल करें तथा आवश्यकता अनुरूप उच्च अधिकारियों को अवगत कराएं। उन्होंने कहा कि प्रशासनिक एवं पुलिस वीभाग के अधिकारी, स्वास्थ्य, विद्युत, नगरपालिका के अधिकारियों का मोबाइल नम्बर अवश्य रखें ताकि कम समय मे बेहतर रिस्पॉन्स मिल सके।

जिलाधकारी ने कहा होली के दिन किसी को जबरदस्ती रंग न लगाया जाए तथा शराब पीकर किसी भी प्रकार की अभद्रता न की जाए। पुरानी रंजिश को लेकर विवाद उत्पन्न करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। जिलाधिकारी ने कहा कि होलिका दहन स्थलों से संबंधित विवादों का समाधान आपसी सहमति एवं शांतिपूर्ण तरीके से किया जाए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि अपने-अपने विभागों से संबंधित तैयारियां समय से पूर्ण कर लें। होलिका दहन के दिन निर्बाध जलापूर्ति सुनिश्चित की जाए, तथा रमजान के दौरान नमाज स्थलों पर साफ-सफाई की विशेष व्यवस्था रहे। उन्होंने कहा कि शोभायात्राओं के दौरान डीजे की ध्वनि माननीय उच्चतम न्यायालय द्वारा निर्धारित डेसीबल सीमा के अनुरूप ही हो। यदि कोई व्यक्ति होली की शोभायात्रा में कानून-व्यवस्था से छेड़छाड़ करता है तो उसके विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी।

जिलाधिकारी ने परिवहन विभाग को निर्देश दिया कि त्योहारों के दौरान शहरी क्षेत्रों के भीड़भाड़ वाले स्थानों पर भारी एवं ओवरलोड वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित किया जाए तथा शराब पीकर वाहन चलाने वालों के विरुद्ध सख्त चालान की कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने सभी अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्र का भ्रमण कर व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक केशव कुमार ने कहा कि त्योहारों के दौरान सोशल मीडिया पर प्रसारित अफवाहों पर ध्यान न दें और न ही किसी प्रकार की प्रतिक्रिया दें। उन्होंने अभिभावकों से अपने बच्चों को अच्छे संस्कार देने की अपील की।

उन्होंने निर्देश दिया कि डीजे माननीय न्यायालय की गाइडलाइन के अनुसार ही बजाए जाएं तथा होली के अवसर पर शराब पीकर किसी भी प्रकार की अभद्रता न की जाए। आयोजक समितियों के सदस्यों की ड्यूटी पुलिस के साथ समन्वय में लगाई जाए, जिससे किसी प्रकार की अव्यवस्था उत्पन्न न हो। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि सभी पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारी आपसी समन्वय स्थापित कर त्योहारों को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण एवं विवाद रहित तरीके से संपन्न कराएं। शरारती तत्वों को चिन्हित कर आवश्यकतानुसार पाबंद किया जाए। उन्होंने कहा कि आयोजकों से वार्ता कर होलिका दहन एवं जुलुस परम्परागत तरीके से ही हो तथा हल्का सिपाही अपने क्षेत्रों का भ्रमण अवश्य कर लें। उन्होंने कहा कि कहीं भी सड़क पर नमाज न हो तथा निर्धारित स्थलों पर ही पढ़ी जाय। इस दौरान प्रशासनिक अधिकारियों, पुलिस अधिकारियों एवं पीस कमेटी के सदस्यों से सुझाव लेते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में अपर जिलाधिकारी वैभव मिश्रा, अपर पुलिस अधीक्षक, समस्त उप जिलाधिकारी, एवं अन्य सम्बन्धित अधिकारी गण के साथ विभिन्न धर्मो के अनुयायी एवं गणमान्य नागरिक आदि उपस्थित रहे।

## हज यात्रियों के लिए टीकाकरण का हुआ शुभारंभ



**कसया, कुशीनगर**। नगर पालिका परिषद कुशीनगर के वार्ड सं.12वीं अब्दुल नगर( पिपरहिया) स्थित जामिया उमर फारूक मदरसा में मंगलवार को हज यात्रा पर जाने वाले यात्रियों के टीकाकरण का शुभारम्भ किया गया टीकाकरण कार्य का उद्घाटन जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डा.मुकेश यादव के निर्देशन मे जिला वेक्सीन भंडार प्रबंधक विनोद शाह और डा. उम? जमा द्वारा फीता काट कर किया गया। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डा. श्री यादव ने बताया कि हज यात्रियों को मेनिन्जाइटिस और इन्फ्लूएंजा का टीका लगाया जा रहा है। दोनों टीका संक्रामक बीमारियों के लिए हैं। उन्होंने यह भी कहा कि हज यात्रा एक पवित्र और शारीरिक रूप से चुनौतीपूर्ण सफर है, इसलिए यात्रियों की सुरक्षा और स्वास्थ्य के लिए यह कदम बेहद महत्वपूर्ण है। आमतौर पर हज यात्रियों के लिए टीकाकरण और स्वास्थ्य प्रक्रियाओं से जुड़ी मुख्य टीके सऊदी अरब सरकार की गाइड लाइन के अनुसार अनिवार्य है। टीकाकरण के बाद यात्रियों को हेल्थ सर्टिफिकेट 'वैक्सीनेशन सर्टिफिकेट' भी दिया गया, जिसे यात्रा के दौरान साथ रखना जरूरी है। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग की टीम में डा.स्नेहा कुमारी, एलटी संतोष गोंड, फामासिस्ट बशीर अहमद, एनम शबनम खातुन, कन्हैया यादव, राजीव श्रीवास्तव, आरएम धरवेंद्र सिंह, आदर्श आदि स्वास्थ्य कर्मी व हज यात्री मौजूद रहे।

## भाजपा की जिला प्रशिक्षण कार्यशाला आज



**देवरिया** : मंगलवार, भाजपा शीर्ष नेतृत्व के निर्देश पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय जिला प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन बुधवार को क्षेत्र के औरा चौरी स्थित पार्टी कार्यालय पर किया जाएगा। उक्त बातें भाजपा जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ने जिला पंचायत परिसर में एक बैठक के दौरान बताई। श्री सिंह ने बताया कि संगठन को मजबूत और कार्यकताओं को प्रशिक्षित करने के लिए समय समय पर पार्टी द्वारा ऐसे आयोजन किए जाते हैं जहां कार्यकताओं को संगठन की जानकारी, अनुशासन, और राष्ट्रनिर्माण के प्रति सजग किए जाने हेतु प्रशिक्षित किया जाता है। उन्होंने सभी कार्यकताओं और पदाधिकारियों से अपील करते हुए कहा कि आप सभी इस कार्यशाला में उपस्थित हो राष्ट्रनिर्माण की भावना से प्रेरित होकर विकसित भारत के संकल्पों को साकार करने में अपना योगदान करें। इस दौरान जिला उपाध्यक्ष राजेश कुमार मिश्रा, जिला महामंत्री श्रीनिवास मणि त्रिपाठी, कृष्णनाथ राय, मीडिया प्रभारी प्रभाकर तिवारी, राजेश सिंह, सुधीर श्रीवास्तव, रूपम पांडे, विश्वनाथ राव आदि उपस्थित रहे।

## याद किये गये पूर्व मंत्री पंडित दुर्गा प्रसाद मिश्र



**बरहज, देवरिया**। भालुअनी ब्लाक सभागार में भाजपा कार्यकताओं ने पूर्व मंत्री स्व. दुर्गा प्रसाद मिश्र की 12वीं पुण्यतिथि पर उनके चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि दिया। मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष गिरीश चंद तिवारी ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि स्व. दुर्गा प्रसाद मिश्र गरीबों, मजदूरों का पैरोकार थे। वह राजनीतिक पुरोधा थे। उनका राजनीतिक जीवन हमेशा गरीबों के उत्थान व क्षेत्र के विकास के लिए प्रयत्नशील रहा। पूर्व विधायक सलेमपुर काली प्रसाद ने संबोधित करते हुए कहाकि स्व. मिश्र का जीवन हमेशा गरीबों के लिए समर्पित रहा। सभा को अंगद तिवारी, ब्लाक प्रमुख देवरिया पिंटू जायसवाल, ब्लाक प्रमुख अमित सिंह बबलू, अमरेश सिंह, प्रणव कुमार दूबे आदि ने संबोधित किया। इस दौरान रामजी सिंह, अष्टभुजा श्रीवास्तव, सूरज दूबे, सचिन सिंह, रामानंद सिंह,जितेंद्र सागर, विनोद सिंह गुड्डू, सुनील जायसवाल, दिनेश गुप्त, सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ताओ ने अपनी श्रद्धांजलि अर्पित किया।

## राजनीतिक सुचिता के लिए कर्पूरी का अनुशरण आवश्यकः चंद्रभूषण सिंह यादव

**देवरिया**। भारत रत्न कपूर्री ठाकुर ने मुख्यमंत्री रहते सामाजिक न्याय के लिए जो कार्य किए हैं, वे सदियों तक याद किए जाते रहेंगे क्योंकि अब और कोई कपूर्री नहीं पैदा होगा जो जीते जी सामाजिक विषमता के विरुद्ध लड़ते हुए अपमान सहकर भी जीवन पर्यंत कार्य करते रहै। मरने के बाद उनके पास कोई धन,संपदा,बैंक बैलेंस नहीं रहा,। उक्त उद्गार रामपुर कारखाना विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत डुमरी स्थित सपा जन संपर्क कार्यालय पर आयोजित कपूर्री ठाकुर स्मृति दिवस कार्यक्रम में व्यक्त करते हुए सपा के पूर्व प्रवक्ता चंद्रभूषण सिंह यादव ने कहा कि कपूर्री व्यक्ति नहीं विचार थे जिनका अनुशरण राजनीतिक शुचिता के लिये आवश्यक है सपा के पूर्व प्रवक्ता चंद्रभूषण सिंह यादव ने कहा कि कपूर्री ठाकुर ने जब सामंतवाद के मुकाबले पिछड़े वर्गों की बहबूदी के लिए संवैधानिक प्राविधानों के तहत विशेष अवसर देने की घोषणा की तो मुख्यमंत्री रहते उन्हें विधानसभा के अंदर और पटना की सड़कों पर भर विरोध झेल। सामाजिक समता के लिए जीवन पर्यंत संघर्षरत रहे कपूर्री ठाकुर को उनके स्मृति दिवस पर व्यास यादव, रामाशीष यादव, श्यामराज कन्नौजिया,रामआसरे यादव,सुरेश नारायण सिंह यादव, रामप्यारे यादव, संतोष मद्धेशिया, अयोध्या वर्मा, नाजिर अंसारी, शंकर गोंड, नारायण प्रसाद, विनोद यादव, इकबाल अहमद, संतोष कुमार सिंह, राम नगीना यादव आदि ने उनके चित्र के समक्ष श्रद्धावनत हो नमन किया।

## श्रीमद्भागवत कथा श्रवण से कई जन्मों के पाप धुल जाते हैंः लक्ष्मी प्रिया

भटनी ( देवरिया ) स्थानीय क्षेत्र के बनकटाशिव, सल्लहपुर स्थित नवनिर्मित परिसर में आयोजित श्री लक्ष्मीनारायण महायज्ञ एवं विग्रह प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव के तृतीय दिवस को श्रद्धा, आस्था और भक्ति का अनुपम संगम देखने को मिला। प्रातः काल से ही भक्तजनों, श्रद्धालुओं एवं परिक्रमा करने वाले धर्मावलम्बियों की भारी भीड़ ने पूरे परिसर को भक्तिमय बना दिया। मंदिर परिसर में बने विशाल यज्ञ मंडप में यज्ञाचार्य रंगनाथ त्रिपाठी जी के नेतृत्व में आचार्यों द्वारा सामूहिक मंत्रोच्चार के साथ विधिवत पूजन एवं यज्ञ जारी है। वेद-मंत्रों की पवित्र ध्वनि से सम्पूर्ण वातावरण गुंजायमान हो उठा। इस महायज्ञ के प्रमुख यजमान डॉ० नन्द किशोर तिवारी एवं नीलेश्वर राय सपत्नीक उपस्थित रहे और श्रद्धापूर्वक आहुति अर्पित की। दूर-दराज क्षेत्रों से आए नवयुवक-नवयुवतियाँ, महिलाएँ, बुजुर्ग एवं बच्चे निरंतर यज्ञ मंडप की परिक्रमा करते रहे। 24 घंटे अनवरत चल रही इस परिक्रमा ने आयोजन को आध्यात्मिक ऊर्जा से परिपूर्ण कर दिया है। दोपहर बाद अयोध्या धाम से पधारी मुख्य कथावाचिका लक्ष्मीप्रिया द्वारा आज के प्रसंग में राजा परीक्षित की कथा के माध्यम से मनुष्य को मोक्ष्य प्राप्ति का साधन बताते हुए कही की श्रीमद्भागवत कथा के श्रवण से कई जन्मों के पाप घुल जाते है। कथा श्रवण करते श्रद्धालु भाव-विभोर एवं मंत्रमुग्ध दिखाई दिए। सायंकाल आयोजित भजन संध्या में भजन गायिका स्वाति मिश्रा ने अपने मधुर स्वरों से भक्तों को भक्ति रस में सराबोर कर दिया। रात्रि 10 बजे से रामलीला का सजीव मंचन किया जा रहा है।

# नए कॉरिडोर से वाराणसी से जुड़ेगा देवरिया, कुशीनगर वाराणसी की यात्रा होगी सुगम

जिला संवाददाता

**बरहज,देवरिया**। कुशीनगर से वाराणसी के लिए नए कॉरिडोर का निर्माण होगा। यह कॉरिडोर जनपद से भी होकर जाएगा। 220 किलोमीटर लंबे इस कॉरिडोर के निर्माण की कुल लागत करीब 342 करोड़ रुपए है। कुशीनगर से देवरिया, दोहरीघाट, गाजीपुर, जमानिया होते हुए वाराणसी तक यह नया कॉरिडोर प्रस्तावित है। इसमें कुशीनगर से देवरिया खंड 35 किलोमीटर, देवरिया से दोहरीघाट खंड 22 किलोमीटर, दोहरीघाट से गाजीपुर खंड 83 किलोमीटर और गाजीपुर से वाराणसी खंड 80 किलोमीटर है।

जानकारी के अनुसार दोहरीघाट, बड़हलगंज से गाजीपुर तक फोरलेन का निर्माण किया गया है।

अब इसे और भी सुदृढ़ तरीके से बनाया जाएगा। नए कॉरिडोर का पूर्वांचल और गंगा एक्सप्रेसवे से सीधे जोड़कर बिहार और प्रयागराज तक आवागमन को सुलभ करना है। इसमें दोहरीघाट से गाजीपुर तक फोरलेन का निर्माण किया गया है। मार्ग को सही करने के लिए स्टेपलिंग और गाउटिंग का काम तेज गति से हो रहा है। फोरलेन पर पड़ने वाले ओवरब्रिज सहित अनेक जगहों पर मरम्मत कार्य हो रहा है। बौद्ध स्थली होने से वाराणसी, सारनाथ से भी लोगों का आवागमन होता है। वाराणसी से दोहरीघाट, बड़हलगंज तक फोरलेन मार्ग है, कोरिडोर का निर्माण होने से अब देवरिया होते हुए सीधे कुशीनगर तक लोग जाएंगे। इसके पहले लोग कुशीनगर गोरखपुर होकर जाते है। नया कोरिडोर का निर्माण होने से रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे।

प्रदेश सरकार के ड्रीम प्रोजेक्ट में शामिल छह हाईवे कारिडोर में से एक कारिडोर कुशीनगर से बरहज, बड़हलगंज, मऊ व जमानियां के रास्ते वाराणसी तक प्रस्तावित है। कुशीनगर से वाराणसी के लिए नए कॉरिडोर का निर्माण राज्य सरकार की ओर से प्रस्तावित है। इसको लेकर कवायद की जा रही है।

# नगर निगम कार्यालयों में नगर आयुक्त ने की जनसुनवाई, अधिकांश शिकायतों का मौके पर



**मथुरा**। उत्तर प्रदेश सरकार की पहल पर प्रत्येक मंगलवार को आयोजित होने वाले ह्लसंभवह्व संतुष्टि एवं समृद्धि कार्यक्रम के अंतर्गत जन शिकायतों के त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण के निर्देश दिए गए हैं। इसी क्रम में मंगलवार को भूतेश्वर स्थित नगर निगम मथुरा-वृंदावन कार्यालय में नगर आयुक्त जग प्रवेश द्वारा जनसुनवाई की गई। वहीं वृंदावन जोनल कार्यालय में सहायक नगर आयुक्त अनुज कौशिक तथा जनरल गंज स्थित नगर निगम कार्यालय में अपर नगर आयुक्त अनिल कुमार ने जनसुनवाई की। जनसुनवाई के दौरान नगर निगम के सभी विभागाध्यक्ष उपस्थित रहे। नगर आयुक्त ने शिकायतकताओं की समस्याएं सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को शीघ्र कार्रवाई के निर्देश दिए। भूतेश्वर जोन में कुल 9 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें 4 अतिक्रमण, 1 पेंशन, 2 आवारा कुत्तों को पकड़वाने तथा 2 सफाई से संबंधित थीं। इनमें से एक सफाई संबंधी शिकायत का मौके पर निस्तारण कर दिया गया। वृंदावन जोन में सफाई से जुड़ी 2 शिकायतें प्राप्त हुईं। सिटी जोन में सफाई से संबंधित 1 शिकायत दर्ज की गई। सफाई एवं जलकर से संबंधित शिकायतों का निस्तारण करा दिया गया। अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि प्राप्त सभी शिकायतों का निस्तारण निर्धारित समय सीमा के भीतर सुनिश्चित किया जाए। जनसुनवाई में अपर नगर आयुक्त सौरभ सिंह, सहायक नगर आयुक्त राकेश कुमार त्यागी, कल्पना सिंह चैहान, अनुज कौशिक, अधिशासी अभियंता अमरेंद्र गौतम, जल विभाग के अधिशासी अभियंता राम कैलाश, मुख्य कर निर्धारण अधिकारी नरेंद्र कुमार यादव तथा नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. रामगोपाल सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# बेटी बचाओझ्र बेटी पढ़ाओ पर रैली, नुक्कड़ नाटक से जागरूकता

भटनी ( देवरिया ) स्थानीय नगर स्थित बहादुर यादव मेमोरियल पी जी कॉलेज में चल रहे राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के सप्त दिवसीय विशेष शिविर का द्वितीय दिवस सामाजिक सरोकारों और जनजागरूकता कार्यक्रमों के साथ उत्साहपूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत एनएसएस के लक्ष्य गीत ह्लउठे समाज के लिए उठेह्व के सामूहिक गायन से हुई। इसके उपरांत स्वयंसेविकाओं द्वारा बेटी बचाओझ्रबेटी पढ़ाओ विषय पर केंद्रित जागरूकता रैली निकाली गई। छात्राओं ने प्लेकार्ड एवं आकर्षक पोस्टरों के माध्यम से समाज को बालिका शिक्षा एवं सुरक्षा के प्रति जागरूक करने का संदेश दिया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. त्रिपुरेश कुमार कुशवाहा के निर्देशन में स्वयंसेविकाओं ने प्राथमिक विद्यालय परिसर में साफ-सफाई कर तथा पौधों की सिंचाई कर स्वच्छता व पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया।

इस अवसर पर नारी शिक्षा पर आधारित प्रभावशाली नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया, जिसने उपस्थित जनसमूह को भावुक एवं प्रेरित किया। छात्राओं द्वारा नारी शिक्षा विषयक पोस्टर प्रदर्शनी भी आयोजित की गई, जिसकी सराहना की गई। द्वितीय सत्र में आयोजित बौद्धिक गोष्ठी में मुख्य वक्ता डॉ. अभिनव द्विवेदी ने कहा कि बेटियां देश और समाज की रीढ़ हैं तथा उनके शिक्षा और स्वास्थ्य की सुनिश्चित व्यवस्था हर सभ्य समाज का नैतिक दायित्व है।

अध्यक्षीय संबोधन में प्राचार्य डॉ. महेश कुमार गोंड ने कहा कि स्त्री शिक्षा समाज के सर्वांगीण विकास का आधार है और आज महिलाएं विज्ञान, राजनीति, साहित्य, पर्यावरण एवं खेल जैसे विविध क्षेत्रों में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। इसी क्रम में महाविद्यालय में एनएसएस के तृतीय दिवस कार्यक्रम के अवसर पर मतदाता साक्षरता कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। स्वयंसेवकों एवं स्वयंसेविकाओं ने मतदाता जागरूकता रैली निकालकर युवाओं को मतदान के प्रति प्रेरित किया।

कार्यक्रम का संयोजन एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी कंचन शर्मा द्वारा किया गया। महाविद्यालय के प्रबंधक कैप्टन जयराम यादव ने अपने संबोधन में कहा कि मतदाता पहचान पत्र किसी भी देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था की रीढ़ है। उन्होंने 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके प्रत्येक नागरिक से मतदाता पहचान पत्र बनवाने और मतदान में सक्रिय भागीदारी की अपील की। शिक्षाशास्त्र विभाग की डॉ. स्वणार्रानी ने 1 छात्राओं को फॉर्म-6 भरने के लिए प्रेरित किया।

# ओएनजीसी और एसएसए आई टी के ऐतिहासिक समझौता




**देवरिया**। जिले के रुद्रपुर तहसील क्षेत्र में स्थित कन्हौली गांव में स्थापित होगा विश्व का पहला ग्रामीण ओलंपिक तीरंदाजी हॉस्टल। भारत में जमीनी स्तर से ओलंपिक तैयारी को सशक्त करने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम उठाते हुए ओ एन जी सी और एस एस ए आई टी के बीच एक महत्वपूर्ण समझौता हुआ है इस समझौते के अंतर्गत देवरिया जिले के रुद्रपुर तहसील क्षेत्र में स्थित कन्हौली गांव में विश्व का पहला ओलंपिक तीरंदाजी हॉस्टल स्थापित किया जाएगा। उक्त बाते प्रेस कॉन्फ्रेंस में संजीव सिंह संस्थापक अध्यक्ष एवं निदेशक संजीव आर्चरी इंस्टीट्यूट ने जानकारी दी है। यह अत्याधुनिक सुविधायो से लैस होगा आवासीय ओलंपिक स्तर का छात्रावास स्पोर्ट्स साइंस केंद्र उच्च प्रदर्शन शक्ति।

अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप तीरंदाजी प्रशिक्षण मैदान उपलब्ध रहेगा। श्री सिंह ने बताया कि संजीव सिंह आर्चरी इंस्टीट्यूट ट्रस्ट श्रीनेत ग्लोबल स्कूल प्रथम वर्ल्ड आर्चरी स्कूल का उद्घाटन और शिलान्यास के लिए उत्तर प्रदेश के मुख्य मंत्री योगी आदित्यनाथ से अनुरोध किया गया है उम्मीद है कि उनके कर कमलों द्वारा जल्दी सम्पन्न किया जाएगा।

# प्रशासनिक लापरवाही या साजिश,हाईकोर्ट के नो रिलीफ से छात्रों का साल बर्बाद

जिला संवाददाता

**कुशीनगर**। पडरौना नगर मे संचालित गोस्वामी तुलसीदास इंटर कॉलेज के 700 छात्र इस साल परीक्षा कक्ष की दहलीज तक नहीं पहुंच सकेगें। वजह जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय की प्रशासनिक ढिलाई, नोडल अधिकारी की कथित लापरवाही और विद्यालय के प्रधान लिपिक की गैरजिम्मेदाराना कारस्तानी। जब उम्मीद की आखिरी किरण के रूप में यह मामला कोर्ट मे पहुंचा तो इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने भी ह्यनो रिलीफह्न की टिप्पणी करते हुए परीक्षार्थियों को तत्काल राहत देने से इंकार कर दिया। न्यायालय ने आवेदन-पत्रों में पाई गई गंभीर अनियमितताओं को आधार मानते हुए स्पष्ट कर दिया कि परीक्षा प्रक्रिया में नियमों से कोई समझौता नहीं किया जा सकता। हाईकोर्ट के इस सख्त आदेश ने न केवल विद्यालय प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए हैं, बल्कि सैकड़ों छात्रों का पूरा शैक्षणिक वर्ष भी अधर में डाल दिया है। नतीजतन 700 छात्रो का एक साल बिना फेल हुए बर्बाद हो गया।

**सिस्टम की गलती, छात्रो को मिली सजाः हाईकोर्ट से भी नहीं मिली राहत।**
**फर्जीवाड़े पर कोर्ट की चोटः सिस्टम की भेट चढी 700 परीक्षार्थियों का भविष्य**

### कैसे फंसा 700 छात्रों का भविष्य

बताया जा रहा है कि पत्राचार पंजीकरण और परीक्षा से संबंधित औपचारिकताओं में गंभीर अनियमितताएं बरती गईं। समय से ऑनलाइन प्रविष्टियां, सत्यापन और आवश्यक अभिलेख अपलोड नहीं किए गए। आरोप है कि नोडल अधिकारी विकास मणि त्रिपाठी ने निगरानी में कोताही बरती, जबकि प्रधान लिपिक ज्ञान प्रकाश पाठक स्तर पर कागजी कार्रवाई में भारी चूक हुई। जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय, जो अंतिम सत्यापन की जिम्मेदारी निभाता है, समय रहते खामियों को पकड़ने और सुधारने में विफल रहा। आरोप यह भी है कि बोर्ड परीक्षा के लिए अग्रसारित किए गए आवेदन-पत्रों पर नोडल अधिकारी के अधिकृत हस्ताक्षर नहीं थे। उनकी जगह प्रधान लिपिक द्वारा हस्ताक्षर किये गए थे जिसकी बोर्ड ने जांच कराई, जिसमें हस्ताक्षर फर्जी पाए गए। जांच रिपोर्ट के आधार पर बोर्ड ने संबंधित आवेदन निरस्त कर दिए। परिणामस्वरूप बोर्ड स्तर पर सात सौ छात्रों का प्रवेश पत्र जारी ही नहीं हो सका।

### परीक्षा छूटी, बिना फेल हुए बर्बाद हुआ एक साल

परीक्षा से वंचित हुए छात्र अब असमंजस में हैं। किसी का सपना सेना में भर्ती का था, किसी को पॉलिटेक्निक या स्नातक में प्रवेश लेना था। कई छात्र आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों से हैं, जिनके लिए एक साल का नुकसान सिर्फ शैक्षणिक नहीं, बल्कि आर्थिक और मानसिक आघात भी है। एक छात्र ने कहा, ह्लहमने पूरी तैयारी की थी। गलती अफसरों की थी, सजा हमें मिल गई।ह्व छात्रो व अभिभावकों में भारी रोष है। उनका कहना है कि यदि गलती प्रशासनिक स्तर पर हुई है, तो उसकी सजा छात्रों को क्यों दी जाए? अभिभावको ने मांग किया कि सभी दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए और छात्रों के भविष्य को बचाने के लिए विशेष परीक्षा या अन्य वैधानिक विकल्प तलाशे जाएं।

### न्यायालय का सख्त संदेश

न्यायालय के रुख ने साफ कर दिया है कि शैक्षणिक प्रक्रियाओं में पारदर्शिता और वैधानिकता सर्वोपरि है। यदि आवेदन-पत्र ही विधिसम्मत नहीं हैं, तो परीक्षा में बैठने की अनुमति नहीं दी जा सकती। अदालत ने यह भी स्पष्ट किया कि प्रशासनिक लापरवाही या आंतरिक अनियमितता का खामियाजा नियमों को दरकिनार कर दूर नहीं किया जा सकता।

### जिम्मेदार कौन

सबसे बड़ा सवाल यह है कि यदि आवेदन-पत्रों पर फर्जी हस्ताक्षर हुए, तो इसकी जिम्मेदारी किसकी है ?क्या नोडल अधिकारी की जानकारी के बिना दस्तावेज अग्रसारित किए गए?

डीआईओएस कार्यालय ने समय रहते त्रुटि क्यों नहीं पकड़ी? क्या यह सिर्फ लापरवाही है या फिर छात्रो का भविष्य बर्बाद करने का सुनियोजित खेल ?विद्यालय प्रबंधन और शिक्षा विभाग दोनों की भूमिका अब जांच के घेरे में है। यदि हस्ताक्षर फर्जी पाए गए, तो यहछ केवल प्रशासनिक चूक नहीं, बल्कि दंडनीय कृत्य की श्रेणी में आता है। फिलहाल हाईकोर्ट से राहत नहीं मिलने के बाद छात्रों के सामने अगला शैक्षणिक सत्र ही एकमात्र रास्ता बचा है। हालांकि, विशेषज्ञों का मानना है कि यदि शासन स्तर पर गंभीर पहल हो, तो विशेष अनुमति या वैकल्पिक परीक्षा की संभावना तलाश की जा सकती है। लेकिन जब तक जिम्मेदारी तय नहीं होती, तब तक यह मामला शिक्षा व्यवस्था की पारदर्शिता पर बड़ा प्रश्नचिह्न बना रहेगा।

### निष्क्रीय पदाधिकारी को दिखाया जाएगा बाहर का रास्ता

अयोध्या। सुधारन न होने पर निष्क्रीय पदाधिकारी को दिखाया जाएगा बाहर का रास्ता। ट्विटर एक्स डाउनलोड न करने पर शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष ने जताई नाराजगी उत्तर प्रदेश के प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रदेश के नेतृत्व के निर्देश पर जनपद अयोध्या के विकास खंडों में ब्लॉक कार्यसमिति एवं संघर्ष समिति की बैठक कर समीक्षा की जा रही है जिसमें टेट प्रकरण को लेकर आंदोलन की रणनीति एवं ट्विटर शिक्षकों को क्रियाशील किए जाने एवं अन्य विसंगतियों पर ध्यान आकर्षण है बैठक के क्रम में विकास खंड आमानीगंज की बैठक ब्लाक संसाधन केंद्र पर की गई जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष नीलमणि त्रिपाठी विशिष्ट अतिथि डॉ चक्रवर्ती सिंह जिला मंत्री रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्लॉक अध्यक्ष अजय सिंह ने की बैठक का संचालन ब्लॉक मंत्री उध्व श्याम तिवारी ने किया। जिलामंत्री चक्रवर्ती सिंह ने बताया कि 22 तारीख को ट्विटर अभियान 23 से 25 तक काली पट्टी बांधकर विरोध जताएंगे। 26 फरवरी को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय पर धरना देते हुए जिलाधिकारी के माध्यम से प्रधानमंत्री भारत सरकार को ज्ञापन प्रेषित किए जाने का निर्णय लिया गया है।

संक्षेप

## वैकल्पिक मार्ग में धंसकर ट्रक फंसा

फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। स्थानीय क्षेत्र के अन्तर्गत काली मिट्टी शिवराज पुर मार्ग पर बाढ़ के समय दबौली के पास हुए कटान से पूरा मार्ग कटकर बह गया था जिससे लगभग छह माह आवागमन रुका रहा। हाल ही मे क्षेत्रीय विधायक श्री कांत कटियार के प्रयासों से वैकल्पिक मार्ग बनाया गया जिससे दो पहिया और हल्के चार पहिया वाहनों को निकलने की अनुमति दी गई लेकिन इससे भारी वाहन भी निकलने लगे। भारी वाहनों के आवागमन से मार्ग क्षतिग्रस्त होने लगा। मंगलवार को एक ट्रक इस वैकल्पिक बने कच्चे मार्ग में फंस गया जिसके चलते अन्य छोटे वाहनों को निकलने में कठिनाई का सामना करना पड़ा। क्षेत्रीय लोगों ने इस मार्ग से बड़े एवम भारी वाहनों के आवागमन पर रोक लगाने की मांग की है ताकि आने जाने वाले लोगों और छोटे वाहन चालकों को कठिनाई का सामना न करना पड़े।

## बच्चों ने देखा गन्ने से चीनी बनने तक का सफर

हरगाँव (सीतापुर)। मंगलवार को अवध शुगर एण्ड एनर्जी लिमिटेड परिसर में राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के अंतर्गत परिषदीय विद्यालयों के छात्र-छात्राओं के लिए एक दिवसीय शैक्षिक भ्रमण आयोजित किया गया। लखीमपुर खीरी जनपद के बेहजम विकास खंड से आए लगभग सौ बच्चों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। खण्ड शिक्षा अधिकारी देवेश राय के निर्देशन में पहुंचे विद्यार्थियों का स्वागत मिल के मुख्य द्वार पर किया गया तथा सुरक्षा के दृष्टिगत सभी को सुरक्षात्मक टोपियां प्रदान की गईं। इसके बाद बच्चों को गन्ने की तौल, पिराई, रस शोधन, उबाल, क्रिस्टलीकरण और अंततः चीनी तैयार होने तक की पूरी प्रक्रिया क्रमवार दिखाई गई। विशाल मशीनों की गड़गड़ाहट और भाप के बीच चीनी निर्माण की वैज्ञानिक विधि को सरल भाषा में समझाया गया, जिससे बच्चे रोमांचित नजर आए।भ्रमण के पश्चात जलपान की व्यवस्था की गई और विद्यार्थियों ने अपने अनुभव साझा किए। कार्यक्रम का समापन बेहजम स्थित ब्लॉक संसाधन केंद्र में हुआ। इस अवसर पर एआरपी राजीव सेंगर, जगदीश मिश्र सहित अनेक शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहीं।

## फीस के नाम पर रोके प्रवेश पत्र, भड़के किसान नेता

सीतापुर।डीपी वर्मा इंटर कॉलेज में बकाया फीस के कारण छात्रों को प्रवेश पत्र न दिए जाने का मामला तूल पकड़ गया। परीक्षा नजदीक होने से छात्र-छात्राओं और अभिभावकों में भारी चिंता व्याप्त थी। कई विद्यार्थियों की आंखों में आंसू देख माहौल भावुक हो उठा।सूचना मिलते ही संयुक्त किसान मोर्चा के संयोजक पिंदर सिंह सिद्धू कॉलेज परिसर पहुंचे और पीड़ित छात्रों से मुलाकात कर उनकी समस्या सुनी। उन्होंने इसे छात्रों के भविष्य से खिलवाड़ बताते हुए तत्काल जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय को अवगत कराया।मामले की गंभीरता को देखते हुए जिला विद्यालय निरीक्षक ने प्रकरण का संज्ञान लिया और कॉलेज प्रबंधन को कड़ी फटकार लगाई। साथ ही निर्देश दिए कि फीस संबंधी आवेदन पत्र लेकर सभी छात्रों को तुरंत प्रवेश पत्र उपलब्ध कराए जाएं, ताकि उनकी परीक्षा प्रभावित न हो।प्रशासन के हस्तक्षेप के बाद कॉलेज प्रबंधन ने प्रवेश पत्र जारी करने की प्रक्रिया शुरू कर दी। संयुक्त किसान मोर्चा ने चेतावनी दी कि आर्थिक कारणों से किसी भी छात्र का भविष्य बाधित नहीं होने दिया जाएगा।

## तेज रफ्तार बस की टक्कर से मां की मौत, बेटा घायल

सीतापुर। कोतवाली देहात क्षेत्र में सोमवार देर रात बिजवार के पास तेज रफ्तार बस ने बाइक सवार मां-बेटे को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में रामकोट थाना क्षेत्र के देवगनपुर निवासी रामकली की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उनका बेटा गंभीर रूप से घायल हो गया। पति अवधेश को मामूली चोटें आई हैं। जानकारी के अनुसार रामकली परिवार के साथ मुंडन संस्कार में शामिल होने जा रही थीं। खैराबाद इलाके के बिजवार के पास पीछे से आ रही तेज रफ्तार बस ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि रामकली सड़क पर गिर पड़ीं और गंभीर चोटों के कारण दम तोड़ दिया।सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल बेटे को जिला अस्पताल भिजवाया और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।प्रभारी निरीक्षक अमर सिंह ने बताया कि अज्ञात बस की तलाश के लिए आसपास के दृश्यांकन यंत्रों की रिकॉर्डिंग खंगाली जा रही है। तहरीर मिलते ही विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# लापरवाही पर बरसे डीएम, वेतन रोकने व प्रतिकूल प्रविष्टि के आदेश



सीतापुर, ।डा. राजागणपति आर ने मंगलवार को खंड विकास अधिकारी कार्यालय परसेण्डी का औचक निरीक्षण कर प्रशासनिक अमले में हड़कंप मचा दिया। निरीक्षण के दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना के सर्वे में गंभीर खामियां मिलने पर डीएम ने समाज कल्याण अधिकारी को फोन पर कड़ी फटकार लगाई ।निर्माण पत्रावलियों में फोटोग्राफ न मिलने और अभिलेखों में त्रुटियां पाए जाने पर लेखा लिपिक व खंड विकास अधिकारी रजनीश कुमार शुक्ला को प्रतिकूल प्रविष्टि जारी करने के निर्देश दिए गए। लघु सिंचाई विभाग के जेई पर अनुशासनिक कार्रवाई के आदेश भी दिए गए ।मनरेगा रजिस्टर अद्यतन न होने पर नाराजगी जताते हुए डीएम ने एपीओ रामशंकर को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) के कक्ष में महत्वपूर्ण पत्रावलियां न मिलने पर उनका वेतन रोकने के आदेश दिए गए ।सीडीपीओ कार्यालय में पुष्टाहार रजिस्टर का सत्यापन न मिलने पर कनिष्ठ सहायक व सीडीपीओ पर अनुशासनिक कार्रवाई के निर्देश दिए गए। डीएम ने पुष्टाहार की बोरियों की गिनती कर तत्काल रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश देते हुए साफ कहा कि विकास कार्यों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## कस्तूरबा विद्यालय में डीएम का निरीक्षण

सीतापुर, ।डा. राजागणपति आर ने कस्तूरबा गांधी बालिका इंटर कॉलेज, सिधौली का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।



निरीक्षण के दौरान उन्होंने मल्टीपर्पज हॉल, भोजनालय, किचन, साफ-सफाई, शौचालय व बाथरूम की स्थिति देखी। किचन में बच्चों को दिए जा रहे नाश्ते और राशन की गुणवत्ता परखी, जो संतोषजनक पाई गई ।डीएम ने कक्षा-6 की छात्राओं से बातचीत कर शिक्षण व्यवस्था और मूलभूत सुविधाओं की जानकारी ली तथा अध्यापकों की संख्या के बारे में पूछा। परिसर में सीसीटीवी कैमरों की संख्या बढ़ाने के निर्देश जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को दिए ।कंप्यूटर कक्ष का निरीक्षण करते हुए आरओ के पानी की गुणवत्ता संतोषजनक न मिलने पर संबंधित अधिकारियों को तत्काल सुधार के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अखिलेश प्रताप सिंह सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## मातृ मृत्यु दर पर सख्त डीएम, लापरवाही पर कार्रवाई की चेतावनी

सीतापुर, ।डा. राजागणपति आर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति (शासी निकाय) की बैठक सम्पन्न हुई, जिसमें स्वास्थ्य योजनाओं की प्रगति की गहन समीक्षा की गई ।डीएम ने सभी मातृ सुरक्षा केंद्रों और एफआरयू को प्रभावी ढंग से संचालित करने, दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने और गर्भवती महिलाओं से प्रसव तिथि पूर्व संपर्क कर जागरूक करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मातृ मृत्यु के हर मामले में डेथ ऑडिट अनिवार्य रूप से किया जाए और लापरवाही पाए जाने पर कड़ी विभागीय कार्रवाई हो। मेटरनल एनीमिया की समय पर जांच और उपचार, पीएमएसएमए व वीएचएसएनडी दिवसों के प्रभावी आयोजन तथा क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम में तेजी लाने पर जोर दिया गया। डीएम ने शत-प्रतिशत टीकाकरण, आयुष्मान आरोग्य मंदिरों के सुचारू संचालन और बजट के समयबद्ध सदुपयोग के निर्देश देते हुए स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार को सर्वोच्च प्राथमिकता बताया।

# एसडीएम ने परीक्षा केंद्र का निरीक्षण कर तैयारियां देखी



पाटन, उन्नाव। तहसील क्षेत्र में होने वाली उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा बोर्ड प्रयागराज की परीक्षा सकुशल संपन्न कराने के लिए एसडीएम रणवीर सिंह ने कई परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण का केंद्र व्यवस्थापको से बातचीत की। यू पी हाई स्कूल व इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा को लेकर एस डी एम रनवीर सिंह ने महात्मा गांधी इंटर कॉलेज पाटन, त्रिवेणी काशी इंटर कॉलेज बिहार, गिरजा शंकर सरला देवी बिहार, आर बी एन इंटर कॉलेज बिहार, भगवान बक्स सिंह इंटर कॉलेज वाजितपुर, इंटर कॉलेज, कोटवार पहुंचकर विद्यालय के केंद्र व्यवस्थापको से बातचीत की। एस डी एम ने स्ट्रांग रूम की सुरक्षा देखी। परीक्षा के लिए चिन्हित कमरों में जाकर सीटिंग प्लान का भी निरीक्षण किया। केंद्र व्यवस्थापकों से कहा कि परीक्षा में शुचिता बनी रहे किसी प्रकार की नकल न होने पाए। उन्होंने केंद्र व्यवस्थापकों से विद्यालय में कमरों में लगे सीसीटीवी कैमरा की स्थिति तथा उनके लखनऊ व उन्नाव सेंटर से जुड़े होने की भी जानकारी ली।

## भट्ठा उद्योग को बड़ी सौगात स्मार्ट ट्रैक्टर का लॉन्च

फतेहपुर। फतेहपुर कंचन ऑटोमोबाइल्स और टैफे मैसी फर्ग्यूसन कंपनी के तत्वावधान में आवास विकास स्थित गज विलास रिसॉर्ट में भट्ठा मालिकों की मीट का आयोजन किया गया ।कार्यक्रम में जिले के करीब भट्ठा मालिक शामिल हुए। टैफे कंपनी के सीनियर डीजीएम नीरज नौटियाल, मार्केटिंग मैनेजर रॉबिन त्यागी, सीनियर एरिया मैनेजर धर्मेंद्र मिश्रा, टेरिटरी मैनेजर अंकित पुनेठा, सीनियर डेमोंस्ट्रेटर राकेश सिंह और टीपीसी सुमित मिश्रा विशेष रूप से मौजूद रहे। कंचन ऑटोमोबाइल्स के प्रोप्राइटर सुरेश सचान और किसान यूनियन के संगठन मंत्री राजेंद्र सिंह भी समारोह में शरीक हुए ।मीट के दौरान ट्रैक्टरों की डिलीवरी और ट्रैक्टरों की बुकिंग दर्ज की गई। मैसी फर्ग्यूसन के नए मॉडल स्मार्ट का लॉन्च किया गया। साथ ही, भट्ठों के लिए विशेष रूप से तैयार मॉडल एमएफ की विशेषताओं पर भट्ठा मालिकों को विस्तार से जानकारी दी गई ।कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य भट्ठा मालिकों को मैसी फर्ग्यूसन के नवीनतम उत्पादों और सेवाओं से अवगत कराना था।

# राज्य स्तर पर डॉ. अनुराग पर्यवेक्षक नियुक्त



फतेहपुर। समाजसेवी एवं इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी फतेहपुर के चेयरमैन डॉ. अनुराग श्रीवास्तव को एक और सम्मानजनक जिम्मेदारी सौंपी गई है। उत्तर प्रदेश राज्य स्तर से उन्हें जिला रेडक्रॉस शाखा बांदा एवं अम्बेडकरनगर के कार्यकारिणी सदस्यों के चुनाव हेतु पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति उनके लंबे समय से रेडक्रॉस के प्रति समर्पण और निष्पक्ष नेतृत्व क्षमता का प्रमाण है।

नियुक्ति पत्र प्रदान करने का सम्मान इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी के सभापति एवं उत्तर प्रदेश सरकार के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने किया। इस अवसर पर डॉ. अनुराग श्रीवास्तव, जो उत्तर प्रदेश रेडक्रॉस सोसाइटी के कार्यकारिणी सदस्य भी हैं, ने कहा, यह मेरे लिए गौरव का विषय है। मैं दोनों जिलों में जिलाधिकारियों के साथ पूर्ण समन्वय स्थापित कर निष्पक्ष एवं पारदर्शी चुनाव सुनिश्चित करूंगा।रेडक्रॉस की भावना के अनुरूप हर कदम पर लोकतांत्रिक मूल्यों का पालन किया जाएगा।#डॉ. अनुराग निर्धारित तिथियों पर दोनों जिलों के चुनाव प्रक्रिया को सुचारू रूप से संपन्न कराएंगे। उनकी नियुक्ति से न केवल चुनावी प्रक्रिया मजबूत होगी, बल्कि रेडक्रॉस संगठन की विश्वसनीयता में भी वृद्धि होगी। फतेहपुर जिले में रेडक्रॉस के माध्यम से डॉ. श्रीवास्तव ने आपदा राहत, स्वास्थ्य शिविर और जागरूकता अभियानों में महत्वपूर्ण योगदान दिया है, जो इस जिम्मेदारी के लिए उन्हें उपयुक्त बनाता है ।इस समारोह में इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी उत्तर प्रदेश के उपसभापति अमरनाथ मिश्र एवं महासचिव रामानंद कटियार उपस्थित रहे। मिश्र ने कहा, डॉ. अनुराग का चयन राज्य स्तर पर उनकी क्षमताओं का प्रमाण है। हम आशा करते हैं कि चुनाव आदर्श रूप से संपन्न होंगे। रेडक्रॉस सोसाइटी मानव सेवा का प्रतीक है और ऐसी नियुक्तियां संगठन को और मजबूत बनाती हैं।

## खंती में रेलिंग लगवाने की स्थानीय लोगों ने मांग की

पाटन उन्नाव। उन्नाव लालगंज हाइवे से कस्बा बिहार को उतरने वाले रोड के दोनों तरफ गहरी खंती होने के चलते किसी समय बड़ी दुर्घटना घट सकती है स्थानीय लोगों ने नेशनल हाईवे अथॉरिटी के उच्चाधिकारियों व एस डी एम से खंती में मिट्टी भराने या रेलिंग लगवाने की मांग की है। कस्बा बिहार निवासी धन्नर तिवारी, समाजसेवी सूरज सिंह, शिवबीर सिंह, बउवा वर्मा, रजोली मिश्रा, राम प्रकाश गुप्ता, अजय बाजपेई, मुन्ना सिंह नेशनल हाईवे अथॉरिटी के उच्च अधिकारियों तथा एसडीएम को स्थानीय लोगों की समस्याओं को अवगत कराते हुए बताया कि विभागीय अनदेखी के चलते नेशनल हाईवे से बिहार की तरफ बने कट से उतरने वाले वाहन किसी भी समय गहरी खंती में गिर सकते हैं। हाइवे से कस्बा बिहार, पुराने बस स्टॉप व गांव के लिए जो रास्ता कटता है उसपर रेलिंग लगाए जाने से लोगों को राहत मिलेगी। एसडीएम रणवीर सिंह ने बताया कि मामले को दिखवाया जा रहा है आवश्यकता पड़ने पर खंती की भराई या रेलिंग की व्यवस्था कराई जाएगी।

# खेती मत बेचो, जमीन गयी तो किसान बर्बाद हो जायेगाः राकेश टिकैत



सीतापुर। भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत मंगलवार को महमूदाबाद के चतुराबेहड़ स्थित भगवती प्रसाद विद्या मंदिर पहुंचे, जहां उन्होंने संगठन के पूर्व जिलाध्यक्ष नंद किशोर वर्मा बाबू जी को श्रद्धांजलि अर्पित की।

श्रद्धांजलि सभा के बाद मीडिया से बातचीत में टिकैत ने किसानों को सीधा संदेश देते हुए कहा, किसान अपनी खेती किसी भी हालत में न बेचे। सरकार की नीतियां ऐसी बन सकती हैं कि खेती नुकसान का सौदा लगे, लेकिन सच यह है कि खेती कभी नुकसान नहीं करती। उन्होंने आगे कहा, किसान गांव में रहकर मेहनत करेगा तो अपना भविष्य बचा लेगा, लेकिन जमीन बेच दी तो उसके पास कुछ नहीं बचेगा। जमीन ही किसान की असली पूंजी है ।नंद किशोर वर्मा को याद करते हुए टिकैत ने कहा, वर्मा जी जमीन से जुड़े व्यक्ति थे। उन्होंने लंबे समय तक संगठन को मजबूत किया और दिल्ली आंदोलन में भी सक्रिय भूमिका निभाई। टिकैत ने बताया कि संगठन ने वर्मा जी के निधन के बाद उनके बेटे बबलू वर्मा को पदाधिकारी नियुक्त किया है, ताकि संगठन की जिम्मेदारी आगे बढ़ती रहे ।इस दौरान बड़ी संख्या में किसान और संगठन के पदाधिकारी मौजूद रहे। टिकैत के संबोधन में खेती बचाने और जमीन न बेचने का मुद्दा केंद्र में रहा।

## तालाब की जमीन पर बना मानकविहीन अस्पताल बेदखली आदेश के बाद भी अब तक कार्रवाई नही

हिलौली, उन्नाव (वीओएल)। पुरवा तहसील के कालूखेड़ा ग्राम पंचायत में तालाब की भूमि पर निर्मित निजी फातिमा अस्पताल के खिलाफ वर्षों से चली आ रही कार्रवाई अब तक पूरी नहीं हो सकी है। न्यायालय द्वारा बेदखली आदेश पारित किए जाने और अपील खारिज होने के बावजूद कब्जा बरकरार है। अभिलेखों के अनुसार, गाटा संख्या 150 की 130 वर्ग मीटर तालाबी भूमि पर अस्पताल का निर्माण किया गया। इस मामले में 22 मई 2017 को उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता की धारा 67 के तहत तहसीलदार न्यायिक न्यायालय में वाद दायर हुआ था। लंबी सुनवाई के बाद 22 मार्च 2022 को न्यायालय ने 1,72,600 रुपये का अर्थदंड लगाते हुए बेदखली का आदेश दिया। आदेश के अनुपालन के लिए बुलडोजर भी मौके पर पहुंचा, लेकिन ध्वस्तीकरण की कार्रवाई नहीं हो सकी। इसके बाद संबंधित पक्ष ने 28 मई 2022 को धारा 67सी/57 के तहत कलेक्ट्रेट में अपील दाखिल की, जिसे 10 जुलाई 2023 को खारिज कर दिया गया। कलेक्ट्रेट ने निचली अदालत के आदेश को सही ठहराया। अंतिम आदेश के लगभग दो वर्ष बाद भी न तो तालाब की भूमि खाली कराई गई और न ही न्यायालय के निर्देशों का पालन हुआ। मामले में मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई गई है। सूत्रों का दावा है कि कथित राजनीतिक संरक्षण के कारण कार्रवाई लंबित है। उल्लेखनीय है कि अस्पताल को पूर्व में सील भी किया जा चुका है। एसडीएम प्रवेश श्रीवास्तव से जब मामले को लेकर बात की गयी तो उन्होंने लेखपाल अशोक पटेल से बात करने को कहा। हालांकि उन्होंने यह भी बताया कि लेखपाल ने उन्हें बताया कि उनके आने से पूर्व में इसी अस्पताल कि बिल्डिंग का कुछ हिस्सा गिराया गया। दुबारा लेखपाल से बात करने के उपरांत दुबारा टीम बनाने व जांच की बात कही। लेखपाल को फोन मिलाया गया लेकिन उनका फोन नही उठ सका।



# क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन



सीतापुर, मंगलवार को सिंघानिया शिक्षण संस्थान में अंतरविद्यालयीय क्रीड़ा प्रतियोगिता उत्साह एवं खेल भावना के साथ सम्पन्न हुई। जनपद के विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया ।कनिष्ठ एवं वरिष्ठ वर्ग के बालक-बालिकाओं के मध्य लंबी कूद, ऊँची कूद, गोला फेंक, चक्र फेंक तथा भाला फेंक की स्पर्धाएँ आयोजित की गईं। सभी प्रतियोगिताएँ निष्पक्षता और अनुशासन के साथ सम्पन्न हुईं। ओएनजीसी सामुदायिक विद्यालय सहित अन्य विद्यालयों के विद्यार्थियों ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। विद्यालय के अध्यक्ष ओम प्रकाश सिंघानिया ने विजेता प्रतिभागियों को पदक एवं प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि खेल विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का आधार हैं तथा अनुशासन, दलभावना और आत्मविश्वास को सुदृढ़ करते हैं ।यह क्रीड़ा प्रतियोगिता विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायी और यादगार सिद्ध हुई।

# जिला अस्पताल की व्यवस्था बदहाल



उन्नाव। मौसम में बदलाव के कारण खांसी, सांस के मरीज बढ़ रहे हैं। लेकिन जिला अस्पताल का हाल ये है कि करीब एक माह से दवा वितरण स्टोर में खांसी का सिरप खत्म है। जिला अस्पताल में 1500 से ज्यादा मरीज ओपीडी पहुंच रहें हैं। इनमें खांसी और सांस के मरीज भी बढ रहें हैं। खांसी का सिरप बच्चों से लेकर बड़ों तक सभी आयु के मरीजों को दिया जाता है। सांस के मरीज को भी खांसी के सिरप की जरूरत होती है, लेकिन एक महीने से खांसी का सिरप खत्म चल रहा है। सिरप न मिलने से रोजाना 100 से 150 मरीज मायूस होकर वापस जा रहें हैं।

### बोले मरीज

आवास-विकास निवासी नीलम ने बताया एक सप्ताह से खांसी आ रही है। लेकिन दवा वितरण कक्ष में खांसी का सिरप नहीं है।

बीघापुर के मदन ने बताया उसे बुखार के साथ खांसी है। अस्पताल में बताया गया खांसी का सिरप खत्म चल रहा है।

इसकी जानकारी जब सीएमएस डॉ राजीव गुप्ता से की गई तो उन्होंने बताया सीएमएसईडी में खांसी का सिरप नहीं है, प्रयास किया जा रहा है अस्पताल में खांसी का सिरप जल्द आ जाए।

## कार में लगी भीषण आग, जलकर राख

सीतापुर। थाना इमलिया सुल्तानपुर क्षेत्र के फादिलापुर गांव में मंगलवार दोपहर अचानक भीषण आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। घर के बाहर खड़ी विनोद तिवारी पुत्र आशाराम की कार में अचानक शॉर्ट सर्किट होने से आग भड़क उठी। देखते ही देखते कार धू-धू कर जलने लगी और पूरी तरह राख हो गई। आग की लपटें पास रखे सामान और घर के सामने पड़े छप्पर तक पहुंच गईं।

# नवनिर्मित कक्ष नन्हे फरिश्ते का आईजी ने किया उद्घाटन



जिला संवाददाता

सफीपुर, उन्नाव। आईजी रेंज लखनऊ ने कोतवाली का निरीक्षण इस दौरान उन्होंने नवनिर्मित नन्हे फरिश्ते कक्ष का उद्घाटन किया।

पुलिस महानिरीक्षक लखनऊ रेंज किरण यश मंगलवार को सफीपुर कोतवाली पहुंचे जहां उनका पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया।आईजी ने सफीपुर कोतवाली परिसर में नवनिर्मित नन्हे फरिश्ते कक्ष का फीता कटकर उद्घाटन किया जिससे अब शिकायत लेकर आने वाली महिलाओं के बच्चों के लिए बैठने ,खेलने और पढ़ने की विशेष व्यवस्था प्रदान की जाएगी ।नन्हे नन्हे बच्चे अब कोतवाली जैसी जगह पर अच्छा महसूस कर पाएंगे और खेल के साथ साथ पढ़ाई का भी आनंद ले पाएंगे ।पुलिस महानिरीक्षक ने सफीपुर कोतवाली का सिलसिलेवार विधिवत निरीक्षण किया जिसमें शस्त्रागार ,पुलिस कार्यालय में अभिलेखों ,महिला हेल्प डेस्क सहित सीसीटीएनएस का भी निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने 30 चैकीदारों को इस्तेमाल करने के लिए टॉर्च एवं पानी की बोतलें भी वितरित की और साफ सफाई व्यवस्था पर संतुष्ट होते हुए कानून व्यवस्था की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए।आईजी ने कहा पुलिस आमजन और विशेषकर महिलाओं और बच्चों सुरक्षा और सुविधा को लेकर पूर्णतया संवेदनशील व प्रतिबद्ध है वहीं पुलिस कार्यालय पहले से और अधिक फ्रेंडली तथा सुविधाजनक बनाया गया है।

इस अवसर पर उन्नाव पुलिस अधीक्षक जयप्रकाश सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक प्रेमचंद्र, आईपीएस संचित शर्मा ,सफीपुर क्षेत्राधिकारी सोनम सिंह सहित सफीपुर कोतवाली प्रभारी सुब्रत नारायण त्रिपाठी समेत समस्त उपनिरीक्षक एवं पुलिस बल मौजूद रहा। आईजी के आने की सूचना पर घंटों कोतवाली पुलिस हलकान रही। कोतवाली सफीपुर के निरीक्षण के लिए पहुंचे आईजी रेंज लखनऊ किरण यश आने पर कोतवाली पुलिस घंटों हलकान रही। आईजी के जाने के पश्चात कोतवाली पुलिस ने राहत महसूस की।

# बच्चों की मेहनत के दम पर उन्नाव बना दूसरी बार मंडल विजेता

जिला संवाददाता(vol)

उन्नाव (वीओएल)। मंडल स्तरीय बेसिक बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता के पहले दिन चैक स्टेडियम में हुई उत्साहपूर्ण शुरूआत के बाद आज प्रतियोगिता का भव्य समापन उन्नाव की ऐतिहासिक जीत के साथ हुआ। उन्नाव ने सर्वाधिक अंक अर्जित कर लगातार दूसरी बार मंडल विजेता बनने का गौरव हासिल किया।

प्रारंभ से ही खिलाड़ियों ने अद्भुत आत्मविश्वास, अनुशासन और संघर्ष भावना का परिचय दिया। प्राथमिक वर्ग की 50, 100, 200, 400 एवं 600 मीटर दौड़, लंबी कूद, जिमनास्टिक, समूह गान, रिले, कबड्डी, जूनियर खो-खो, जूडो/कुश्ती और बैडमिंटन सहित विभिन्न स्पर्धाओं में स्वर्ण पदकों की झड़ी लगाकर जनपद को अंकतालिका में शीर्ष पर पहुंचाया। 600 मीटर में स्वर्ण, 400 व 100 मीटर में रजत सहित अनेक पदकों ने इस जीत को और भी गौरवपूर्ण बना दिया। यह सफलता बच्चों की कठोर मेहनत, नियमित अभ्यास और शिक्षकों के समर्पित मार्गदर्शन और बिछिया के अथक प्रयास का परिणाम रही। औरास क्षेत्र के उच्च प्राथमिक विद्यालय रामपुर गढ़ौवा की छात्रा खुशी ने 400 मीटर और 600 मीटर में प्रथम स्थान प्राप्त कर स्वर्ण पदक जीता तथा 100 मीटर में कांस्य पदक हासिल किया। उपासना ने हाई जंप, लांग जंप और 200 मीटर दौड़ में रजत पदक जीतकर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। डिस्कस स्पर्धा में भी उन्नाव ने रजत पदक अर्जित किया। रिले स्पर्धा में उन्नाव की ओर से प्रतिभाग करने वाली टीम औरास तथा हसनगंज क्षेत्र से रही तथा उन्नाव मंडल स्तर पर उपविजेता बना। बच्चों ने मैदान पर जिस जज्बे, ऊर्जा और समर्पण के साथ प्रदर्शन किया, वही इस ऐतिहासिक विजय की असली ताकत बना।



- खुशी और उपासना ने स्वर्ण रजत पदक हासिल कर बढ़ाया जिले का गौरव

सर्वाधिक व्यक्तिगत मेडल प्राप्त करने वाला विद्यालय रामपुर गढ़ौवा बना। समापन अवसर पर एडी बेसिक श्याम किशोर तिवारी, बीएसए लखनऊ, डाइट प्राचार्य लखनऊ एवं बीईओ मुख्यालय राजेश सिंह ने विजेता खिलाड़ियों को ट्रॉफी प्रदान की और विशेष रूप से खुशी से हाथ मिलाकर उसे स्वर्णिम उपलब्धि पर बधाई दी। जिलाधिकारी उन्नाव ने भी फोन कर खिलाड़ियों और शिक्षकों को शुभकामनाएं दीं तथा विशेष रूप से खुशी को 400 मीटर में स्वर्ण पदक और अस्मिता फेडरेशन में राज्य स्तर पर पहुंचने के लिए बधाई दी। बीएसए उन्नाव, बीईओ औरास, बीईओ मियागंज, बीईओ मुख्यालय और प्राथमिक शिक्षक प्रशिक्षित स्नातक एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष संजीव संखवार ने भी इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए बच्चों और शिक्षकों को शुभकामनाएं दीं। पूर्व बीएसए संगीता सिंह ने भी उन्नाव को बधाई संदेश प्रेषित किया।

प्रतियोगिता में पुरुषोत्तम यादव, निशा सिंह, अनीता वर्मा, विश्वजीत, प्रदीप वर्मा, रईसुल इस्लाम गौहर, गौरव, गोपी, हैदर अब्बास, विद्या सागर, आदित्य, अजीत, राजेंद्र, बृजेश सागर, राकेश तिवारी एवं अनुदीप श्रीवास्तव सहित समस्त शिक्षकों की सक्रिय भूमिका सराहनीय रही। बच्चों की अटूट मेहनत, टीम भावना और जीत के जज्बे ने एक बार फिर सिद्ध कर दिया कि उन्नाव खेल प्रतिभा में अग्रणी है और मंडल का सच्चा सरताज बना हुआ है। जीत की खुशी में बिछिया के विश्वजीत सहित साथी शिक्षक और बच्चे ट्रॉफी लेकर झूमते नजर आए।

संक्षेप

## एग्रो इनपुट डीलर एसोसिएशन ने प्रधानमंत्री को भेजा ज्ञापन

**ललितपुर (वीओएल)**। एग्रो इनपुट डीलर एसोसिएशन ने उर्वरक सब्सिडी नीति में सुधार, यूरिया के संतुलित उपयोग और मृदा स्वास्थ्य संरक्षण को लेकर देश के प्रधानमंत्री को एक विस्तृत ज्ञापन भेजा है। ज्ञापन के माध्यम से एसोसिएशन ने वर्तमान उर्वरक मूल्य संरचना में व्याप्त असंतुलन पर चिंता जताते हुए कहा है कि सस्ते यूरिया और महंगे एनपीके/डीएपी उर्वरकों के कारण किसान मजबूरी में यूरिया का अत्यधिक प्रयोग कर रहे हैं, जिससे मिट्टी की उर्वरता पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है।

एसोसिएशन के अनुसार वर्तमान में 45 किलोग्राम यूरिया की कीमत मात्र 266 है, जबकि एनबीएस नीति के चलते एनपीके ग्रेड उर्वरकों की कीमत 2100 प्रति 50 किलोग्राम तक पहुंच गई है।

इस बड़े मूल्य अंतर के कारण मिट्टी अम्लीय हो रही है और सूक्ष्म पोषक तत्व नष्ट हो रहे हैं, जो दीर्घकाल में कृषि उत्पादन के लिए घातक है।

## नाबालिग किशोरी को बहला-फुसलाकर ले जाने का आरोप

**ललितपुर (वीओएल)**। कोतवाली ललितपुर क्षेत्र में नाबालिग किशोरी को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने का मामला सामने आया है। पीड़िता की मां की शिकायत पर पुलिस ने एक युवक के खिलाफ बीएनएस की धारा 137(2) के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

शहर क्षेत्र के एक मोहल्ला निवासी महिला ने कोतवाली में दी तहरीर में बताया कि उनकी नाबालिग पुत्री 16 फरवरी 2026 की रात करीब 10.30 बजे घर पर थी। इसी दौरान बड़ापुरा निवासी युवक राजीव नाम का युवक उनकी नाबालिग पुत्री को बहला-फुसलाकर अपने साथ कहीं ले गया।

पीड़िता की मां ने बताया कि घटना की जानकारी होते ही उन्होंने अपनी पुत्री की काफी खोजबीन की, रिश्तेदारों और परिचितों से भी पूछताछ की, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लगा।

## जिले में धारा 163, नागरिक सुरक्षा संहिता लागू

**बांदा**। जिले में हाई स्कूल व इंटरमीडिएट की परीक्षाओं, अन्य परीक्षाओं, धार्मिक संगठनों व राजनैतिक गतिविधियों पर रोक लगाए जाने के लिए जिला मजिस्ट्रेट ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता धारा 163 लागू की है। जिला मजिस्ट्रेट जे0 रीभा ने अधिकारों का प्रयोग करते हुए 17 फरवरी से 14 मार्च तक निषेधाज्ञा लागू कर आदेश दिए हैं कि कोई भी व्यक्ति सक्षम अधिकारी की अनुमति के बगैर अग्न्यास्त्र, धारदार हथियार, लाठी, भाला व तेज धारदार हंथियार, तरल पदार्थ जिनका प्रयोग अस्त्र व विस्फोटक के रूप में किया जा सकता है लेकर सार्वजनिक रूप से नही घूम सकेगा। यह आदेश सरकारी ड्यूटी पर तैनात अधिकारियों, कर्मचारियों और ऐसे व्यक्ति पर लागू नही होगा जो दण्डे के सहारे चलते हों अथवा धर्म में उन्हे लेकर चलने की अनिवार्यता है। यह आदेश पूरे जनपद में मंगलवार से ही प्रभावी रहेगा। इस आदेश का उल्लंघन न्याय संहिता-2023 बीएनएस की धारा-221 के तहत दण्डनीय होगा।

# जमीन माफियाओं का बड़ा खेल फर्जी बैनामों से करोड़ों की जमीन हड़पी

जिला संवाददाता

**ललितपुर (वीओएल)**। थाना महरौनी क्षेत्र में जमीन से जुड़े एक बड़े और सुनियोजित फर्जीवाड़े का मामला सामने आया है। पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर 10 नामजद आरोपियों के विरुद्ध धोखाधड़ी, जालसाजी, आपराधिक षड्यंत्र और सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने जैसी गंभीर धाराओं में एफआईआर दर्ज की है।

- 10 नामजद आरोपियों पर गंभीर धाराओं में एफआईआर, सरकारी नाले पर कब्जे से फसल तबाह
- बैनामे में भुगतान के लिए बैंक चेक दिखाए गए, जबकि वास्तविक रूप से कोई वैध लेन-देन नहीं हुआ
- नाले का पानी पीड़ित की कृषि भूमि में बहने लगा

पीड़ित का आरोप है कि आरोपियों ने आपसी साठगांठ कर फर्जी दस्तावेजों के सहारे उसकी पैतृक भूमि के बैनामे कर लिए, इतना ही नहीं सरकारी नाले को पाटकर अवैध कब्जा कर लिया, जिससे उसकी फसल नष्ट हो गई और उसे करीब 20 लाख रुपये का नुकसान उठाना पड़ा। यह मामला थाना महरौनी में मु.अ.सं. 0059/2026, दिनांक 16 फरवरी 2026, समय शाम 5.08 बजे पंजीकृत किया गया। पीड़ित मान सिंह पुत्र मोतीलाल, निवासी ग्राम कुम्हैड़ी, थाना महरौनी ने आरोप लगाया कि उसने पहले भी उच्च अधिकारियों को शिकायत भेजी थी, लेकिन थाना स्तर पर सुनवाई नहीं हुई। इसके बाद न्यायालय की शरण लेने पर एफआईआर दर्ज की गई। वादी के अनुसार, उसकी भूमि खाता संख्या 862, गाटा संख्या 3051 से संबंधित है, जिस पर उसका वैध और दर्ज स्वामित्व है। आरोप है कि मुख्य आरोपियों ने यह जानते हुए भी कि भूमि उनके नाम दर्ज नहीं है, वर्ष 2021 से 2022 के बीच फर्जी बैनामे तैयार कराए। इन बैनामों में जानबूझकर ग्राम कुम्हैड़ी की जगह अन्य गांव के नक्शे व चौहद्दी दर्शाई गई, ताकि वास्तविक स्थिति छिपाई जा सके। बैनामे में भुगतान के लिए बैंक चेक दिखाए गए, जबकि वास्तविक रूप से कोई वैध लेन-देन नहीं हुआ। एफआईआर में यह भी आरोप है कि आरोपियों ने फर्जी दस्तावेजों के सहारे सरकारी नाले को मिट्टी से पाटकर उस पर कब्जा कर लिया।

इससे नाले का पानी पीड़ित की कृषि भूमि में बहने लगा, जिसके कारण उसकी फसल पूरी तरह नष्ट हो गई। पीड़ित का कहना है कि यह नुकसान जानबूझकर किया गया और लगातार दबाव बनाया जा रहा है।

एफआईआर में जिन 10 लोगों को नामजद किया गया है, जिनमें झांसी के सिमरावारी निवासी राजकुमारी पत्नी दान सिंह, नरेंद्र सिंह पुत्र दान सिंह, कुम्हैड़ी महरौनी निवासी भूमानी बाई पत्नी दुर्जन, दुर्जन पुत्र हरप्रसाद, नंदू पुत्र रामचरन, रघुनंदन पुत्र रामचरन, पार्वती पत्नी रामचरन, देवेंद्र पुत्र दुर्जन, गोविंद पुत्र दुर्जन, सविता पत्नी धर्मेंद्र बताये गये हैं, जिन पर गंभीर धाराओं में दर्ज मुकदमा हुआ है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आईपीसी की धारा 420, 467, 468, 471, 406, धारा 120-बी, 427 के तहत एफआईआर दर्ज की है।

## महरौनी मण्डी समिति में बड़ा घोटाला,1.26 करोड़ के गबन का मामला दर्ज

**ललितपुर (वीओएल)**। महरौनी कृषि उत्पादन मंडी समिति में करोड़ों रुपये के कथित गबन का मामला सामने आया है। इस संबंध में कोतवाली महरौनी पुलिस ने मंडी समिति के सचिव की तहरीर पर पूर्व मंडी निरीक्षक/प्रभारी सचिव गिरजेश कुमार तिवारी के विरुद्ध आईपीसी की धारा 409 के तहत प्राथमिकी दर्ज की है।

**पूर्व मंडी निरीक्षक पर गंभीर आरोप**

मामला वर्ष 2019 से 2024 के बीच का बताया जा रहा है, जिसमें सरकारी धन के दुरुपयोग और अभिलेखों के गायब होने के आरोप हैं। मंडी समिति सचिव अनूप सिंह यादव द्वारा दी गई तहरीर के अनुसार गिरजेश कुमार तिवारी को 08 जुलाई 2019 को महरौनी मंडी समिति में प्रभारी सचिव के पद पर तैनात किया गया था।

आरोप है कि अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने मंडी समिति के खातों और लेन-देन में अनियमितताएं कीं। विभागीय ऑडिट रिपोर्ट (वर्ष 2019-20 से 2022-23) में कुल एक करोड़ छब्बीस लाख इकहत्तर हजार नौ सौ सत्तर रुपये की वित्तीय अनियमितता/गबन सामने आया। ऑडिट में गड़बड़ी उजागर होने के बाद मंडी समिति की ओर से आरोपी को कई बार लिखित नोटिस जारी कर राशि जमा कराने और स्पष्टीकरण देने को कहा गया, लेकिन न तो धनराशि जमा की गई और न ही किसी प्रकार का संतोषजनक उत्तर प्रस्तुत किया गया। तहरीर में यह भी उल्लेख है कि आरोपी द्वारा मंडी समिति की फाइलें और पत्रावलियां विधिवत हैंडओवर नहीं की गईं, जिससे कार्यालयीन कार्य बाधित हुआ और राजस्व को नुकसान पहुंचा। शिकायत में यह गंभीर आरोप भी लगाया गया है कि मंडी समिति में कई महत्वपूर्ण पत्रावलियां उपलब्ध नहीं हैं। रिकॉर्ड के अभाव में न केवल जांच प्रभावित हो रही है, बल्कि मंडी के दैनिक प्रशासनिक कार्य भी बाधित हैं। इससे शासन-प्रशासन को आर्थिक क्षति होने की बात कही गई है। प्राप्त तहरीर के आधार पर कोतवाली महरौनी में मुकदमा संख्या 0060/2026 दिनांक 16 फरवरी 2026 को दर्ज किया गया। पुलिस ने मामले की विवेचना निरीक्षक निर्भय चंद्र को सौंपी है। पुलिस का कहना है कि जांच के दौरान ऑडिट रिपोर्ट, बैंकिंग लेन-देन, मंडी अभिलेख और संबंधित अधिकारियों के बयान जुटाए जाएंगे। दोष सिद्ध होने पर आरोपी के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

करोड़ों रुपये के इस कथित घोटाले के सामने आने से मंडी प्रशासन और जिले के प्रशासनिक हलकों में हड़कंप मच गया है।

## काम के दबाव में बीएलओ को हार्ट अटैक, भर्ती



**बांदा**। सदर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम कहला की बीएलओ अनीता रावत का काम के दबाव में हार्ट अटैक हो गया। परिजनों ने तत्काल स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया लेकिन स्थिति गंभीर होने पर उन्हें डॉक्टर ने रेफर कर दिया। अनीता रावत के परिजनों ने बताया कि ग्वालियर के एक अस्पताल में उन्हें भर्ती कराया गया है। वहां उनका इलाज चल रहा है। परिजनों का कहना है कि बीएलओ ने बीते दिनों कार्य के दबाव व बीमारी के चलते बीआरसी में प्रार्थना पत्र दिया था लेकिन खंड शिक्षा अधिकारी ने उनकी मांग को गंभीरता से न लेकर डांटकर भगा दिया। एईआरओ ने भी काम ठीक तरीके और समय से पूरा न करने पर डांट लगाई। इसी दबाव के चलते बीएलओ का हार्ट अटैक हो गया। बीएलओ अनीता रावत का इस समय ग्वालियर के एक नर्सिंग होम में इलाज चल रहा है।

## सशक्त नेतृत्व से राष्ट्रहित, जनहित के निर्णय संभवः अध्यक्ष



**बांदा**। पंडित दीन दयाल उपाध्याय कार्यशाला का आयोजन भाजपा जिला कार्यालय में हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश उपाध्यक्ष देवेश कोरी ने कहा कि जिले से लेकर मण्डल स्तर तक प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की जाएंगी। इसका मुख्य उद्देश्य कार्यकताओं को प्रशिक्षित करना है। जब तक कार्यकर्ता प्रशिक्षित नही होंगे तब तक सफलता नही मिलेगी। उन्होने कहा कि समर्पित कार्यकताओं की निष्ठा से संगठन मजबूत होता है, मजबूत संगठन से सशक्त नेतृत्व उभरता है और जब सशक्त नेतृत्व होता है तभी राष्ट्रहित व जनहित में दूरदर्शी तथा प्रभावी निर्णय संभव हो पाते हैं। जिलाध्यक्ष कल्लू सिंह राजपूत ने कहा कि प्रशिक्षण का उद्देश्य व्यक्ति निर्माण से संगठन निर्माण, संगठन निर्माण से राष्ट्र निर्माण है। दीन दयाल उपाध्याय का मत था कि संगठन व्यक्ति से और व्यक्तित्व विचार से बनता है। प्रशिक्षण केवल प्रक्रियाओं की औपचारिकताएं नहीं बल्कि विचार वाह साधना है जो कार्यकर्ता को केवल सक्रिय नहीं बल्कि वैचारिक रूप से दृढ़ आचरण से अनुशासित एवं समाज के प्रति उत्तरदायी बनाता है। कार्यशाला में जगराम सिंह, अखिलेश नाथ दीक्षित, बालमुकुंद शुक्ला, विवेकानंद गुप्ता, प्रेमनारायण द्विवेदी, ममता मिश्रा, उत्तम सक्सेना, वंदना गुप्ता, धर्मेन्द्र त्रिपाठी, विनोद जैन, मालती बासू, अन्य नेता व सभी मोर्चा अध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष व प्रभारी मौजूद रहे।

## गांव में शराब दुकान से बिगड़ा माहौल, ग्रामीणों का फूटा गुस्सा

**ललितपुर (वीओएल)**। जिले के ग्राम सतगता में स्थित सरकारी देशी शराब की दुकान ग्रामीणों के लिए परेशानी का सबब बन गई है। दुकान खुलने के बाद गांव की शांति व्यवस्था पर प्रतिकूल असर पड़ा है। ग्रामीणों का आरोप है कि यहां आए दिन शराबियों की भीड़ जुटती है, जिससे गाली-गलौज, झगड़े और अश्लील हरकतों की घटनाएं बढ़ गई हैं। ग्रामीणों के अनुसार, शाम ढलते ही शराबियों का जमावड़ा लग जाता है। नशे में धुत लोग राहगीरों से अभद्रता करते हैं, कई बार मारपीट तक की नौबत आ जाती है। इससे महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों को घर से निकलने में डर लगने लगा है। गांव के रास्तों पर अराजकता का माहौल बन जाता है, जिससे आमजन का जीवन प्रभावित हो रहा है। स्थिति से आक्रोशित महिलाओं और ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र भेजते हुए शराब की दुकान को आबादी से दूर स्थानांतरित करने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि जल्द ठोस कार्रवाई नहीं की गई तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे। ग्रामीणों ने प्रशासन से जनहित को सर्वोपरि रखते हुए त्वरित कदम उठाने की अपील की है, ताकि गांव में पुनरू शांति, सुरक्षा और मर्यादित वातावरण बहाल हो सके।

## विधानसभा का घेराव करने जा रहे कांग्रेसियों को पुलिस ने लिया हिरासत में



**ललितपुर (वीओएल)**। मनरेगा बचाओ कार्यक्रम के तहत 17 फरवरी को ललितपुर से लखनऊ विधानसभा घेराव के लिए जा रहे कांग्रेस कार्यकताओं को पुलिस ने रास्ते में रोककर हिरासत में ले लिया। बताया गया कि ललितपुर से निकले कांग्रेस जनों का पीछा करते हुए पुलिस ने उन्हें लखनऊ में छावनी परिषद क्षेत्र में हिरासत में ले लिया। बाकी अन्य कार्यकताओं को पुलिस द्वारा ललितपुर में ही रोक लिया गया था। और कुछ कार्यकताओं को उनके घर पर ही नजरबंद कर दिया था। कांग्रेस नेताओं और कार्यकताओं का आरोप है कि यह कार्रवाई जनआवाज को दबाने के उद्देश्य से की गई है। उन्होंने कहा कि मनरेगा जैसे जनहितकारी मुद्दे पर शांतिपूर्ण ढंग से विरोध दर्ज कराने जा रहे लोगों को रोकना लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन है।

कांग्रेस पदाधिकारियों ने कहा कि योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली सरकार की तानाशाही लोकतंत्र को खत्म नहीं कर सकती। कार्यकताओं ने कहा कि जब तक उनमें सांस है, वे जनहित के मुद्दों पर आवाज उठाते रहेंगे। उनका यह भी कहना था कि जब-जब सरकार डरती है, तब-तब पुलिस को आगे कर दिया जाता है। बाद में शाम होते ही हिरासत में लिए गए कांग्रेसियों को छोड़ दिया गया। हिरासत में लिये गए प्रमुख कांग्रेस जनों में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के प्रदेश सचिव बलवंत सिंह राजपूत, पिछड़ा वर्ग प्रदेश महासचिव पवन विश्वकर्मा, महिला जिलाध्यक्ष नेहा तिवारी, पिछड़ा वर्ग जिलाध्यक्ष रामभरोसे कुशवाहा, सुनील कुमार राय एडवोकेट सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल रहे।

# खतौनी में अंश निर्धारण, लिफ्ट कैनाल स्थापना की सदन में मांग

**बांदा**। सदर विधायक ने नियम 51 के तहत राजस्व विभाग के अंतर्गत तहसीलों में किसानों की नवीन खतौनी में अंश निर्धारण की अव्यवस्था को दूर कराए जाने और नियम 301 के अंतर्गत विकासखंड महुआ की ग्राम पंचायत जरर में लिफ्ट कैनाल की स्थापना के लिए विधानसभा की कार्रवाई के दौरान सदन में रखा। सदर विधायक प्रकाश

- किसानों की मांग पर सदर विधायक ने उठाया मामला

द्विवेदी ने 17 फरवरी को विधानसभा सत्र की कार्रवाई के दौरान जनपद बांदा ही नही बल्कि पूरे प्रदेश के किसानों की खतौनी में अंश निर्धारण की तरफ सरकार का ध्यान आकृष्ट कराया। कहा कि प्रदेश की सभी तहसीलों में किसानों की नई बनाई गयी खतौनियों में किसानों के अंश निर्घारण में व्यापक अनियमितता बरती गयी है तथा अंश निर्धारण सही ढंग से नहीं किया जा रहा है। इस समस्या को लेकर किसान अपनी खतौनी में अंश निर्धारण कराने के लिए तहसील के चक्कर लगा रहे हैं और उन गरीब किसानों का हजारों रूपया खर्च हो रहा है। इसके अलावा नियम 301 के तहत विधानसभा 235 बांदा के ग्राम जरर जो केन नदी के समीप स्थित है में लिफ्ट कैनाल की बेहद आवश्यकता है क्योंकि यह क्षेत्र पूरा सूखा है और किसाना सिर्फ वर्षा के जल पर निर्भर रहता है। जरर में लिफ्ट कैनाल से ग्राम मनीपुर, माधवपुर, गोविन्दपुर रागौल व अन्य गांवों के किसानों को अत्यन्त लाभ मिलेगा तथा इस क्षेत्र में लिफ्ट कैनाल की स्थापना के लिए काफी समय से मांग की जा रही है। परन्तु अभी तक कोई कार्यवाही न होने से क्षेत्रवासियों में आक्रोश व्याप्त है। उल्लिखित नियमों के अन्तर्गत लोक महत्व के अविलम्बनीय विषयों की ओर सरकार का ध्यान आकृष्ट करते हुये नियम 51 के तहत खतौनी में अंश निर्धारण में हुयी अनियमितता को व्यापक स्तर पर ठीक कराये जाने एवं नियम 301 के अन्तर्गत विकास खण्ड महुआ के ग्राम जरर में लिफ्ट कैनाल की स्थापना के लिए कार्यवाही की मांग की गयी।



## सड़क दुर्घटना में एक की मौत, दो अन्य घायल

अयोध्या। जिले के इनायतनगर थाना क्षेत्र के चमनगंज बाजार में मंगलवार देर शाम कुछ ही समय के अंतराल पर तीन सड़क दुर्घटनाएं हुईं। इन हादसों में एक 35 वर्षीय अज्ञात युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य घायल हो गए। पहली दुर्घटना अयोध्या-रायबरेली फोरलेन पर चमनगंज बैंक से लगभग 100 मीटर आगे यात्री ठहराव केंद्र के पास देर शाम 7.45 बजे हुई।

## तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर से घर क्षतिग्रस्त



**ललितपुर (वीओएल)**। कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला खिरकापुरा निवासी एक व्यक्ति ने तेज रफ्तार ट्रक द्वारा घर में टक्कर मारकर फरार हो जाने का आरोप लगाते हुए पुलिस से प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई की मांग की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पीड़ित सुरेश कुशवाहा पुत्र स्व.घनश्याम कुशवाहा ने बताया कि 15 फरवरी 2026 की रात करीब 10.47 बजे अपने घर पर मौजूद थे। इसी दौरान तेज गति से आ रहे एक ट्रक ने उनके घर के गेट में जोरदार टक्कर मार दी, जिससे गेट क्षतिग्रस्त हो गया। टक्कर के बाद ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। घटना की सूचना तत्काल डायल 112 पर दी गई, जिस पर पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। प्रार्थी ने बताया कि आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की गई, लेकिन ट्रक का नंबर स्पष्ट रूप से दिखाई नहीं दे सका। पीड़ित ने पुलिस से मामले की रिपोर्ट दर्ज कर अज्ञात ट्रक चालक की पहचान कर कानूनी कार्रवाई करने तथा हुए नुकसान की भरपाई दिलाए जाने की मांग की है। इस संबंध में पुलिस द्वारा प्रार्थना पत्र के आधार पर जांच प्रक्रिया शुरू किए जाने की बात कही गई है।एक बार में ही कर जमा कर सकेंगे वाहन स्वामी

## समस्या समाधान के लिए 20, 21 को लगेगा परिवहन मेला

बांदा। प्रदेश परिवहन विभाग ने संशोधन करते हुए परिवहन कर प्रणाली में व्यापक सुधार करते हुए एकमुश्त कर प्रणाली लागू की है। इसके तहत परिवहन यानों व गैर परिवहन यानों पर एक बार में ही कर अदा करने की व्यवस्था शुरू की है। भाड़े अथवा पारिश्रमिक पर चलने वाले दो पहिया मोटरसाइकिल यान के मूल्य का 12.5 प्रतिशत, तीन पहिया मोटर कैब यान के मूल्य का 7 प्रतिशत, 10 लाख रुपये तक के मोटर कैब, तिपहिया मोटर कैब को छोड़कर और मैक्सी कैब यान के मूल्य का 10.5 प्रतिशत तथा 10 लाख रुपये से अधिक मोटर कैब और मैक्सी कैब यान के मूल्य का 12.5 प्रतिशत कर देय होगा। इसी प्रकार निर्माण कार्य में लगे जेसीबी यान के मूल्य का 6 प्रतिशत, माल वाहन 3000 किलोग्राम तक सकल भार यान के मूल्य का 3 प्रतिशत तथा 3000 किलोग्राम से अधिक लेकिन 7500 किलोग्राम तक सकल यान भार यान के मूल्य का 6 प्रतिशत देना होगा। पहले से रजिस्ट्रीकृत यानों पर एक बार कर पूर्व अवधि के प्रत्येक वर्ष के लिए ऐसे यानों पर प्रचलित एकमुश्त कर की धनराशि में 8 प्रतिशत की छूट देकर गणना की जाएगी, लेकिन यह छूट 75 प्रतिशत की धनराशि से अधिक नही होगी। इस व्यवस्था का मुख्य उद्देश्य वाहन स्वामियों को बार-बार कर भुगतान की प्रक्रिया से राहत देना है। सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी ने बताया कि एक बार कर जमा कराए जाने और वाहन स्वामियों की समस्याओं के समाधान के लिए 20 व 21 फरवरी को संभागीय परिवहन कार्यालय में परिवहन मेला का आयोजन किया जा रहा है। उन्होने वाहन स्वामियों से अपील की है कि वह अपने वाहन का एक बार मे ही कर जमा कराकर लाभ उठाएं।

## पारेषण कार्य के कारण बाधित रहेगी विद्युत आपूर्ति

**बहराइच**। उप खण्ड अधिकारी फखरपुर ने बताया कि बेहतर विद्युत आपूर्ति के दृष्टिगत 18 फरवरी 2026 को 33/11 के.वी. विद्युत उपकेन्द्र, फखरपुर में 11 के.वी. नये वी.सी.बी. का स्थापना होना प्रस्तावित है। जिसके कारण 33/11 के.वी. विद्युत उपकेन्द्र, फखरपुर में निर्गत फीडर की विद्युत आपूर्ति प्रातः 10:00 बजे से शाम 04:00 बजे तक बाधित रहेगी। उन्होंने सभी विद्युत उपभोक्ताओं से पेयजल एवं अन्य आवश्यक व्यवस्था पूर्व से ही कर करने की अपेक्षा की है।

## सीएम डैशबोर्ड की रैंकिंग में टॉप पर रहा ललितपुर

जिला संवाददाता

**ललितपुर**। मुख्यमंत्री डैशबोर्ड की प्रदेश स्तरीय रैंकिग में ललितपुर ने प्रदेश के अन्य जिलों को पछाड़ते हुए पहला स्थान प्राप्त किया है। इस उपलब्धी को आगे भी बरकरार रखने के लिए जिलाधिकारी सत्यप्रकाश ने

- डीएम ने बैठक कर प्रथम स्थान बरकरार रखने के दिये निर्देश

मंगलवार को कलैक्ट्रेट सभागार में सभी सम्बंधित विभागों के अधिकारियों के साथ सीएम डैशबोर्ड की समीक्षा बैठक की।

उन्होंने जहां प्रगति में सुधार करने वाले विभागों की सराहना की तो वहीं खराब प्रगति वाले विभागों के अधिकारियों को भी फटकार लगायी। समीक्षा के दौरान ग्रामीण पेयजल आपूर्ति की खराब प्रगति पर अधिशासी अभियंता जल निगम ग्रामीण को नाराजगी जाहिर करते हुए अगले माह में प्रगति सुधारने के निर्देश दिये, साथ ही नगर में पर्यटन विभाग के प्रोजेक्ट गिन्नोटबाग में प्राचीन वृक्षों के संरक्षण में लापरवाही पर पर्यटक अधिकारी से नाराजगी जाहिर की।

जिलाधिकारी ने सीएमआईएस पोर्टल व जनपद के विकास कार्यों की भी समीक्षा की और निर्देश दिये कि सभी विभाग अपने-अपने लक्ष्यों को पूर्ण करते हुए प्रथम स्थान को आगे भी बरकरार रखें।

बैठक में बताया कि रैंकिंग में अतिरिक्त ऊर्जा, अल्पसंख्यक कल्याण छात्रवृत्ति, उद्यान, ऊर्जा, कृषि, ग्राम्य विकास, ग्रामीण अभियंत्रण, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, दुग्ध विकास, दिव्यांग पेंशन, नमामि गंगे, पंचायती राज, सामाजिक वानिकी, प्राथमिक शिक्षा, पशुधन, पिछड़ा वर्ग छात्रवृत्ति, मत्स्य, महिला एवं बाल विकास, माध्यमिक शिक्षा, लोक निर्माण विभाग, श्रम एवं सेवायोजन, उद्योग, समाज कल्याण, सहकारिता, सिंचाई सहित अन्य विभागों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 10 में से 10 अंक प्राप्त किये हैं। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी शेषनाथ चौहान, जिला विकास अधिकारी अतिरंजन सिंह, डीसी मनरेगा रमेश कुमार यादव, पीडीडीआरडीए दीपक यादव, सीवीओ डॉ भगवान सिंह, बीएसए रणवीर सिंह, जिला कार्यक्रम अधिकारी नीरज सिंह, डीडी एग्रीकल्चर, जिला कृषि अधिकारी, एडीएसटीओ अजयवीर सिंह के साथ ही लोक निर्माण विभाग, जल निगम, जल संस्थान, विद्युत आदि विभागों के अभियंता उपस्थित रहे।

## हर्षित आत्महत्या मामले में प्रताड़ना का आरोप, दो लोगों पर मुकदमा दर्ज

जिला संवाददाता

ललितपुर (वीओएल)। कोतवाली ललितपुर क्षेत्र से एक दर्दनाक मामला सामने आया है, जहां एक युवक की मौत के बाद उसकी बहन ने कुछ लोगों पर मानसिक प्रताड ?ा का गंभीर आरोप लगाया है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर बीएनएस की धारा 108 के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार शहर के एक मोहल्ला निवासी महिला ने थाना कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि उनके भाई हर्षित उर्फ चिन्टू का शव 16 फरवरी 2026 को गोविंद सागर बांध में संदिग्ध परिस्थितियों में मिला। मृतक बीते करीब आठ दिनों से मानसिक तनाव में था और लगातार परिवार को बता रहा था कि अजयगढ़ (जिला पन्ना, मध्यप्रदेश) निवासी लोकेश कुमार मांझी पुत्र जगदीश प्रसाद रैकवार और उसके परिजनों द्वारा उसे झूठे मुकदमों में फंसाने की धमकी दी जा रही थी। शिकायत में बताया गया कि आरोपी पक्ष द्वारा बार-बार धमकाने और भविष्य बर्बाद करने की बात कहने से हरषित गहरे अवसाद में चला गया था।

परिजन उसे समझाने का प्रयास करते रहे, लेकिन मानसिक दबाव के चलते उसने आत्मघाती कदम उठा लिया। पीड़िता ने आरोप लगाया कि लोकेश कुमार मांझी और उसके परिजनों की प्रताड ?ा के कारण ही उसके भाई ने अपनी जीवन लीला समाप्त की। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर लिया है। विवेचना उपनिरीक्षक सीमा प्रजापति को सौंपी गई है।

# सिर्फ दस्तावेज नहीं, लोगों की उम्मीदों का संकल्प है बजट

**ललितपुर (वीओएल)**। उत्तर प्रदेश विधानसभा के बजट सत्र में सदर ललितपुर के विधायक रामरतन कुशवाहा ने प्रभावशाली और राजनीतिक रूप से महत्वपूर्ण वक्तव्य देते हुए ललितपुर एवं बुंदेलखंड क्षेत्र के विकास से जुड़े मुद्दों को मजबूती के

- सड़क, सेतु, शिक्षा, पर्यटन और सीमावर्ती विकास पर सरकार से ठोस कदमों की मांग
- इंजीनियरिंग कॉलेज की स्थापना, युवाओं की खेल प्रतिभा को बढ़ावा देने हेतु स्पोर्ट्स कॉलेज की स्थापना की रखी मांग
- सदन में छाया ललितपुर एजेंड

साथ सदन के केंद्र में ला दिया। उनके भाषण ने यह स्पष्ट कर दिया कि अब सीमावर्ती क्षेत्रों की आवाज विधानसभा में और अधिक ताकत के साथ गूंज रही है। विधायक ने कहा कि बजट केवल आंकड़ों का दस्तावेज नहीं, बल्कि जनता की उम्मीदों और विकास का संकल्प है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ तथा वित्त मंत्री सुरेश खन्ना का आभार व्यक्त करते हुए बजट को समग्र विकास का रोडमैप बताया।

बड़ा राजनीतिक संदेश देते हुये विधायक रामरतन ने कहा कि ललितपुर आखिरी जिला नहीं, उत्तर प्रदेश का मुख्य प्रवेश द्वार है। सदन में बोलते हुए विधायक ने कहा कि ललितपुर को सीमावर्ती नहीं, बल्कि रणनीतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण जनपद के रूप में देखा जाना चाहिए।

मध्यप्रदेश से लगी सीमाओं का उल्लेख करते हुए उन्होंने क्षेत्रीय विकास को प्रदेश की प्रगति से सीधे जोड़कर प्रस्तुत किया।वही विधायक ने विकास का मजबूत एजेंडा पर सड़क, सेतु और कनेक्टिविटी पर फोकस करते हुए विधायक ने बजट में सड़क एवं सेतु निर्माण के लिए हुई बड़ी वित्तीय व्यवस्था का स्वागत करते हुए सदन में कई महत्वपूर्ण मांगें रखीं। जिसमें मुख्य मांगों में जखौरा-तालबेहट संपर्क मार्ग का उच्चीकरण, दैलवारा से अमरपुर मंडी तक हाईवे कनेक्टिविटी, रेलवे स्टेशन दैलवारा पर रेलवे ओवरब्रिज का निर्माण, ललितपुर नगर में इनर रिंग रोड का निर्माण, जिससे देवगढ़, राजघाट एवं जखौरा मार्ग सीधे राष्ट्रीय राजमार्ग 44 से जुड़ सकें, शहजाद नदी पर पंचमुखी हनुमान मंदिर, बार बांसी



मार्ग और पारौन हजारिया मार्ग (किमी-3) पर तीन दीर्घ सेतुओं का निर्माण की मांग रखीं।सदन में क्षेत्रीय सम्मान और गौरव को ध्यान में रखते हुए विधायक ने महत्वपूर्ण प्रस्ताव रखे, जिनमें देवगढ़ मार्ग पर सेतु निगम द्वारा निर्मित रेलवे ओवरब्रिज का नाम महाराजा छत्रसाल सेतु, रखा जाए, शहजाद नदी पर निमार्णाधीन दीर्घ सेतु का नाम भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी सेतु रखा जाए। इन प्रस्तावों को क्षेत्रीय इतिहास और राष्ट्रीय नेतृत्व को सम्मान देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया गया।

शिक्षा, तकनीकी संस्थान और युवाओं पर विशेष जोर देते हुये विधायक ने कहा कि सीमावर्ती ग्रामीण क्षेत्र की बेटियों की शिक्षा को ध्यान में रखते हुए विकासखंड तालबेहट की ग्राम पंचायत पूरा कला में राजकीय इंटर कॉलेज की स्थापना अत्यंत आवश्यक है। विधायक रामरतन ने ललितपुर में इंजीनियरिंग कॉलेज की स्थापना, युवाओं की खेल प्रतिभा को बढ़ावा देने हेतु स्पोर्ट्स कॉलेज की स्थापनाअपने संबोधन में विधायक ने करकरावल कॉरिडोर, देवगढ़ किला, दशावतार मंदिर, बेतवा तट, गोविंद सागर बांध, राजघाट बांध क्षेत्र एवं पंचमुखी हनुमान मंदिर को जोड़कर बुंदेलखंड धार्मिक एवं विरासत पर्यटन सर्किट विकसित करने का प्रस्ताव रखा।

राजनीतिक विश्लेषकों के अनुसार, यह प्रस्ताव क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था को नई दिशा देने वाला साबित हो सकता है। फुलावन, पठारी एवं रमपुरा कठवर सहित लगभग 20 ग्रामों के पास भव्य राज्य प्रवेश द्वार बनाए जाने की मांग रखते हुए विधायक जी ने कहा कि यह उत्तर प्रदेश की सांस्कृतिक पहचान और गौरव का प्रतीक बनेगा। विधायक ने विश्वास व्यक्त किया कि प्रधानमंत्री के निर्देशन और मुख्यमंत्री के नेतृत्व में बुंदेलखंड अब विकास और समृद्धि की नई पहचान बनेगा।

# भारत की कार डिप्लोमेसी

अतिथि देवो भव की भारतीय परंपरा किसी से भी छिपी नहीं है। भारत में अतिथि को भगवान माना जाता है और तद्नुरूप उसका स्वागत -सत्कार किया जाता है। घर आए शत्रु को भी ऊंचा पीढ़ा देने का यहां चलन रहा है। वैदिक काल से आज तक अतिथि सत्कार की परंपरा यहां बदस्तूर कायम हैं। यह और बात है कि अतिथियों को सम्मान देने की परंपरा का कभी-कभी कुछ देशों ने नाजायज फायदा भी उठाया है लेकिन भारत ने कभी न तो अपना स्वभाव बदला और न ही संस्कार। वर्षों की गुलामी भी झेली लेकिन अतिथि संस्कार की अपनी रीति-नीति में कोई परिवर्तन नहीं आने दिया। संत न छोड़य संतई कोटिक मिलय असंत। मलय भुअंगहि बेधिया शीतलता न तजंत। भारत का सुस्पष्ट माननारहा है कि अगर कोई अपना स्वभाव नहीं छोड़ रहा तो उसे क्यों अपना स्वभाव बदलना चाहिए। देश के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने भारत-चीन भाई- भाई का नारा दिया था लेकिन चीन ने उस पर युद्ध थोपने का काम किया। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने भारत और पाकि स्तान के बीच स्थायी शांति के लिए आगरा में नवाज शरीफ और परवेज मुशर्रफ के साथ शिखर वार्ता की थी। लाहौर तक बस लेकर यात्रा की थी लेकिन इसका हासिल क्या रहा। पाकिस्तान ने भारत की पीठ में छुरा भोंकने का काम किया। कारगिल की ऊंची चोटियों पर कब्जा करने की कोशिश की और भारत को उसके साथ कारगिल युद्ध लड़ना पड़ा। इस विश्वासघात के सदमे से अटल बिहारी वाजपेयी अपने जीवन के अंत तक उबर नहीं पाए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का अतिथि प्रेम तो पूरी दुनिया के लिए मिसाल है। जो भी प्रधानमंत्री से मिलता है, उनके स्नेह का कायल हुए बिना नहीं रहता। उन्हें पता है कि सम्मान के बीज बोकर ही सम्मान की फसल काटी जा सकती है। कांग्रेस



के साथी आज भी पीएम मोदी को शी जिनपिंग को झूला झुलाने का उलाहना देते हैं। अगर चीन ने डोकलाम न किया होता तो शायद यह दोस्ती पूरी दुनिया के लिए मिसाल होती। वैसे जितना सम्मान उन्होंने बराक ओबामा को दिया, उतना ही सम्मान डोनाल्ड ट्रंप को भी दिया लेकिन डोनाल्ड ट्रंप ने भारत पर बेवजह अैरिफ बम फोड़कर अपनी दोस्ती को लांछित किया। यह जानते हुएभी कि भारत विरोध उनकेगली की हड्डी बन सकता है। रूस के राष्ट्रपति ब्लादिमिर पुतिन की कार में वे अगर चीन में बैठे तो भारत में उन्होंने अपनी कार में बैठाकर पुतिन से वार्ता की। उस कार में ही उन्होंने कूटनीतिक और व्यापारिक वार्ता करली और दुनिया को पता भी न चला कि कार डिप्लोमेसी के तहत पीएम मोदी ने कौनसा दांव चल दिया। बात यहीं तक सीमित नहीं रही। भारत में जिस किसी भी देश के राष्ट्राध्यक्ष आए, प्रधानमंत्री मोदी ने प्रोटोकॉल तोड़कर उनका स्वागत किया। उन्हें गले से लगाया। यूरोपीय यूनियन के देशों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मिलसारिताऔर आवभगत को देखते हुए तकरीन शून्य टैरिफ पर व्यापार करनेकी सहूलियत दी। जार्डन के क्राउन प्रिंस भी मोदी की कार में सवार हुए। इन नेताओं की कारें कहीं ज्यादा सुरक्षित औरसुविधा संपन्न हैं लेकिन प्रेम के आगे सारा जहान झुकता है। नरेंद्र मोदी ने इसबात को साबित कर दिखाया। यही वजह है कि ट्रंप को भी भारत के साथ समझौता करने पर विवश होना पड़ा। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैंक्रो भारत में हैं। वे भी नरेंद्र मोदी की कार में बैठे। इसदौरान भारत फ्रांस रक्षा समझौते की अवधि दस साल और बढ़ाने पर भी सहमति बनी। भारत दिल से सोचता है जबकि दुनियाके बाकी देश दिमाग से सोचते हैं। भारत संवाद और सहयोग की परंपरा को बनाए रखनाचाहता है लेकिन नवाचार में वह किसी से भी पीछे नहीं रहना चाहता। कार डिप्लोमेसी पर विपक्षी दलों को ऐतराज हो सकता है लेकिन भारत के समग्र विकासके लिए दुनिया के देशों के साथ मिलकर चलना बहुत जरूरी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस बात को बखूबी जानते और समझते हैं।देश विश्वगुरु बननेकी ओर अग्रसर है और इसके लिए हमें दुनिया का साथभी चाहिए और विश्वास भी। अगर पुतिन जैसे राष्ट्राध्यक्षअपनी परमाणु क्षमतासे लैसकार छोड़कर मोदी कीकार में बैठ सकते हैं तो यह उनकाभारत और अपने मित्र मोदी पर अतिशय विश्वास ही है। यह विश्वास बना रहना चाहिए।

विचार

इस जगत में कोई संबंध नित्य नहीं है, अपनी देह का भी नहीं। तब स्त्री-पुरुष का साथ सदा नहीं रहेगा, यह क्या कहने की आवश्यकता है?

– महर्षि वेदव्यास.

अहिंसा में इतनी ताकत है कि वह विरोधियों को मित्र बना लेती है और उनका प्रेम प्राप्त कर लेती है।

– महात्मा गांधी.

जो मेरा धन चुराता है वो मेरी सबसे तुच्छ वस्तु ले जाता है।

– शेक्सपियर.

जो जीवों की हिंसा करता है, वह आर्य नहीं होता, सभी जीवों के प्रति अहिंसा का भाव रखने वाला ही आर्य कहलाता है।

– गौतम बुद्ध.

जिस कर्म में भोगने की कामना होती है, जो अहंकार से किया जाता है तथा जो बहुत प्रयास से होता है, वह राजस कर्म है।

– गीता.

# विकसित भारत का कैसा हो रोडमैप

लोकमित्र

> विकसित देशों से सबक लेते हुए भारत को भी अगले 21 साल तक अनुसंधान और विकास पर अपने सकल घरेलू उत्पाद का एक से तीन फीसद तक खर्च करना होगा। इसके लिए जरूरी है कि भारत अब अनुसंधान और विकासके क्षेत्र में न केवल निजी निवेश को प्रोत्साहित करे बल्कि यह भी सुनिश्चित करे कि यह निवेश किसी भी कीमत पर पचास प्रतिशत से कम न हो।

भारत ने साल 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने का लक्ष्य तय किया है। यह केवल आर्थिक वृद्धि का लक्ष्य नहीं है बल्कि ज्ञान-आधारित, तकनीक-समर्थ और आत्मनिर्भर भारत की कल्पना की है। इस लक्ष्य को पाने में निःसंदेह विज्ञान और प्रौद्योगिकी की अहम भूमिका होगी। इसलिए साल 2026 के राष्ट्रीय विज्ञान दिवस की थीम, विकसित भारत के लिए विज्ञान और नवाचार तय किया गया है। वास्तव में यह थीम हमें इस दिशा में सोचने का मौका देती है कि आखिर अगले 21 सालों के लिए हमारा वैज्ञानिक रोड मैप क्या रहेगा?




भारत इस समय अनुसंधान एवं विकास पर हर साल अपने सकल घरेलू उत्पाद का 0.7 से 0.8 फीसदी खर्च करता है, जबकि विकसित देश ठीक इसी समय 2 से 4 फीसदी तक अपने कुल जीडीपी का खर्च करते हैं। इन विकसित देशों से सबक सीखते हुए भारत को भी अगले 21 सालों तक अनुसंधान एवं विकास पर अपने सकल घरेलू उत्पाद का 1 से 3 फीसदी तक खर्च करना होगा। भले शुरू में इस निवेश को 1 प्रतिशत तक ही बढ़ाया जाए, पर धीरे-धीरे इसे 2047 तक बढ़ाकर जीडीपी का कुल 3 फीसदी तक करना होगा। इसके लिए जरूरी है कि भारत अब अनुसंधान एवं विकास के क्षेत्र में न सिर्फ निजी निवेश को प्रोत्साहित करे बल्कि सुनिश्चित होना चाहिए कि यह निवेश किसी भी कीमत पर 50 फीसदी से कम न हो। क्योंकि दुनिया में जितने भी विकसित राष्ट्र हैं, वहां निजी क्षेत्र अनुसंधान और विकास पर कुल खर्च के 50 फीसदी से ज्यादा खर्च करता है। इसके अलावा विकसित राष्ट्र बनने के लिए जरूरी है कि हम विश्वविद्यालय आधार शोध को सीधे उद्योग से जोड़ें। इसके लिए राष्ट्रीय शोध फाउंडेशन (एनआरएफ) जैसे संस्थानों को अधिक वित्तीय और प्रशासनिक स्वतंत्रता देनी होगी।

**अंतरिक्ष के क्षेत्र में करना होगा वैश्विक नेतृत्व**

भारत ने अंतरिक्ष क्षेत्र में महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल कीं। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन इसरो ने चंद्रयान और अद्वितीय मिशन ने भारत को वैश्विक मंच पर विश्वसनीयता से स्थापित किया है और साल 2047 तक हमारा लक्ष्य है कि हम मानव अंतरिक्ष मिशन की नियमित उड़ानें भरें। आज निजी स्पेस स्टार्टअप्स में 8 से 10 फीसदी का वैश्विक बाजार है। सैटेलाइट आधारित कृषि, आपदा और शिक्षा सेवाओं के विस्तार हेतु यह बहुत जरूरी है। सरकार को चाहिए कि वह संचार, मौसम और पूर्वानुमान जैसे मामलों में रक्षा-सुरक्षा के आधार को बढ़ाए।

सामयिक चिंतन

डिजिटल युग में सेमी कंडक्टर चिप्स, नई तेल अर्थव्यवस्था का रूप ले चुके हैं। भारत में साल 2023 से 2025 के बीच सेमिकंडक्टर विनिर्माण के लिए कई प्रोत्साहन योजनाएं शुरू की हैं और अगले चार सालों में यानी 2030 तक हम कम से कम दो या तीन फैब प्लांट बनाना चाहेंगे। चिप डिजाइन में भारतीय स्टार्टअप का इस दौरान विस्तार होगा तथा रक्षा और आटोमोबाइल के क्षेत्र में स्वदेशी चिप हासिल होंगे। लेकिन अगर चिप उत्पादन में हम आत्मनिर्भर नहीं हो सके, तो डिजिटल भारत की कल्पना अधूरी रह जायेगी। कोविड-19 महामारी ने सिखाया है कि वैक्सीन और दवा अनुसंधान में आत्मनिर्भरता कितनी जरूरी है।

गौरतलब है कि भारत दुनिया के सबसे बड़े वैक्सीन उत्पादकों में से एक है। इसलिए जरूरी है कि भारत साल 2047 के लिए जीन एडिटिंग और प्रिसीजर मेडिसिन में अग्रणी भूमिका निभाए। कैंसर, डायबिटीज और दुर्लभ रोगों पर ज्यादा से ज्यादा स्वदेशी शोधों और ग्रामीण स्वास्थ्य व्यवस्था के लिए डिजिटल हेल्थ प्लेटफॉर्म का निर्माण हो। इस सबके बिना हम 2026 के राष्ट्रीय विज्ञान दिवस को महत्वपूर्ण ऐतिहासिक मोड़ के रूप में देखें। तभी हम भारत को वैज्ञानिक रोड मैप प्रदान कर सकते हैं। क्योंकि बिना ग्रामीण स्वास्थ्य बेहतर बनाए और पूरे देश में डिजिटल हेल्थ प्लेटफॉम निर्मित किए भारत अगले 21 सालों में विकसित देश नहीं बन सकता। भारत को साल 2047 तक दुनिया के प्रमुख विकसित देशों में शामिल होना है, तो हमें अपने नेट जीरो कार्बन के लक्ष्य को हर हालत में हासिल करना होगा। इसके लिए भारत को अगले 21 सालों में कई मील के पत्थर तय करने हैं, जिसका पहला ये है कि हमें अगले 21 सालों में अपनी कुल ऊर्जा खपत में से 60 से 70 फीसदी का नवीकरणीय ऊर्जा स्त्रोतों पर इसी दौरान हमें ग्रीन हाइट्रोजन उत्पादन के लिए भी वैश्विक हब बनना पड़ेगा। इलेक्ट्रिक मोबिलिटी का 80 फीसदी शहरी परिवहन में उपलब्ध करना होगा तथा सौर ऊर्जा, पवन ऊर्जा तथा बैटरी स्टोरेज टेक्नोलॉजी में अनुसंधान को आज के मुकाबले 200 फीसदी से ज्यादा बढ़ाना होगा, तभी साल 2047 में हम विकसित भारत का सपना देख सकते हैं। हां, इन सब क्षेत्रों में तेल, अनुसंधान और भारी निवेश तब तक भारत को महत्वपूर्ण विकसित देश नहीं बना पाएंगे, जब तक हम कृषि क्षेत्र में वैज्ञानिक क्रांति 2.0 नहीं करेंगे। भारत की 45 फीसदी से ज्यादा आबादी आज भी कृषि पर निर्भर है, लेकिन यह निर्भरता विकसित देश हमें तभी बनायेगी, जब मौजूदा हरित क्रांति की जगह स्मार्ट कृषि क्रांति लेगी। इसके लिए ड्रोन आधारित फसलों की निगरानी शुरू करनी होगी, जल संरक्षण तकनीक को बढ़ावा देना होगा और क्लाइमेट रेजिलिएंट बीज इस्तेमाल करने होंगे। साथ ही कृषि तकनीक स्टार्टअप को ग्रामीण युवाओं से जोड़ना होगा। वैज्ञानिक रोड मैप केवल प्रयोगशालाओं से नहीं बनता। स्कूल के स्तर पर हमें अटल टिंकरिंग लैब का विस्तार करना होगा। स्टैम शिक्षा में स्थानीय भाषाओं का उपयोग करना होगा तथा रिसर्च इंटर्नशिप संस्कृति बढ़ानी होगी। संविधान के अनुसार वैज्ञानिक शोध विकसित करना, सिर्फ सरकार का नहीं, हर नागरिक का दायित्व है। इसलिए देश के हर नागरिक को इस दिशा में प्रयास करना होगा।

एआई रोबोटिक और क्वांटम कंप्यूटिंग आने वाले दशकों की निर्यातक तकनीक हैं। हमें इसके लिए एक स्पष्ट रोड मैप बनाना होगा। साइबर सुरक्षा अनुसंधान में खास तौरपर निवेश करना होगा। साथ ही एआई को रोजगार के सृजन से जोड़ना होगा, न कि केवल ऑटोमेशन से। अगर भारत को साल 2047 तक विकसित राष्ट्र बनना है, तो विज्ञान आधारित रोड मैप बनाना होगा और यह सिर्फ सरकारी योजनाओं से संभव नहीं है। इसलिए जरूरी है कि हम उद्योग जगत, विश्वविद्यालय, स्टार्टअप और आम नागरिकों आदि को इस रोड मैप के साथ जोड़ें और यह तभी संभव होगा, जब भारत आने वाले वर्षों में अनुसंधान के क्षेत्र में निवेश को बढ़ायेगा तथा तकनीकी आत्मनिर्भरता को प्राथमिकता देगा। इसी से नई वैज्ञानिक संस्कृति, सामाजिक आंदोलन का रूप लेगी और भारत अपने स्वतंत्रता के शताब्दी वर्ष में एक विकसित भारत के रूप में दुनिया के सामने मौजूद होगा। रिसर्च एंड डेवलपमेंट निवेश को जीडीपी के 3 फीसदी तक बढ़ाना होगा। 2 से 3 सेमीकंडक्टर फैब प्लांट विकसित करने होंगे। 60 फीसदी से अधिक ऊर्जा नवीकरणीय स्त्रोतों से हासिल करनी होगी। मानव अंतरिक्ष मिशन नियमित संचालित करने होंगे। एआई और क्वांटम टेक्नोलॉजी में वैश्विक प्रतिस्पर्धा के लायक बनना होगा।

सोशल मीडिया

भारत एवरेस्ट तक उड़ान भरने वाला दुनियाकापहला विमान बनाएगा। भारत फ्रांस की दोस्ती और मजबूत होगीं।

नरेंद्र मोदी.



सरकार हर मोर्चे पर विफल है। उसके पास विकास काकोई विजन नहीं है, वह केवल सपा की योजनाओं के सहारे ही अपनी वाहवाही कर रही है।

अखिलेश यादव.



पिछली सरकारों में देशकी अर्थव्यवस्था चरमरा गई थी लेकिन हमारी सरकार में उत्तरप्रदेश उत्तम प्रदेश बनने की ओर अग्रसर है

योगी आदित्यनाथ.



# आत्मा का बोध ही संन्यास

अंतर्दृष्टि

जीवन को आत्म-अज्ञान के बिंदु से देखना संसार है। आत्मज्ञान के बिंदु से देखना संन्यास है। इसलिए जब कोई कहता है कि मैंने संन्यास लिया है, तो मुझे बात बड़ी असत्य मालूम होती है। यह लिया हुआ संन्यास ही संसार के विरोध की भ्रांति पैदा कर देता है। संन्यास भी क्या लिया जा सकता है? क्या कोई कहेगा कि ज्ञान मैंने लिया है? लिया हुआ ज्ञान भी क्या कोई ज्ञान होगा? ऐसा ही लिया हुआ संन्यास भी, संन्यास नहीं होता है। सत्य ओढ़े नहीं जाते हैं। उन्हें तुम्हारे भीतर जगाना होता है। संन्यास का जन्म होता है। वह समझ से आता है। उस समझ से हम परिवर्तित होते जाते हैं। जैसे-जैसे हमारी समझ बदलती है, हमारी दृष्टि बदलती है और अनायास ही आचरण भी बदल जाता है। संसार जहां का तहां होता है, पर हमारे भीतर संन्यास का जन्म होता जाता है। संन्यास का अर्थ है यह बोध कि मैं शरीर ही नहीं हूं, आत्मा हूं। इस बोध के साथ ही भीतर आसक्ति और अज्ञान नहीं रह जाता है। संसार बाहर था, अब भी वह बाहर होगा, पर भीतर उसके प्रति रागशून्यता होगी, या यूं कहें कि संसार अब भीतर नहीं होगा। यहां जो भी घट रहा है वह तुम्हारा निर्णय है। अगर तुम संन्यासी हो तो यहतुम्हारा निर्णय है। अगर तुम संन्यास छोड़ते हो तो यह तुम्हारा निर्णय है। अगर तुम फिर से लेना चाहते हो तो भी वह निर्णय तुम्हारा ही होगा। मैं सब कुछ तुम पर छोड़ता हूं। संन्यास आंदोलन का अर्थ हैः सत्य के खोजियों का आंदोलन। और आंदोलन एक बहाव है, वही उसका अर्थ है। वह बहता रहता है, विकसित होता है। जो भी बाह्य है उसे छोड़नेकी मैं भरसक कोशिश कर रहा हूं ताकि सिर्फ आंतरिक रह जाए, जिसका तुम अन्वेषण कर सको। संन्यास आंदोलन न मेरा है न तुम्हारा है। वह तब था जब मैं यहां नहीं था। मैं जब नहीं रहूंगा तब भी यहरहेगा। संन्यास आंदोलन का इतना ही मतलब है, सत्य के खोजियों की धारा। वे यहां सदा से रहे हैं। अगर आप ऐसे खोजी हैं तो तैयार हो जाएं स्वयं को यह अहसास दिलाने के लिए कि आप निश्चित ही एक संन्यासी हैं और इस आगे की प्रक्रिया को पूरा करें। बिना किसी बाहरी सहायता के। संन्यास में हमने एंट्रेंस तो रखा है, एक्जिट नहीं रखा है। उसमें भीतर जा सकते हैं, बाहर नहीं आ सकते। और ऐसा स्वर्ग भी नरक हो जाता है जिसमें बाहर लौटने का दरवाजा न हो। वह परतंत्रता बन जाता है, कारागृह हो जाता है। कोई संन्यासी लौटना चाहे तो कोई क्या कर सकता है? वह लौट सकता है लेकिन आप उसकी निंदा करते हैं, अपमान करते हैं। कंडेमनेशन है उसके पीछे। – **ओशो**

# सत्ता बिना मेरा सब कुछ सूना

व्यंग्यलोक

सभी राजनीतिक दलों को इस समय एक ही चिन्ता सता रही है कि उन्हें सत्ता में आने दो। बिना सत्ता में आये वे कुछ नहीं कर सकते हैं। सत्ता ही समाधान की ऐसी सीढ़ी है जिसके द्वारा जन कल्याण का मार्ग भी प्रशस्त होता है। वे अपने इर्द-गिर्द खड़ी भीड़ को हटाते हुए यही तो कह रहे हैं कि सामने से हट जाओ और उन्हें सत्ता में आने दो। वे सत्ता के लिए कुछ भी कर सकते हैं। सत्ता उनका ईमान और धर्म है। सत्ता उनके जीवन का आदर्श और अंतिम लक्ष्य है। वे सत्ता में आने वाले तमाम रोड़ों-अड़चनों को राजी-बेराजी, साम, दाम, दण्ड और भेद की नीति से हटाने को पूर्णतया तत्पर हैं। सत्ता जीवन का सत्य और चरम है। तभी तो वे कुछ कर पायेंगे। मसलन परिवारजनों को नौकरी, ठेका, परमिट, लाइसेंस देना है तो अपनी सात पीढ़ियों के लिए माकूल प्रबन्ध भी करके जाना है ताकि उन्हें भीख का कटोरा हाथ में न लेना पड़े। सत्ता में शरीर फूल कर कुप्पा हो जाता है। गोल-मटोल चेहरे पर छोटी-छोटी दो आँखें गिद्ध दृष्टि से भी ज्यादा तेज और चालाक हो जाती हैं। सत्ता से मोतियाबिन्द नहीं होता। तमाम रोग बिना सत्ता के होते हैं, इसलिए वे सत्ता को चाहते हैं। इसके लिए वे बार-बार अन्तरात्मा की आवाज पर दल बदलते हैं। सिद्धान्तों को धूल चटाते हैं और खुद थूक कर चाटते हैं। उन्हें सत्ता का इतना जबरदस्त फोबिया है कि वे हार जाने पर भी राजनीति नहीं छोड़ते। यही क्यों बात-बात में राजनीति करना उनकी आदत है।

झूठ, आश्वासन और झाँसों के सहारे वे अपने को यहाँ तक ले आये हैं, सत्ता की ही देन है कि उनके पास भौतिक सुख सुविधाओं का अथाह भंडार है। कई फैक्ट्रियाँ, कई होटल, बड़े-बड़े शहरों में विशाल कोठियाँ और फार्म हाउस। उनके बच्चे महँगे स्कूलों में पढ़ते हैं, कारों में घूमते हैं तथा विदेशों में सैर सपाटे को जाते हैं। वे खुद भी हवाई जहाजों में घूमते हैं तथा सर्वोच्च शिखर पर बने रह कर देश को धोखेबाजी का अपना ताण्डव दिखाते हैं। उनका पूरा जीवन पाखण्ड और छलावे से भरा है। यह सब चलता रहे, इसलिए उन्हें सत्ता में आने दो। उनका कहना है कि वे वर्षों तक विपक्ष में बैठ कर गाल बजाते रहे और दाँत पीसते रहे, इसलिए भी अब उन्हें सत्ता में आने दो सत्ता में वे क्यों नहीं आयें, उन्होंने अपने दल में अब बेधड़क निर्भीकता से सबको घुसा लिया है। चाहे वे उनकी विचारधारा के हैं या नहीं। उनका विचार सिर्फ इतना-सा है कि सत्ता उनसे कहीं दूर नहीं चली जाये। इसलिए वे बेमेल गठबंधन और समझौतों पर समझौता मात्र सत्ता के लिए किये चले जा रहे हैं। इसलिए भी उन्हें सत्ता में आने दो।

**पूरन शर्मा.**

# समुद्री जीवों को मौत की नींद सुलाता मनुष्य कितना सुरक्षित



सामयिक

कुछ महीने पहले ओड़िशा में ओलिव रिंडले कछुओं की एक खास प्रजाति द्वारा समुद्र से बाहर आकर रेतीले मैदानों में बड़ी संख्या में अंडे देने की घटनाओं को पर्यावरणविदों ने एक अच्छी खबर बताया था। हमारे देश में बाघों की बढ़ती संख्या भी एक अच्छी खबर है, लेकिन इस सबसे बहुत खुश होने की भी जरूरत नहीं है। क्योंकि कुछ समय पहले चेन्नई में लोगों ने समुद्र तट के आसपास 1000 से भी ज्यादा मृत कछुओं के पाये जाने की पुष्टि की तो उनकी मौत को रहस्यमयी माना गया। एक अनुमान के अनुसार शायद उन सबकी मौत दम घुटने से हुई थी। हमारे देश के किसी भी समुद्र तट का जायजा लिया जाए तो आपको कहीं भी साफ-सुथरे समुद्र तट देखने को नहीं मिलेंगे। मुंबई जैसे महानगर में तो समुद्र तट ही नहीं बल्कि समुद्र भी प्लास्टिक कचरे से अटे पड़े हैं। हमारे समुद्र में प्लास्टिक कचरे के अलावा और भी बहुत सारी ऐसी चीजें हैं जो समुद्री जल जीवों के लिए मौत का सामान साबित हो रही हैं।

मछुआरों द्वारा फेंकी गई बेकार नायलॉन की रस्सियां जिन्हें लापरवाहीवश समुद्र के बीच में ही छोड़ दिया जाता है, यह कछुओं के लिए ही नहीं बल्कि दूसरे जलीय जीवों को भी नुकसान पहुंचा रही हैं। इनमें फंसकर वे अपने को मुक्त नहीं कर पाते और मर जाते हैं। इसके अलावा पर्यटकों द्वारा फेंकी गई प्लास्टिक की बोतलें और दूसरा कचरा भी समुद्री जल जीवों द्वारा पानी के माध्यम से उनके पेट में जा रहा है और उनकी असमय मौत हो रही है। दरअसल प्लास्टिक के बैग जब पानी पर तैरते हैं तो कछुए उन्हें जैली फिश समझकर इन्हें अपना शिकार बनाने के लिए मुंह खोलते हैं तो ये प्लास्टिक के बैग इनके शरीर में जाकर इन्हें धीरे-धीरे मौत की ओर ले जाते हैं। बहुत सारे समुद्री जीवों द्वारा पानी के ऊपर तैरता हुआ प्लास्टिक कचरा भी उनके लिए खतरनाक साबित हो रहा है, जो नालों, नदियों से होता हुआ सीधे समुद्र में जा रहा है। उनमें मानव द्वारा इस्तेमाल किए जाने वाले छोटे-छोटे शैम्पू पाउच से लेकर टूथ ब्रश और बोतलों के ढक्कन तक देखे जाते हैं। हमारे समुद्र प्लास्टिक के कचरे से भरे पड़े हैं। एक अनुमान के अनुसार प्रतिदिन समुद्र में 9 हजार ट्रक प्लास्टिक कचरा डाला जा रहा है। पर्यावरण विदों के लिए यह एक बड़ी चिंता का कारण है।

उन्होंने समुद्र में पांच ऐसे बड़े कचरों के भंडार चिन्हित किये हैं, जहां पर सबसे ज्यादा कचरा इकट्ठा होता है। इनमें सबसे बड़ा ग्रेट पैसेफिक गार्बेज स्थल है, जो हवाई के उत्तर में है, जिसका क्षेत्रफल लगभग भारत के आकार से आधा ही होगा। इस प्लास्टिक कचरे में सबसे ज्यादा प्लास्टिक के बैग, बोतल के ढक्कन, पानी की बोतलें और फूड पैकेजिंग होती हैं। आजकल प्लास्टिक का इस्तेमाल जीवन के हर क्षेत्र में हो रहा है। लेकिन पिछले दो दशकों में दुनियावी स्तर पर प्लास्टिक के इस्तेमाल में बेतहाशा वृद्धि हुई है। आज 460 एमएन टन प्लास्टिक का उत्पादन हर साल होता है, जिनमें से दो तिहाई हिस्सा सिंगल यूज प्लास्टिक का होता है।

एक मोटे अनुमान के अनुसार 2060 तक प्लास्टिक के उत्पादन में लगभग तिगनी वृद्धि हो जायेगी। 98 प्रतिशत प्लास्टिक पैट्रो कैमिकल से बनाया जाता है, जिसमें ऑयल, गैस और कोयला शामिल होता है। चूंकि यह सस्ता होता है और सिंगल यूज प्लास्टिक भी धरती की सेहत के लिए और भी खतरनाक साबित हो रहा है। प्लास्टिक हमारी प्रकृति के लिए बेहद खतरनाक है, इसके बावजूद इसके उपयोग में कहीं कोई कमी नहीं आ रही। प्लास्टिक को रिसाइकिल करना भी मुश्किल होता है और रिसाइकिल के बाद इसकी गुणवत्ता भी खराब हो जाती है। उस खराब क्वालिटी का प्लास्टिक आसानी से टिकता नहीं है। केवल रिसाइकिल किया हुआ प्लास्टिक का केवल 9 प्रतिशत हिस्सा ही इस्तेमाल में आता है और प्लास्टिक जैसा कि हम सभी जानते हैं कि डी-कपोस्ट नहीं होता। माइक्रो प्लास्टिक भी समुद्रीय जीवों के लिए मौत का सामान साबित हो रहा है। प्लैंकटन से लेकर व्हेल मछली तक के शरीर में प्लास्टिक अपनी घुसपैठ कर चुका है। यह जलीय जीवों के लिए ही नहीं बल्कि हमारे लिए भी बेहद खतरनाक है। दुनिया में सबसे ज्यादा चीन द्वारा प्लास्टिक उत्पादित किया जाता है, उसके बाद अमेरिका और यूरोप दूसरे और तीसरे स्थान पर हैं। लेकिन भारत प्लास्टिक वेस्ट उत्पादित करने में सबसे आगे है। भारत प्रतिवर्ष 9.3 एमएन टन प्लास्टिक कचरा पैदा कर रहा है। भारत ने नाइजीरिया और चीन को भी बहुत पीछे छोड़ दिया है। **वीना गौतम**

## आप की बात

### सागरों को न बनायें कचरा गोदाम

प्लास्टिक प्रदूषण के कारण हमारे समुद्र जो धीरे-धीरे मर रहे हैं, यह एक गंभीर पर्यावरणीय संकट है। हर साल 8 मिलियन टन प्लास्टिक कचरा अगर इसी गति से समुद्र में जाता रहा तो 2050 तक समुद्र में मछलियों से ज्यादा प्लास्टिक कचरा ही होगा। समुद्र में समूचा प्लास्टिक कचरा ही नहीं बल्कि माइक्रो प्लास्टिक का जो अदृश्य जहर है, यह भी समुद्री जीवों को खत्म कर रहा है। यह उन्हें तो नुकसान पहुंचा ही रहा है, उन मछलियों के माध्यम से इंसान तक भी पहुंच रहा है।

प्लास्टिक कोरल रीफ के लिए भी उतना ही घातक साबित हो रहा है। यह समुद्र के नीचे के पारिस्थितिकी तंत्र को पूरी तरह से बिगाड़ रहा है। यह माइक्रो प्लास्टिक महासागरों की कार्बनडाइऑक्साइड सोखने की ताकत को खत्म कर रहा है और ग्लोबल वार्मिंग बढ़ने के खतरे और गहरे हो रहे हैं। अटलांटिक महासागर में प्लास्टिक की कितनी ज्यादा मात्रा जमा हो गई है कि वह जहाजों के लिए खतरा बन गया है, जिसे द ग्रेट पैसिफिक गार्बेज कहा जाता है। समुद्र में प्लास्टिक कचरे का 80 प्रतिशत हिस्सा नदियों, नालों के जरिये आता है। इसके अलावा जहाजों से फेंका गया कचरा और मछली पकड़ने की गतिविधियां भी समुद्र में प्लास्टिक कचरे को बढ़ा रही हैं। समुद्र तटों पर घूमने वाले पर्यटक अपने पर्यावरण की चिंता किए बगैर वहां कचरे का ढेर लगा देते हैं। इस तरह अगर हमने सिंगल यूज प्लास्टिक को अपने जीवन से दूर नहीं किया तो वो दिन दूर नहीं जब हमारे समुद्र भी जीवनहीन हो जाएंगे।

**दिनेश कुमार गुप्ता, लखनऊ.**

### तेजी से बढ़ी आर्थिक विषमता

देश में तेज आर्थिक प्रगति के बावजूद संसाधनों का न्यायिक बंटवारा न होने के कारण आर्थिक विषमता भी उतनी ही तेजी से बढ़ रही है और कोरोना काल में यह और जटिल हुई है क्योंकि तमाम गरीब जो औपचारिक रूप से किसी रोजी-रोजगार से जुड़े थे वह खत्म हो गये। इससे गरीबी बढ़ी है और गरीबों का जीवन और कठिन हो गया है। अमीर-गरीब के बीच बढ़ती खाई समाज में अनेक तरह की विषमता उत्पन्न कर रही है। दुनिया की संपत्तियां कुछ हाथों में सिकुड़ती जा रही हैं और विकास के लाभ आमजन तक नहीं पहुंच रहे हैं। विश्व में आर्थिक विषमता का बढ़ना चिंताजनक स्थिति को दर्शाता है। धन के असमान वितरण से स्थिति भयावह होती जा रही है।

विश्व में केवल दो प्रतिशत अमीरों के पास विश्व की आधी से अधिक सम्पत्ति है। विश्व के केवल एक प्रतिशत लोग विश्व की चालीस प्रतिशत सम्पत्ति पर कब्जा जमाये हुए हैं। विश्व की नब्बे प्रतिशत आबादी के हिस्से में कुल सम्पत्ति का सिर्फ पंद्रह प्रतिशत ही हिस्सा है। सम्पत्ति के मामले में बढ़ रही असमानता से गरीबों का जीवनस्तर गिरावट की ओर अग्रसर है। जमीन, जायदाद, मकान, वित्तीय सम्पत्तियां कुछ खास तबकों के पास सिमटी चली जा रही है।

विकासशील देशों में आम जनता को आर्थिक असमानता से ज्यादा नुकसान हो रहा है। एक तरफ कुछ लोगों की सम्पन्नता का बढ़ना आम आदमी के लिए ही कष्टकारी होता जा रहा है। दुनिया में गैर बराबरी का बढ़ना किसी भी लिहाज से उचित नहीं है। इसकी रोकथाम के लिए सरकारों को ठोस पहल करनी होगी।

आज एक आदमी के लिए जीवन यापन कठिन होता जा रहा है जबकि मोटे पैकेज की बाढ़ है। यह बात सिर्फ निजी क्षेत्र में नहीं बल्किसरकारी क्षेत्र में भी देखने को मिल रही है। सरकारी क्षेत्र में मोट वेतन दिये जा रहे हैं और स्टॉफ घटाये जा रहे हैं। जबकि वेतन सीमित करके कर्मचारियों की संख्या बढ़ाने की जरूरत है।

इसलिए सरकारों को वेतन आयोग की रिपोर्टों को कूड़े के ढेर में फेंककर अधिक से अधिक लोगों को नियोजित करने का प्रयास करना चाहिए। इससे विषमता घटेगी।

**महेन्द्र कुमार यादव, लखनऊ.**

संक्षेप

## मेहदौना में जश्न-ए-दस्तारबंदी का आयोजन

मिल्कीपुर-अयोध्या। ग्राम पंचायत मेहदौना में जश्ने दस्तारबंदी का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम मदरसा इस्लामिया रिजिविया दारुल कुरान के प्रांगण में आयोजित हुआ, जहां चार बच्चों को हाफिज-ए-कुरान की उपाधि से नवाजा गया। मदरसे के प्रिंसिपल मौलाना रफीक ने बताया कि जिन चार बच्चों की दस्तारबंदी की गई, उनमें हाफिज सिराज अहमद (निवासी मेहदौना), हाफिज कैफ (निवासी अरुवावां), हाफिज फैसल (निवासी गोंडा) और हाफिज हसनैन (निवासी मेहदौना) शामिल हैं। इस अवसर पर एक विशाल जलसे का भी आयोजन किया गया। उलेमाओं ने लोगों के बीच खिताब फरमाए, तकरीरें दीं और नात शरीफ पढ़ीं। दस्तारबंदी कार्यक्रम का संचालन कारी असरारउल कादरी ने किया, जबकि अध्यक्षता कारी अब्दुल कुद्दूस ने की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर सैयद गयासे मिल्लत कल्कि शरीफ और विशिष्ट अतिथि मुमताज टांडवी मौजूद रहे। नात ख्वाह अख्तर काशिफ, मौलाना इलियास, मौलाना जुनैदुल कादरी, हाफिज सरफराज सहित कई अन्य उलेमाओं ने भी संबोधित किया।

# प्रतिशोध में मारी गोली, घायल

जिला संवाददाता



**मिल्कीपुर-अयोध्या।** इनायत नगर थाना क्षेत्र स्थित ईंट गांव में 16 वर्ष बाद एक बार फिर प्रतिशोध की ज्वाला धधक उठी है। अपने पिता की हत्या का बदला चुकाने की नीयत से पिता के हत्यारोपी को गोली मारे जाने का मामला प्रकाश में आया है। जहां ईंट गांव निवासी एवं पूर्व जिला पंचायत सदस्य पद प्रत्याशी संजय सिंह को सरेराह अवैध असलहे से गोली मारी गई है।

गोली लगने के बाद गंभीर रूप से घायल को इलाज के लिए राजर्षि दशरथ मेडिकल कालेज दर्शन नगर ले जाया गया, जहां हालत गंभीर देख डॉक्टरों ने उन्हें मेडिकल कॉलेज लखनऊ ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया है। इनायत नगर पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर तीन लोगों के खिलाफ हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज कर गहन छानबीन शुरू कर दी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ईंट गांव निवासी संजय सिंह बीते सोमवार की रात्रि करीब 9.30 बजे मिल्कीपुर बाजार कस्बा निवासी उमाशंकर जायसवाल के यहां आयोजित मांगलिक कार्यक्रम में शामिल होने गए थे। जहां से वह अपने घर वापस लौटने के लिए अपने वाहन चालक एवं युवक शुभम के साथ अपने स्कॉर्पियो वाहन के पास पहुंचे ही थे कि उन्हें अचानक दाहिने कंधे में गोली लग गई। गंभीर हालत देख डॉक्टरों द्वारा लखनऊ ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया। मामले में मुकदमा कायम किए जाने हेतु घायल संजय सिंह ने मिल्कीपुर निवासी विपिन दुबे उर्फ

- ईंट गांव मिल्कीपुर में फिर धधकी प्रतिशोध की ज्वाला
- गंभीर हालत में लखनऊ मेडिकल कॉलेज ट्रामा सेंटर रेफर
- चाचा व दो भतीजों के खिलाफ हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज

जिससे वह घायल होकर सड़क पर ही गिर गए। इतने में ताबड़तोड़ दो फायर और किए गए। हालांकि हमलावरों द्वारा किए गए दोनों फायर उन्हें नहीं लग सके। घटना के तुरंत बाद उन्हें अस्पताल ले जाया गया जहां विक्की एवं कुशल दुबे उर्फ अभय दुबे तथा गिरजा शंकर दुबे के खिलाफ मुकदमा कायम किए जाने हेतु तहरीर दी, जिसके आधार पर थानाध्यक्ष इनायत नगर रतन कुमार शर्मा ने उपरोक्त तीनों लोगों के खिलाफ जानलेवा हमले की गंभीर आपराधिक धारा 109(1) बीएनएस में मुकदमा दर्ज कर लिया है। उन्होंने बताया कि घटना में से दो आरोपियों विपिन दुबे उर्फ विक्की एवं कुशल दुबे उर्फ अभय दुबे को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से हमले में प्रयुक्त 32 बोर की एक स्टील व एक लोहे की अवैध पिस्टल भी बरामद कर ली गई है। वहीं दूसरी ओर घटना के बाद से गांव में पूरी तरह से शांतिपूर्ण माहौल में तनाव घुला हुआ है स्थानीय पुलिस भी पूरी तरह से घटना को लेकर सतर्क हो गई है और पीएसी सहित स्थानीय थाने की पुलिस फोर्स मिल्कीपुर से लेकर ईंट गांव तक ग्रस्त कर रही है।

## सेवा फाउंडेशन आज निकालेगा जागरूकता यात्रा

अयोध्या। सेवा फाउंडेशन अयोध्या में एक भव्य आयोजन, जो पिछले 16 वर्षों से निरंतर और बिना किसी रुकावट के संचालित हो रहा है।

जिसका मुख्य उद्देश्य समाज को एकजुट करना, धार्मिक और सामाजिक मूल्यों के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा बेसहारा पशुओं के प्रति हो रहे उत्पीड़न के विषय में सकारात्मक सोच विकसित करना है। 18 फरवरी प्रातः 09.30 बजे इस यात्रा का पुनः 16वाँ आयोजन किया जा रहा है। इस पहल के माध्यम से समाज के प्रत्येक नागरिक के हृदय में सेवा की भावना जागृत करने का सतत प्रयास किया जा रहा है। सेवा फाउंडेशन के संस्थापक सेवक देव शर्मा पिछले 16 वर्षों से निरंतर इस कार्य में समर्पित भाव से लगे हुए हैं।

अब तक लगभग 1000 से अधिक गौमाताओं का उपचार कर उन्हें स्वस्थ किया जा चुका है, तथा प्रतिदिन संस्था के सभी सदस्य मिलकर लगभग 200 से अधिक बेसहारा पशुओं के लिए भोजन की व्यवस्था करते आ रहे हैं।

## एआरटीओ कार्यालय पर 20 और 21 फरवरी लगेगा परिवहन मेला



**बाराबंकी।** वाहन स्वामियों को बार-बार भुगतान की जटिल एवं समय साध्य प्रक्रिया से राहत दिलाये जाने को लेकर 20 व 21 फरवरी 2026 को उप सम्भागीय परिवहन अधिकारी कार्यालय पर परिवहन मेला आयोजित किया जायेगा। जिसमे व्यवसायिक वाहन स्वामियों को बकाया कर भुगतान के लिए वन टाइम टैक्स सेटलमेंट की सुविधा मिलेगी। इस सम्बन्ध मे विस्तृत जानकारी देते हुये सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन अंकिता शुक्ला ने बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार ने परिवहन कर प्रणाली में बड़ा बदलाव करते हुए एकमुश्त कर वन टाइम टैक्स व्यवस्था लागू कर दी है। नागरिकों की समस्याओं के समाधान के लिए 20 और 21 फरवरी 2026 को प्रात 10 से 5 बजे तक एआरटीओ कार्यालय के सभागार में परिवहन मेला आयोजित किया जाएगा। इसके तहत भाड़े या पारिश्रमिक पर चलने वाले दोपहिया वाहन, तिपहिया मोटर कैब, 10 लाख रुपये तक और 10 लाख रुपये से अधिक मूल्य के मोटर कैब (तिपहिया को छोड़कर), मैक्सी कैब, निर्माण उपकरण व विशेष प्रयोजन वाहन, 3000 किग्रा तक और 3000 से 7500 किग्रा तक के माल वाहन और राज्य परिवहन उपक्रम के सार्वजनिक सेवा वाहन छूट का लाभ प्राप्त सकेंगे।

## पीटीओ ने किये 6 ओवरलोड सीज, अन्य अभियोगो में 29 चालान

**बाराबंकी।** रोड सेफ्टी का पालन सुनिश्चित कराये जाने को लेकर परिवहन विभाग द्वारा शुरू किये गये विशेष चेकिंग अभियान के अन्तर्गत ओवरलोड, बकाया टैक्स, परमिट, फिटनेस, अनाधिकृत डग्गामार सहित प्राइवेट का कमर्शियल उपयोग करने वालो पर प्रवर्तन टीमो द्वारा सख्त कार्यवाही की जा रही



है। अभियान की जानकारी लेने पर सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी अंकिता शुक्ला ने बताया आज मंगलवार को यात्री मालकर अधिकारी रवि चन्द्र त्यागी की टीम ने 6 ओवरलोड, बकाया टैक्स, फिटनेस मिलने पर वाहनो को सीज किया। तथा अन्य अभियोगो मे 29 चालान किये। तो वही कुर्सी रोड पर ई-ऑटो पर निर्धारित संख्या से अधिक यात्री ले जाने की शिकायत मिलने पर दर्जनो की संख्या मे चालको पर जुमार्ना लगाया।

## सहायक पम्प ऑपरेटर को चेयरमैन ने किया निलंबित

गोसाईंगंज-अयोध्या। गोसाईंगंज नगर पंचायत में सहायक पम्प आपरेटर को चेयरमैन ने निलंबित कर दिया। मामले में चेयरमैन ने ईओ सीमाराय को एक सप्ताह के अंदर जांच कर आख्या प्रस्तुत करने के लिए आदेशित किया है। जारी नोटिस में चेयरमैन डॉ.विजयलक्ष्मी जायसवाल का कहना है कि बीते 5जनवरी को बोर्ड की बैठक के दौरान ईओ को सहायक पम्प आपरेटर शिवशंकर वर्मा को गुलाबचंद्र जायसवाल के भवन मानचित्र स्वीकृत आवेदन के मामले में लापरवाही पाए, जाने के आरोप में कारण बताओ नोटिस देने को कहा गया था,परन्तु आज तक ना ही कोई कार्यवाही हुई और ना ही कोई जवाब मिला। जिसमें ईओ की घोर लापरवाही व अधोहस्ताक्षरी के आदेश की अवेहलना हुई है। जांच में उक्त प्रकरण में बिना दिनांक स्थलीय निरीक्षण व कूटरचित दस्तावेज के सहारे दाखिल खारिज किया गया है। इसके साथ ही अन्य कई ऐसे मामले पाए गए है जिससे नगर पंचायत गोसाईंगंज के कार्य प्रणाली पर व्यापक असर पड़ा हुआ है,साथ में जनहित के कार्य प्रभावित हुए है और अधोहस्ताक्षरी व कार्यालय की छवि धूमिल हुई है। जिसके क्रम में चेयरमैन ने आज मंगलवार को तत्काल प्रभाव से जांच होने तक निलंबित कर दिया। बताते चले कि सहायक पम्प आपरेटर शिवशंकर वर्मा को ईओ सीमाराय ने अपने पावर व दस सभासदों के हस्ताक्षर युक्त पत्र का हवाला देते हुए लिपिक के पद का अतिरिक्त प्रभार सौंपा था। जिस धारा 75 का ईओ सीमाराय ने अपना विशेषाधिकार बताते हुए सहायक पम्प आपरेटर को लिपिक का अतिरिक्त प्रभार सौंपने की बात कही थी उस धारा में ईओ को किसी कर्मचारी का कैडर बदलने या लिपिक की शक्ति देने का कोई कानूनी अधिकार नहीं है।

# एडीएम प्रशासन ने कुमारगंज थाने का किया निरीक्षण

जिला संवाददाता



**मिल्कीपुर-अयोध्या।** एडीएम प्रशासन अयोध्या अनिरुद्ध प्रताप सिंह ने बताया कि अपर मुख्य सचिव गृह के आदेशानुसार जिलाधिकारी द्वारा जिले के सभी अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि जनपद में जितने भी थाने हैं, उन पर एक-एक वरिष्ठ अधिकारियों को नियुक्त किया जाए। इसके तहत आज मिल्कीपुर तहसील के कुमारगंज थाने का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान एडीएम प्रशासन ने थाना परिसर में स्थित बंदी गृह कार्यालय, महिला हेल्पलाइन आवास, मलखाना और विभिन्न रजिस्टरों का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने थाना परिसर में साफ-सफाई में कुछ कमियां पाई, जिन्हें जल्द ठीक करने के निर्देश दिए गए। इसके अलावा, एडीएम ने कहा कि जो भी अन्य कमियां मिली हैं, उन्हें शीघ्र ठीक किया जाएगा ताकि थाना परिसर का कार्य सही तरीके से चल सके। थाना परिसर में निरीक्षण करते हुए एडीएम को यह भी जानकारी मिली कि थाना परिसर में जो हैंडपंप लगाया गया है, वह दूषित पानी दे रहा है।

इस पर एडीएम प्रशासन ने जल्द ही उसे ठीक कराने का आदेश दिया ताकि आगामी दिनों में आने वाले लोगों को पानी की समस्या का सामना न करना पड़े। निरीक्षण के दौरान कुमारगंज थाने के प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार, उपनिरीक्षक समेत और अन्य पुलिस कर्मी मौजूद रहे। एडीएम ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि पुलिस थाना में सभी आवश्यक सुविधाएं और व्यवस्थाएं सुचारु रूप से चलें, ताकि जनता को कोई असुविधा न हो। इस निरीक्षण के माध्यम से प्रशासन ने यह सुनिश्चित किया है कि पुलिस थाना परिसर में साफ-सफाई और अन्य बुनियादी सुविधाएं पूरी तरह से दुरुस्त रहें, और लोगों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो।

## किसान मजदूर स्वाभिमान बचाओ महापंचायत मे भाकियू राष्ट्रीय प्रवक्ता ने की शिरकत

**बाराबंकी।** खेती घाटे का सौदा नहीं है लेकिन दिल्ली की कलम बेईमान है। संगठन को गांव गांव मजबूत करना पड़ेगा। देश मे आंदोलन करने पड़ेंगे। ये देश आंदोलन से ही बचेगा। देश की सरकारों की नीयत साफ नही है। उक्त उद्गार



फतेहपुर से सूरतगंज मार्ग स्थित दादनपुर चैराहा पर भारतीय किसान यूनियन द्वारा आयोजित किसान मजदूर स्वाभिमान बचाओ महापंचायत मे मुख्य अतिथि भाकियू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत ने कहीं। महापंचायत मे मुख्य अतिथि श्री टिकैत ने आगे कहा कि देश की सरकारों की नीयत साफ नही है। सरकार किसानों की जमीनों को पूंजीपतियों को देना चाहती है। इसका उदाहरण भारत और अमेरिका के बीच हुई ट्रेड डील है। आने वाले समय मे अमेरिका अपने कृषि उत्पाद भारत मे बेचेगा। जिसका मुकाबला भारत का किसान नहीं कर पायेगा। इसके पश्चात फतेहपुर सूरतगंज मार्ग पर जरखा पुल से राकेश टिकैत ने पंचायत स्थल तक ट्रैक्टर मार्च का नेतृत्व किया। महापंचायत को राजवीर सिंह जादौन, अनुज सिंह, राजपाल शर्मा, सालिकराम यादव ने भी संबोधित किया। पंचायत में कार्यकताओं द्वारा प्रतीक चिन्ह में मुख्य अतिथि श्री टिकैत को हल और गदा भेंट किया। तथा समस्याओं से सम्बंधित एक ज्ञापन एडसीएम फतेहपुर को सौंपा गया। इस अवसर पर हौसिला प्रसाद, राम किशोर पटेल, अनिल वर्मा, अनुपम वर्मा, उत्तम सिंह, सतीश वर्मा रिन्कू, निसार मेहंदी, बलराम यादव, समीर यादव, ओम प्रकाश, शिव नरायन सिंह, बाबादीन, निर्मल कुमार, रामानंद, भगौती प्रसाद, शारदा बक्श सिंह, डॉ हरीराम पाल, डॉ राम सजीवन मौजूद रहे।

# डीएम ने विकासखंड बंकी का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का लिया जायजा

**बाराबंकी।** जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी व मुख्य विकास अधिकारी अन्ना सुदन ने विकासखण्ड बंकी का औचक निरीक्षण कर विभिन्न व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान डीएम ने परिसर की

- अतिक्रमण हटाने, बाउंड्री दुरुस्त करने, अभिलेखों के रखरखाव के निर्देश
- स्वयं सहायता समूह के उत्पादों की सराहना, मॉडल आवास का किया लोकार्पण



साफ-सफाई, कार्यालय प्रणाली तथा जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए। निरीक्षण मे डीएम ने विकासखंड परिसर के बाहर अतिक्रमण को तत्काल हटाने, बाहरी बाउंड्री की मरम्मत कर परिसर को सुरक्षित व सुव्यवस्थित बनाने को लेकर निर्देशित किया। पंचायत उद्योग भवन का निरीक्षण कर हुए जन सेवा केंद्र उसी व्यक्ति द्वारा संचालित हो, जिसके नाम से स्वीकृत है। डीएम ने प्रेरणा कैंटीन का निरीक्षण कर व्यवस्थाये का जायजा लिया। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत महिला स्वयं सहायता समूह द्वारा तैयार धूप-अगरबत्ती सहित अन्य उत्पादों का अवलोकन कर उनके प्रयासों की सराहना की। प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के अंतर्गत निर्मित मॉडल आवास का फीता काटकर लोकार्पण किया गया। इसके पश्चात जिलाधिकारी ने ग्रामीण अभियंत्रण विभाग के अवर अभियंता कार्यालय, खंड विकास अधिकारी कार्यालय तथा मनरेगा सीएलएफ लैब का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए। साथ ही पुराने कर्मचारी आवासों के जीर्णोद्धार हेतु शासन से नियमित पत्राचार करने के निर्देश भी दिए।

# मनरेगा मुद्दे पर विधानसभा घेराव से पहले कांग्रेस सांसद, जिलाध्यक्ष समेत कार्यकर्ता हाउस अरेस्ट

**बाराबंकी।** मनरेगा कानून में बदलाव को लेकर और सरकार के जनविरोधी नीतियों के खिलाफ विधानसभा घेराव के लिये निकले जिला कांग्रेस कमेटी के हजारों कार्यकर्ताओं को पुलिस ने अलोकतांत्रिक ढंग से नजरबंद किया। इस मौके पर कांग्रेस सांसद तनुज पुनिया ने कहा कि वर्तमान सरकार जिस प्रकार अंधेर नगरी चैपट राजा का माहौल बनाये हुये है उससे समाज गर्त की ओर जा रहा है हम

- वर्तमान सरकार अंधेर नगरी चौपाल राजा का बनाये हुए है माहौलः तनुज पुनिया



कांग्रेसियों का आजादी से लगाकर आज तक एक इतिहास रहा है कि कांग्रेस के द्वारा जो भी धरना प्रदर्शन या घेराव किये जाते हैं वह जनविरोधी नीतियों के खिलाफ किये जाते हैं। और हम कांग्रेसियों की विचारधारा अहिंसा वादी होती है, हम लोग गांधी के बताये हुये रास्ते पर चलकर आम जनमानस की समस्याओं का निदान करने के लिये काम करते हैं। जिलाध्यक्ष मोहम्मद मोहसिन के नेतृत्व में जब कार्यकर्ताओं ने आगे बढने की कोशिश की तो पुलिस ने उन्हें रास्ते में रोककर कांग्रेसियों की आवाज दबाने का प्रयास किया। जबकि शान्तिपूर्ण प्रदर्शन करना आम जनमानस का संवैधानिक अधिकार है। लेकिन शासन व प्रशासन का यह व्यवहार पूरी तरीके से अलोकतांत्रिक और असंवैधानिक है। जिला प्रशासन द्वारा तमाम कांग्रेसी पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं के घरों पर 16 तारीख की रात से ही नजरबंद करने का जो कार्य किया है वह पूरी तरीके से असंवैधानिक है। इस अवसर पर सरजू शर्मा, अजीत वर्मा, के0सी0 श्रीवास्तव, राम हरख रावत, मोहम्मद इरफान कुरैशी, राजेन्द्र वर्मा, अखिलेश वर्मा, फरहान किद्वई, मोहम्मद दिलशाद, विजयपाल गौतम, सना चैधरी, मोईनुद्दीन अंसारी, आरडी राव, कौशल किशोर वर्मा, रमेश कश्यप, बबलू गौतम, प्रीती शुक्ला, मोहम्मद अरशद, श्रीकान्त मिश्रा लोग मौजूद रहे।

## मिशन शक्ति टीम ने महिलाओं और बालिकाओं को किया जागरूक



**बहराइच।** मिशन शक्ति 5.0हृ अभियान के अन्तर्गत जनपद के सभी थानों पर गठित मिशन शक्ति टीमों द्वारा प्रमुख बाजारों, कस्बों, चौराहों, धार्मिक स्थलों तथा अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर महिला पुलिस कर्मियों द्वारा शासन व पुलिस विभाग द्वारा महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण स्वावलंबन हेतु जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जनपद में महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु जागरूकता कार्यक्रम के अन्तर्गत सभी महिलाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा उपायों और मिशन शक्ति के तहत उपलब्ध सुविधाओं के बारे महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण स्वावलंबन हेतु चलाई जा रही विभिन्न विभागों की योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, उ०प्र० राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, राष्ट्रीय पोषण योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना, पी०एम० स्वनिधि योजना, पी०एम० सम्मान निधि योजना, वन स्टाप सेन्टर, आयुष्मान योजना, सुरक्षित मातृत्व आश्वासन सुमन योजना, महिला शक्ति केन्द्र योजना, मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना, कन्या सुमंगला योजना तथा पुलिस विभाग से संबंधित विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों वीमेन पावर लाइन 1090, पुलिस आपातकालीन सेवा-112 इमरजेन्सी कॉल/पैनिक बटन-मोबाइल पर डेमो, सी०एम० हेल्प लाइन 1076, स्वास्थ्य सेवा हेल्प लाइन-102, एम्बुलेंस सेवा-108, महिला हेल्प लाईन-181, साइबर क्राइम हेल्पलाइन 1930 आदि के बारे मे पंफलेट बांटकर जागरुक

## साइबर क्राइम टीम ने जागरूकता अभियान चलाया



**बहराइच।** राष्ट्रीय साइबर जागरूकता अभियान के अंतर्गत पुलिस अधीक्षक महोदय बहराइच के आदेशों के अनुपालन में तथा अपर पुलिस अधीक्षक महोदय (ग्रामीण) श्री दुर्गा प्रसाद तिवारी के कुशल निर्देशन एवं श्रीमान क्षेत्राधिकारी नगर श्री नारायण दत्त मिश्रा के कुशल पर्यवेक्षण में, साइबर क्राइम पुलिस थाना बहराइच द्वारा महाराजा सुहेलदेव पार्क, थाना क्षेत्र कोतवाली देहात, जनपद बहराइच में साइबर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। उक्त कार्यक्रम में लगभग 100-150 जनमानस को मोबाइल फोन एवं सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर सुरक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्रदान की गई। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित जनसमूह को सोशल मीडिया आई-डी पर टू-स्टेप वेरिफिकेशन लागू करने, मोबाइल में इंस्टॉल महत्वपूर्ण एप्लीकेशनों में मजबूत एवं कठिन पासवर्ड प्रयोग करने, मोबाइल पर प्राप्त होने वाले संदिग्ध लिंक, एपीके फाइल्स एवं अज्ञात कॉल/मैसेज से सतर्क रहने तथा विभिन्न प्रकार के साइबर फ्रॉड से बचाव के उपायों के बारे में विस्तार से अवगत कराया गया। साथ ही, किसी भी प्रकार के साइबर अपराध या ऑनलाइन धोखाधड़ी की स्थिति में त्वरित कार्रवाई हेतु नेशनल क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल के टोल फ्री नंबर 1930 के प्रयोग के संबंध में भी जानकारी दी गई।

कार्यक्रम के माध्यम से उपस्थित लोगों को साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक कर सुरक्षित डिजिटल व्यवहार अपनाने के लिए प्रेरित किया गया।

# मंडलायुक्त ने कलेक्ट्रेट स्थित अभिलेखागारों और कार्यालयों का किया निरीक्षण

जिला संवाददाता

**बाराबंकी।** मंडलायुक्त आयुक्त अयोध्या राजेश कुमार ने तहसील सिरौलीगौसपुर एवं कलेक्ट्रेट परिसर स्थित विभिन्न अभिलेखागारों और कार्यालयों का विस्तृत निरीक्षण किया। मंडलायुक्त ने शस्त्र अनुभाग, आंग्ल अभिलेखागार, न्यायिक अभिलेखागार, आपदा से संबंधित अभिलेख शाखा, शिकायत प्रकोष्ठ

- विभिन्न शाखाओं, न्यायिक अभिलेखों व ई-डिस्ट्रिक्ट प्रणाली की कार्यप्रणाली का किया अवलोकन
- आईजीआरएस शिकायतों के निस्तारण में 90 प्रतिशत सफलता पर जताई संतुष्टि



तथा राजस्व अभिलेखागार का निरीक्षण कर अभिलेखों की सुरक्षित रखरखाव प्रणाली, फाइलों के संधारण तथा अभिलेखों की उपलब्धता की स्थिति की जानकारी ली और अधिकारियों से कार्यप्रणाली के बारे में चर्चा की। निरीक्षण के दौरान आपदा कंट्रोल रूम, संयुक्त कार्यालय, ई-डिस्ट्रिक्ट कंप्यूटर लैब और सदर नजारत कार्यालय का भी अवलोकन कर ऑनलाइन सेवाओं की उपलब्धता, नागरिकों को दी जा रही सुविधाओं तथा तकनीकी व्यवस्थाओं के संचालन की स्थिति जानी। तथा संबंधित अधिकारियों को सेवाओं की गुणवत्ता बनाए रखने के निर्देश दिए गए। कलेक्ट्रेट परिसर स्थित एडीएम न्यायालय का निरीक्षण कर लंबित मामलों, जनसुनवाई व्यवस्था तथा अभिलेखों के रखरखाव की स्थिति का जायजा लिया।

निरीक्षण के उपरांत मंडलायुक्त ने बताया कि अधिकांश व्यवस्थाएं संतोषजनक पाई गई और कार्यालयों में कार्य सुचारु रूप से संचालित हो रहा है। कुछ स्थानों पर मामूली कमियां मिली हैं, जिन्हें दूर करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि आईजीआरएस के लगभग 90 प्रतिशत प्रकरणों का प्रभावी निस्तारण हुआ है। जो जिलाधिकारी और उनकी टीम के बेहतर समन्वय का परिणाम है। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी निरंकार सिंह, अपर जिलाधिकारी न्यायिक राजकुमार सिंह, उपजिलाधिकारी नवाबगंज आनंद तिवारी, संयुक्त मजिस्ट्रेट/एसडीएम सिरौलीगौसपुर तेजस के, संयुक्त मजिस्ट्रेट/एसडीएम रामनगर गुंजिता अग्रवाल, तहसीलदार नवाबगंज भूपेंद्र सिंह सहित अनेक अधिकारी मौजूद रहे।

## ट्रक में मिली सरकारी स्कूलों की किताबें



**बहराइच।** जिलाधिकारी के सी यू जी नंबर पर कुछ लोगों ने रामगांव इलाके में स्थित एक कबाड़ी की दुकान के पास ट्रक में भारी मात्रा में सरकारी स्कूलों में निशुल्क बटने वाली किताबें रखी होने की सूचना दी। जिसके बाद जिलाधिकारी के निर्देश पर ट्रक को जब्त कर जांच शुरू कर दी गई है।

- डीएम ने दिये जांच के आदेश

जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने बताया कि कुछ लोगों ने फोन पर ट्रक में भारी मात्रा में सरकारी किताबें मौजूद होने की जानकारी दी थी। जिसके बाद वाहन को जब्त किया गया है। जिले के शिक्षा विभाग ने अपने स्टॉक को कंप्लीट बताया है। ये किताबें कहा से लाई गई है। इसकी जांच के साथ ही एक टीम को जनपद में किताबों के स्टॉक का मिलान करने के निर्देश दिए है। जांच के बाद ही ये पता चल सकेगा कि ये किताबें किस जनपद से जिले में आई थी।

## जनता एसपी ने सुनीं जनसमस्याएं



**बहराइच।** पुलिस अधीक्षक द्वारा "जनता दर्शन" में आये फरियादियों की समस्याओं/शिकायतों को सुना गया। जनसुनवाई के दौरान प्राप्त शिकायतों/प्रार्थना पत्रों के सम्बन्ध में सम्बन्धित अधिकारियों/थाना प्रभारियों को शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण जाँच कर निस्तारित करने हेतु आदेशित किया गया।

संक्षेप

## युवती को भगा ले जाने का आरोप दो के खिलाफ केस दर्ज

नसीराबाद, रायबरेली। नसीराबाद थाना क्षेत्र के एक गांव में एक 18 वर्षीय युवती को बहला फुसलाकर भगा ले जाने का मामला प्रकाश में आया है। पीड़ित पिता की तहरीर पर पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ केस दर्ज करके जांच शुरू कर दी है। नसीराबाद थाना क्षेत्र के एक गांव में बीते 14 फरवरी को एक युवती घर में अकेली थी। परिजन किसी काम से बाहर गये थे।इसी का फायदा उठाकर सलोन थाना क्षेत्र के ग्राम बेरा ताल निवासी करन पुत्र जितेन्द्र,व रजवन्ता पत्नी श्याम लाल के सहयोग से बहला फुसलाकर भगा ले गया। साथ ही युवती घर में रखी बारह हजार रूपए भी उठा ले गयी। परिजनों ने नात रिस्तेदारी में खोजबीन के बाद भी जब बेटी का पता नहीं चला तो थाक हार के पीड़ित ने थाने में नामजद तहरीर दे दी।थाना प्रभारी पवन कुमार सोनकर ने बताया कि तहरीर के आधार पर दोनों आरोपियों के खिलाफ सम्बंधित धाराओं में केस दर्ज करके जांच उप निरीक्षक विमल कान्त गोयल को सौंपी गई है।

## धोखाधड़ी के वांछित आरोपी को पुलिस ने दबोचा

जगदीशपुर-अमेठी। थाना भाले सुल्तान शहीद स्मारक पुलिस को मंगलवार को एक बड़ी सफलता हाथ लगी। धोखाधड़ी के गंभीर मामले में लंबे समय से फरार चल रहे वांछित आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मुखबिर से मिली सटीक सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने आरोपी अमित द्विवेदी पुत्र भवानी प्रसाद द्विवेदी निवासी ग्राम बेसारा पश्चिम थाना मुसाफिरखाना ( 28 वर्ष ) को गिरफ्तार कर लिया।

बताया गया कि आरोपी के विरुद्ध 420,467,468 एवं 471 के तहत धोखाधड़ी एवं कूटरचना से जुड़े गंभीर आरोप दर्ज हैं। पुलिस के अनुसार आरोपी एक शातिर किस्म का अपराधी है जो गिरफ्तारी से बचने के लिए लंबे समय से फरार चल रहा था। मामले की गंभीरता को देखते हुए न्यायालय द्वारा उसके विरुद्ध गैर जमानती अधिपत्र भी जारी किया गया था। पुलिस टीम ने योजनाबद्ध तरीके से कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया। गिरफ्तारी के बाद आवश्यक विधिक कार्रवाई पूरी कर उसे न्यायालय में पेश किया गया, जहां से न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया।

# चार परीक्षा केंद्रों का सेक्टर मजिस्ट्रेट ने किया औचक निरीक्षण




महराजगंज,रायबरेली। हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की आगामी बोर्ड परीक्षाओं की तैयारियों का जायजा लेने के लिए सेक्टर मजिस्ट्रेट जिला पूर्ति अधिकारी उबैदुर्रहमान ने चार परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने परीक्षाओं को सकुशल, पारदर्शी और नकलविहीन संपन्न कराने के उद्देश्य से व्यवस्थाओं की जांच की। निरीक्षण के दौरान जिला पूर्ति अधिकारी उबैदुर्रहमान ने राजकीय इण्टर कालेज हलोर, स्वदेश सरस्वती विद्या मंदिर महराजगंज, राजकीय बालिका इंटर कालेज महराजगंज, न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल सलेथू व राजा चंद्रचूड़ सिंह इंटर कालेज महराजगंज में बने परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कक्षाओं में प्रकाश व्यवस्था,मानक के अनुरूप सीटिंग अरेंजमेंट, पेयजल व शौचालयों को दुरुस्त करने के के अलावा डेस्क-बेंच सुव्यवस्थित लगाने और परीक्षा नियमों के अनुसार उचित दूरी बनाए रखने के निर्देश दिए। इस दौरान सभी केंद्रों के स्ट्रांग रूम की सुरक्षा, पेयजल, शौचालय, बिजली, सुरक्षा व्यवस्था और नकल रोकने के इंतजामों की भी समीक्षा की गई। उन्होंने पुलिस प्रशासन को स्ट्रांग रूम की कड़ी निगरानी रखने के लिए भी सचेत किया है।

## विवाहिता ने फांसी लगाकर की खुदकुशी

इकदिल, इटावा। क्षेत्र में गृहक्लेश से तंग आकर विवाहिता ने फांसी लगा कर खुदकुशी करली। गांव मड़ैया मुसवाली के रहने वाले पवन कुमार की 22 वर्षीय पत्नी गुंजन मंगलवार सुबह घर पर घरेलू काम कर रही थी महिला का पति खेत पर पानी लगाने के लिए गया था और सास भैंस को चारा पानी करने लगी और जिठानी अपने कमरे में थी तभी महिला ने अकेले में मौका पाकर कमरे में छत में लगे कुंडा में फंदा लगाकर लटक गई। जिसके बाद घर मे खेल रहे छोटे बच्चे ने कमरे का दरवाजा खोला तो महिला को फंदे पर लटकते देख उसकी चीख निकल गई चीखने चिल्लाने की आवाज सुन परिजन लोग दौड कर पहुंचे उन्होंने फंदे से महिला नीचे उतारा और आनन फानन में जिला अस्पताल ले गए। वहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मायके से आये मृतिका के पिता राकेश बाबू निवासी कचैरा घाट, वाह, चित्रहाट, आगरा ने बताया 29 अप्रैल 2025 को इकदिल क्षेत्र के गांव मुसावली की मड़ैया में उन्होंने अपनी बेटी गुंजन की शादी की थी।

## डंपर की टक्कर से पिकप सवार तीन लोगों की मौत

लालगंज रायबरेली। डंफर व पिकप के मध्य हुई टक्कर में पिकप सवार तीन लोगों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई।घटना 16?17 फरवरी की रात लगभग 12 बजे की है।बताया गया है कि जौनपुर जिले के ग्राम कुंवरपुर थाना पवारा निवासी विपिन सरोज पुत्र प्रेमचंद, अखिलेश सरोज पुत्र फूलचंद वाराणसी से दिल्ली जा रहे थे। पिकप मूर्ति विहार थाना शिकारपुर जिला बुलंदशहर निवासी रोहित गुप्ता पुत्र जवाहरलाल गुप्ता चला रहा था। जैसे ही वह लालगंज रायबरेली मुख्य मार्ग पर बदई का पुरवा गांव के पास पहुंचे सामने से आ रहे गिट्टी लदे तेज रफ्तार डंफर ने पिकप में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि पिकअप का अगला हिस्सा पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया और तीनों उसी के अंदर फस गए। मौके पर पहुंचे क्षेत्राधिकारी अमित सिंह व कोतवाल प्रमोद सिंह ने फायर ब्रिगेड की मदद से लोडर का अगला हिस्सा काटकर तीनों को बाहर निकलवाया तब तक तीनों की मौत हो चुकी थी। मृतकों के परिजनों को मामले की जानकारी दी गई। कोतवाल प्रमोद सिंह ने बताया कि तीनों मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। मृतक विपिन सरोज के चाचा बालचंद सरोज की शिकायत पर डंपर चालक के विरुद्ध मामला दर्ज किया गया है।

## तेज रफ्तार कार की टक्कर से बाइक सवार की मौत

महराजगंज रायबरेली।तेज रफ्तार कार की टक्कर से बाइक सवार की दर्दनाक मौत हो गई। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं किशोर की मौत की जानकारी होते ही परिजनों सहित गांव में कोहराम मच गया। मंगलवार सुबह महराजगंज कोतवाली क्षेत्र के मकरंदपुर मजरे जमुरांवा गांव निवासी सचिन पुत्र जगदेव 18 वर्ष बाइक से रायबरेली की तरफ से महराजगंज आ रहा था कि मिल एरिया थाना क्षेत्र के हरदासपुर शारदा नहर पुल के पास तेज रफ्तार अज्ञात कार ने टक्कर मार दी। घटना में बाइक सवार सचिन गंभीर रूप से घायल हो गया। आसपास मौजूद लोगों व पुलिस ने एम्बुलेंस की मदद से घायल सचिन को जिला अस्पताल पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। टक्कर मारने वाले कार सवार मौके से फरार हो गए। घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों समेत गांव में कोहराम मच गया। मिल एरिया थाना प्रभारी विंध्य विनय ने बताया कि अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत की सूचना मिली है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर अज्ञात वाहन की तलाश की जा रही है। तहरीर के आधार पर कार्यवाही की जाएगी।

# कांग्रेस के प्रदेश सचिव अतुल सिंह को पुलिस ने किया नजर बंद



**रायबरेली।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के आह्वान पर आज उत्तर प्रदेश विधानसभा का घेराव करने जा रहे कांग्रेस के प्रदेश सचिव एवं पूर्व प्रत्याशी ऊंचाहार अतुल सिंह को पुलिस ने 16 फरवरी से नजर बंद किया है 17 फरवरी को सुबह जैसे ही श्री सिंह लखनऊ के लिए निकले रायबरेली पुलिस बल भारी संख्या में श्री सिंह के आवास पहुंचकर उनको लखनऊ जाने से अलोकतांत्रिक तरीके से रोक लिया। इस पर श्री सिंह ने कहा कि मोदी और योगी सरकार पुलिस के बल पर हम सबकी आवाज को दबाना चाहती हैं। मनरेगा को बचाने के लिए गिरती हुई कानून व्यवस्था के लिए हम सब प्रदेश अध्यक्ष के नेतृत्व में आज विधानसभा का घेराव करने जा रहे थे। लेकिन जिस तरह पुलिस लोकतंत्र को खत्म करते हुए हम सबको लखनऊ जाने से रोक रही है। इसकी जितनी निंदा की जाए कम है यह तानाशाही ज्यादा दिन नहीं चलने वाली है। मोदी का चेहरा हिंदुस्तान की जनता देख चुकी है कि किस तरह अमेरिका के दबाव में आकर हिंदुस्तान को अमेरिका के हाथों बेंचने का प्रयास कर रहे हैं।हमारे नेता जननायक राहुल गांधी और प्रियंका गांधी देश को बचाने के लिए लगातार संघर्ष कर रहे हैं।इस अवसर पर प्रमुख रूप से जिला सचिव शैलेंद्र सिंह,अवधेश द्विवेदी,गोलू अग्रहरि,राजेश सिंह,करुणेन्द्र सिंह,राजा तिवारी,अतुल मिश्रा,दिलीप गौतम,मोहम्मद रफी,आरबी सिंह,पुष्पेंद्र सिंह,रमेश गौतम,राकेश सरोज आज बड़ी संख्या में लोग जा रहे थे।

## लखनऊ में होने वाले धरना प्रदर्शन के लिए बीती रात कई कांग्रेसी नेता रहे हाउस अरेस्ट

लालगंज रायबरेली। सोमवार की रात कांग्रेस नेताओं के लिए मुसीबत भरी साबित हुई जब स्थानीय पुलिस ने उन्हें हाउस अरेस्ट बताते हुए घर से कहीं भी जाने से मना कर दिया। लालगंज नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सरिता गुप्ता और जिला कोषाध्यक्ष दीपेंद्र गुप्ता पर पुलिस का पहरा रहा।लालगंज कोतवाली के उप निरीक्षक महेश सिंह तोमर की निगाहें उन पर लगी रही और उनके अंडर कस्टडी में दोनों नेता रहे। वही सरेनी इंस्पेक्टर रमेश चंद्र यादव ने भी कांग्रेस नेता गिरीश बहादुर सिंह को हाउस अरेस्ट किया। बताते चलें कि मंगलवार को लखनऊ में कांग्रेस ने मनरेगा के मुद्दे पर विधानसभा का घेराव कार्यक्रम रखा था जिसमें कांग्रेस नेताओं को पहुंचना था लेकिन पुलिस की नाकाबंदी के चलते बहुत से नेता लखनऊ नहीं पहुंचेसके। योगी सरकार और पुलिस के प्रति नाराजगी सताते हुए कांग्रेस नेता दीपेंद्र गुप्ता ने कहा कि लोकतंत्र में आंदोलन करना सबका अधिकार है। हाउस अरेस्ट करके लोकतंत्र की हत्या की जा रही है। मनरेगा का नाम बदले जाने पर भी उन्होंने नाराजगी जताई और कहा कि इसका जवाब जनता 2027 के विधानसभा चुनाव मेंदेगी।

## जिले के 85 केंद्रों पर होगी बोर्ड की परीक्षा रहेगी पूरी निगरानी

अमेठी। जनपद में बोर्ड परीक्षा के मध्य नजर सभी व्यवस्थाएं जिला प्रशासन व शिक्षा विभाग ने पूर्ण कर ली है परीक्षा को शांतिपूर्ण व नकल विहीन संपन्न करने के लिए प्रशासन में सभी औपचारिकताएं पूरी कर ली है जनपद के पचासी केंद्रों पर कैमरे की निगरानी के साथ ही स्टेटिक टीम की नजर रहेगी। आज बुधवार से यूपी बोर्ड परीक्षा शुरू, अमेठी में 85 केंद्रों पर 48,333 छात्र देंगे परीक्षा उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद की हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट की बोर्ड परीक्षाएं 18 फरवरी से शुरू हो रही हैं। इसे लेकर अमेठी जिला प्रशासन ने व्यापक तैयारियां पूरी कर ली हैं।जनपद में कुल 85 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जहां 48,333 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल होंगे। परीक्षा को नकलविहीन और पारदर्शी बनाने के लिए सभी केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरों से निगरानी की व्यवस्था की गई है।प्रशासन की ओर से उड़नदस्ते और स्टैटिक मजिस्ट्रेट भी तैनात किए गए हैं, जो लगातार परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण करेंगे।परीक्षा की मॉनिटरिंग के लिए जीजीआईसी गौरीगंज को जिला कंट्रोल रूम बनाया गया है, जहां से सभी केंद्रों की गतिविधियों पर नजर रखी जाएगी।जिला प्रशासन ने सभी केंद्र व्यवस्थापकों को निर्देश दिए हैं कि परीक्षा शांतिपूर्ण और निष्पक्ष ढंग से संपन्न कराई जाएगी। जिला विद्यालय निरीक्षक राजेश कुमार द्विवेदी ने बताया कि सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। शांतिपूर्ण एवं नकल विहीन परीक्षा कराई जाएगी।

## आशुतोष द्विवेदी ने जेईई मेन्स में हासिल किए 98.35 प्रतिशत, क्षेत्र में खुशी की लहर



मुंशीगंज अमेठी। क्षेत्र के पूरे कंधई (सरुवांवा) गांव निवासी मेधावी छात्र आशुतोष द्विवेदी ने प्रतिष्ठित जेईई मेन्स प्रवेश परीक्षा में 98.35 पर्सेंटाइल अंक प्राप्त कर परिवार व क्षेत्र का नाम रोशन किया है। परिणाम घोषित होते ही परिजनों और शुभचिंतकों में खुशी की लहर दौड़ गई। आशुतोष की इस सफलता पर परिजनों ने मिठाई खिलाकर खुशी जाहिर की। शुभचिंतकों ने उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए बधाई दी। आशुतोष ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता के आशीर्वाद और शिक्षकों के मार्गदर्शन को दिया। उन्होंने बताया कि नियमित अध्ययन और समय प्रबंधन के बल पर यह उपलब्धि हासिल हुई है। आशुतोष अब जेईई एडवांस की तैयारी में जुट गए हैं। बताया जाता है कि आशुतोष के पिता संतोष द्विवेदी महर्षि दयानंद इंटर कॉलेज लौहर पश्चिम में शारीरिक शिक्षक हैं, जबकि उनकी मां नीलम द्विवेद्वी गृहणी हैं। बेटे की सफलता पर क्षेत्र के गणमान्य लोगों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी हैं।

## जायस के मून लैंड इंटरनेशनल स्कूल में वार्षिकोत्सव की धूम

अमेठी। जायस नगर पालिका के मिल एरिया स्थित में सोमवार को वार्षिक उत्सव हर्षोल्लास के साथ आयोजित हुआ। छात्र-छात्राओं ने सामाजिक व शैक्षिक विषयों पर आधारित नाटक और मनमोहक नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों की खूब तालियां बटोरीं। पुलवामा और पहलगाम आतंकी हमलों व ऑपरेशन सिंदूर पर आधारित प्रस्तुति ने माहौल को भावुक कर दिया। अभिभावकों और अतिथियों की आंखें नम हो उठीं। मुख्य अतिथि एफडीआई फुरसतगंज के डायरेक्टर सुनील कुमार द्विवेदी तथा विशिष्ट अतिथि रायबरेली के वरिष्ठ फिजिशियन डॉ. बृजेश सिंह ने प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को सम्मानित किया। दोनों अतिथियों ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि ऐसी प्रस्तुति बड़े शहरों के स्कूलों में भी दुर्लभ है। मुख्य अतिथि सुनील कुमार द्विवेदी विशिष्ट अतिथि डॉ. बृजेश सिंह अध्यापक प्रबंधन डायरेक्टर झ्र मुनलेड इंटरनेशनल स्कूल प्रधानाचार्यासझ्र श्रीमती अनवरतया जी।सेंटर मैनेजर झ्र सुधिरा खुल्ला जी कार्यक्रम में भाग लेने वाले बच्चे प्रियांशी प्रसिद्ध, अपर्णा, अनुष्का, नविकारहे तो पुरस्कार प्राप्त छात्र, एहतेसाम हुसैन, पियूष, हुमेरा, नोमान प्रसिद्ध आनंद को पुरूस्कार देकर सम्मानित करते हुये बच्चों का मनोबल बढाया अंत में स्कूल के डायरेक्टर डॉ. मशरूर चंदा ने सभी अतिथियों व अभिभावकों का आभार व्यक्त किया।

## ब्लाक संसाधन केन्द्र छतोह में पांच दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न



नसीराबाद रायबरेली। ब्लाक संसाधन केंद्र छतोह में चल रहे पांच दिवसीय प्रशिक्षण में खंड शिक्षा अधिकारी विजय प्रकाश की उपस्थिति में समापन हुआ। समावेशी शिक्षा के अंतर्गत प्रशिक्षण में नई शिक्षा नीति 2020 में दिव्यांग जनों की शिक्षा की व्यवस्था उनके लिए सुलभ साधन एवं प्रमाण पत्र तथा जो सरकार द्वारा सुविधा दी जाती हैं। इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी ने कहा है कि हम आशा करते हैं कि जो भी आप सभी ने प्रशिक्षण में जो भी सीखा है। उससे बच्चे भी लाभान्वित होंगे। शिक्षक महेश कुमार मोदनवाल एवं चंद्र प्रकाश तथा रमेश कुमार शुक्ला द्वारा विस्तृत चर्चा किया गया। समापन में प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले विभागीय प्रतिभागियों को दिव्यांग बच्चों की शिक्षा के लिए शिक्षण व्यवस्था को सुचारू रूप से चलाने एवं उनका सुविधा दिलाने और उनको समाज के मुख्य धारा में जोडने करने के लिए सहयोग प्रदान करने को कहा जिससे दिव्यांग बच्चों का सर्वांगीण विकास हो सके। इस अवसर पर मुख्य रूप से गिरजेश सिंह, रामकुमार, रोहित मिश्रा, योगेश मलिक, इरशाद अली, फतेह बहादुर, राम जी, अजय कुमार, पवन सिंह, अनिल कुमार सिंह, कुसुम, संध्या श्रीवास्तव सहित सभी प्रतिभागी उपस्थित रहे।

# संशिक्षा अकादमी के विद्यार्थियों ने जेईई मेन में प्राप्त की सफलता

### व्यक्तिगत मार्गदर्शन ही उत्कृष्ट परिणामों की आधारशिला : नीरज कुमार सोनी




रायबरेली। जनवरी 2026 में आयोजित जेईई मेन परीक्षा में संशिक्षा अकादमी, के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया है। इस प्रयास में तीन विद्यार्थियों ने 99 से अधिक परसेंटाइल प्राप्त किए .संस्कार अग्रहरी (99.37 परसेंटाइल), अक्षत (99.07 परसेंटाइल) तथा कृष्णा यादव (99.02 परसेंटाइल)। इसके अतिरिक्त 25 से अधिक विद्यार्थियों ने 90 से ऊपर परसेंटाइल हासिल किए, जिनमें आर्यन सिंह चैहान (98.54), आयुष सिंह चैहान (98.35), पारस संतनानी (98.04), अरीन चैरसिया (96 परसेंटाइल), अर्पण यादव (94.4), ईशांत (92), अर्जुन (92.68), दिव्या सिंह, जानवी सहित अन्य छात्र शामिल हैं। विशेष गर्व की बात यह है कि संस्कार अग्रहरी, जो डीह क्षेत्र से संबंध रखते हैं, एक साधारण परिवार से आते हैं। उनके पिता की एक छोटी सी चाट की दुकान है। सीमित संसाधनों के बावजूद संस्कार ने कठिन परिश्रम और दृढ़ संकल्प के बल पर 99.37 परसेंटाइल प्राप्त कर यह सिद्ध कर दिया कि सफलता परिस्थितियों की मोहताज नहीं होती। यह उपलब्धि पूरे क्षेत्र के लिए प्रेरणास्रोत है। संशिक्षा अकादमी के निदेशक नीरज कुमार सोनी, जो भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान कानपुर से शिक्षित हैं, ने सभी विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं अभिभावकों को बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की निरंतर मेहनत, शिक्षकों के समर्पित मार्गदर्शन और सुव्यवस्थित शैक्षणिक रणनीति का परिणाम है। उन्होंने कहा कि संशिक्षा में अनुशासन, नियमित टेस्ट प्रणाली और व्यक्तिगत मार्गदर्शन ही उत्कृष्ट परिणामों की आधारशिला है।

## सड़क दुर्घटना में युवक की मौत, छात्रा घायल



गोसाईगंज, सुल्तानपुर। गोसाईगंज थानाक्षेत्र के द्वारिकागंज रेलवे क्रासिंग के पास बाइक सवार लोहे के पोल से टकरा गया। जिससे युवक की घटना स्थल पर मौत हो गई। जबकि हादसे में एक छात्रा घायल हुई है। पुलिस ने शव को मोर्चरी में रखवा दिया है। बल्दीराय थानाक्षेत्र परसपुर गांव निवासी राम जीत यादव( 22 )पुत्र कल्लू यादव गोसाईगंज थानाक्षेत्र एक गांव निवासी छात्रा माधुरी के साथ बाइक से सुल्तानपुर की ओर जा रहा था। मंगलवार शाम करीब चार बजे वह अयोध्या प्रयागराज हाईवे पर द्वारिकागंज पुलिस चौकी के करीब रेलवे क्रासिंग के पास पहुँचा था कि अनियंत्रित होकर लोहे के पोल से टकरा गया। हादसे में युवक गंभीर रूप से और छात्रा आंशिक रूप से घायल हो गई। राहगीरों की मदद से घायलों को मेडिकल कालेज सुल्तानपुर ले जाया गया। जहाँ डॉक्टरों ने रामजीत यादव को मृत घोषित कर दिया। सूचना पर द्वारिकागंज चौकी इंचार्ज अशोक कुमार और परिजन मेडिकल कालेज पहुँचे। पुलिस ने शव को मोर्चरी में रखवा दिया है। मृतक तीन भाई बहनों पर सबसे छोटा था। रामजीत खेती किसानी करके परिवार का मदद करता था। उसकी मौत माँ श्याम कली, भाई सुरजीत, बहन बिट्टन का रो रोकर बुरा हाल है। परिवार में कोहराम मचा है।मृतक की अभी शादी नही हुई थी। इस संबंध में द्वारिकागंज चौकी इंचार्ज अशोक कुमार ने बताया शव को मोर्चरी में रखवा दिया गया है। बुधवार को पंचायतनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जाएगा। विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## विद्यालयों के ऊपर से निकल रही हाईटेंशन लाइन के विस्थापित किये जाने के सम्बन्ध में बैठक सम्पन्न

रायबरेली।जिलाधिकारी हर्षिता माथुर की अध्यक्षता में परिषदीय विद्यालयों के ऊपर से जा रहे हाईटेंशन विद्युत लाइन विस्थापित करने के सम्बन्ध में एक बैठक कलेक्ट्रेट कक्ष में सम्पन्न हुई।बैठक में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी राहुल सिंह ने बताया कि जनपद के 204 परिषदीय विद्यालयों को चिन्हित किया गया है, जिनके ऊपर से जा रहे हाईटेंशन विद्युत लाइन विस्थापित किया जाना है। उक्त कार्य के सापेक्ष 97 विद्यालयों में हाईटेंशन लाइन को विस्थापित किये जाने हेतु विद्युत विभाग को बजट जारी किया गया है। जिलाधिकारी ने कहा कि उक्त कार्य अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी विद्युत विभाग से समन्वय स्थापित करते हुए हाईटेंशन विद्युत लाइन विस्थापन का कार्य शीघ्र पूर्ण करायें, इसके साथ ही यह भी निर्देश दिये गये कि ऐसे विद्यालय जिनके परिसर के ऊपर से विद्युत लाइनें गुजर रही है, यदि अभी भी शेष हैं तो उनकी सूची तैयार कर ली जाए, जिससे कोई विद्यालय ऐसा न रहें जिसके परिसर के ऊपर से विद्युत लाइन गुजर रही हो। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अंजू लता, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 नवीन चन्द्रा, अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) विशाल कुमार यादव, जिला विद्यालय निरीक्षक संजीव कुमार सिंह सहित विद्युत विभाग के अधिकारी आदि उपस्थित रहें।

## मंडलीय सिद्धचक्र महामंडल विधान से हुआ गुंजायान

इटावा। शहर के पाश्र्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर, लालपुरा में इन दिनों धर्ममय और आध्यात्मिक वातावरण व्याप्त है। आचार्य सन्मति सागर महाराज के अंतिम शिष्य आचार्य सुबल सागर महाराज ससंघ विराजमान हैं। उनके पावन सान्निध्य में पच्चीस मंडलीय सिद्धचक्र महामंडल विधान का भव्य आयोजन प्रारंभ हुआ, जिससे समूचा क्षेत्र भक्तिरस में सराबोर हो उठा। विधान का शुभारंभ विधानाचार्य आशीष जैन शास्त्री द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण एवं मंगलाचरण के साथ किया गया। प्रातःकाल श्रीजी का अभिषेक संपन्न हुआ तथा केसर मिश्रित जल से आचार्य श्री के मुखारविंद से शांति बोली गई। शांति धारा करने का सौभाग्य नमन जैन परिवार को प्राप्त हुआ। इसके उपरांत संगीतमय वातावरण में विधान प्रारंभ हुआ और जय जिनेंद्र के उद्घोष से पूरा मंदिर परिसर गुंजायमान हो उठा। इंद्रों द्वारा प्रस्तुत भक्ति नृत्य ने श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। सायंकाल आरती घर से लाने का सौभाग्य शैलेश जैन आगरा वाले, परिवार को प्राप्त हुआ। गाजे-बाजे और भक्ति नृत्य के साथ आरती मंदिर लाई गई, तत्पश्चात श्रीजी एवं आचार्य श्री की भव्य आरती संपन्न हुई। इस अवसर पर सभासद हेमलता यादव एवं प्रतिनिधि सभासद अरविंद यादव ने आचार्य श्री से विशेष आशीर्वाद प्राप्त किया। जैन समाज अध्यक्ष सहित संजू जैन, राजू जैन, सोनू जैन, सुनील जैन, पीयूष जैन एवं विवेक जैन पूरन जैन ने तिलक एवं रुपटा उढ़ाकर सभासद का सम्मान किया। भजनों की मधुर धुन पर श्रद्धालु भक्ति नृत्य में झूम उठे और पूरा मंदिर परिसर धर्म एवं आस्था के रंग में रंग गया। कार्यक्रम में रोहित जैन, वैभव जैन, अभिषेक जैन, गौरव जैन बंटी जैन, सौरभ जैन भोलू जैन सहित दिगंबर जैन साधु सेवा समिति के सभी पदाधिकारी एवं सकल दिगंबर जैन समाज के सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# कर्ज चुकाने के लिए घर में ताला तोड़कर की थी चोरी

### सात लाख के सोने-चांदी के आभूषण और 1.25 लाख नगद के साथ एक अभियुक्त गिरफ्तार




रायबरेली।कोतवाली नगर थाना क्षेत्र में हुई चोरी की घटना का पुलिस ने सफलतापूर्वक खुलासा किया है। आरोपी ने कर्ज चुकाने के लिए घर में ताला तोड़कर चोरी की थी। पुलिस ने अभियुक्त के पास से चोरी का पूरा माल बरामद कर लिया है। वादी शरद श्रीवास्तव पुत्र स्व. शिवप्रकाश श्रीवास्तव, निवासी साकेत नगर, थाना कोतवाली नगर, 4 फरवरी को साले की शादी में गया था। 6 फरवरी की शाम को घर लौटकर देखा कि मुख्य दरवाजे का ताला टूटा हुआ था। अलमारी से नकदी और जेवरात चोरी हो चुके थे। आरोपी ने बताया कि वह 5 फरवरी की रात को ताला तोड़कर घर में घुसा था।पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर संदिग्ध चेकिंग के दौरान हनुमंतपुरम मोड़ के पास शंकर प्रसाद सोनी पुत्र रामप्रसाद, निवासी भरतपुरम पोस्ट रतापुर, थाना मिलएरिया, को गिरफ्तार किया। अभियुक्त ने पूछताछ में कबूल किया कि लोगों का कर्ज था, वह मोहल्लों में फेरी का काम करता है। उसने साकेत नगर में बंद घर देखकर चोरी की योजना बनाई और रात में ताला तोड़कर अलमारी से सामान चुराया। बरामद सामान (करीब 7 लाख मूल्य के):सोने (पीली धातु) के आभूषणः चैन, टॉप्स की जोड़ी, अंगूठी, बच्चों की हार, नाक की कील, टूटे कुंडल, सुई धागा, कान की झुमकी आदि।चांदी (सफेद धातु) के आभूषणः करधनी (बच्चों की और बड़ी), पाजेब, पायल की जोड़ियां, सिक्के, बच्चों के कड़े, सिंदूरदान, कटोरी, बिछिया की जोड़ियां, अंगूठियां, मछली आदि।1,25 लाख नगद रुपये बरामद कर लिया है।

यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक रवि कुमार के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार सिन्हा के पर्यवेक्षण और क्षेत्राधिकारी नगर अरुण कुमार नौहवार के नेतृत्व में की गई। अभियुक्त को न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया है।

## वर्ष 2024 में दर्ज मामले में फरार आरोपी गिरफ्तार

मुसाफिरखाना अमेठी। संस्थान का कूट रचित दस्तावेज पेश करने के मामले में फरार चले रहे आरोपी को भाले सुल्तान शहीद स्मारक थाना पुलिस ने चेकिंग के दौरान गिरफ्तार कर लिया। भाले सुल्तान शहीद स्मारक थाना पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध विधिक कार्यवाही करते हुए जेल भेज दिया। भाले सुल्तान शहीद स्मारक थाने के थानाध्यक्ष तनुज कुमार पाल उपनिरीक्षक बृजेश कुमार यादव व कांस्टेबल रविन्द्र सिंह के साथ क्षेत्र में गश्त पर थे और संदिग्धों की तलाशी अभियान चला रहे थे। अभियान के दौरान मुखबिर की सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने वर्ष 2024 में दर्ज कराए गए मामले में वांछित अभियुक्त अमित द्विवेदी पुत्र भवानी प्रसाद द्विवेदी निवासी ग्राम बेसारा पश्चिम थाना मुसाफिरखाना जनपद अमेठी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की।

# दो शातिर बदमाशों से पुलिस की हुई मुठभेड़ एक बदमाश गोली लगने से घायल

जिला संवाददाता



**मथुरा।** शेरगढ़ कस्बा क्षेत्र से नौ फरवरी को डाक सेवक को बंधक बना कर अपहरण करके हरियाणा में ले जाकर हत्या करने वाले दो शातिर बदमाशों को देर रात पुलिस ने मुठभेड़ में गिरफ्तार किया है। पैर में गोली लगने से एक घायल हो गया। उनके कब्जे से कार, तमंचा और कारतूस बरामद हुए है।बताया जाता है कि कोसीकलां के गांव कामर निवासी रामवीर अगरयाला के डाकघर में ग्रामीण डाक सेवक ब्रांच पोस्ट मास्टर के पद पर कार्यरत हैं। नौ फरवरी की सुबह वह ड्यूटी के लिए जा रहे थे। सुबह साढ़े 11 बजे नाले के समीप कार सवार बदमाशों ने उनको रोक लिया और अपहण करके कार में डालकर ले गए। बदमाशों ने पलवल में ले जाकर नहर के पास डाक सेवक की जला कर हत्या कर दी। इसके बाद आधा जला शव नहर में फेंक कर फरार हो गए। पलवल पुलिस ने शव को बरामद कर पहचान के प्रयास शुरू किए। पुलिस ने सीसीटीवी के माध्यम से हरियाणा तक बदमाशों का पीछा किया, लेकिन बाद में कोई सुराग नहीं लगा। पुलिस ने हरियाणा पुलिस से संपर्क किया तो एक शव की जानकारी हुई। पुलिस ने परिजनों को ले जाकर पहचान कराई। अजीत ने अंगूठी और पैर की निशान से मृतक की पहचान अपने भाई रामवीर के रूप में कर दी। अजीत ने शेरगढ़ थाने में एक प्रार्थना पत्र दिया था। इसमें बताया कि भांजी ने भारत तेवतिया उर्फ भरतू निवासी गांव अलावलपुर पलवल के साथ हमारी बिना सहमति से कोर्ट मैरिज कर ली थी। इस शादी से छोटा भाई रामवीर सहमत नहीं था। इसी बात की रजिंश भारत तेवतिया भाई रामवीर से रखता था। एसपी ग्रामीण सुरेश चंद्र रावत ने बताया कि शेरगढ व एसओजी टीम ने सोमवार देर 10 बजे शिवा ढाबे के पास पलवल के थाना चांदहट के गांव अलावलपुर निवासी भारत उर्फ भरतू और रंजीत को गिरफ्तार किया।

एसपी ने बताया कि जिस तमंचा से डाक सेवक की हत्या की थी। वह तमंचा पैगाव से आगे कोसी रोड पर छुपा दिया था। तमंचा बरामदगी के लिए लेकर जाते समय रात साढ़े 12 बजे भारत उर्फ भरतू ने पुलिस पर जान से मारने की नीयत से फायर कर दिया। मुठभेड़ में एक गोली उसकी दाई पैर में लग गई। इससे वह घायल हो गया। घायल को उपचार के लिये अस्पताल में भर्ती कराया है।

# वृंदावन पहुंचे विराट कोहली और अनुष्का शर्मा



**मथुरा।** भारतीय क्रिकेट टीम के दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली और उनकी अभिनेत्री पत्नी अनुष्का शर्मा मंगलवार को आध्यात्मिक प्रवास पर

**● संत प्रेमानंद महाराज से लिया आशीर्वाद**

कान्हा की नगरी वृन्दावन पहुंचे। दंपति ने परिक्रमा मार्ग स्थित श्रीहित राधा कैली कुंज आश्रम में प्रसिद्ध संत हित प्रेमानंद महाराज के दर्शन किए। इस दौरान विराट-अनुष्का भक्ति भाव में डूबे नजर आए और उन्होंने संगत में बैठकर महाराज जी के प्रवचनों को एकाग्रता से सुना। आशीर्वाद प्राप्त करने के बाद दोनों ने कुछ समय आश्रम की आध्यात्मिक शांति के बीच बिताया। विराट और अनुष्का के आने की खबर मिलते ही प्रशंसकों में भारी उत्साह देखा गया। छटीकरा मार्ग स्थित होटल रेडिसन जहां यह सेलिब्रिटी जोड़ा ठहरा हुआ है और परिक्रमा मार्ग स्थित आश्रम के बाहर अपने चहेते सितारों की एक झलक पाने के लिए प्रशंसकों की भारी भीड़ जमा हो गई। सुरक्षा व्यवस्था के बीच प्रशंसकों को नियंत्रित करना चुनौतीपूर्ण रहा, फिर भी विराट ने कार में से हाथ हिलाकर कई जगह प्रशंसकों का अभिवादन स्वीकार किया। विराट और अनुष्का की यह यात्रा पूरी तरह निजी और आध्यात्मिक बताई जा रही है।

# जनगणना को सुचारू रूप से संपन्न कराने को जिलाधिकारी की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक



**फिरोजाबाद।** भारत की जनगणना श्रृंखला की 16वीं आजादी के बाद की आठवीं और देश की पहली डिजिटल जनगणना को सुचारू रूप से संपन्न करने के उद्देश्य से जिलाधिकारी रमेश रंजन की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक का आयोजन उनके कक्ष में किया गया,इस बैठक में जनगणना की तैयारी और आगामी कार्य योजना पर विस्तार से चर्चा की गई, बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व विशु राजा ने भी प्रतिभाग किया, जिन्होंने जनगणना प्रक्रिया के तकनीकी और प्रशासनिक पहलुओं पर प्रकाश डाला,जिलाधिकारी ने अवगत कराया कि इस बार की जनगणना दो चरणों में पूरी की जाएगी, प्रथम चरण में मकान सूचीकरण और मकान की गणना का कार्य होगा, द्वितीय चरण में जनसंख्या की गणना की जाएगी ।जिलाधिकारी ने कड़े निर्देश दिए हैं कि इस राष्ट्र महत्व के कार्य को मिशन मोड पर लिया जाए, उन्होंने स्पष्ट किया की जनगणना के कार्य में सभी सरकारी विभागों के कर्मचारियों की सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी, इस कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता के तौर पर किया जाए, ताकि डाटा की सटीकता और समयबद्धता बनी रहे 20 व 21 फरवरी को जनगणना से जुड़े कार्मिकों का प्रशिक्षण कराया जाए, जबकि 23 फरवरी से जिले में जनगणना का आधिकारिक रूप से कार्य शुरू कर दिया जाए, जिलाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि वह प्रथम डिजिटल जनगणना के सफल क्रियान्वयन हेतु आपसी समन्वय के साथ काम करें, बैठक में जिला पंचायत राज अधिकारी जिला सूचना विज्ञान अधिकारी अपर नगर आयुक्त आदि उपस्थित रहे।

# दो पक्षों में हुआ झगड़ा, पुलिस ने दोनों को लिया हिरासत में

**फिरोजाबाद।** शिकोहाबाद रोडवेज बस स्टैंड पर एआरटीओ के द्वारा दो वाहनों के चालान काटकर रोडवेज बस स्टैंड डिपो पर खड़ा कर दिया। रोडवेज के गार्ड, वाहन स्वामियों में रुपए को लेकर झगड़ा हो गया। इस दौरान गार्ड के साथ अभद्रता कर दी गई। झगड़े की सूचना पर पहुंची पुलिस ने रोडवेज के गार्ड, गाड़ी स्वामी को हिरासत में लेकर थाने पहुंची जहां मामले की जांच की जा रही है।

एआरटीओ ने आइस्क्रीम की एक गाड़ी के कागजात खत्म होने पर उसका 23 हजार से अधिक का चालान कर दिया। वहीं शाम को बाजरा से भरी ओवरलोड मैक्स का भी चालान किया गया। उसके बाद एआरटीओ ने दोनों वाहनों को रोडवेज बस स्टैंड पर ले जाकर खड़ा कर दिया। आरोप है कि जब आइस्क्रीम वाहन के स्वामी अपने वाहनों को लेने पहुंचे तो रोडवेज के गार्ड ने वाहन स्वामी ने 2 हजार रुपए की मांग की। आइस्क्रीम की गाड़ी के मालिक का आरोप है कि उसने 500 रुपए दिए लेकिन गार्ड गाड़ी को नहीं ले जाने दे रहा था। वह दो हजार रुपए की मांग कर रहा था जबकि गाड़ी का चालान 23 हजार से अधिक का हो गया था ऐसे में हमारा उसे रुपए देने का कोई औचित्य नहीं था फिर भी उसे रुपए दिए। इसी बात को लेकर दोनों पक्षों में झगड़ा हो गया। वहीं गार्ड के साथ अभद्रता कर दी गई। गार्ड ने रुपए लेने से इनकार कर दिया कि उसने कोई रुपए नहीं लिए। इस बारे में एआरएम मुंशीलाल का कहना है कि एआरटीओ ने गाड़ी का चालान कर गलत तरीके से गाड़ी को डिपो पर खड़ा किया। वहीं उनके चालक ने गार्ड से रुपए लेने के लिए कहा था। इसी बात को लेकर विवाद हुआ था। दोनों का पुलिस ने शांतिभंग में चालान कर दिया है। वहीं इस बारे में एआरटीओ का कहना है कि उन्होंने गाड़ी का चालान कर डिपो में खड़ा किया था। रुपए के लेनदेन से उनका कोई लेना देना नहीं है।

# एक्सप्रेस-वे पर लूट करने वाले दो बदमाश गिरफ्तार

जिला संवाददाता



**मथुरा।** बलदेव पुलिस और रिवार्डिड टीम ने यमुना एक्सप्रेस वे पर 28 जनवरी को लूट करने वाले दो बदमाशों को पुलिस ने मुठभेड़ में गिरफ्तार कर लिया। जबकि साथी अंधेरे का फायदा उठाकर भाग निकला।

सीओ महावन श्वेता वर्मा ने बताया कि बलदेव पुलिस और रिवार्डिड टीम ने यमुना एक्सप्रेस वे पर 28 जनवरी को लूट करने वाले दो बदमाशों को मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने कासिमपुर अंडरपास के नीचे से मुठभेड़ में गिरफ्तार किया है। पुलिस को देखते ही बदमाशों ने भागने का प्रयास किया और फायरिंग शुरू

कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने भी गोली चलाई। मुठभेड़ के दौरान एक बदमाश के पैर में गोली लगी, जिससे वह घायल हो गया। घायल आरोपी को तुरंत उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान मानवेन्द्र उर्फमोनू उर्फमुन्ना निवासी नगला भंडा, थाना निधौलीकला, जनपद एटा (जो वर्तमान में रसूलपुर, नोएडा में रहता है) और अजीत निवासी नगला भंडा, थाना निधौलीकला, जनपद एटा के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से एक तमंचा 315 बोर, एक जिंदा कारतूस 315 बोर, दो खोखा कारतूस 315 बोर बरामद किए हैं। इसके अलावा, लूट में इस्तेमाल की गई स्विफ्ट डिजायर कार, वादी से लूटे गए 3120 रुपये नकद तथा वादी और ड्राइवर के आधार कार्ड भी बरामद किए गए हैं। फार बदमाश की गिरफ्तारी के लिए पुलिस संभावित ठिकानों पर लगातार दबिश दे रही है। इस मामले में आगे की विधिक कार्रवाई जारी है।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थानाध्यक्ष पुष्पेन्द्र कुमार, उ0नि0 आलोक कुमार मिश्रा, म0उ0नि0 मिथलेश उपाध्याय, उ0नि0 राहुल कुमार, उ0नि0 वीर सिंह,.उ0नि0 उमंग त्यागी, उ0नि0 इंतजार अली, उ0नि0 विकास शर्मा प्रभारी सर्विलांस टीम, उ0नि0 शावेज चैधरी प्रभारी रिवार्डिड टीम, है0कॉ0 विशाल गौतम रिवार्डिड टीम, कॉ. सोनू भाटी रिवार्डिड टीम, पवन भाटी, हैडकांस्टेबिल उपेन्द्र सिंह, संजय कुमार, पीयूष, प्रियंका शर्मा शामिल रहे।

# ऑटो चालकों से अवैध वसूली रोकने को भाकियू भानू ने नगर पालिका परिसर में दिया धरना

**टूंडला।** भारतीय किसान यूनियन भानू के पदाधिकारियों ने सुभाष चौराहा पर ऑटो चालकों से की जा रही ठेकेदार द्वारा अवैध वसूली बंद कराने को नगर पालिका परिसर में धरना दिया गया। बता दे टूंडला सुभाष चौराहा पर नगर पालिका द्वारा टेंडर जारी कर ठेका उठाया था। ठेका संचालक द्वारा ऑटो चालकों से 25 रुपए प्रति ऑटो वसूली की गई, जिस पर भारतीय किसान यूनियन भानु पदाधिकारियों ने टेम्पो चालकों के साथ तहसील परिसर में प्रदर्शन कर उक्त वसूली को बंद कराने को एक ज्ञापन उपजिलाधिकारी को सौंपा था, जिस पर उपजिलाधिकारी ने ठेका निरस्त कर दिया। इसी बीच ठेका संचालक हाई कोर्ट पहुंच गए जहां हाई कोर्ट ने नगर पालिका को रिबटल का आदेश दिया। जिस पर पालिका ने यथास्थिति रख पुनः ठेका संचालन शुरू करा दिया। और ठेका संचालक 25 रुपए की वसूली ऑटो चालकों से करने लगे जिस पर पुनः ठेका वसूली रोकने को किसान यूनियन ने मंगलवार को नगर पालिका में धरना प्रदर्शन कर अवैध वसूली रोकने की मांग की हंगामा बढ़ता देख ईओ ने किसान यूनियन पदाधिकारियों को वसूली रोकने का लिखित आश्वासन देकर धरना प्रदर्शन समाप्त कराया। धरना प्रदर्शन में भारतीय किसान यूनियन भानू के जिलाध्यक्ष दीपक सोलंकी तहसील अध्यक्ष शीलू सिकरवार सहित संगठन के अन्य पदाधिकारी ऑटो चालक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# शेरगढ़ पुलिस ने 26 साल पहले बनाया था अपराधीः अब अदालत ने दिया ग्रामीणों को न्याय

मथुरा। थाना शेरगढ़ पुलिस द्वारा ढाई दशक पहले जिन ग्रामीणों को शातिर अपराधी बनाकर गैंगस्टर एक्ट में कार्रवाई की थी, उन्हीं ग्रामीणों को अदालत ने लम्बी सुनवाई करने और वरिष्ठ अधिवक्ता राजकुमार सिंह गुर्जर की दलीलों को सुनने के बाद बरी करते हुए न्याय दिया है। आरोपी पक्ष की ओर से अदालत में पैरवी कर रहे वरिष्ठ अधिवक्ता राजकुमार सिंह गुर्जर ने बताया कि वर्ष 1999 में 29 जनवरी को तत्कालीन थानाध्यक्ष शेरगढ़ जसपाल सिंह पंवार ने लोटन उर्फ सुरेश पुत्र शिवली और नवल पुत्र जसरी निवासीगण गांव जटवारी थाना शेरगढ़ को थाने पर बुलाया था। इसके बाद पुलिस ने लोटन उर्फ सुरेश और नवल को गैंग संचालित करने, हिंसा करने, हिंसा करके अवैध धन अर्जित करने के आरोप लगातार गैंगस्टर एक्ट में कार्रवाई करके जेल भेज दिया था। बताया कि जवानी से वर्तमान में बुढ़ापे तक लोटन उर्फ सुरेश और नवल, न्याय पाने की आस में अदालत के चक्कर काट रहे थे। वरिष्ठ अधिवक्ता राजकुमार सिंह गुर्जर ने आरोपी पक्ष को न्याय दिलाने के लिए विशेष न्यायधीश गिरोहबंद एवं समाज विरोधी क्रियाकलाप (निवारण) अधि. के न्यायधीश अरविंद कुमार यादव की अदालत में पैरवी शुरू करते हुए तत्कालीन थानाध्यक्ष एवं वादी मुकदमा जसपाल सिंह पंवार और गवाह बने सिपाही अमरीश कुमार और जयकुमार समेत अन्य गवाहों से अदालत में बहस की तो वह एक भी साक्ष्य अदालत को नहीं दिखा सके, जिससे पुलिस की उनकी बनाई हुई कहानी से अदालत में पर्दा उठ गया। वरिष्ठ अधिवक्ता राजकुमार सिंह गुर्जर ने अदालत में निरूत्तर हुए पुलिसकर्मियों और खोखले साक्ष्यों को खारिज करके आरोपी बनाए गए ग्रामीण लोटन उर्फ सुरेश और नवल को दोषमुक्त करने की अदालत से मांग की। इसके बाद विद्वान न्यायधीश अरविंद कुमार यादव की अदालत ने बहस सुनने और साक्ष्य न होने पर फैसला सुनाते हुए कहा कि पुलिस द्वारा आरोपी बनाए गए लोटन उर्फ सुरेश और नवल के खिलाफ कोई भी साक्ष्य ऐसे नहीं पाए गए, जिससे उनका अपराधी होना या अपराध करना स्पष्ट होता। अदालत ने यह टिप्पणी करते हुए 26 साल बाद ग्रामीण लोटन उर्फ सुरेश और नवल को निर्दोष करार देते हुए बरी कर दिया। अदालत का फैसला आने के बाद वरिष्ठ अधिवक्ता राजकुमार सिंह गुर्जर ने कहा कि उनकी प्राथमिकता यही होती है कि जिन निर्दोष लोगों को पुलिस द्वारा या विपक्षी पार्टी द्वारा रंजिशन झूठा फंसाया गया है, उन्हें अदालत से न्याय मिले। उन्होंने कहा कि अदालत से न्याय मिलने में देरी होने पर कोई भी व्यक्ति मानसिक रूप से परेशान हो जाता है, इसलिए उनके प्रयास होते हैं कि वह जल्द से जल्द पीड़ित व्यक्ति को न्यायालय से न्याय दिला सकें।

# बौद्धिक आईकेएस परीक्षाः संस्कृति विवि के विद्यार्थियों ने बाजी मारी




मथुरा। संस्कृति विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने विद्या भारती उच्च शिक्षा संस्थान, दिल्ली के तत्वाधान में आयोजित भारत बौधिक्स आईकेएस परीक्षा-2026 में अपनी योग्यता का परचम लहराते हुए टाप-30 में अपना नाम दर्ज कराया। बृजप्रांत में मूल्यांकन के उपरांत 2168 स्टूडेंट्स में से सुपर 30 स्टूडेंट्स का चयन किया गया था जिसमें संस्कृति विश्वविद्यालय की भूमि बघेल ने टाप टेन की सूची में विशिष्ट स्थान प्राप्त किया तथा अन्य छात्रा भूमिका व गुंजन चैरसिया ने सुपर 30मे अपना स्थान अर्जित किया। संस्कृति विवि के कुलाधिपति डा. सचिन गुप्ता द्वारा सफल विद्यार्थियों को उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए पुरुस्कार प्रदान किए।

बताते चलें कि विद्या भारती उच्च शिक्षा संस्थान, दिल्ली द्वारा संपूर्ण भारत के विभिन्न प्रांतों में बौद्धिक आईकेएस परीक्षा-2026 आयोजित की गई थी। विद्यार्थियों की इस सफलता पर संस्कृति विश्वविद्यालय के कुलाधिपति डॉ सचिन गुप्ता ने सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दी तथा ब्रजप्रांत में विश्वविद्यालय के सफल प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया। उन्होंने बताया कि संस्कृति विश्वविद्यालय में भारतीय ज्ञान विज्ञान परम्परा के साथ आधुनिक शिक्षा दीक्षा के लिए आईकेएस सेल , आईकेएस टास्क फोर्स व लायब्रेरी की व्यवस्था छात्र/छात्राओं के लिए उपलब्ध है ।संस्कृति विश्वविद्यालय की मुख्य कार्यकारी अधिकारी डा मीनाक्षी शर्मा ने कहा कि भारत-सरकार के द्वारा नई शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत आधुनिक भारत के निर्माण में भारतीय ज्ञान विज्ञान परम्परा को शैक्षणिक पाठ्यक्रम में सम्मिलित किया गया है। इसके अन्तर्गत विद्याभारती उच्च शिक्षा संस्थान तथा संस्कृति विश्वविद्यालय के द्वारा अखिल भारतीय स्तर पर छात्र/छात्राओं में अपने महापुरुष, अपनी विरासत, वेद ज्ञान-विज्ञान, आध्यात्मिक व साहित्यिक पर्यावरण सहित अनेक परम्परागत को आधुनिक काल में शोध व नवाचार के साथ सर्वांगीण विकास के लिए कार्य किया जा रहा है।

प्रदेश के बृजप्रांत में दो हजार से अधिक छात्रों ने परीक्षा के लिए पंजीकृत किया तथा संस्कृति विश्वविद्यालय परीक्षा का केंद्र रहा जहां 386 पंजीकृत छात्र /छात्राओं ने परीक्षा में सहभागिता प्रदान की तथा विद्याभारती उच्च शिक्षा संस्थान की ओर से परीक्षा में पर्यवेक्षक डा भोले सिंह व डा शंशाक तिवारी रहे तथा संस्कृति विश्वविद्यालय के परीक्षा केंद्र पर समन्वयक डा डी एस तोमर , नोडल अधिकारी रतीश शर्मा, परीक्षा केन्द्राधीक्षक डा पंकज सारस्वत व मूल्यांकनाध्यक्ष डा के के पाराशर रहे।

# साइबर पुलिस ने ठगे गये 1 लाख रुपए कराए वापिस




**फिरोजाबाद।** साइबर सेल टीम ने एनसीआरपी शिकायत का संज्ञान लेकर शिकायतकर्ता के एक लाख रुपए वापिस कराये। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित के निर्देशन में जनपद में साइबर अपराध एवं ठगी की घटनाओं पर अंकुश लगाने व साइबर अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के अनुपालन में साइबर सेल टीम द्वारा अमित पुत्र मनोज कुमार निवासी नगला दखल थाना उत्तर जनपद फिरोजाबाद द्वारा उसके साथ की गई एक लाख रुपए की ठगी के संबंध में एनसीआरपी शिकायत दर्ज कराई गई। साइबर पुलिस ने शिकायत का संज्ञान लेकर ठगी गयी 1लाख रुपए की धनराशि वापस कराई। इस दौरान फिरोजाबाद पुलिस ने सभी नागरिकों से अपील करती है कि डिजिटल माध्यमों का प्रयोग करते समय सतर्क रहें, किसी भी संदिग्ध लिंक कॉल संदेश पर अपनी निजी जानकारी साझा न करें। किसी भी साइबर अपराध संबंधी सूचना तत्काल राष्ट्रीय हेल्पलाइन नंबर 1930 अथवा ६६६.ुीूी.ह्रश्र.्रठ्ठ पर दें ।

# एक वांछित गिरफ्तार

**टूंडला।** थाना टूंडला पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर वांछित चल रहे एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेजा है।

थाना प्रभारी निरीक्षक टूंडला अनिल कुमार के नेतृत्व में चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था। तभी मुखबिर की सूचना पर थाना पुलिस ने मदावली कट के पास से वांछित चल रहे अभियुक्त को गिरफ्तार कर थाने लाई। जहां उसने अपना नाम विकास उपाध्याय उर्फ छोटू पुत्र नरेन्द्र कुमार निवासी नगला छोंकर थाना सकरौली जिला एटा बताया है। जिसे पुलिस ने जेल भेजा है।

# एडीएम नमामि गंगे, एसडीएम ने धर्मशाला की जमीन का किया निरीक्षण



**फिरोजाबाद।** शिकोहाबाद में पथवारी रोड स्थित जैन धर्मशाला में तोड़फोड़ का मामला बढ़ता ही जा रहा है। जहां भूमि के स्वामी ने धर्मशाला, स्टेट बैंक आदि की भूमि को सर्वेश्वर हनुमान मंदिर की बताया। वहीं धर्मशाला के स्वामी ने जैन धर्मशाला को अपनी संपति बताया है। विवाद बढ़ता देखकर मंगलवार को एडीएम नमामि गंगे मोहनलाल अग्रवाल, एसडीएम डॉ गजेन्द्र पाल सिंह ने धर्मशाला की स्थित का मौके पर पहुंचकर जांच की। उन्होंने प्रतिवादी पक्ष से जरूरी अभिलेखों को प्रस्तुत करने के लिए कहा है। वहीं वादी पक्ष से जमीन के समस्त अभिलेखों की मांग की है जिसके आधार पर मामले की जांच कर न्याय किया जा सके।

मंगलवार की सुबह भी विवाद की स्थित पैदा हो गई। जब प्रतिवादी पक्ष धर्मशाला स्थल पर बनी दुकानों को लेकर जेसीबी लेकर पहुंच गए। जिसके विरोध में स्थानीय लोगों ने हंगामा कर दिया। लोगों ने घटना की जानकारी एसडीएम को दी तो एसडीएम ने क्षेत्रीय लेखपाल के साथ पुलिस को मौके पर भेजकर शांति व्यवस्था कायम कराई। तहसील प्रशासन ने जेसीबी को तत्काल हटाने के निर्देश दिए। वहीं मंगलवार की दोपहर 3 बजे एडीएम, एसडीएम ने धर्मशाला स्थल का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने प्रतिवादी पक्ष, वादी पक्ष से अपने समस्त अभिलेखों को प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। इस बारे में एसडीएम डॉ गजेन्द्र पाल सिंह ने बताया कि धर्मशाला स्थल का निरीक्षण किया गया है। दोनों पक्षों से अभिलेख, साक्ष्य प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। जिसकी समस्त रिपोर्ट को बनाकर डीएम को भेजी जा रही है।

# जिला कारागार में बैडमिंटन प्रीमियर लीग-2 का शुभारंभ, 64 बंदी ले रहे हिस्सा



**मथुरा।** जिला कारागार में निरुद्ध बंदियों के मानसिक एवं शारीरिक विकास के उद्देश्य से समय समय पर खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता है। इसी क्रम में मंगलवार को जेल बैडमिंटन प्रीमियर लीग-2 का शुभारंभ सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अनीता सिंह एवं एसीजेएम रेलवे सूर्य भान वर्मा द्वारा फीता काटकर एवं प्रतीकात्मक बैडमिंटन खेलकर किया गया ।इस लीग में कुल 64 बंदी प्रतिभाग कर रहे हैं जिन्हें दो ग्रुपों में विभाजित किया गया है। प्रत्येक ग्रुप में 16-16 बंदी मुकाबले खेलेंगे। प्रतियोगिता के समापन पर विजयी खिलाड़ियों को कारागार प्रशासन द्वारा पुरस्कार भी प्रदान किए जाएंगे। उद्घाटन अवसर पर अतिथियों ने बंदी कल्याण के लिए कारागार प्रशासन द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना की तथा अधिक से अधिक बंदियों को खेलकूद जैसी गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से बंदियों में अनुशासन आत्मविश्वास और सकारात्मक सोच विकसित होती है। जेल अधीक्षक अंशुमन गर्ग ने बंदियों को संबोधित करते हुए कहा कि कारागार से रिहा होने के बाद वे स्वयं को बदला हुआ व्यक्ति बनाकर समाज की मुख्यधारा से जुड़ें और समाज के विकास में योगदान दें। इस अवसर पर एलएडीसी अधिवक्ता जेलर सुरेंद्र मोहन सिंह चिकित्साधिकारी डॉ उपेन्द्र पाल सिंह सोलंकी उप जेलर दुर्गेश प्रताप सिंह रविन्द्र कुमार हेमराज फार्मासिस्ट सोहन सारस्वत कनिष्ठ सहायक सुनील कुमार चैहान सहित अन्य कारागार अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# कांशीराम कॉलोनी की दस दिन से बिजली न मिलने से बिजली घर पर किया जमकर हंगामा



**फिरोजाबाद।** शिकोहाबाद के मोहल्ला काशीराम कॉलोनी में बिजली बिल का बकाया होने पर विगत दस दिन पूर्व बिजली सप्लाई काट दी गई। जिससे स्थानीय कॉलोनी के बाशिंदे काफी परेशान हैं। जिसको लेकर मंगलवार की शाम स्थानीय लोगों ने विद्युत स्टेशन का घेराव किया। स्थानीय लोगों ने लोगों को बिजली की सप्लाई बंद होने से लोगों की दिक्कते बढ़ गई। लोग पेयजल से लेकर अन्य कामों के लिए परेशान होने लगे। इसको लेकर मंगलवार की शाम लोगों ने आवास विकास स्थित बिजली घर का घेराव किया। इस दौरान महिलाओं ने जमकर नारेबाजी कर बिजली सप्लाई बहाल करने की मांग की। कमला देवी ने कहा कि विगत दस दिन से बिजली

**● बिजली न मिलने के कारण बच्चों की बोर्ड परीक्षा हो रही प्रभावित**
**● स्थानीय लोगों ने विभागीय कर्मियों पर रुपए मांगने का लगाया आरोप**

सप्लाई देने की मांग की।आवास विकास कॉलोनी के पास बनी काशीराम कालोनी के लोगों की दिक्कते उस समय बढ़ गई जब बिजली का बकाया बिल भुगतान न करने पर 10 दिन पूर्व बकाएदारों के घरों की बिजली काट दी। बिजली सप्लाई काट दी गई है। घरों में बिजली न होने के कारण बूंद बूंद पानी के लिए तरस रहे है। बच्चों के बोर्ड की परीक्षा चल रही है। बिजली न होने के कारण बच्चों की पढ़ाई बाधित हो रही है। उनका आरोप है कि बिजली विभाग के लोग किसी से दो हजार, तीन हजार, चार हजार रुपए की मांग कर रहे हैं। कुछ लोगों ने बिल भी जमा कर फिर है फिर भी उनकी बिजली सप्लाई शुरू नहीं की गई है।

इस बारे में अधिशासी अभियंता आतिश कुमार ने बताया कि काशीराम कॉलोनी के लोगों पर बिजली का बकाया होने के कारण सप्लाई रोकी गई है। अभी योजना भी चली लेकिन किसी ने बिल जमा नहीं किए जबकि उन्हें किस्तों में रुपए जमा करने का प्रावधान दिया गया। उन्होंने कहा कि जिन लोगों ने बिल जमा नहीं किए हैं अपने बिल जमा करें। जिन लोगों ने बिल का भुगतान किया है उनके कनेक्शन जोड़ने के निर्देश दिए हैं।

संक्षेप

### डीडीए ग्रीन एक्सपो 2026 ने किया भारत के जलवायु अनुकूल शहरी भविष्य का खाका तैयार

नई दिल्ली। दो दिवसीय डीडीए ग्रीन एक्सपो 2026 कल बासेरा में संपन्न हुआ जिसमें नीति निर्माताओं, शहरी नियोजनकर्ताओं, जलवायु विशेषज्ञों, उद्योग के नेताओं और जमीनी स्तर के पर्यावरणविदों के बीच आम सहमति बनी कि भारत के शहरों को पारंपरागत वृद्धि के मॉडलों से परे जाना होगा और शहरी विकास के केंद्र में पारिस्थितिकी, लचीलापन और टिकाऊपन को रखना होगा। वृद्धि से परे: शहरी भविष्य की नई परिकल्पना थीम पर आधारित इस एक्सपो में इस बात की संभावना तलाशी गई कि कैसे प्रकृति आधारित आधारभूत ढांचा, जलवायु के अनुकूल डिजाइन, सार्वजनिक स्वास्थ्य एवं सर्कुलर अर्थव्यवस्था के मॉडल और अनूठे वित्त पोषण भारतीय शहरों के भविष्य को सामूहिक रूप से आकार दे सकते हैं।

### भारत में रिफ्रेश लेकर आया लेज

नई दिल्ली। पेप्सिको के पसंदीदा आलू चिप्स ब्रांड लेज ने भारत में अपनी रिफ्रेश्ड ब्रांड आइडेंटिटी को लॉन्च करने का ऐलान किया है। करीब 100 साल के इतिहास में सबसे बड़े ग्लोबल ब्रांड रिफ्रेश के तहत भारत में लेज के इस फ्रेश अवतार को ब्रांड एंबेसडर रणबीर कपूर के साथ नए कैंपेन के लिए कुछ भी के माध्यम से पर्दे पर लाया जाएगा। कृषि के क्षेत्र में लेज की विरासत को केंद्र में रखकर तैयार इस रिफ्रेश्ड आइडेंटिटी में ब्रांड की उसी खूबी का जश्न मनाया जाएगा, जो ब्रांड की पहचान है। यह खूबी है खेतों में उगाए गए सबसे फाइन आलू से बने चिप्स। इसके बाद से पैकेट तक के सफर को ज्यादा जीवंत बनाने के लिए नए डिजाइन में हर पैक के पीछे की क्वालिटी और क्राफ्टमैनशिप को हाईलाइट किया गया है। यह क्वालिटी और क्राफ्टमैनशिप हमेशा से लेज की कहानी का हिस्सा रही है।

### बीएलएस ई सर्विसेज का अत्याति टेक्नोलॉजीज में 100% इक्विटी हिस्सेदारी का अधिग्रहण


नई दिल्ली। बीएलएस ई सर्विसेज लिमिटेड ने आज घोषणा की कि उसने अत्याति टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड में100% हिस्सेदारी के अधिग्रहण के लिए एक बाध्यकारी टर्म शीट पर हस्ताक्षर किए हैं। यह अधिग्रहण अट्याती के इक्विटी मूल्य 154 करोड़ रुपये (कुछ शर्तों के अधीन) के आधार पर किया जाएगा। यह लेनदेन पूर्णतः नकद (ऑल-कैश) होगा और इसके 31 मार्च 2026 तक पूर्ण होने की उम्मीद है। यह सौदा उधारदाताओं, संबंधित बैंकों/वित्तीय संस्थानों, वैधानिक/नियामक प्राधिकरणों तथा शेयरधारकों (यदि लागू हो) से अनुमोदन एवं शेयर परचेज एग्रीमेंट/डिफिनिटिव एग्रीमेंट में तय की जाने वाली अन्य शर्तों की पूर्ति के अधीन होगा। हम अत्याति टेक्नोलॉजीज अत्याति टेक्नोलॉजीज के अधिग्रहण के लिए बाध्यकारी टर्म शीट पर हस्ताक्षर करके अत्यंत प्रसन्न हैं।

### थम्स अप ने 'टेस्ट द थंडर' एंथम के साथ मचायी धूम

नयी दिल्ली। कुछ दिन ऐसे होते हैं जब उत्साह को बस थोड़ा बढ़ाना होता है, लेकिन कुछ मौके ऐसे होते हैं जहाँ पूरी तरह थंडर दिखाना पड़ता है। भारतझ्रपाकिस्तान का क्रिकेट मैच भी ऐसा ही पल है, जहाँ अंदाज सिर्फ एक ही होता है – तूफानी। अपने मशहूर मंत्र आज कुछ तूफानी करते हैं की भावना को जीते हुए, थम्स अप ने आईसीसी मेन्स टी20 वर्ल्ड कप के भारत-पाकिस्तान मुकाबले को एक यादगार रोमांच में बदल दिया। मशहूर हिप-हॉप स्टार हनुमानकाइंड ने जब स्टेडियम की कमान संभाली, तो मैच का जोश और भी बढ़ गया। खचाखच भरे स्टेडियम के बीच हनुमानकाइंड ने थम्स अप का नया एंथम टेस्ट द थंडर पेश किया और अपने कुछ खास गानों से पूरे माहौल में जोश भर दिया।

### पारले एग्रो का स्मूध केसर बादाम लॉन्च

नयी दिल्ली। पारले एग्रो ने स्मूध केसर बादाम लॉन्च किया है। स्मूध के तहत नया उत्पाद स्मूध केसर बादाम लॉन्च किया है। यह नया लॉन्च स्मूध के फ्लेवर्ड मिल्क बेवरेज पोर्टफोलियो में क्लासिक केसर-बादाम फ्लेवर को जोड़ता है, जो समृद्ध और इंडल्जेंट डेयरी बेवरेज अनुभव की तलाश करने वाले उपभोक्ताओं के लिए एक नया विकल्प प्रस्तुत करता है। भारत भर में लोकप्रिय केसर-बादाम फ्लेवर अपनी पहचान, समृद्धता और सांस्कृतिक जुड़ाव के लिए जाना जाता है। स्मूध केसर बादाम में बादाम की पोषणयुक्त अच्छाई और केसर की सौम्य गर्माहट को स्मूद, क्रीमी मिल्क के साथ मिलाया गया है।




# सेंसेक्स में 174 अंकों की उछाल



मुंबई। स्थानीय शेयर बाजार में मंगलवार को लगातार दूसरे दिन तेजी रही और बीएसई सेंसेक्स 174 अंक के लाभ में रहा जबकि एनएसई निफ्टी 42 अंक मजबूत हुआ। बैंक, आईटी और पूंजीगत वस्तुओं से जुड़ी कंपनियों के शेयरों में तेजी से बाजार बढ़त में रहा। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 173.81 अंक यानी 0.21 प्रतिशत चढ़कर 83,450.96 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान सूचकांक ऊंचे में 83,598 अंक तक गया तथा नीचे में 82,987.43 अंक तक आया।

पचास शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 42.65 अंक यानी 0.17 प्रतिशत बढ़कर 25,725.40 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स में शामिल शेयरों में आईटीसी, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लि., लार्सन एंड टुब्रो, इन्फोसिस, एशियन पेंट्स, टाइटन, अदाणी पोर्ट्स, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, सन फार्मा, मारुति सुजुकी इंडिया, इंडिगो, भारतीय स्टेट बैंक और टेक महिंद्रा प्रमुख रूप से लाभ में रहे। दूसरी ओर, नुकसान में रहने वाले शेयरों में इटर्नल, टाटा स्टील, ट्रेंट, रिलायंस इंडस्ट्रीज, महिंद्रा एंड महिंद्रा, बजाज फिनसर्व, एक्सिस बैंक, भारती एयरटेल, कोटक महिंद्रा बैंक और हिंदुस्तान यूनिलीवर शामिल हैं। अधिक शेयरों का प्रतिनिधित्व करने वाले सूचकांकों में भी मजबूती देखी गई। बीएसई स्मॉलकैप सेलेक्ट सूचकांक 0.49 प्रतिशत और मिडकैप सेलेक्ट सूचकांक 0.26 प्रतिशत के लाभ में रहा। घरेलू बाजारों में सीमित दायरे में कारोबार हुआ। आईटी क्षेत्र में भारी गिरावट के बाद, वैश्विक एआई साझेदारों के साथ रणनीतिक सहयोग की घोषणाओं के बाद चुनिंदा शेयरों में तेजी से खरीदारी देखने को मिली। बीएसई में सूचीबद्ध शेयरों में 2,447 लाभ में रहे, जबकि।,756 में गिरावट रही। वहीं 149 के भाव अपरिवर्तित रहे। बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण।,52,688.24 करोड़ रुपये बढ़कर 4,70,11,313.57 करोड़ (5,180 अरब डॉलर) हो गया। हाल ही में आई तेज गिरावट के बाद आईटी शेयरों में लगातार दूसरे सत्र में बढ़त दर्ज की गई। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों ने सोमवार को 972.13 करोड़ रुपये के शेयर बेचे, जबकि घरेलू संस्थागत निवेशकों ने।,666.98 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.79 प्रतिशत टूटकर 68.13 डॉलर प्रति बैरल पर रहा। बीएसई सेंसेक्स सोमवार को 650.39 अंक चढ़ा था जबकि एनएसई निफ्टी 211.65 अंक मजबूत हुआ था।

# अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले रुपया पांच पैसे मजबूत होकर 90.69 पर बंद



मुंबई। रुपया मंगलवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले पांच पैसे मजबूत होकर 90.69 (अस्थायी) पर बंद हुआ। घरेलू शेयर बाजारों में तेजी और विदेशों में कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट से रुपया बढ़त में रहा।

विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि विदेशी निवेशकों के लगातार पूंजी निकासी और डॉलर की मजबूती ने रुपया पर दबाव बनाया और इसकी तेजी पर अंकुश लगाया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 90.72 पर खुला और सीमित दायरे में रहा। रुपया ऊंचे में 90.64 तक गया और नीचे में 90.78 तक आया। कारोबार के अंत में रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 90.69 (अस्थायी) पर बंद हुआ, जो पिछले बंद स्तर से पांच पैसे मजबूत है। रुपया सोमवार को आठ पैसे की गिरावट के साथ 90.74 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। रुपये में विदेशी संस्थागत निवेशकों की पूंजी निकासी और डॉलर की मजबूती के कारण थोड़ी कमजोरी के साथ कारोबार हुआ। हालांकि, घरेलू बाजारों में सकारात्मक रुख और कच्चे तेल की कीमतों में नरमी से गिरावट पर अंकुश लगा। निवेशक अब इस सप्ताह अमेरिकी आवास बाजार और जीडीपी आंकड़ों पर नजर रख सकते हैं। डॉलर के मुकाबले रुपये का हाजिर भाव 90.50 रुपये से 91 रुपये के बीच रहने का अनुमान है। इस बीच, दुनिया की छह प्रमुख प्रतिस्पर्धी मुद्राओं के मुकाबले डॉलर की मजबूती को मापने वाला डॉलर सूचकांक 0.22 प्रतिशत बढ़कर 97.03 पर रहा। अंतरराष्ट्रीय मानक ब्रेंट क्रूड का भाव 0.83 प्रतिशत की गिरावट के साथ 68.08 डॉलर प्रति बैरल पर रहा। घरेलू शेयर बाजार में सेंसेक्स 173.81 अंक यानी 0.21 प्रतिशत कह बढ़त के साथ 83,450.96 पर बंद हुआ, जबकि निफ्टी 42.65 अंक यानी 0.17 प्रतिशत मजबूत होकर 25,725.40 पर रहा। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, सोमवार को विदेशी संस्थागत निवेशकों ने 972.13 करोड़ रुपये के शेयर बेचे।

## आरबीआई ने कुल सरकारी बॉन्ड में से 47 प्रतिशत की खरीद की

मुंबई। बैंकों में नकदी बनाये रखने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने वित्त वर्ष 2025-26 में अब तक केंद्र सरकार की तरफ से जारी कुल बॉन्ड में से 47 प्रतिशत सरकारी प्रतिभूतियों की खरीद की है।

आरबीआई के संकलित आंकड़ों से पता चलता है कि केंद्र सरकार ने चार अप्रैल, 2025 से इस वर्ष 13 फरवरी तक अपने सकल उधारी कार्यक्रम के तहत सरकारी प्रतिभूतियां जारी करके 13,65,000 करोड़ रुपये जुटाए। रिजर्व बैंक ने 6,39,203 करोड़ रुपये के खुले बाजार परिचालन (ओएमओ) यानी प्रतिभूतियों की खरीद-बिक्री के तहत खरीद नीलामी आयोजित की। इसके जरिये बैंकों में स्थायी नकदी डाली गयी। विशेषज्ञों का कहना है कि बड़े पैमाने पर की गई ये खरीद सरकार के लगातार उधार लेने के बीच हुई, जो आमतौर पर बैंकों से नकदी को अवशोषित करता है और बॉन्ड प्रतिफल पर दबाव बनाता है। केंद्रीय बैंक ने द्वितीयक बाजार से बॉन्ड खरीदकर, नकदी के साथ व्यवस्थित बाजार स्थितियों को बनाए रखने में मदद की। इस कदम से बैंकिंग प्रणाली को नकदी की कमी से बचाने में मदद मिली और सरकारी प्रतिभूतियों की भारी आपूर्ति के बावजूद प्रतिफल में अत्यधिक वृद्धि को रोका जा सका।

# कच्चे तेल के वायदा भाव में गिरावट

नयी दिल्ली। विदेशी बाजारों में मिले जुले रुख के बीच कमजोर हाजिर मांग के कारण कारोबारियों द्वारा अपने सौदों की कटान करने से वायदा कारोबार में मंगलवार को कच्चा तेल की कीमत करीब एक प्रतिशत की गिरावट के साथ 5,734 रुपये प्रति बैरल रह गयी। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज में कच्चे तेल का फरवरी माह में डिलिवरी होने वाला अनुबंध 57 रुपये या 0.98 प्रतिशत की गिरावट के साथ 5,734 रुपये प्रति बैरल रह गया। इसमें 6,851 लॉट के लिए कारोबार हुआ।

इसके मार्च माह में डिलिवरी होने वाला अनुबंध 47 रुपये या 0.81 प्रतिशत की गिरावट के साथ 5,752 रुपये प्रति बैरल रह गया। इसमें 10,277 लॉट के लिए कारोबार हुआ। बाजार विश्लेषकों ने कहा कि हाजिर बाजार की कमजोर मांग तथा वैश्विक कीमतों में मिले जुले रुख ने निवेशकों की कारोबारी धारणा को प्रभावित किया। वैश्विक स्तर पर वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट कच्चा तेल 0.54 प्रतिशत की तेजी के साथ 63.24 डॉलर प्रति बैरल हो गया जबकि ब्रेंट क्रूड का दाम 0.82 प्रतिशत की गिरावट दर्शाता 68.10 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा था।

## स्टील और पाइप सेगमेंट की बाजार हिस्सेदारी को और मजबूत करेगा कामधेनु

नयी दिल्ली। कामधेनु लिमिटेड ने सेंट्रल उत्तर प्रदेश में स्ट्रक्चरल स्टील सेगमेंट की अपनी बाजार हिस्सेदारी को और मजबूत करने के लिए व्यापार रणनीति की घोषणा की। इस रणनीति के अनुसार, कंपनी एक वर्ष में सेंट्रल उत्तर प्रदेश में अपने स्ट्रक्चरल स्टील की उत्पादन क्षमता को लगभग 35% और बढ़ाने की योजना बना रही है। कामधेनु ने गुणवत्ता वाले निर्माण सामग्री के निमार्ता और आपूर्तिकर्ता के रूप में खुद को प्रमुख बना लिया है जो उपभोक्ताओं के लिए किफायती मूल्य स्तर पर है। इसके अलावा, कंपनी सेंट्रल उत्तर प्रदेश में अपने डीलर और वितरक नेटवर्क को भी मजबूत करने की योजना बना रही है। अगले एक वर्ष में और अधिक डीलर और वितरक जोड़ने की योजना है।

## तमिलनाडु का अंतरिम बजट पेश

चेन्नई। तमिलनाडु के वित्त मंत्री थंगम थेनारासु ने मंगलवार को विधानसभा में वित्त वर्ष 2026-27 के लिए 2.55 लाख करोड़ रुपये का अंतरिम बजट पेश किया।

राज्य में आगामी विधानसभा चुनाव से पहले इस बजट में द्रमुक सरकार ने महिलाओं के लिए मुफ्त बस यात्रा की प्रमुख योजना के लिए 4,000 करोड़ रुपये का आवंटन किया है। इस 2,55,391 करोड़ रुपये के आवंटन में से, अधिकतम 57,039 करोड़ रुपये शिक्षा के लिए, 35,773 करोड़ रुपये शहरी विकास के लिए और 22,090 करोड़ रुपये स्वास्थ्य विभाग के लिए निर्धारित किए गए हैं। अंतरिम बजट में सरकार ने अपने राजस्व का अनुमान 3,44,575 करोड़ रुपये लगाया है। राज्य के अपने राजस्व का हिस्सा कुल राजस्व का 74.67 प्रतिशत है। शेष 25.33 प्रतिशत केंद्रीय करों तथा केंद्र सरकार से प्राप्त अनुदानों से आता है। वित्त वर्ष 2026-27 के अंतरिम बजट अनुमानों में कुल राजस्व व्यय 3,93,272 करोड़ रुपये अनुमानित किया गया है जो संशोधित अनुमान 2025-26 की तुलना में 3.79 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है। वित्त वर्ष 2026-27 के अंतरिम बजट अनुमानों में राजकोषीय घाटा सकल घरेलू उत्पाद (जीएसडीपी) के तीन प्रतिशत तक कम होने का अनुमान है। सरकार ने 2026-27 के दौरान कुल।,79,809.65 करोड़ रुपये उधार लेने और 60,413.42 करोड़ रुपये चुकाने की योजना बनाई है। परिणामस्वरूप 31 मार्च, 2027 तक बकाया कर्ज 10,71,770.34 करोड़ रुपये होगा।

# असम सरकार ने 62294.78 करोड़ का अंतरिम बजट पेश

गुवाहाटी। असम की वित्त मंत्री अजंता नियोग ने मंगलवार को वित्त वर्ष 2026-27 के लिए 62,294.78 करोड़ रुपये का अंतरिम बजट विधानसभा में पेश किया और कहा कि प्रत्यक्ष नकद लाभ देने वाली प्रमुख योजनाएं आने वाले वर्षों में भी जारी रहेंगी। राज्य में कुछ महीनों में विधानसभा चुनाव प्रस्तावित हैं। चुनाव से पहले अपना अंतिम बजट पेश करते हुए नियोग ने कहा कि भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के आंकड़ों के अनुसार इस समय असम देश का सबसे तेजी से बढ़ने वाला राज्य है।

उन्होंने कहा कि मैं वित्त वर्ष 2026-27 के शुरुआती महीनों के लिए अनुदान मांगों पर लेखानुदान (वोट ऑन अकाउंट) प्रस्तुत कर रही हूं, जिसकी राशि 62,29,478.30 लाख रुपये है ताकि पूर्ण बजट आने तक सरकार सामान्य सेवाएं जारी रख सके। नियोग ने कहा कि प्रमुख निजुत मोइना योजना के तहत 2023-24 और 2024-25 के बीच छात्राओं के स्कूल छोड़ने की दर में 8.2 प्रतिशत की कमी आई है। माध्यमिक स्तर पर लड़कियों के कुल नामांकन अनुपात में 4.2 प्रतिशत और वरिष्ठ माध्यमिक स्तर पर 7.5 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। मुख्यमंत्री निजुत मोइना असोनी योजना के तहत सरकार ने।,000 रुपये से 2,500 रुपये तक की मासिक वित्तीय सहायता के लिए करीब 260 करोड़ रुपये आवंटित किए हैं जिससे 55 लाख से अधिक छात्राओं को सहायता मिलेगी। इसी प्रकार, मुख्यमंत्री निजुत बाबू योजना के तहत, स्नातक एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों के प्रथम वर्ष के आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के 47,428 लड़कों को 1000 रुपये से 2,000 रुपये की मासिक वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी। असम विधानसभा के 126 निर्वाचन क्षेत्रों के लिए चुनाव इस साल मार्च-अप्रैल में होने की संभावना है। इस कार्यक्रम के जरिये भारतीय जनता पार्टी नीत सरकार ने अपना वादा पूरा किया है।

## जेईई मेंस 2026 के शानदार परिणाम पर सम्मान समारोह आयोजित

लखनऊ। लखनऊ में आज हमारे संस्थान के लिए गर्व और हर्ष का विषय है कि प्रथम शैक्षणिक सत्र में हमारे विद्यार्थियों ने जेईई मेंस2026 परीक्षा में शानदार प्रदर्शन कर उत्कृष्ट सफलता प्राप्त की है। इस उपलब्धि के उपलक्ष्य में नारायाना लखनऊ द्वारा गोमती नगर शाखा पर जेईई मेंस 2026 रिजल्ट के जश्न समारोह का आयोजन किया गया। हमारे कई विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट ऑल इंडिया रैंक प्राप्त कर जेईई एडवांस्ड के लिए क्वालिफाई किया है, जिससे संस्थान अभिभावकों एवं शिक्षकों का मान बढ़ा है। इस अवसर पर संस्थान के निदेशक ने कहा कि यह सफलता हमारे विद्यार्थियों की मेहनत, अभिभावकों के विश्वास और शिक्षकों की निष्ठा का परिणाम है। हम भविष्य के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को संवारने के लिए सदैव तत्पर रहेंगे।



# केरल टूरिज्म ने लॉन्च किया ऑल इंडिया ट्रैवेल नाउ, पोस्ट लेटर कैम्पेन




लखनऊ। केरल टूरिज्म ने 'ट्रैवेल नाउ, पोस्ट लेटर' नाम का एक वैश्विक अभियान शुरू किया है। यह अभियान माइंडफुल ट्रैवेल को बढ़ावा देता है और दुनिया भर के यात्रियों से अपील करता है कि वे पहले खुद अपनी आँखों और मन से उस पल को जीएँ, फिर उसे ऑनलाइन शेयर करें।

इसका मुख्य आइडिया बहुत सरल और सभी के लिए एक जैसा है: पहले अनुभव करो, बाद में पोस्ट करो। यह याद दिलाता है कि सबसे खूबसूरत यात्रा की कहानियाँ पहले महसूस की जाती हैं, बताई नहीं जातीं। यात्रा में उपस्थिति सबसे पहले होनी चाहिए, परफॉर्मेंस बाद में। ट्रैवेल नाउ, पोस्ट लेटर के जरिए केरल टूरिज्म खुद को एक थॉट लीडर के रूप में पेश कर रहा है, जो दुनिया भर में यात्रा करने के तरीके पर एक बड़ी बातचीत शुरू कर रहा है। यह यात्रा को सिर्फ दिखावे की बजाय जागरुकता बढ़ाने, विचारों को प्रस्तुत करने और असली जुड़ाव का माध्यम बनाता है। 'केरल के पर्यटन मंत्री पी. ए. मोहम्मद रियास ने कहा, कोविड के बाद के वर्षों में केरल में पर्यटन में काफी बढ़ोतरी हुई है। नए पर्यटन उत्पादों को भी घरेलू और विदेशी पर्यटकों से अच्छी प्रतिक्रिया मिली है। आगामी छुट्टियों के मौसम में यह रुझान जारी रहने की उम्मीद है। गर्मियों की छुट्टियों से पहले केरल टूरिज्म देश के प्रमुख शहरों में रोडशोज और बी2बी मीट आयोजित करेगा। चेन्नई, बेंगलुरु और हैदराबाद में रोडशो हो चुके हैं, और फरवरी में कोलकाता, लखनऊ और इंदौर में भी आयोजन होंगे।

पेज एक का शेष

### यूपी बोर्ड

और 683 को संवेदनशील श्रेणी में रखा गया है। इन केंद्रों पर एसटीएफ और स्थानीय अभिसूचना इकाई को पूरी परीक्षा अवधि में सक्रिय रखा जाएगा और अति संवेदनशील केंद्रों पर दिन में दो बार तलाशी अभियान चलाया जाएगा। अधिकारियों ने बताया कि परीक्षा की निगरानी के लिए हर कक्ष में वॉयस रिकॉर्डर युक्त दो सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। उन्होंने बताया कि सम्पूर्ण परीक्षा अवधि की वेबकास्टिंग के माध्यम से निगरानी की जाएगी। उन्होंने बताया कि व्यवस्था को सुदृढ़ रखने के लिए 8033 केन्द्र व्यवस्थापक, 8033 बाह्य केन्द्र व्यवस्थापक, 8033 स्टैटिक मजिस्ट्रेट, 1210 सेक्टर मजिस्ट्रेट और 427 जोनल मजिस्ट्रेट नियुक्त किए गए हैं। अधिकारियों ने बताया कि नकल रोकने के लिए विशेष सुरक्षा प्रबंध किए गए हैं। आकस्मिक स्थिति के लिए सभी विषयों के अतिरिक्त रिजर्व प्रश्नपत्र सुरक्षित रखे गए हैं। उत्तर पुस्तिकाओं में चार रंगों में क्रमांक, परिषद का लोगो तथा सूक्ष्म अंकन सहित विशेष सुरक्षा उपाय जोड़े गए हैं जिससे उत्तर पुस्तिकाओं की अदला-बदली की संभावना समाप्त हो सके।

### रक्षा, व्यापार

साझेदारों में से एक है। उन्होंने कहा राफेल लड़ाकू विमानों से लेकर पनडुब्बियों तक, हम रक्षा सहयोग का विस्तार कर रहे हैं। उन्होंने कहा दोनों देश कानून के शासन में दृढ़ विश्वास रखते हैं, और यह पिछले कुछ वर्षों में सिद्ध हो चुका है। मैक्रों ने कहा कि भारत और फ्रांस आतंकवाद से निपटने के लिए सहयोग जारी रखेंगे।

### बुलडोजर व

के जिक्र पर कहा कि यह राष्ट्रगीत है, यह आजादी का मंत्र रहा है। इस गीत को गाते-गाते क्रांतिकारियों ने फांसी के फंदे को चूमने में संकोच नहीं किया। राष्ट्र प्रतीकों का अपमान संविधान निमार्ताओं, बाबा साहेब व क्रांतिकारियों का अपमान है। राष्ट्रगीत, राष्ट्रगान व तिरंगा का अपमान राष्ट्रद्रोह है, जिसे भारत स्वीकार नहीं करेगा।

सीएम योगी ने कहा कि बुलडोजर और ब्रह्मोस एक-दूसरे के पूरक हैं। बुलडोजर यूपी की स्ट्रेंथ का प्रतीक है। हम इन्फ्रास्ट्रक्चर के साथ-साथ देश के सबसे बड़े और सबसे ज्यादा एक्सप्रेसवे के नेटवर्क को यूपी में स्थापित कर सकते हैं। यूपी की जनता जिसकी अपेक्षा कर रही थी, बुलडोजर उस माफिया प्रवृत्ति को कुचल सकता है। ब्रह्मोस जैसे सेक्टर में भी यूपी में बड़े निवेश हो रहे हैं। यह भारत की सामरिक शक्ति का प्रतीक है। किसी ने भारत की आन, बान और शान को लेकर गुस्ताखी करने का प्रयास किया तो दुश्मन को उसके ठिकाने पर जाकर मारेंगे। सीएम योगी ने ओवैसी को भी आड़े हाथ लिया। बोले कि यूपी की जनता व डबल इंजन सरकार ने श्रीराम जन्मभूमि के माध्यम से संदेश दे दिया है।

### तारिक रहमान

सांसदों ने रहमान को संसदीय दल का नेता चुना। राष्ट्रपति शहाबुद्दीन ने एक समारोह में, मंत्रिमंडल के नये सदस्यों को भी शपथ दिलाई। कार्यक्रम में भारत और पाकिस्तान सहित पड़ोसी देशों के कई नेता उपस्थित थे। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने शपथ ग्रहण समारोह में भारत का प्रतिनिधित्व किया। विदेश सचिव विक्रम मिसरी भी बिरला के साथ थे। बांग्लादेश में 12 फरवरी को हुए 13वें संसदीय चुनावों में बीएनपी ने 297 में से 209 सीटें जीतीं, जबकि कट्टरपंथी जमात-ए-इस्लामी ने 68 सीटें हासिल कीं।

### संगठित हो

हैं, वह समाज भविष्य में समाप्त हो जाता है। यह बात हमारे परिवारों में नव दंपतियों को बताई जानी चाहिए। डॉ. भागवत ने कहा कि विवाह का उद्देश्य सृष्टि आगे चले, यह होना चाहिए, वासना पूर्ति नहीं। इसी भावना से कर्तव्य बोध आता है।

उन्होंने कहा कि सद्भाव ना रहने से भेदभाव होता है। हम सभी एक देश, एक मातृभूमि के पुत्र हैं। मनुष्य होने के नाते हम सब एक हैं। एक समय भेद नहीं था, लेकिन समय चक्र के चलते भेदभाव की आदत पड़ गई है, जिसे दूर करना होगा। उन्होंने कहा कि सनातन विचारधारा सद्भाव की विचारधारा है। जो विरोधी हैं, उन्हें मिटाना है, ऐसा हम नहीं मानते। एक ही सत्य सर्वत्र है। इस दर्शन को समझ कर आचरण में लाने से भेदभाव समाप्त होगा। सरसंघचालक ने कहा कि घर-परिवार का आधार मातृशक्ति है। हमारी परंपरा में कमाई का अधिकार पुरुषों को था, लेकिन खर्च कैसे हो, यह मातायें तय करती थी। मातृशक्ति विवाह के बाद दूसरे घर में आकर सभी को अपना बना लेती है। महिला को हमें अबला नहीं मानना है, वह असुर मर्दिनी है। हमने स्त्री की, प्रकृति की जो कल्पना की, वह बलशाली है। महिलाओं को आत्म संरक्षण का प्रशिक्षण होना चाहिए। पश्चिम में महिलाओं का स्तर पत्नी से है, हमारे यहां उन्हें माता माना जाता है। उनका सौंदर्य नहीं, वात्सल्य देखा जाता है।

**कानून सभी को मानना है**

यूजीसी गाइडलाइन को लेकर किए गए एक प्रश्न के उत्तर में सरसंघचालक ने कहा कि कानून सभी को मानना चाहिए। यदि कानून गलत है तो बदलने का उपाय भी है। जातियां झगड़े का कारण नहीं बनना चाहिए। समाज में अपनेपन का भाव होगा तो इस तरह की समस्या नहीं होगी। जो नीचे गिरे हैं, उन्हें झुक कर ऊपर उठाना पड़ेगा। सभी अपने हैं, यह भाव मन में होना चाहिए। संघर्ष से नहीं, समन्वय से दुनिया आगे बढ़ती है। एक को दबाकर दूसरे को खड़ा करने का भाव नहीं होना चाहिए। डॉ. भागवत ने कहा कि भारत निकट भविष्य में विश्व को मार्गदर्शन देगा। विश्व की अनेक समस्याओं का समाधान भारत के पास ही है।

### मार्च में जारी

तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल विधानसभा का कार्यकाल क्रमशः 20, 23, 10 और सात मई को खत्म हो रहा है।निर्वाचन आयोग ने पहले ही चुनाव वाले राज्यों का दौरा करना शुरू कर दिया है और चुनाव की तैयारियों का जायजा लेने के लिए असम में पहले से ही मौजूद है। पिछली बार, पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव आठ चरणों में हुए थे- जो अब तक के सर्वाधिक चरण हैं। असम में चुनाव दो चरण में, जबकि तमिलनाडु, केरल और पुडुचेरी में एक ही चरण में हुए थे। जिन विधानसभाओं के चुनाव होने वाले हैं, उनमें से पुडुचेरी पहला राज्य है, जिसने मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के तहत 14 फरवरी को अपनी अंतिम मतदाता सूची प्रकाशित कर दी। तमिलनाडु मंगलवार को एसआईआर के बाद अपनी अंतिम सूची जारी करेगा, जबकि केरल 21 फरवरी को ऐसा करेगा।पश्चिम बंगाल की अंतिम मतदाता सूची 28 फरवरी को प्रकाशित की जाएगी। असम में एसआईआर की जगह मतदाता सूचियों का विशेष पुनरीक्षण हुआ था और अंतिम सूची 10 फरवरी को प्रकाशित की गई थी।

### व्यक्ति की

है। छत्रपति शिवाजी महाराज और मयार्दा पुरुषोत्तम राम के व्यक्तित्व की पूर्णता के पीछे उनकी माताओं के संस्कारों की अदृश्य शक्ति थी यदि परिवार के भीतर सहयोग और सहिष्णुता है, तो समाज में स्वतः ही संतुलन स्थापित हो जाएगा। समारोह में विशिष्ट अतिथि गीता धामी ने आधुनिक परवरिश पर एक नया दृष्टिकोण रखा। उन्होंने अभिभावकों को सचेत करते हुए कहा कि बच्चों को केवल 'सफलता की मशीन' न बनाएं। परिवार की पहचान उसके धन से नहीं, बल्कि सेवा की परंपरा से होती है। श्रीमती धामी ने कहा कि बच्चों में दूसरों के प्रति संवेदना और सामाजिक जिम्मेदारी का भाव भरना अनिवार्य है। पेशेवर उपलब्धि से कहीं बढ़कर एक जिम्मेदार नागरिक बनना ही वास्तविक सफलता है। समारोह में क्रांतिकारी परिवर्तन लाने वाली सात असाधारण महिलाओं को सप्त मातृ शक्ति सम्मान से विभूषित किया। यह सम्मान उन माताओं और बहनों के प्रति राज्य की कृतज्ञता का प्रतीक था जिन्होंने शिक्षा, समाज सेवा और सांस्कृतिक संरक्षण में अमिट छाप छोड़ी है।

### अयोध्या की

तक सीमित थी, जिसमें विस्तार और निवेश की संभावनाएं स्पष्ट रूप से अविकसित थीं। अध्ययन के अनुसार, जनवरी 2024 में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद अयोध्या की आर्थिक तस्वीर ने तेजी से करवट ली। रिपोर्ट बताती है कि पहले ही छह महीनों में 11 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं का आगमन दर्ज किया गया, जिसने स्थानीय बाजार, परिवहन और आतिथ्य क्षेत्र में नई ऊर्जा का संचार किया। अब अयोध्या में वार्षिक स्तर पर 5झ्र6 करोड़ आगंतुकों की संभावना जताई गई है, जो अयोध्या को देश के प्रमुख धार्मिक-पर्यटन केंद्रों की अग्रिम पंक्ति में ला खड़ा करती है। यहां लगभग 85,000 करोड़ रुपये की पुनर्विकास परियोजनाएं विभिन्न चरणों में प्रगति पर हैं, जिनका प्रभाव केवल आधारभूत ढांचे तक सीमित नहीं, बल्कि निवेश और सेवा क्षेत्र तक फैला हुआ है। आधारभूत संरचना के क्षेत्र में भी व्यापक निवेश हो रहा है। इसके अंतर्गत अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा, आधुनिक रेलवे स्टेशन, विस्तारित सड़क नेटवर्क और नगर सौंदर्यीकरण के कार्य प्रगति पर हैं। सतत शहरी विकास को बढ़ावा देने के लिए इलेक्ट्रिक वाहनों और सौर ऊर्जा जैसी पहलों को भी प्रोत्साहित किया जा रहा है, जिससे अयोध्या को ह्लमॉडल सोलर सिटीह्व के रूप में विकसित करने की दिशा में कदम बढ़ाए जा रहे हैं। आईआईएम की रिपोर्ट के अनुसार, वर्ष 2025 तक उत्तर प्रदेश में पर्यटन व्यय 4 लाख करोड़ रुपये से अधिक होने का अनुमान है, जिसमें अयोध्या की महत्वपूर्ण भूमिका मानी जा रही है। पर्यटन आधारित गतिविधियों से कर राजस्व 20,000-25,000 करोड़ रुपये तक पहुंचने का अनुमान है। आतिथ्य, निर्माण, परिवहन और सेवा क्षेत्रों में रोजगार के अवसरों में तीव्र विस्तार हुआ है। साथ ही, अयोध्या ने राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय आध्यात्मिक केंद्र के रूप में नई पहचान प्राप्त की है, जहां प्रवासी भारतीय, शोधकर्ता और वैश्विक श्रद्धालु आकर्षित हो रहे हैं। अध्ययन बताता है कि कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (उअक्ळ) के अनुसार मंदिर प्राण प्रतिष्ठा से देशभर में 1 लाख करोड़ रुपये से अधिक का कारोबार हुआ, जिसमें अयोध्या की हिस्सेदारी महत्वपूर्ण रही।

### वैश्विक साझेदारों

में आ गई हैं। उन्होंने कहा कि सभी प्रमुख आयाम एक साथ बदल रहे हैं, भले ही वह रणनीतिक हो, राजनीतिक हो, आर्थिक हो या प्रौद्योगिकी हो। उन्होंने कहा कि जोखिम कम करने और कई क्षेत्रों में विविधता लाने में समाधान निहित हैं तथा यह दृष्टिकोण राष्ट्रों की नीति में तेजी से दिखाई दे रहा है। जयशंकर ने इस बात पर जोर दिया कि सुधार एक्सप्रेस लगातार जारी रहेगी। विदेश मंत्री ने कहा, मजबूत स्थिति में भारत अंतरराष्ट्रीय साझेदारों के साथ अधिक गहनता से जुड़ रहा है। हाल में हुए व्यापार समझौतों में यह बात स्पष्ट रूप से देखी गई। उन्होंने कहा कि आर्थिक सुरक्षा को मजबूत आत्मनिर्भरता और अधिक भरोसेमंद साझेदारों के माध्यम से ही बेहतर ढंग से सुनिश्चित किया जा सकता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच फोन पर हुई बातचीत के बाद दोनों पक्षों ने भारतीय वस्तुओं पर अमेरिकी शुल्क को 50 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत करने की हाल में घोषणा की। हालांकि, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने आरोप लगाया है कि सरकार ने अमेरिका के साथ व्यापार समझौते के माध्यम से भारत माता को बेच दिया। उन्होंने इसे पूरी तरह से आत्मसमर्पण करार दिया जिसमें भारत की ऊर्जा सुरक्षा अमेरिका को सौंप दी गई और किसानों के हितों से समझौता किया गया। भारत और यूरोपीय संघ (ईयू) ने प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते के लिए पिछले महीने बातचीत पूरी की जिससे दोनों पक्षों के बीच व्यापार को बढ़ावा मिलेगा और आर्थिक संबंध मजबूत होंगे। पिछले एक साल में भारत ने ब्रिटेन, न्यूजीलैंड और ओमान के साथ भी व्यापार समझौते किए हैं।




# न्यूजीलैंड ने कनाडा को हराया

## न्यूजीलैंड ने आईसीसी टी20 विश्व कप के ग्रुप डी में सुपर आठ में अपनी जगह पक्की ली

एजेंसी

चेन्नई। युवराज समरा टी20 विश्व कप में शतक जड़ने वाले सबसे कम उम्र के बल्लेबाज बने लेकिन यह उलटफेर करने के लिए पर्याप्त साबित नहीं हुई क्योंकि न्यूजीलैंड ने ग्लेन फिलिप्स की तूफानी पारी के दम पर मंगलवार को यहां ग्रुप डी के मैच में कनाडा को 29 गेंद शेष रहते हुए आठ विकेट से हराकर सुपर आठ में अपनी जगह पक्की की। भारत के विश्व कप विजेता ऑलराउंडर युवराज सिंह के नाम पर 19 वर्षीय समरा का नाम रखा गया था और उन्होंने अपने नाम को सही साबित करते हुए आखिरी ओवर में आउट होने से पहले 65 गेंद पर 110 रन बनाए जिसमें 11 चौके और छह छक्के शामिल हैं। उनकी इस पारी की मदद से कनाडा ने पहले बल्लेबाजी करते हुए चार विकेट पर 173 रन बनाए।

फिलिप्स की 36 गेंद पर चार चौकों और छह छक्कों की मदद से खेली गई नाबाद 76 रन की पारी तथा रचिन रविंद्र (39 गेंद पर नाबाद 59) के साथ उनकी 146 रन की अटूट साझेदारी की मदद से न्यूजीलैंड ने 15.1 ओवर में दो विकेट पर 176 रन बनाकर कनाडा के स्कोर को बौना साबित करने में कोई कसर नहीं छोड़ी और शान से अगले चरण में प्रवेश किया। न्यूजीलैंड ने चार मैच में छह अंक के साथ ग्रुप चरण में अपने अभियान का समापन किया। वह ग्रुप डी में दक्षिण अफ्रीका के बाद दूसरे स्थान पर है। न्यूजीलैंड की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने चौथे ओवर तक अपने दोनों सलामी बल्लेबाज टिम सीफर्ट (06) और फिन एलन (21) के विकेट गंवा दिए। एलन ने दिलन हेइलिगर पर चौका और छक्का लगाया लेकिन इसी गेंदबाज ने अगले ओवर में उन्हें पवेलियन की राह दिखा दी। न्यूजीलैंड ने पावरप्ले में दो विकेट पर 60 रन बनाए। मैच के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुने गए फिलिप्स ने आक्रामक अंदाज में



बल्लेबाजी की और कनाडा के अनुभवहीन आक्रमण की धज्जियां उड़ाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। उन्होंने पारी के 11वें ओवर में अंश पटेल पर दो छक्के लगाकर केवल 22 गेंद में अर्धशतक पूरा किया जो टी20 विश्व कप में न्यूजीलैंड की तरफ से नया रिकॉर्ड है। उन्होंने आरोन रेडमंड का 2009 में आयरलैंड के खिलाफ और वर्तमान टूर्नामेंट में सीफर्ट का यूएई के खिलाफ 23 गेंद में अर्धशतक बनाने के रिकॉर्ड को तोड़ा।

वर्तमान टूर्नामेंट में इससे पहले रन बनाने के लिए जूझ रहे रविंद्र ने शिवम शर्मा पर छक्का लगाकर अपना अर्धशतक पूरा किया और सुपर आठ के महत्वपूर्ण मुकाबलों से पहले फॉर्म में वापसी की। उन्होंने अपनी पारी में तीन छक्के और चार चौके लगाए जिसमें विजयी चौका भी शामिल है। इससे पहले युवराज टूर्नामेंट में 19 साल और 141 दिन की उम्र में अर्धशतक बनाने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी भी बने थे जिसमें उन्होंने अब नया अध्याय जोड़ा। यह तीसरा अवसर है जबकि कनाडा के किसी खिलाड़ी ने इस टूर्नामेंट में 50 या इससे अधिक रन बनाए। युवराज ने कप्तान दिलप्रीत बाजवा (39 गेंद पर 36) के साथ पहले विकेट के लिए 116 रन की साझेदारी करके कनाडा को शानदार शुरुआत दिलाई। उन्होंने लॉकी फर्ग्यूसन (निजी अवकाश) और मिशेल सेंटनर (अस्वस्थ) की अनुपस्थिति का पूरा फायदा उठाया। यह पहला अवसर है जबकि किसी एसोसिएट देश के बल्लेबाज ने टी20 विश्व कप में शतक लगाया। उनकी इस पारी के दम पर कनाडा इस टूर्नामेंट में अपना दूसरा सर्वोच्च स्कोर बनाने में सफल रहा। न्यूजीलैंड को अपने तेज गेंदबाजों पर भरोसा था लेकिन युवराज ने उनकी एक नहीं चलने दी। कीवी टीम की तरफ से जैकब डफी, काइल जैमीसन, मैट हेनरी और जेम्स नीशम ने एक एक विकेट लिया। युवराज ने पहले ओवर में ही तेज गेंदबाज हेनरी पर लगातार दो चौके लगाए और इसके बाद पावरप्ले के आखिरी ओवर में नीशम की जमकर धुनाई करते हुए 18 रन बटोरे। इस ओवर की आखिरी चार गेंद पर उन्होंने तीन चौके और एक छक्का लगाया।

### प्रतिका ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे श्रृंखला के लिए भारतीय टीम में शामिल

नयी दिल्ली। सलामी बल्लेबाज प्रतिका रावल को टखने की चोट से उबरने के बाद ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ ब्रिसबेन में 24 फरवरी से शुरू होने वाली तीन मैचों की वनडे श्रृंखला के लिए मंगलवार को भारतीय महिला क्रिकेट टीम में शामिल किया गया। प्रतिका पिछले साल विश्व कप के दौरान बांग्लादेश के खिलाफ मैच में फील्डिंग करते समय चोटिल हो गई थी। उनकी जगह शेफाली वर्मा को उस टूर्नामेंट के लिए टीम में शामिल किया गया था। भारत ने पहली बार यह टूर्नामेंट जीता था। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) की ओर से जारी एक बयान में कहा गया है, महिला चयन समिति ने ऑस्ट्रेलिया की टीम के खिलाफ तीन मैचों की वनडे श्रृंखला के लिए प्रतिका रावल को भारतीय टीम में शामिल किया है। बयान के अनुसार, प्रतिका ने बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में अपना रिहैबिलिटेशन पूरा कर लिया है और वह अक्टूबर में आईसीसी महिला वनडे विश्व कप 2025 के दौरान लगी टखने की चोट से पूरी तरह उबर चुकी हैं।

# जिम्बाब्वे टी20 विश्व कप सुपर आठ में



पाल्लेकेल। जिम्बाब्वे ने आयरलैंड के खिलाफ टी20 विश्व कप ग्रुप बी का मैच बारिश में धुलने के बाद सुपर आठ में प्रवेश कर लिया जबकि पूर्व चैम्पियन आस्ट्रेलिया और आयरलैंड टूर्नामेंट से बाहर हो गए हैं। दोनों टीमों को एक एक अंक मिला जिससे जिम्बाब्वे के पांच अंक हो गए। अब 26 फरवरी को पहले सुपर आठ मुकाबले में चेन्नई में जिम्बाब्वे का सामना भारत से होगा। जिम्बाब्वे के कप्तान सिकंदर रजा ने कहा, हमने अभी लक्ष्य हासिल नहीं किया है, बस उसकी ओर कदम बढ़ाया है। थोड़ा बहुत जश्न होगा लेकिन फोकस अगले मैच पर है। पिछली बार टूर्नामेंट में क्वालिफाई करने से चूकी जिम्बाब्वे सुपर आठ में पहुंचने वाली सातवीं टीम बन गई। ग्रुप वन में भारत, दक्षिण अफ्रीका और वेस्टइंडीज भी सुपर आठ में पहुंच गए हैं। जिम्बाब्वे को आखिरी ग्रुप मैच 19 फरवरी को श्रीलंका से खेलना है। श्रीलंका छह अंक लेकर पहले ही सुपर आठ में पहुंच चुका है।

# जम्मू कश्मीर रणजी ट्रॉफी के फाइनल में पहुंचने के करीब

कल्याणी। तेज गेंदबाज आकिब नबी के हरफनमौला खेल से जम्मू कश्मीर रणजी ट्रॉफी सेमीफाइनल के तीसरे दिन मंगलवार को यहां बंगाल के खिलाफ अपनी स्थिति मजबूत कर फाइनल में पहुंचने के करीब पहुंच गया। मैच में नौ विकेट लेने वाले नबी ने जम्मू कश्मीर की पहली पारी में नौवें नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए 42 रन की अहम पारी खेली जिससे बंगाल की टीम बड़ी बढ़त लेने में नाकाम रही।

नबी के हरफनमौला खेल ने भारतीय गेंदबाज मोहम्मद शमी की शानदार गेंदबाजी को फीका कर दिया। शमी ने जम्मू कश्मीर की पहली पारी में 22.1 ओवर में 90 रन देकर आठ विकेट लिये। बंगाल की पहली पारी में 328 रन के जवाब में जम्मू कश्मीर की पहली पारी 302 रन पर सिमटी। पहली पारी में पांच विकेट लेने वाले नबी ने दूसरी पारी में भी चार विकेट झटके जिससे बंगाल की टीम दूसरी पारी में महज 25.1 ओवर में 99 रन पर आउट हो गयी और जम्मू कश्मीर को जीत के लिए महज 126 रन का लक्ष्य मिला। लक्ष्या पीछा करते हुए जम्मू-कश्मीर ने स्टंप्स तक दो विकेट पर 43 बना लिए थे। टीम को जीत के लिए अब भी 83 रन की दरकार है और दो दिन का खेल शेष है। जम्मू-कश्मीर ने शुभम खजूरिया (एक) और यावर हसन (छह) के विकेट लगातार ओवरों में आकाश दीप की गेंद पर गंवा दिए, लेकिन बाएं हाथ के शुभम पुंडीर 37 गेंदों पर चार चौकों की मदद से 23 रन बनाकर नाबाद लौटे और बेहद संयमित दिखे।

क्वार्टर फाइनल में मध्य प्रदेश के खिलाफ दूसरी पारी में छठे नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए पर अर्धशतक जड़ने वाले युवा वंशज शर्मा को इस मैच में नंबर चार पर पदोन्नत किया गया। वह 25 गेंदों की धैर्यपूर्ण पारी में नौ रन बनाकर खजूरिया का साथ दे रहे हैं।

## संक्षेप

### उत्तराखंड के खिलाफ कर्नाटक ने कसा शिकंजा

लखनऊ । कर्नाटक ने रणजी ट्रॉफी सेमीफाइनल के तीसरे दिन मंगलवार को पहली पारी में 700 से अधिक स्कोर बनाने के बाद उत्तराखंड के पांच विकेट 149 रन पर चटका दिये। आठ बार के चैम्पियन कर्नाटक ने दूसरे दिन छह विकेट पर 689 रन बना लिये थे लेकिन तीसरे दिन पारी घोषित नहीं की। रविचंद्रन स्मण और विद्याधर पाटिल ने टीम को 736 रन तक पहुंचाया। अब कर्नाटक ने पूरी तरह से मैच पर शिकंजा कस लिया है। स्मरण और पाटिल ने कल के स्कोर में 28 रन और जोड़े। पाटिल ने 114 गेंद में दो चौकों और एक छक्के की मदद से 54 रन बनाये। स्मरण और पाटिल के आउट होने के बाद कर्नाटक की पारी का भी अंत हो गया। इससे पहले केएल राहुल ने 141 रन बनाये थे। उत्तराखंड के लिये दाहिने हाथ के तेज गेंदबाज आदित्य रावत ने चार और स्पिनर मयंक मिश्रा ने तीन विकेट लिये। उत्तराखंड अभी भी पहली पारी में 587 रन से पीछे है।

### नागल दिल्ली ओपन के दूसरे दौर में

नयी दिल्ली। भारत के शीर्ष एकल टेनिस खिलाड़ी सुमित नागल ने मंगलवार को दिल्ली ओपन में स्पेन के डेविड जोर्डा सांचिस पर सीधे गेम में जीत के साथ अपने अभियान की शुरुआत की। इस दिन एक बड़ा उलटफेर भी देखने को मिला जब शीर्ष वरीयता प्राप्त ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी डेन स्वेनी को कजाकिस्तान के बेइबिट झुकायेव ने पहले ही दौर में बाहर कर दिया। विश्व रैंकिंग में 297वें स्थान पर काबिज नागल ने सांचिस को 6-3, 7-5 से हराकर एक घंटे 27 मिनट में दूसरे दौर में प्रवेश किया। नागल ने पहले सेट के पहले ही गेम में स्पेन के खिलाड़ी की सर्विस तोडी और अपनी बढ़त को बरकरार रखते हुए सेट को 6-3 तक ले गए। दूसरा सेट अधिक प्रतिस्पर्धी साबित हुआ, जिसमें दोनों खिलाड़ियों ने अपनी-अपनी सर्विस बचाई, लेकिन अंत में भारतीय खिलाड़ी ने 11वें गेम में निर्णायक ब्रेक हासिल किया और मैच जीत लिया। नागल की जीत भारतीय दल के लिए एकल वर्ग में एकमात्र सकारात्मक परिणाम रही, जबकि 18 वर्षीय मानस धामने, क्वालीफायर मनीष सुरेशकुमार और वाइल्डकार्ड धारी दिग्विजय सिंह सभी अपने-अपने पहले मैच में ही बाहर हो गए। विश्व रैंकिंग के 292वें स्थान के खिलाड़ी झूकायेव ने टूर्नामेंट का सबसे बड़ा उलटफेर किया। इस 25 वर्षीय खिलाड़ी ने एक सेट से पिछड़ने के बाद शीर्ष वरीयता प्राप्त और विश्व रैंकिंग में 134वें नंबर पर काबिज स्वेनी को 6-7, 6-2, 6-2 से हराया।

# यूएई व दक्षिण अफ्रीका के मुकाबले में ब्रेविस पर होगी निगाह

नयी दिल्ली। दक्षिण अफ्रीका टी20 विश्व कप के ग्रुप डी के अपने अंतिम और महत्तवहीन जैसे मुकाबले में बुधवार को यहां जब संघर्ष कर रहे संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के खिलाफ उतरेगा तो उसकी निगाहें युवा विस्फोटक बल्लेबाज डेवॉल्ड ब्रेविस की फॉर्म पर टिकी होंगी। दक्षिण अफ्रीका तीन जीत के साथ पहले ही सुपर आठ में जगह बना चुका है। इसमें अफगानिस्तान के खिलाफ दो सुपर ओवर तक चले रोमांचक मुकाबले में जीत और न्यूजीलैंड पर सात विकेट की प्रभावशाली विजय शामिल है। यूएई के लिए यह मुकाबला मार्को यानसन, कागिसो रबाडा और लुंगी एनगिडी जैसे तेज गेंदबाजों के खिलाफ खुद को परखने का मौका होगा। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उन्हें ऐसी आक्रमण पंक्ति का सामना कम ही करने को मिलता है, क्योंकि प्रोटियाज के अधिकांश खिलाड़ी एसए20 में खेलते हैं। एसए20 का आयोजन यूएई की घरेलू टी20 लीग आईएलटी20 से टकराती है।

### युवराज विश्व कप में शतक लगाने वाले सबसे युवा खिलाड़ी

चेन्नई। कनाडा के भारतीय मूल के 19 साल के बल्लेबाज युवराज समरा ने टी20 विश्व कप इतिहास में शतक जमाने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बनने का रिकॉर्ड अपने नाम कर दिया। समरा ने मंगलवार को यहां ग्रुप डी मुकाबले में न्यूजीलैंड के खिलाफ 65 गेंदों में करियर की सर्वश्रेष्ठ 110 रन की पारी खेली। क्रिकेट के शौकिन पिता बलजीत समरा ने उनका नाम धाकड़ भारतीय बल्लेबाज युवराज सिंह के नाम पर रखा था।

# एफआईएच प्रो लीग : हार्दिक संभालेंगे टीम की कमान

एजेंसी

नयी दिल्ली। नियमित कप्तान हरमनप्रीत सिंह निजी कारणों से 20 से 25 फरवरी तक होबार्ट में होने वाले एफआईएच प्रो लीग मैचों में नहीं खेल पाएंगे और उनकी जगह मिडफील्डर हार्दिक सिंह को मंगलवार को भारतीय पुरुष की टीम का कप्तान नियुक्त किया गया। भारत, स्पेन और मेजबान ऑस्ट्रेलिया टूर्नामेंट के आगामी चरण में होबार्ट के तस्मानिया हॉकी सेंटर में एक दूसरे के खिलाफ खेलेंगे।

भारतीय टीम ने राउरकेला में समाप्त हुए चरण में अपने सभी चार मैच गंवा दिए थे, जिसमें अर्जेंटीना के हाथों 0-8 की शर्मनाक हार भी शामिल है। भारत के मुख्य कोच क्रेग फुल्टन ने कहा, राउरकेला में हमारा प्रदर्शन निराशाजनक रहा और परिणाम हमारे पक्ष में



नहीं रहे लेकिन हमने कुछ अच्छे सबक सीखे हैं और कुछ उल्लेखनीय सुधार किए हैं। नए कप्तान हार्दिक दो बार के ओलंपिक कांस्य पदक विजेता हैं। टीम में अमनदीप लाकड़ा और मनमीत सिंह जैसे युवा खिलाड़ी भी शामिल हैं, जिन्होंने राउरकेला चरण के दौरान सीनियर टीम के लिए अपना पहला मैच खेला था। हॉकी इंडिया ने एक बयान में कहा, हरमनप्रीत सिंह निजी कारणों से टीम का हिस्सा नहीं होंगे।

इस खिलाड़ी के करीबी एक सूत्र ने बताया कि हरमनप्रीत अपने दूसरे बच्चे के जन्म के कारण अपनी पत्नी अमनदीप कौर के साथ रहना चाहते हैं और इसलिए वह टीम से हट गए हैं। स्ट्राइकर मनिंदर सिंह की भी टीम में वापसी हुई है। वह आखिरी बार 2023-24 में एफआईएच हॉकी प्रो लीग में भारत के लिए खेले थे। एक अन्य फॉरवर्ड अंगद बीर सिंह की भी टीम में वापसी हुई है। फुल्टन ने कहा, हमारा लक्ष्य होबार्ट में बेहतर प्रदर्शन करना और विश्व कप और एशियाई खेलों के लिए अपनी टीम को अंतिम रूप देना है।

### भारत के खिलाफ शृंखला से तैयारी अच्छी हुई : फिलिप्स

चेन्नई। न्यूजीलैंड के हरफनमौला ग्लेन फिलिप्स का मानना है कि मेजबान भारत के खिलाफ टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला खेलने से उनकी टीम को मौजूदा टी20 विश्व कप में परिस्थितियों को समझने और खुद को ढालने में काफी मदद मिली है। न्यूजीलैंड ने टी20 विश्व कप से पहले भारत दौरे पर पांच मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय और तीन वनडे मुकाबलों की शृंखला खेली थी, जिसने उन्हें उपमहाद्वीप के हालात का अच्छा अनुभव मिला।

# खेलो इंडिया शीतकालीन खेलों भाग लेंगे 400 खिलाड़ी

एजेंसी

गुलमर्ग। खेलो इंडिया शीतकालीन खेलों (केआईडब्ल्यूजी) का दूसरा चरण 23 से 26 फरवरी तक यहां आयोजित किया जाएगा जिसमें देश भर से लगभग 400 खिलाड़ी भाग लेंगे।

स्की पर्वतारोहण, अल्पाइन स्कीइंग, नॉर्डिक स्कीइंग (क्रॉस-कंट्री) और स्नोबोर्डिंग की चार पदक स्पर्धाओं में अंबाला, हैदराबाद, इंदौर, पुणे और मध्य प्रदेश जैसे स्थानों के प्रतियोगी समुद्र तल से लगभग 8,700 फीट ऊपर अपने कौशल का नमूना पेश करेंगे। इस प्रतियोगिता का पहला चरण पिछले महीने लेह में आयोजित किया गया था। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने



खेलो इंडिया शीतकालीन खेलों को एक नए खेल आत्मविश्वास का प्रतीक बताया है, जिसमें 36 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के खिलाड़ियों को अपना हुनर दिखाने का मौका मिल रहा है। वहीं दूसरी ओर डोपिंग से जुड़े नियमों के उल्लंघन के कारण 2024 में पेरिस पैरालंपिक खेलों में नहीं खेल पाने वाले बैडमिंटन खिलाड़ी प्रमोद भगत ने हाल में विश्व खिताब जीतकर अपने करियर को नहीं दिशा दी है और उनकी निगाह अब एशियाई खेलों और 2028 में लॉस एंजिलिस में होने वाले पैरालंपिक खेलों पर टिकी है।

विश्व बैडमिंटन महासंघ (बीडब्ल्यूएफ) के डोपिंग नियमों का उल्लंघन करने के लिए 18 महीने के प्रतिबंध के बाद वापसी करते हुए भगत ने पैरा विश्व चैंपियनशिप में एसएल3 श्रेणी में अपना छठा एकल स्वर्ण पदक जीतकर खुद को साबित किया। भगत ने इस तरह से लगातार चौथा एकल विश्व खिताब हासिल किया, लेकिन इसका भावनात्मक महत्व आंकड़ों से कहीं अधिक था।

# भारत ए ने सेमीफाइनल में जगह पक्की की

बैंकॉक। सीनियर टीम की गेंदबाज तनुजा कंवर और मिन्नू मणि के शानदार प्रदर्शन की मदद से भारत ए ने मंगलवार को यहां नेपाल को सात विकेट से हराकर महिला एशिया कप राइजिंग स्टार्स क्रिकेट टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की की। बाएं हाथ की स्पिनर तनुजा ने 12 रन देकर चार विकेट लिए जबकि मिन्नू ने आठ रन देकर तीन विकेट हासिल किये। इन दोनों स्पिनरों की शानदार गेंदबाजी से भारत ने नेपाल को 18 ओवर में केवल 78 रन पर आउट कर दिया। दिनेश वृंदा की 18 गेंदों पर नाबाद 39 रन की शानदार पारी से भारत ए ने महज 7.5 ओवर में तीन विकेट पर 82 रन बनाकर दो अंक हासिल किए। भारतीय टीम अब चार अंकों के साथ ग्रुप ए में शीर्ष पर पहुंच गई है। इस ग्रुप से सेमीफाइनल में पहुंचने वाली दूसरी टीम का फैसला यूएई और पाकिस्तान ए के बीच होने वाले मैच के बाद होगा।

# पाकिस्तान के लिए करो या मरो का मुकाबला



एजेंसी

कोलंबो। अपने चिर प्रतिद्वंद्वी भारत से मिली करारी शिकस्त के बाद पाकिस्तान का टी20 विश्व कप में अभियान नाजुक मोड़ पर पहुंच गया है और इससे नामीबिया के खिलाफ बुधवार को होने वाला मैच उसके लिए करो या मरो जैसा बन गया है।

एक समय पाकिस्तान सुपर आठ में जगह बनाने की अच्छी स्थिति में दिख रहा था लेकिन भारत से हार ने उसे बुरी तरह से झकझोर दिया है जिसके कारण उसे ग्रुप ए के अपने आखिरी मैच में करो या मरो की स्थिति का सामना करना पड़ रहा है। विश्व कप में प्रत्येक ग्रुप से केवल शीर्ष दो टीमें ही सुपर आठ में पहुंचेंगी। पाकिस्तान वर्तमान में भारत और अमेरिका के बाद तालिका में तीसरे स्थान पर है। भारत ने तीन मैचों में तीन जीत के साथ सुपर आठ के लिए क्वालीफाई कर लिया है जबकि अमेरिका चार अंक और बेहतर रन रेट के कारण दूसरे स्थान पर है। नामीबिया से हार कागजों पर असंभव लगती है लेकिन पाकिस्तान की अस्थिर बल्लेबाजी को देखते हुए इसे पूरी तरह से नकारा भी नहीं जा सकता है।

इस मैच में हार से पाकिस्तान टूर्नामेंट से बाहर हो जाएगा और अमेरिका सुपर आठ में जगह बनाने की अच्छी स्थिति में पहुंच जाएगा। हालांकि पाकिस्तान जिस टीम का सामना करेगी वह अपने तीनों मैच हार चुकी है और ग्रुप में सबसे निचले स्थान पर है। ऐसे में सारा ध्यान पाकिस्तान की बल्लेबाजी पर होगा जिसमें बाबर आजम, सलामी बल्लेबाज साहिबजादा फरहान, साइम अयूब और कप्तान सलमान अली आगा शामिल हैं। भारत के खिलाफ पाकिस्तान की बल्लेबाजी में कमजोरी उजागर हो गई थी। भारत के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और हार्दिक पंड्या की जोड़ी ने पाकिस्तान का स्कोर तीन विकेट पर 13 रन कर दिया था। पाकिस्तान के मध्य क्रम ने कोई प्रतिरोध नहीं दिखाया

**नामीबिया पर हर हाल में करनी होगी जीत**

और नामीबिया जैसी टीम के खिलाफ भी यह चिंताजनक संकेत है। तेज गेंदबाज शाहीन शाह अफरीदी भी संघर्ष करते नजर आए और उन्होंने अपने दो ओवरों में 31 रन लुटाकर एक विकेट लिया। एकमात्र सकारात्मक पहलू साइम अयूब का रहा, जिन्होंने तीन विकेट लेकर भारत के शीर्ष क्रम को मुश्किल में डाल दिया था। नामीबिया के खिलाफ अफरीदी को शुरुआत में ही विकेट लेने होंगे क्योंकि पहले छह ओवरों में प्रमुख बल्लेबाजों को आउट करने से पाकिस्तान को मैच पर हावी होने का मौका मिल जाएगा। पाकिस्तान की पावरप्ले की कमजोरियां भी चिंता का विषय बनी हुई हैं।

### फीफा विश्व कप से भी बढकर है भारत से मुकाबला : नीदरलैंड

अहमदाबाद। शानदार फॉर्म में चल रही भारतीय टीम के सामने टी20 विश्व कप के आखिरी लीग मैच में नीदरलैंड कोई चुनौती नहीं है लेकिन डच टीम अपने दमदार प्रतिद्वंद्वी से भयभीत भी नहीं है। नीदरलैंड टीम एक लाख 32 हजार दर्शक क्षमता वाले दुनिया के सबसे बड़े क्रिकेट स्टेडियम में खेलने को लेकर रोमांचित है। अगर मैदान आधा भी भरा होगा तो डच फुटबॉल टीम की हौसलाअफजाई के लिये स्टेडियम आने वाले दर्शकों से यह संख्या अधिक होगी। नीदरलैंड टीम का मीडिया और मार्केटिंग देखने वाले जॉन वान व्लिएट ने पीटीआई से कहा, दुनिया के सबसे बड़े क्रिकेट स्टेडियम में भारत से खेलना हमारे लिये बहुत बड़ी बात है। कल का मैच देखने उससे ज्यादा दर्शक मौजूद होंगे जो फीफा विश्व कप में डच टीम के समर्थन के लिये मैदान में आते हैं। उन्होंने कहा , डच प्रायोजकों को इस पर ध्यान देना चाहिये जो अभी तक नहीं दिया है। स्टेडियम की सीटें नारंगी रंग की है जो नीदरलैंड टीम की जर्सी का रंग भी है। नीदरलैंड की कहानी 20 देशों के इस टी20 विश्व कप में भाग ले रही हर एसोसिएट टीम की कहानी है। टूर्नामेंट के पहले मैच से तीन दिन पहले नीदरलैंड को प्रायोजक मिला।

# गोल्फ लीग की शुरुआत, बीबीडी रेंजर्स ने दर्ज की जीत

खेल संवाददाता

लखनऊ। शहर के प्रतिष्ठित लखनऊ गोल्फ क्लब में रविवार को लखनऊ गोल्फ लीग के पांचवें संस्करण का शानदार आगाज हुआ। टूनार्मेंट का उद्घाटन क्लब अध्यक्ष डॉ. सुभाष चंद्रा (आईपीएस) और क्लब कप्तान आरएस नंदा ने खिलाड़ियों की मौजूदगी में किया। उद्घाटन के दौरान खिलाड़ियों में खासा उत्साह देखने को मिला। इस बार लीग में कुल 12 टीमें हिस्सा ले रही हैं, जिससे मुकाबला पहले से ज्यादा रोमांचक होने की उम्मीद है। पहले दिन ही खिलाड़ियों ने





बेहतरीन खेल का प्रदर्शन किया। दिन का सबसे प्रभावशाली प्रदर्शन अवध ईगल्स टीम का रहा। ईगल्स ने पीआर हुंडई जो रॉयल्स को 4-1 के बड़े अंतर से हराकर जोरदार शुरूआत की।

मैच के दौरान ईगल्स के खिलाड़ियों के बीच शानदार तालमेल देखने को मिला। टीम की ओर से वाहिद हसन सिद्दीकी, संजीव कुमार और स्वप्निल राज की जोड़ियों ने सधी हुई रणनीति और सटीक शॉट्स के दम पर मुकाबला अपने पक्ष में कर लिया। शुरूआत से ही उन्होंने बढ़त बनाई और अंत तक उसे कायम रखा। दूसरा मुकाबला बीबीडी रेंजर्स और स्टिंगर्स के बीच खेला गया। यह मैच काफी रोमांचक रहा और आखिरी होल तक नतीजा साफ नहीं था। दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने कड़ा मुकाबला किया, लेकिन आखिर में बीबीडी रेंजर्स ने 3-2 से जीत दर्ज कर ली। रेंजर्स की ओर से बबली नंदा, मनोज कपूर और जोहे सिद्दीकी की जोड़ियों ने अहम अंक जुटाए। उनकी सूझबूझ और संयम ने टीम को जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई। दिन का तीसरा मुकाबला पार सीकर्स और अमेजिंग ओरिजिन्स के बीच हुआ। यह मैच काफी कांटे का रहा और अंत तक बराबरी की टक्कर देखने को मिली।

दोनों टीमों ने एक-एक शॉट के लिए पूरा दम लगाया। आखिरकार मुकाबला 2.5-2.5 की बराबरी पर छूटा। इस ड्रॉ ने लीग को और दिलचस्प बना दिया है, क्योंकि आगे के मैचों में अंक तालिका का समीकरण बदल सकता है। पहले दिन के मुकाबलों ने साफ कर दिया है कि इस बार लीग में हर टीम खिताब जीतने के इरादे से उतरी है। आने वाले दिनों में दर्शकों को और भी रोमांचक मुकाबले देखने को मिलेंगे।

# समस्या-समाधान के लिए बना वॉर रूम

## वैष्णव ने एआई शिखर सम्मेलन के पहले दिन हुई अव्यवस्था के लिए माफी मांगी



नयी दिल्ली। सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट के पहले दिन लंबी कतारों और भारी भीड़ से उपस्थित लोगों को हुई असुविधा के लिए मंगलवार को माफी मांगी और कहा कि सम्मेलन का संचालन सुचारू रूप से करने के लिए आयोजक लगातार काम कर रहे हैं। वैष्णव ने कहा कि शिखर सम्मेलन आयोजक लोगों की बात सुनने को तैयार हैं और मुद्दों के तुरंत समाधान के लिए एक वॉर रूम बनाया गया है।

मंत्री ने कहा कि आपकी जो भी प्रतिक्रिया है, कृपया हमारे साथ साझा करें। हम खुले विचारों वाले हैं। हमने एक वॉर रूम बनाया है...कोई भी समस्या हो, कृपया हमें बताएं। हम निश्चित रूप से इसे आसान बनाने और आप सभी के लिए इसे और अधिक सुविधाजनक बनाने के प्रयास करेंगे। वैष्णव ने कहा कि अगर कल किसी को कोई समस्या हुई हो, तो उसके लिए मैं माफी मांगता हूं। हम कड़ी मेहनत कर रहे हैं। दुनिया के सबसे बड़े एआई शिखर सम्मेलन को आयोजित करने के लिए पूरा दल दिन-रात काम कर रहा है। हम यह सुनिश्चित करने के लिए सभी प्रयास करेंगे कि यह सम्मेलन आप सभी के लिए आनंददायक हो। पहले दिन सम्मेलन में स्टार्टअप संस्थापक, वैश्विक प्रौद्योगिकी प्रतिनिधि और अंतरराष्ट्रीय मेहमानों सहित हजारों लोग शामिल हुए। लेकिन भारी भीड़ के कारण लोगों को काफी परेशानी हुई। लंबी कतारें लगीं, सुरक्षा जांच में देरी हुई, और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आने से पहले कुछ स्टॉल को अस्थायी रूप से खाली करना पड़ा। अफरा-तफरी की स्थिति के बीच कुछ लोगों ने सामान गुम होने या चोरी हो जाने की सूचना दी। दोपहर 12 बजे सुरक्षा कर्मी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दो बजे आने की सूचना के बाद इलाके को सैनिटाइज करने और घेरने आए। मैंने उन्हें बताया कि हम नियो सेपियन में भारत का पहला पेटेंट वाला एआई वियरेबल बना रहे हैं और इसे दिखाने का अवसर चाहिए। उन्होंने बताया कि एक अधिकारी ने दूसरों से कहा कि उसे वहीं रहने दिया जाए, लेकिन तभी दूसरा समूह आया और उन्हें और उसकी टीम को तुरंत वहां से चले जाने का आदेश दिया। क्या हमें अपने वियरेबल ले जाने चाहिए? बाकी लोग तो लैपटॉप भी छोड़ रहे हैं, यहां इसका ध्यान रखा जाएगा। उन पर भरोसा करते हुए मैं चला गया। मैं उम्मीद कर रहा था कि वियरेबल सुरक्षित रहेंगे और शायद अगर मेरी किस्मत अच्छी रही, तो यह प्रधानमंत्री मोदी की नजर में भी आ जाए। उन्होंने यह भी बताया कि सोमवार को गेट 12 बजे से छह बजे तक बंद रहे। यादव ने बताया कि बाद में, उन्हें और उनकी टीम को पता चला कि वियरेबल चोरी हो गए हैं। उन्होंने लिखा सोचिए तो सही: हमने हवाई यात्रा, रहने का इंतजाम, सामान ले जाने की व्यवस्था और यहां तक कि स्टॉल तक के लिए खर्च किया है। लेकिन हमारे वियरेबल एक उच्च सुरक्षा वाले क्षेत्र में गायब हो गए। अगर सिर्फ सुरक्षा कर्मी और अधिकारी ही वहां पहुंच सकते थे, तो ऐसा कैसे हुआ? यह बहुत ही निराशाजनक है। क्या यह वही एआई सम्मेलन है जो अपने ही निर्माताओं को नजरअंदाज कर देता है? प्रदर्शक, प्रतिनिधि और स्टार्टअप के संस्थापक बाहर ही रह गए। पानी की व्यवस्था नहीं थी, कोई स्पष्ट जानकारी नहीं थी। मीडिया में उत्सव दिखाया गया, लेकिन हकीकत में स्थिति अराजक थी। अगर पहुंच केवल चुनिंदा महत्वपूर्ण मेहमानों तक सीमित थी, तो इसे पहले ही बता देना चाहिए था। पूरे पारिस्थितिकी तंत्र को जुटाकर फिर उन्हें बाहर निकालना सही नहीं है।

# जीवन के हर क्षेत्र में बदलाव लायेगी एआई प्रौद्योगिकी : अमिताभ कांत



नयी दिल्ली। नीति आयोग के पूर्व मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) अमिताभ कांत ने मंगलवार को कहा कि कृत्रिम मेधा (एआई) एक अत्यंत परिवर्तनकारी प्रौद्योगिकी है जो जीवन के हर क्षेत्र में बदलाव लाएगी। उन्होंने वैश्विक असमानताओं को बढ़ने से रोकने के लिए एआई के सुलभ, किफायती, जवाबदेह और बहुभाषी होने पर जोर दिया।

राष्ट्रीय राजधानी में एआई इम्पैक्ट समिट में उन्होंने कहा कि भारत ने कम समय में दशकों की प्रगति को पीछे छोड़ दिया क्योंकि इसकी प्रणालियां ओपन-सोर्स आर्किटेक्चर, ओपन एपीआई और वैश्विक पारस्परिकता पर आधारित हैं। भारत की अगली एक अरब आबादी के लिए एआई: समावेशी एवं भविष्य के लिए तैयार वृद्धि के लिए अंतरपीढ़ीगत अंतर्दृष्टि विषय पर आयोजित सत्र में उन्होंने कहा, इसमें कोई संदेह नहीं है कि यह अत्यंत परिवर्तनकारी प्रौद्योगिकी है। यह हर क्षेत्र को छुएगी, जीवन के हर तरीके को बदल देगी। इसलिए यह बहुत आवश्यक है कि कृत्रिम मेधा सुलभ, किफायती एवं जवाबदेही हो। जी-20 के पूर्व शेरपा कांत ने कहा कि कृत्रिम मेधा में भारी निवेश हो रहा है, जिससे बड़ा व्यवधान उत्पन्न हो सकता है और समाज अत्यधिक असमान भी बन सकता है। उन्होंने कहा कि कृत्रिम मेधा प्रणालियां बहुभाषी होनी चाहिए, नहीं तो आबादी का बड़ा हिस्सा इससे अछूता रह जाएगा। कांत ने कहा कि चुनौती यह है कि क्या हम यह सुनिश्चित कर सकते हैं कि कृत्रिम मेधा गरीबी रेखा से नीचे रहने वालों तक पहुंचे[8230] क्या इससे नागरिकों के जीवन में बदलाव आ सकता है क्या इससे शिक्षा, स्वास्थ्य एवं पोषण जैसे वैश्विक स्तर की समस्याओं में सुधार हो सकता है। कांत ने जोर देकर कहा कि दुनिया आगे बढ़ रही है, ऐसे में यह बेहद जरूरी है कि प्रौद्योगिकी की शक्ति का उपयोग कम विकसित देशों के नागरिकों के जीवन को बेहतर बनाने के लिए किया जाए। जब भारत या कम विकसित देश अपने मॉडल तैयार करें।

## संक्षेप

### सीआरपीएफ की स्थापना दिवस परेड पहली बार असम में

गुवाहाटी। केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) 21 फरवरी को पहली बार उत्तर पूर्व में अपनी स्थापना दिवस परेड का आयोजन करेगा और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल होंगे। शीर्ष अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि समारोह में लगभग 1,400 जवानों वाली आठ टुकड़ियां बल के उपकरणों और अन्य तैयारियों का प्रदर्शन करेंगी। बल के उत्तर पूर्व क्षेत्र के विशेष महानिदेशक राजा श्रीवास्तव ने कहा, पहली बार, सीआरपीएफ उत्तर पूर्व में अपनी स्थापना दिवस के अवसर पर परेड आयोजित कर रहा है, जो इस इलाके के साथ उसके गहरे जुड़ाव और शांति, स्थिरता तथा राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए उसकी सतत प्रतिबद्धता को दर्शाता है। शनिवार को होने वाली स्थापना दिवस परेड में अमित शाह जी मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल होंगे। यह मौका सीआरपीएफ जवानों की सेवा और बलिदान तथा राष्ट्रीय सुरक्षा में उनके योगदान का सम्मान करने का होगा। श्रीवास्तव ने कहा कि महानिदेशक परेड बृहस्पतिवार को होगी जिसमें सीआरपीएफ के महानिदेशक जीपी सिंह मुख्य अतिथि के तौर पर मौजूद रहेंगे। दोनों कार्यक्रम गुवाहाटी के सरुसजाई स्टेडियम में आयोजित होंगे।

# सुधार गृह से फरार दो पाक नागरिकों को पकड़ा गया

जम्मू। जम्मू-कश्मीर के आरएस पुरा सेक्टर में एक बाल सुधार गृह से सोमवार शाम को दो पाकिस्तानी नागरिक और एक स्थानीय गैंगस्टर फरार हो गया। तीन बंदियों के फरार होने के बाद कर्तव्य में कथित तौर पर लापरवाही बरतने के आरोप में छह पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया गया। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि पुलिस ने दोनों पाकिस्तानी नागरिकों को 24 घंटे के भीतर पंजाब के लुधियाना से गिरफ्तार कर लिया, जबकि गैंगस्टर अभी फरार है। आरएस पुरा के डबलेहर निवासी कराजीत सिंह उर्फ गुग्गा और पाकिस्तानी नागरिक मोहम्मद सना-उल्ला व अहसान अनवर सोमवार शाम करीब सवा पांच बजे पुलिसकर्मियों पर हमला कर बाल सुधार गृह से फरार हो गए थे।

इस घटना में दो पुलिसकर्मी घायल हो गए। अधिकारियों ने बताया कि इस घटना के संबंध में कर्तव्य में लापरवाही बरतने के आरोप में एक सहायक उपनिरीक्षक समेत छह पुलिसकर्मियों को निलंबित किया गया।

# अमेरिका से परमाणु वार्ता के बीच ईरान ने अभ्यास के लिए होर्मुज जलडमरूमध्य अस्थायी रूप से बंद किया

जिनेवा। अमेरिका और ईरान मंगलवार को जिनेवा में ईरानी परमाणु कार्यक्रम पर दूसरे दौर की वार्ता कर रहे हैं। यह घटनाक्रम ऐसे समय हो रहा है जब अमेरिका पश्चिम एशिया में अपनी सैन्य उपस्थिति बढ़ा रहा है।

ईरान बड़े पैमाने पर समुद्री अभ्यास कर रहा है। इस बीच, ईरान ने कहा कि वह अपने सैन्य अभ्यास की वजह से कई घंटों के लिए होर्मुज जलडमरूमध्य को बंद कर रहा है। दोनों देशों के बीच परमाणु वार्ता की शुरुआत के साथ ही ईरानी मीडिया ने घोषणा की कि ईरान ने होर्मुज जलडमरूमध्य की ओर मिसाइलें दागी हैं। इसने यह भी कहा कि ईरान सुरक्षा और समुद्री चिंताओं के कारण जलडमरूमध्य को कई घंटों के लिए बंद कर रहा है। अमेरिका द्वारा ईरान को सैन्य कार्रवाई की धमकी दिए जाने के बाद से यह पहली बार है कि ईरान ने जलडमरूमध्य के हिस्सों को बंद किया है, जो एक महत्वपूर्ण अंतरराष्ट्रीय जलमार्ग है। ईरान ने सोमवार को उन जलमार्गों में समुद्री सैन्य अभ्यास की घोषणा की जो महत्वपूर्ण अंतरराष्ट्रीय व्यापार मार्ग हैं और जिनके माध्यम से दुनिया के 20 प्रतिशत तेल का परिवहन होता है। तेहरान ने पूर्व में होर्मुज जलडमरूमध्य में गोलीबारी का अभ्यास किया था, लेकिन उसने इस महत्वपूर्ण मार्ग को बंद करने की घोषणा नहीं की थी। दोनों देशों के बीच परमाणु वार्ता में ओमानी मध्यस्थ महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। ईरान के सरकारी टीवी ने मंगलवार को बताया कि अमेरिका के साथ बातचीत अप्रत्यक्ष होगी और इसमें केवल ईरान के परमाणु कार्यक्रम पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा।

# पाकिस्तानः आत्मघाती हमले में 11 सुरक्षाकर्मियों और एक बच्चे की मौत

पेशावर। उत्तर-पश्चिमी पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में प्रतिबंधित तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) के आतंकियों द्वारा एक जांच चौकी पर विस्फोटक से भरी गाड़ी से किये गये आत्मघाती हमले में 11 सुरक्षाकर्मियों और एक बच्चे की मौत हो गयी। सेना ने मंगलवार को यह जानकारी दी। अफगानिस्तान की सीमा से लगे बाजौर जिले में एफसी जांच चौकी पर हुए इस घातक आत्मघाती हमले की जिम्मेदारी टीटीपी ने ली है। इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) के अनुसार, 16 फरवरी को बाजौर जिले में फितना अल ख्वारिज से जुड़े ख्वारिजों ने सुरक्षा बलों और कानून लागू करने वाली एजेंसियों की संयुक्त जांच चौकी पर एक कायरतापूर्ण आतंकवादी हमले का प्रयास किया। सरकार फितना-अल-ख्वारिज शब्द का इस्तेमाल प्रतिबंधित तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान के लिए करती है। एक बयान के मुताबिक, सुरक्षा बलों की जवाबी कार्वाई में 12 आतंकवादियों को मार गिराया गया।

# सीतारमण, नॉर्वे के वित्त मंत्री स्टोलटेनबर्ग ने नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में सहयोग पर की चर्चा



नयी दिल्ली। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को नॉर्वे के वित्त मंत्री जेन्स स्टोलटेनबर्ग के साथ नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र, विशेष रूप से सौर ऊर्जा, दुर्लभ खनिज प्रसंस्करण और कार्बन कैप्चर एवं भंडारण में सहयोग की संभावनाओं पर चर्चा की।

ओस्लो में सीतारमण के साथ अपनी द्विपक्षीय बैठक में, स्टोलटेनबर्ग ने कहा कि भारत की आर्थिक वृद्धि निवेश और विकास के लिए कई अवसर प्रदान करती है। वित्त मंत्रालय ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, दोनों नेताओं ने नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र, विशेष रूप से सौर ऊर्जा, दुर्लभ खनिज प्रसंस्करण और कार्बन कैप्चर एवं भंडारण क्षेत्र में मिलकर काम करने पर चर्चा की। दोनों नेताओं ने विशेष रूप से समुद्री अर्थव्यवस्था और हरित अर्थव्यवस्था के साथ व्यापार और आर्थिक साझेदारी समझौते (टीईपीए) का लाभ उठाने की दिशा में काम करने पर सहमति जतायी।

स्टोलटेनबर्ग ने सीतारमण को यह भी बताया कि नॉर्वे इस वर्ष के अंत में होने वाली प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की यात्रा का बेसब्री से इंतजार कर रहा है। उन्होंने उम्मीद जतायी की कि इससे भारत और नॉर्वे के बीच सहयोग और बढ़ेगा।

# कृत्रिम मेधा से 2047 तक विकसित राष्ट्र बनेगा भारत : प्रधान



नयी दिल्ली। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने देश के युवाओं से कृत्रिम मेधा (एआई) की पूरी क्षमता का इस्तेमाल करने का मंगलवार को आह्वान करते हुए कहा कि यह प्रौद्योगिकी विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने में निर्णायक भूमिका निभाएगी।

प्रधान ने यहां एआई इम्पैक्ट समिट को संबोधित करते हुए भावी पीढ़ी से कहा कि वे कृत्रिम मेधा के इस्तेमाल को बढ़ाएं, एक साथ काम करने की भावना को मजबूत करें और इस प्रौद्योगिकी से उत्पन्न होने वाली व्यापक संभावनाओं का पता लगाएं। प्रधान ने कहा कि भारत के बहुआयामी, बहुसांस्कृतिक और बहुभाषी स्वरूप के साथ-साथ उसकी समृद्ध विरासत एवं इतिहास को देखते हुए कृत्रिम मेधा देश के लिए एक बड़ा अवसर है। उन्होंने कहा कि जटिलताओं को समझने और उनसे निपटने में कृत्रिम मेधा एक प्रभावी माध्यम बन सकती है। मंत्री ने कहा कि कृत्रिम मेधा हमें एक महत्वपूर्ण अवसर दे रही है। हमारा समाज बहुआयामी, बहुसांस्कृतिक और बहुभाषी है जिसकी समृद्ध विरासत एवं इतिहास है। इसकी जटिलताओं और बहुआयामिता को समझने में कृत्रिम मेधा अहम साधन बन सकती है। मंत्री ने युवाओं से कृत्रिम मेधा की गहरी समझ विकसित करने और इससे मिलने वाले व्यापक अवसरों को अपनाने का आग्रह किया तथा कहा कि इससे डरने की जरूरत नहीं है। डरने की कोई वजह नहीं है। विश्वविद्यालय, स्टार्टअप और बड़ी कंपनियां मिलकर एक बड़ा दृष्टिकोण तैयार करें। आने वाले समय में युवाओं के नेतृत्व में भारत कृत्रिम मेधा आधारित वैश्विक ज्ञान केंद्र के रूप में उभरेगा। प्रधान ने कहा कि देश ने वर्ष 2047 तक विकसित भारत के सामूहिक लक्ष्य को हासिल करने का संकल्प लिया है और देश को विकसित अर्थव्यवस्था में बदलने की इस यात्रा में कृत्रिम मेधा प्रमुख भूमिका निभाएगी। उन्होंने कहा कि हमारा सामूहिक लक्ष्य है कि 2047 तक भारत, विकसित राष्ट्र या विकसित अर्थव्यवस्था बने और इस दिशा में आगे बढ़ने का रास्ता कृत्रिम मेधा से होकर ही गुजरता है।

## इंटरटेनमेंट...

# फिल्म : 'द केरल स्टोरी 2' का ट्रेलर हुआ रिलीज




मुंबई। फिल्म 'द केरल स्टोरी 2: गोज बियॉन्ड' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। 3 मिनट 27 सेकेंड का यह ट्रेलर पहले पार्ट से ज्यादा गंभीर और इंटेंस नजर आता है। इसमें तीन अलग-अलग राज्यों में धर्मांतरण से जुड़ी कहानियों को दिखाया गया है। यह फिल्म 27 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। यह फिल्म तीन हिंदू लड़कियों उल्का गुप्ता, अदिति भाटिया और ऐश्वर्या ओझा की झकझोर देने वाली कहानी को सामने लाती है। उनकी जिंदगी तब खौफनाक मोड़ लेती है, जब वे तीन मुस्लिम लड़कों के प्यार में पड़ जाती हैं और धीरे-धीरे उन रिश्तों के पीछे कथित तौर पर धर्म परिवर्तन का एक सोचा-समझा एजेंडा सामने आता है। ट्रेलर की शुरूआत एक रोंगटे खड़े कर देने वाली चेतावनी से होती है, जिसमें कहा जाता है कि अगले 25 सालों में भारत एक इस्लामिक स्टेट में बदल सकता है। इसके बाद कहानी राजस्थान की ओर बढ़ती है, जहां एक हिंदू परिवार पुलिस स्टेशन में पॉक्सो के तहत शिकायत दर्ज कराने पहुंचता है। परिवार का आरोप है कि उनकी 16 साल की बेटी का जबरन धर्म परिवर्तन कराया गया है।

- तीन राज्यों की तीन कहानियां और प्यार के नाम पर धर्मांतरण; 27 फरवरी को रिलीज होगी फिल्म

माता-पिता का दर्द और बेबसी कहानी की गंभीरता को दर्शाते हैं। इसके बाद कहानी मध्य प्रदेश पहुंचती है, जहां कथित तौर पर एक हिंदू युवती को प्रेम और शादी के नाम पर धोखे से फंसाया जाता है और उस पर धर्म परिवर्तन का दबाव बनाया जाता है। उसकी खामोश पीड़ा, अकेलापन और टूटा हुआ भरोसा ट्रेलर में एक भावनात्मक और डरावना माहौल तैयार करता है। फिर कहानी केरल में जाती है, जहां एक युवक अपनी हिंदू गर्लफ्रेंड से साथ रहने की बात करता है। लेकिन जब लड़की साफ कह देती है कि वह अपना धर्म नहीं बदलेगी।

# चेक बाउंस मामले में अमीषा के खिलाफ गैर-जमानती वारंट जारी

**मुंबई।** चेक बाउंस मामले में राजपाल यादव के बाद अब एक्ट्रेस अमीषा पटेल की मुश्किलें भी बढ़ती नजर आ रही हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, 2017 के एक इवेंट विवाद से जुड़े मामले में मुरादाबाद की अदालत ने उनके खिलाफ गैर-जमानती वारंट जारी किया है। हालांकि, इन खबरों पर अब एक्ट्रेस ने अपनी प्रतिक्रिया दी है। इस मामले पर प्रतिक्रिया देते हुए अमीषा पटेल ने अपने इंस्टाग्राम पर एक नोट शेयर किया। उन्होंने लिखा, मीडिया में मुरादाबाद में पवन वर्मा द्वारा की गई कुछ कार्यवाही को लेकर खबरें चल रही हैं। मैं सभी को बताना चाहती हूं कि यह बहुत पुराना मामला है, जिसमें पवन वर्मा ने सालों पहले समझौता पत्र पर हस्ताक्षर किए थे और पूरी सहमति राशि प्राप्त कर ली थी।

# फिल्म : ओ रोमियो ने बॉक्स ऑफिस पर कमाये 5 करोड़



**मुंबई।** फिल्म ओ रोमियो को रिलीज हुए चार दिन हो चुके हैं। सैकनिल्क के मुताबिक, फिल्म ने सोमवार यानी चौथे दिन इंडियन बॉक्स ऑफिस पर 5.10 करोड़ रुपए का कलेक्शन किया। इसके साथ ही फिल्म की अब तक की कुल कमाई 39.61 करोड़ पहुंच गई है। फिल्म के मेकर्स ने सोमवार को वैलेंटाइन डे के मौके पर बाय वन गेट वन का खास ऑफर दिया था। इस ऑफर की वजह से देशभर के कई प्रमुख सिनेमाघरों और मल्टीप्लेक्स में कई लोग फिल्म को देखने पहुंचे थे। फिल्म की कहानी 1995 के मुंबई में सेट है, जहां अपराध और सत्ता का खेल खुलेआम खेला जा रहा है। शाहिद कपूर उस्तरा नाम के एक खतरनाक सुपारी किलर बने हैं, जो समुद्र किनारे एक पुराने जहाज में रहता है। वह अपराधियों को मारता है, लेकिन उसके अपने नियम हैं। इंस्पेक्टर खान (नाना पाटेकर) के साथ उसका रिश्ता भी सीधा नहीं है, बल्कि जरूरत और मजबूरी से जुड़ा हुआ है। उस्तरा की दुनिया में अफशां (तृप्ति डिमरी) की एंट्री होती है।

# 'धुरंधर 2' की शूटिंग में नियमों के उल्लंघन का आरोप



**मुंबई।** डायरेक्टर आदित्य धर के प्रोडक्शन हाउस बी62 स्टूडियोज को सोमवार को मुंबई में फिल्म धुरंधर 2 की शूटिंग की परमिशन लेने से ब्लैकलिस्ट कर दिया गया है। बृहन्मुंबई नगर निगम (बीएमसी) ने फिल्म की शूटिंग के दौरान सुरक्षा नियमों के बार-बार उल्लंघन का आरोप लगाया है। कंपनी अब महाराष्ट्र फिल्म, स्टेज एंड कल्चरल डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन लिमिटेड से अनुमति नहीं ले सकेगी। द इंडियन एक्सप्रेस ने अपनी रिपोर्ट में बीएमसी के अधिकारियों के हवाले बताया कि बीएमसी के जोन 1 के डिप्टी म्युनिसिपल कमिश्नर ने बी62 स्टूडियोज और दो अन्य आवेदकों कोमल पोखरियाल और नासिर खान को स्थायी रूप से ब्लैकलिस्ट करने की मंजूरी दे दी है। बीएमसी ने इमारत की टेरेस पर शूटिंग करने और बिना अनुमति दो जनरेटर वैन इस्तेमाल करने के लिए 1 लाख जुमाने की सिफारिश की है। इसके साथ ही 25,000 की सिक्योरिटी डिपॉजिट जब्त करने की भी मांग की गई है।

- आदित्य धर का प्रोडक्शन हाउस ब्लैकलिस्ट, बीएमसी ने की कार्रवाई

नगर निगम के अनुसार, प्रोडक्शन हाउस ने 7 और 8 फरवरी के बीच शूटिंग की अनुमति मांगी थी। 30 जनवरी को ए वार्ड के मोदी स्ट्रीट और पेरिन नरिमन स्ट्रीट पर शूटिंग की अनुमति दी गई थी। फिल्म प्रोडक्शन कंपनी इ62 स्टूडियोज की स्थापना 2019 में आदित्य धर और उनके भाई लोकेश धर ने की थी। अधिकारियों का दावा है कि सेट पर पुलिस विभाग की शर्तों का पूरी तरह उल्लंघन किया गया। अनुमति में पटाखे और ज्वलनशील सामग्री के इस्तेमाल पर रोक थी। उल्लंघन के बाद डिपॉजिट जब्त कर ब्लैकलिस्ट की चेतावनी दी गई थी।




Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com